चैत्र कृष्ण पक्ष तृतीया
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 28 मार्च 2024
वर्ष -2, अंक -216, पृष्ठ -16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य - 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



क्षुद्रग्रह बेन्नु के नमूनों को संग्रहालयों में रखा 16
अदिति राव हैदरी ने साउथ एक्टर सिद्धार्थ से रचाई शादी 2

## छेड़छाड़ का विरोध करने पर राष्ट्रमंडल खेलों की पदक विजेता पर धारदार हथियार से हमला

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** राष्ट्रमंडल खेलों की पदक विजेता और प्रदेश के सर्वोच्च खेल पुरस्कार लक्ष्मीबाई अवार्ड से सम्मानित वेट लिफ्टर से छेड़छाड़ की गई। विरोध पर आरोपी युवक ने मारपीट की और धारदार हथियार से हमला कर महिला खिलाड़ी को गंभीर रूप से घायल कर दिया। खिलाड़ी की शिकायत पर पुलिस ने युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।



- लक्ष्मीबाई अवार्ड से सम्मानित की जा चुकी हैं महिला वेट लिफ्टर
- सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस ने दर्ज की आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट

सुशांत गोल्फ सिटी थाना क्षेत्र निवासी वेट लिफ्टर ने दी तहरीर में बताया कि 25 मार्च को निजी गाड़ी से खुर्दही बाजार की ओर गई थी। वहां थार गाड़ी सवार युवक ने उन पर भद्दे कमेंट किए। विरोध करने के बाद भी वह कमेंट करता रहा। इसी बीच वहां पहुंचे महिला खिलाड़ी के दो दोस्त ने भी थार सवार युवक को अभद्रता करने से रोका। वह नहीं माना तो डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी।

इस पर युवक महिला वेट लिफ्टर से मारपीट करने लगा तथा विरोध पर धारदार हथियार से हमला कर दिया, जिससे महिला खिलाड़ी गंभीर रूप से घायल हो गई। बचाने आए खिलाड़ी के दोस्तों के साथ भी आरोपी ने मारपीट की। इंस्पेक्टर सुशांत गोल्फ सिटी अंजनी कुमार मिश्र ने बताया कि थार सवार आरोपी युवक का नाम प्रत्युश शुक्ला है। उसके खिलाफ छेड़छाड़ और मारपीट की धाराओं में 26 मार्च को मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

**मेरठ, मथुरा, गाजियाबाद में बोले मुख्यमंत्री- परिवार पहले मानने वाला पक्ष माफिया राज को प्रश्रय देता है**

## लोस चुनाव 'फैमिली फर्स्ट' और 'नेशन फर्स्ट' के बीच

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/मथुरा/मेरठ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि चुनावी समर में दो पक्ष स्पष्ट नजर आ रहे हैं। एक के लिए फैमिली फर्स्ट है तो मोदी के पक्ष के लिए नेशन फर्स्ट है। एक पक्ष अपने कृत्यों से माफिया राज को प्रश्रय देता है तो प्रधानमंत्री का पक्ष कानून के राज को प्रभावी ढंग से लागू करता है। एक पक्ष भ्रष्टाचार को बढ़ावा देता है तो एक पक्ष जीरो टालरेंस का पक्षधर है। एक तरफ फैमिली फर्स्ट की बात करने वाले लोग हैं तो दूसरी तरफ 140 करोड़ लोगों को परिवार मानने वाले मोदी हैं। मुख्यमंत्री ने बुधवार से चुनाव प्रचार की कमान संभालते हुए मथुरा में भाजपा उम्मीदवार हेमामालिनी के पक्ष में वोट देने की अपील की। सम्मेलन में कैबिनेट मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण, सांसद तेजवीर सिंह, महापौर विनोद अग्रवाल, विधायक श्रीकांत शर्मा, पूरन प्रकाश, राजेश चौधरी, विधान परिषद सदस्य अशोक कटारिया, नीलश्याम सिंह आदि रहे।




मथुरा में सभा को संबोधित करते मुख्यमंत्री योगी। ● अमृत विचार

### मेरठ इतिहास में दर्ज नहीं होता, इतिहास रचता है

**मेरठ।** अरुण गोविल आज मेरठ की पहचान बनने जा रहे हैं। अरुण गोविल अब मेरठ में इतिहास रचेंगे, क्योंकि मेरठ इतिहास में दर्ज नहीं होता, बल्कि इतिहास रचता है। ये बातें मुख्यमंत्री ने चौधरी चरण सिंह यूनिवर्सिटी के नेताजी सुभाष चंद्र बोस प्रेक्षागृह में आयोजित प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन में कही। क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया, मंत्री कपिलदेव अग्रवाल, सोमेन्द्र तोमर, सांसद राजेन्द्र अग्रवाल, सांसद प्रत्याशी अरुण गोविल सहित पार्टी पदाधिकारीगण मौजूद रहे।

### ...हम शासन करने आए हैं दमदारी से करेंगे

**गाजियाबाद।** मुख्यमंत्री ने गाजियाबाद में भी प्रबुद्धजनों से संवाद किया। योगी ने यहां विधायक व भाजपा से लोकसभा उम्मीदवार अतुल गर्ग के पक्ष में वोट देने की अपील की। सीएम ने कहा कि हमें भजन गाना होगा तो मठ में जाएंगे। हम शासन करने आए हैं और शासन दमदारी से चलेगा, जिसे काम नहीं करना होगा, लिखकर दे, उसे छुट्टी दे दूंगा। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, मंत्री असीम अरुण, कपिलदेव अग्रवाल, नरेंद्र कश्यप, सांसद अनिल अग्रवाल आदि रहे।

### एक नजर

#### अमरावती से नवनीत व चित्रदुर्ग से गोविंद को मिला टिकट

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र की अमरावती (सु.) सीट से निर्दलीय सांसद नवनीत राणा भाजपा की उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ेंगी। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी करनाल विधानसभा सीट के उपचुनाव में उम्मीदवार होंगे। भाजपा ने बुधवार शाम लोकसभा चुनावों के लिए अपनी सातवीं सूची में महाराष्ट्र एवं कर्नाटक की दो सीटों के लिए उम्मीदवार घोषित किए हैं। कर्नाटक की चित्रदुर्ग (सु.) सीट से गोविंद करजोल को भाजपा का टिकट दिया गया है। पार्टी ने आंध्र प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए 10 उम्मीदवार घोषित किए जबकि हरियाणा की करनाल विधानसभा सीट के उप चुनाव में मुख्यमंत्री सैनी को उतारा गया है।

#### छत्तीसगढ़ : दो महिला नक्सलियों समेत छह ढेर

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में बुधवार को सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ में दो महिला नक्सली समेत छह नक्सलियों को मार गिराया है। बस्तर क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी ने बताया कि बासागुड़ा पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत चिपुरभट्टी गांव के करीब तालपेरू नदी के किनारे जंगलों में हुई मुठभेड़ में सुरक्षा बलों ने दो महिला समेत छह नक्सलियों को मार गिराया है।

# केजरीवाल की गिरफ्तारी में दिल्ली हाईकोर्ट का हस्तक्षेप से इनकार

### दायर की गयी याचिका पर ईडी को नोटिस, जवाब दाखिल के लिए समय मांगा

नयी दिल्ली, अमृत विचार नेटवर्क/एजेंसी

दिल्ली हाईकोर्ट ने आबकारी नीति घोटाले में ईडी द्वारा मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के मामले में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा ने गिरफ्तारी और बाद में ईडी की हिरासत में भेजे जाने को चुनौती देते हुए केजरीवाल की याचिका पर ईडी को नोटिस जारी किया तथा दो अप्रैल से पहले उससे जवाब मांगा। न्यायमूर्ति शर्मा ने रिहाई की अंतरिम राहत देने के केजरीवाल के अनुरोध पर भी ईडी का रूख जानना चाहा।

न्यायमूर्ति शर्मा ने स्पष्ट किया कि अंतिम निस्तारण के लिए इस विषय पर तीन अप्रैल को सुनवाई होगी। हाईकोर्ट ने कहा कि कोई स्थगन नहीं लगाया जाएगा। हाईकोर्ट ने ईडी को अपने जवाब की डिजिटल एवं मुद्रित प्रति याचिकाकर्ता के वकील को देने का निर्देश दिया। ईडी की ओर से अतिरिक्त सॉलीसीटर से इस आधार पर उन्हें रिहा करने का अनुरोध किया है कि उनकी गिरफ्तारी अवैध है। केजरीवाल के वकील अभिषेक सिंघवी ने अपने मुवक्किल की ओर से कहा, गिरफ्तारी का मकसद सबूत ढूंढना नहीं बल्कि मुझे और मेरी पार्टी को पंगु बनाना था। मेरी प्रार्थना है कि मुझे अभी रिहा किया जाए। इस बात की संभावना है कि ईडी केजरीवाल को उनकी हिरासत खत्म होने पर बृहस्पतिवार को दिल्ली की एक अदालत में पेश कर सकती है।






### मेरे पति 28 मार्च को सच्चाई बताएंगे : सुनीता केजरीवाल

अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता ने कहा कि ईडी के कई छापों में एक पैसा भी नहीं मिला और उनके पति 28 मार्च को अदालत में कथित आबकारी नीति घोटाले में 'बड़ा खुलासा' करेंगे। उन्होंने कहा कि दो साल की जांच के बावजूद ईडी को केवल 73,000 रुपये मिले। मेरे पति ने हिरासत में रहते हुए जल मंत्री आतिशी को निर्देश जारी किए। केंद्र को इससे दिक्कत थी। क्या वे दिल्ली को बर्बाद करना चाहते हैं? उन्होंने कहा कि उनके पति इस मुद्दे को लेकर बहुत दुखी हैं। उन्होंने कहा कि केजरीवाल एक बहादुर और सच्चे व्यक्ति हैं और उनका संकल्प मजबूत है।

### दिल्ली सरकार जेल से नहीं चलेगी: उपराज्यपाल

**नई दिल्ली।** उपराज्यपाल वी. के. सक्सेना ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी सरकार जेल से नहीं चलने दी जाएगी। सक्सेना की यह टिप्पणी आप नेताओं के उन बयानों की पृष्ठभूमि में आई, जिसमें उन्होंने कहा था कि अरविंद केजरीवाल जेल में रहने के बावजूद मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा नहीं देंगे। उपराज्यपाल ने कहा कि दिल्ली सरकार जेल से नहीं चलेगी।

### अमेरिकी राजनयिक को किया तलब

केजरीवाल की गिरफ्तारी पर भारतीय विदेश मंत्रालय ने अमेरिकी मिशन की कार्यवाहक उप प्रमुख ग्लोरिया बर्बेना को साउथ ब्लॉक स्थित कार्यालय में तलब किया और अमेरिका की टिप्पणी पर विरोध जताया। अमेरिकी विदेश विभाग के अधिकारी ने कहा था कि वाशिंगटन केजरीवाल के लिए निष्पक्ष, पारदर्शी और समयबद्ध कानूनी प्रक्रिया को प्रोत्साहित करता है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा, हम कानूनी कार्यवाही में अमेरिकी प्रवक्ता की टिप्पणियों पर आपत्ति जताते हैं।

## अंतिम दिन सपा ने मुरादाबाद में बदला प्रत्याशी, रामपुर में दो का नामांकन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/रामपुर

- जेल से ही आजम ने दिखायी राजनीतिक ताकत, दबाव में सपा
- मुरादाबाद में रुचि वीरा, रामपुर में मुहिबउल्ला नदवी ने भरा पर्चा

**अमृत विचार :** आजम खां ने जेल में रहते हुए ही क्षेत्रीय जनता और पार्टी को अपने राजनीतिक ताकत का एहसास कराया है। माना जा रहा है कि, आजम रामपुर और मुरादाबाद दोनों लोस सीटों पर अपनी चलाना चाहते हैं। ऐसे में सपा ने मुरादाबाद से जहां मौजूदा सांसद एसटी हसन का टिकट काट कर उनके स्थान पर बिजनौर की पूर्व विधायक रुचिवीरा को प्रत्याशी बनाया है वहीं, रामपुर से मौलाना मोहिबुल्लाह नदवी पार्टी के उम्मीदवार होंगे। दोनों ने बुधवार को पर्चा दाखिल कर दिया है।

पहले चरण के चुनाव में नामांकन के आखिरी दिन बुधवार को रामपुर सीट से दो उम्मीदवारों और मुरादाबाद से रुचि वीरा ने सपा के दूसरे उम्मीदवार के तौर पर नामांकन किया। रुचिवीरा भी सपा के वरिष्ठ नेता आज़म खान की करीबी हैं। इस तरह दोनों ही सीटों पर खुद को सपा प्रत्याशी बताकर दो-दो उम्मीदवारों के नामांकन दाखिल करने से दिन भर भ्रम और उहापोह की स्थिति बनी रही। रामपुर में जहां पूर्व में लोकसभा उपचुनाव लड़ चुके आसिम राजा ने खुद को सपा उम्मीदवार बताते हुए नामांकन दाखिल किया। वहीं, यही दावा करते हुए मोहिबुल्लाह नदवी ने भी पर्चा दाखिल कर दिया। उधर, मुरादाबाद में पार्टी नेता रुचि वीरा के सपा उम्मीदवार के तौर पर नामांकन करने के बाद भ्रम की स्थिति पैदा हो गई। इससे पहले, मंगलवार को मुरादाबाद से मौजूदा सपा सांसद एस. टी. हसन ने भी सपा उम्मीदवार के रूप में ही नामांकन दाखिल किया था। रामपुर से सपा प्रत्याशी नदवी ने नामांकन दाखिल करने के बाद कहा, 'मुझे अखिलेश यादव ने भेजा है। आजम खां मेरे हमदर्द हैं और मैं उनके लिए दुआ करता हूं।

### सपा ने स्पष्ट की स्थिति

सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजेन्द्र चौधरी ने बताया कि मुरादाबाद से मौजूदा सांसद एस टी हसन का टिकट काट दिया गया है और उनके स्थान पर बिजनौर की पूर्व विधायक रुचि वीरा को अधिकृत प्रत्याशी बनाया गया है। इसके अलावा रामपुर से मुहिबउल्ला नदवी पार्टी के अधिकृत उम्मीदवार हैं। नदवी दिल्ली के संसद मार्ग पर स्थित जामा मस्जिद के इमाम हैं। उन्होंने स्वीकार किया कि पूर्व में दोनों सीटों पर उम्मीदवारों को लेकर कुछ संशय की स्थिति थी लेकिन बाद में उसे ठीक कर लिया गया है।

### रामपुर से 24 घंटे के अंदर ही बदला प्रत्याशी

**मुरादाबाद।** रामपुर लोकसभा सीट से आजम खां के इशारे पर आसिम राजा ने भी पर्चा दाखिल किया है। ऐसे में सपा के दो प्रत्याशियों ने बुधवार को आखिरी दिन नामांकन किया। दोनों प्रत्याशी अधिकृत होने का दावा कर रहे हैं। 30 मार्च को नाम वापसी है, इसी दिन तस्वीर साफ होगी। वहीं, सपा मुरादाबाद लोकसभा सीट पर प्रत्याशी चयन में कमजोर दिखाई पड़ी। सपा ने पहले अपने मौजूदा सांसद डॉ. एसटी हसन को टिकट दिया था। लेकिन 24 घंटे के अंदर ही उनकी जगह रुचि वीरा को प्रत्याशी घोषित कर दिया।

## जिस दिन आप शेयर बेचेंगे पैसा भी उसी दिन मिलेगा

मुंबई, एजेंसी

- शेयर बेचने और खरीदने पर भुगतान की व्यवस्था में किया गया बदलाव

बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज शेयरों के खरीदने और बेचने पर उनके भुगतान की व्यवस्था में गुरुवार से बदलाव कर रहा है। स्टाक एक्सचेंज टी 0 सेटलमेंट सिस्टम का ट्रायल 25 शेयरों के साथ शुरू कर रहा है। यानी जिस दिन आप इन शेयरों को बेचेंगे, पैसा भी उसी दिन आपको मिलेगा।

अभी शेयर बाजार में टी 1 सेटलमेंट सिस्टम लागू है। यानी शेयरों के बेचने पर भुगतान एक दिन बाद किया जाता है। तीन महीने पहले मार्केट रेगुलेटर ने टी 0 के लिए कंसल्टेशन पेपर जारी किए थे और 12 जनवरी तक इस पर लोगों से राय मांगी थी। 6 दिन पहले 6-स्टेप गाइडलाइन जारी की थी।

शेयर खरीदने में उसी दिन शेयर डीमेट अकाउंट में क्रेडिट हो जाएगा, जिससे अगर चाहे तो उसी दिन शेयर प्लेज भी कर सकेंगे। अभी अगले दिन डीमेट अकाउंट में शेयर्स क्रेडिट होते हैं। इससे मार्केट में लिक्विडिटी बढ़ेगी, जिससे वेटिंग पीरियड का इंतजार किए बिना इन्वेस्टर्स अन्य शेयर्स को खरीद सकेंगे। साथ ही कम समय तक के लिए पैसा होने पर भी इन्वेस्टर्स मार्केट में पैसा सकेंगे।

## प. यूपी में स्टार प्रचारकों में मोदी, शाह और योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** पश्चिमी उप्र से शुरू हो रहे लोकसभा चुनाव के पहले चरण के प्रचार में भाजपा ने बुधवार को 40 स्टार प्रचारकों की सूची जारी की। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री योगी समेत राजस्थान, मध्यप्रदेश, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री सभी आठ सीटें जीतने का बिगुल फूंकेंगे। आधी आबादी के लिए महज चार स्टार प्रचारकों में केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, सांसद व अभिनेत्री हेमा मालिनी, प्रदेश की महिला कल्याण मंत्री बेबी रानी मौर्या और महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष गीता शाक्य का नाम है।









- भाजपा ने घोषित किए पहले चरण के लिए 40 स्टार प्रचारक
- आधी आबादी को लुभाएंगी स्मृति, हेमामालिनी, बेबी और गीता

लोकसभा चुनाव के लिए पहले चरण में आठ सीटों पर मतदान 19 अप्रैल को होगा। इस चरण में सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना, मुरादाबाद, रामपुर और पीलीभीत सीट शामिल है। स्टार प्रचारकों की सूची में राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी है, लेकिन पड़ोसी हरियाणा राज्य से सीमाएं और रिश्ते जुड़े होने के बावजूद वहां के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी प्रचारकों की सूची से गायब हैं।

अन्य स्टार प्रचारकों में प्रदेश के लोकसभा चुनाव प्रभारी बैजयंत जय पांडा, प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक, चुनाव संचालन समिति के संयोजक व मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, धर्मपाल सिंह शामिल है। केंद्रीय मंत्रियों में पीयूष गोयल, एसपी सिंह बघेल, बीएल वर्मा, संजीव कुमार बालियान है। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. लक्ष्मीकांत वाजपेयी, दुर्विजय सिंह शाक्य, संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह समेत राज्य सरकार के मंत्री जयवीर सिंह, नरेंद्र कश्यप, असीम अरुण, कपिल देव अग्रवाल, सुरेंद्र सिंह नागर, चौधरी लक्ष्मी नारायण, सुनील शर्मा के अलावा मुख्तार अब्बास नकवी, सोमेंद्र तोमर, जसवंत सैनी, दानिश आजाद, अश्विनी त्यागी, सुभाष यदुवंश, सत्येंद्र सिसोदिया, संतोष सिंह शामिल हैं।

## आप सांसद सुशील रिंकू और अंगुराल हुए भाजपा में शामिल

नई दिल्ली, एजेंसी



- रिंकू ने कहा- राज्य सरकार ने विकास के मामले में उनका साथ नहीं दिया

पंजाब के जालंधर से आम आदमी पार्टी (आप) के सांसद सुशील कुमार रिंकू और जालंधर पश्चिम के विधायक शीतल अंगुराल बुधवार को भाजपा में शामिल हो गए। पार्टी मुख्यालय में केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी, पार्टी महासचिव विनोद तावड़े और पार्टी की पंजाब इकाई के अध्यक्ष सुनील जाखड़ की मौजूदगी में दोनों ने सदस्यता ग्रहण की।

तावड़े ने कहा कि दोनों नेताओं के आने से पंजाब में भाजपा मजबूत होगी। आने वाले दिनों में दोनों नेताओं की क्षमताओं का पंजाब व पार्टी के हित में उपयोग किया जाएगा। पुरी ने कहा कि जहां 'डबल इंजन' की सरकार है वहां तो विकास हो रहा है, लेकिन पंजाब पीछे रह गया। केंद्र व राज्य में एक ही पार्टी की सरकार को भाजपा के नेता अक्सर 'डबल इंजन' की सरकार कहते हैं। जाखड़ ने दोनों नेताओं का भाजपा में स्वागत किया और बताया कि पार्टी मुख्यालय पहुंचने से पहले रिंकू ने लोकसभा अध्यक्ष को इस्तीफा भेज दिया है और आप की सदस्यता से भी इस्तीफा दे दिया।

## मोदी बोले-ईडी के जब्त 3000 करोड़ गरीबों को लौटाएंगे

नई दिल्ली/कोलकाता, एजेंसी

- महुआ मोइत्रा के खिलाफ भाजपा कैंडिडेट से बात की, कहा- यह बात सबको बताएं

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पश्चिम बंगाल में गरीबों से लूटा गया और ईडी द्वारा कुर्क किया गया धन जनता को वापस मिले। भाजपा नेताओं ने बताया कि मोदी ने कृष्णानगर लोकसभा क्षेत्र में तृणमूल कांग्रेस की महुआ मोइत्रा के खिलाफ पार्टी की उम्मीदवार और पूर्ववर्ती राजघराने की सदस्य अमृता रॉय के साथ टेलीफोन पर यह बात कही।

भाजपा नेता ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने राजमाता अमृता रॉय से कहा कि भ्रष्टाचारियों ने जनता का पैसा लूटा है और ईडी ने उनसे जो भी संपत्ति और धन जब्त किया है, उसे गरीबों को वापस दिया जाए... यह सुनिश्चित करने के लिए वह कानूनी विकल्प तलाश रहे हैं। मोदी ने कहा कि एक केंद्र सरकार देश से भ्रष्टाचार को उखाड़ फेंकने के लिए प्रतिबद्ध है तो दूसरी तरफ सारे भ्रष्ट एक साथ आ गए हैं। प्रधानमंत्री और रॉय के बातचीत का विवरण देते हुए नेताओं ने बताया कि प्रधानमंत्री का अनुमान है कि राज्य में नौकरी के लिए रिश्वत के रूप में दी गई राशि 3,000 करोड़ है। मोदी ने रॉय से कहा कि वह लोगों को इसके बारे में बताएं।

### मोइत्रा, हीरानंदानी को ईडी ने किया तलब

**नई दिल्ली।** ईडी ने विदेशी मुद्रा प्रबंध अधिनियम (फेमा) उल्लंघन मामले में पूछताछ के लिए तृणमूल कांग्रेस नेता महुआ मोइत्रा और कारोबारी दर्शन हीरानंदानी को नया समन जारी कर 28 मार्च को तलब किया है। केंद्रीय एजेंसी ने इससे पहले भी तृणमूल नेता को दो बार पूछताछ के लिए बुलाया था लेकिन वह आधिकारिक काम का हवाला देकर उपस्थित नहीं हुईं और नोटिस को टालने की मांग की थी।

## पहले चरण के लिए कुल 155 प्रत्याशियों ने किया नामांकन

**लखनऊ।** पहले चरण की आठ सीटों पर चुनाव के लिए अब तक 155 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। नामांकन के आखिरी दिन 109 प्रत्याशियों ने पर्चे भरे। नामांकन पत्रों की जांच 28 मार्च को होगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि सहारनपुर सीट पर अब तक कुल 13, कैराना में 17, मुजफ्फरनगर में 38, बिजनौर में 23, नगीना सुरक्षित में 12, मुरादाबाद व रामपुर में 18-18 और पीलीभीत में 16 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। बताया कि 28 मार्च को नामांकन पत्रों की जांच होगी। 30 मार्च को प्रत्याशी नाम वापस ले सकेंगे। इन सीटों पर 19 अप्रैल को मतदान होगा।

**बढ़ी परेशानियां** — यूपी मदरसा बोर्ड में प्रदेश में 12 लाख 70 हजार 36 छात्र हैं पंजीकृत

## बोर्ड के फेर में फंसा 13 लाख छात्रों का भविष्य

जीशान कदीर, लखनऊ

**अमृत विचार :** यूपी मदरसा बोर्ड के सामने 12 लाख 70 हजार 36 पंजीकृत छात्रों को सुरक्षित करने का लक्ष्य है। समायोजित छात्रों की इतनी बड़ी संख्या यूपी बोर्ड में कैसे जोड़ी जाए, इसको लेकर विभागीय अधिकारी किसी नतीजे तक नहीं पहुंच सके हैं।

हाईकोर्ट का यूपी मदरसा बोर्ड को लेकर दिया गया अहम फैसला शासन के लिए किसी बड़ी मुसीबत से कम नहीं बन रहा। न्यायालय के आदेश के बाद बोर्ड का क्या होगा, छात्रों का समायोजन सहित अन्य विषयों पर बैठकें जारी हैं।



बुधवार को अपर मुख्य सचिव अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ मोनिका गर्ग और निदेशक अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ जे. रीभा सहित अन्य उच्च अधिकारियों ने मिलकर बैठक की। मदरसा बोर्ड में पंजीकृत 12 लाख 70 हजार 36 पंजीकृत छात्रों को समायोजित किये जाने का मामला प्रमुखता से उठा। जानकारों की मानें तो बैठक में इन छात्रों को यूपी बोर्ड में समायोजित करने को लेकर एक राय हुई। ऐसे में मदरसा बोर्ड के छात्रों को लेकर यूपी बोर्ड की व्यवस्थाएं नाकाफी मिलीं। बोर्ड रजिस्ट्रार डॉ. प्रियंका अवस्थी का कहना है कि अब तक 12 लाख से अधिक छात्र फीडिंग के क्रम में पंजीकृत हो चुके हैं। बोर्ड को लेकर शासन क्या निर्णय लेगा, इसको लेकर उच्चाधिकारियों ने बैठक की है, निष्कर्षों के आधार पर निर्णय लिया जाएगा।

### मिनी आईटीआई सिमटी, रोजगार पर ग्रहण

यूपी मदरसा बोर्ड प्रदेश भर में 536 मिनी आईटीआई संचालित करता रहा है। कोर्ट के आदेश के बाद इस व्यवस्था को विराम दे दिया गया। रजिस्ट्रार का कहना है कि मिनी आईटीआई से छात्रों को प्रशिक्षण और रोजगार मिलता रहा है।

### 33 हजार से अधिक शिक्षकों की सेवाओं पर संशय

मदरसा बोर्ड के पोर्टल पर 33 हजार 692 शिक्षक पंजीकृत हैं। 13 हजार 329 मान्यता प्राप्त मदरसों और 560 एडेड मदरसों में 9646 शिक्षक और शिक्षणेत्तर कर्मचारी अब तक सेवाएं देते रहे हैं। हाईकोर्ट के रुख के बाद इनकी सेवाओं पर संशय बना हुआ है।



## अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | टाई | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान रॉयल्स | 01 | 01 | 00 | 00 | 02 | +1.000 |
| चेन्नई सुपरकिंग्स | 01 | 01 | 00 | 00 | 02 | -0.779 |
| गुजरात टाइटंस | 01 | 01 | 00 | 00 | 02 | +0.300 |
| कोलकाता नाइट राइडर्स | 01 | 01 | 00 | 00 | 02 | +0.200 |
| पंजाब किंग्स | 02 | 01 | 01 | 00 | 02 | +0.025 |
| रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 02 | 01 | 01 | 00 | 02 | -0.180 |
| सनराइजर्स हैदराबाद | 01 | 00 | 01 | 00 | 00 | -0.200 |
| मुंबई इंडियंस | 01 | 00 | 01 | 00 | 00 | -0.300 |
| दिल्ली कैपिटल्स | 01 | 00 | 01 | 00 | 00 | -0.455 |
| लखनऊ सुपर जायंट्स | 01 | 00 | 01 | 00 | 00 | -1.000 |

## खेल डायरी

### बोपन्ना-एबडेन मियामी ओपन के सेमीफाइनल में

**मियामी गार्डन्स (अमेरिका)।** भारत के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और ऑस्ट्रेलिया के उनके जोड़ीदार मैथ्यू एबडेन ने यहां मियामी ओपन में नीदरलैंड के सेम वर्बीक और ऑस्ट्रेलिया के जॉन-पैट्रिक स्मिथ को हराकर साल के तीसरे पुरुष युगल सेमीफाइनल में जगह बनाई। इस साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन का खिताब जीतने वाले बोपन्ना और एबडेन ने पहला सेट गंवाने के बाद वापसी करते हुए 3-6 7-6 10-7 से जीत दर्ज की। दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी बोपन्ना को इस जीत से एटीपी युगल रैंकिंग में शीर्ष 10 में रहने और जुलाई-अगस्त में पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने में मदद मिलेगी।

### मुख्य कोच के लिए ल्यूक रोंची के संपर्क में पीसीबी

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) राष्ट्रीय टीम के नए मुख्य कोच के लिए ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज ल्यूक रोंची से बात कर रहा है। पीसीबी के एक सूत्र ने बुधवार को बताया कि 42 वर्षीय रोंची के साथ 'विस्तृत चर्चा' हुई। रोंची पाकिस्तान सुपर लीग टीम इस्लामाबाद यूनाईटेड के भी कोच रहे हैं। सूत्र ने कहा, ''कोई भी बड़ा कोच पीसीबी के लिए काम करने में दिलचस्पी नहीं दिखा रहा है क्योंकि उनमें से ज्यादातर पहले से ही विभिन्न लीग के साथ प्रतिबद्ध हैं या उन्हें पाकिस्तान क्रिकेट में काम करने को लेकर आशंका है इसलिए कोच की तलाश रोंची तक पहुंची है।''

### जोकोविच ने कोच इवानिसेविच से नाता तोड़ा

**लंदन।** शीर्ष रैंकिंग के टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने 2018 से उनके कोच रहे गोरान इवानिसेविच से अलग होने का फैसला किया है। इवानिसेविच के साथ रहते हुए सर्बिया के खिलाड़ी जोकोविच ने 12 ग्रैंड स्लैम खिताब जीते हैं। जोकोविच रिकॉर्ड 24 खिताब के साथ पुरुष वर्ग में सबसे ज्यादा ग्रैंड स्लैम जीतने वाले खिलाड़ी हैं। जोकोविच ने बुधवार को 'इंस्टाग्राम' पर लिखा कि उन्होंने 'कुछ दिन पहले से' इवानिसेविच के साथ काम करना छोड़ दिया था। जोकोविच ने लिखा, ''कोर्ट पर हमारे रिश्तों में कई उतार-चढ़ाव रहे लेकिन हमारी दोस्ती हमेशा काफी मजबूत रही।''

### उरुग्वे के क्लब कोलोन एफसी से जुड़े बिजय छेत्री

**चेन्नई।** भारतीय डिफेंडर बिजय छेत्री इस साल के अंत तक उधार पर उरुग्वे के फुटबॉल क्लब कोलोन एफसी से जुड़ गए हैं। उनके इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) क्लब चेन्नईयिन एफसी ने बुधवार को यह जानकारी दी। छेत्री इस तरह किसी लेटिन अमेरिकी क्लब से अनुबंध करने वाले पहले भारतीय फुटबॉलर बने। कोलोन क्लब मोंटेवीडियो में स्थित है। क्लब सेगुंडा डिविजन पेशेवर (दूसरा डिविजन) में खेलता है और अभी ग्रुप बी लीग तालिका में तीसरे स्थान पर चल रहा है। छेत्री ने विज्ञप्ति में कहा, ''मैं अपने पेशेवर करियर में नई चुनौती का यह अवसर पाकर बहुत रोमांचित महसूस कर रहा हूं। मुझे उम्मीद है कि मैं अच्छा प्रदर्शन करूंगा और अपने खेल को बेहतर बनाऊंगा।''

### कोच स्टिमक को हटाने की मांग उठी

**कोलकाता।** निचली रैंकिंग की अफगानिस्तान के खिलाफ 2026 फीफा विश्व कप क्वालीफायर में भारत की 1-2 की शर्मनाक हार के बाद पूर्व फुटबॉल खिलाड़ियों ने मुख्य कोच इगोर स्टिमक को हटाने की मांग की है। भारत के करिश्माई स्ट्राइकर सुनील छेत्री ने अपने 150वें मैच में 94वां अंतरराष्ट्रीय गोल दागा लेकिन इसके बावजूद घरेलू टीम विश्व रैंकिंग में 158वें स्थान पर काबिज अफगानिस्तान से मंगलवार को गुवाहाटी में हार गयी। भारत के पूर्व डिफेंडर गौरमांगी सिंह का मानना है कि भारतीय ड्रेसिंग रूम में कुछ गड़बड़ है, जबकि पूर्व फॉरवर्ड दीपेंदु विश्वास ने इस शर्मनाक प्रदर्शन के लिए स्टिमक के टीम चयन की आलोचना की और उन्हें तत्काल बाहर करने की मांग की।

### सिंधू की मैड्रिड मास्टर्स में विजयी शुरुआत

**मैड्रिड।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू बुधवार को यहां कनाडा की वेन यू झांग पर सीधे गेम में जीत के साथ मैड्रिड स्पेन मास्टर्स के दूसरे दौर में पहुंच गईं। पिछले सत्र में इस टूर्नामेंट की उपविजेता रहीं सिंधू ने विश्व रैंकिंग में 49वें स्थान पर काबिज झांग को एकतरफा मुकाबले में 21-16, 21-12 से शिकस्त दी। पूर्व विश्व चैंपियन सिंधू का अगला मुकाबला चीनी ताइपे की हुआंग यू-हसुन से होगा। लगभग आधे घंटे तक चले इस मुकाबले की शुरुआत में झांग ने सिंधू पर 4-2 की बढ़त बनायी। दोनों खिलाड़ियों ने इसके बाद एक-दूसरे को पछाड़ना जारी रखा और स्कोर एक समय 14-14 की बराबरी पर था। सिंधू ने इसके बाद कनाडा की खिलाड़ी को ज्यादा मौके नहीं दिये।



ट्रैविस हेड



अभिषेक शर्मा



हेनरिक क्लासेन

# मैदान पर आया हेड, अभिषेक-क्लासेन का तूफान

## चौकों और छक्कों की बारिश से हैदराबाद ने मुंबई को दिया रिकार्ड 278 रन का लक्ष्य, हैदराबाद की ओर से मैच में 18 छक्के और 19 चौके लगे

**हैदराबाद, एजेंसी**

हेनरिक क्लासेन नाबाद 80 रन, अभिषेक शर्मा 63 रन तथा ट्रैविस हेड 62 रनों की तूफानी अर्धशतकीय पारियों की बदौलत सनराइजर्स हैदराबाद ने बुधवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आठवें मैच में मुंबई इंडियंस को जीत के लिए रिकार्ड 278 रनों का लक्ष्य दिया है।

मैच में राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम, उप्पल में मुम्बई इंडियन के कप्तान हार्दिक पांड्या ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी मयंक अग्रवाल और ट्रैविस हेड की सलामी जोड़ी ने मुंबई के लिए अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिये 45 रन जोड़े। पांचवें ओवर में हार्दिक पांड्या ने मयंक अग्रवाल को 11 रन पर आउट कर हैदराबाद को पहला झटका दिया। उसके बाद बल्लेबाजी करने आये अभिषेक शर्मा ने ट्रेविस हेड के साथ चौके-छक्कों की बारिश करते हुए मुंबई के गेंदबाजी आक्रमण को ध्वस्त कर दिया। अभिषेक शर्मा ने 23 गेंदों में तीन चौके और सात छक्कों की मदद से 63 रनों की पारी खेली। ट्रेविस हेड ने 24 गेंदों में नौ चौके और तीन छक्कों की मदद से 62 रन ठोक डाले। इन दोनों बल्लेबाजों के आउट होने के बाद भी एडन मारक्रम और हेनरिक क्लासेन ने धुआंधार बल्लेबाजी नहीं रुकने दी। हेनरिक क्लासेन ने 34 गेंदों में चार चौके और सात छक्कों की मदद से नाबाद 80 रन बनाये। एडन मारक्रम ने 28 गेंदों में दो चौके और एक छक्के की मदद से नाबाद 42 रनों की पारी खेली।

हैदराबाद ने निर्धारित 20 ओवरों में 277 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया है जो कि एक रिकार्ड है। हैदराबाद की ओर से मैच में 18 छक्के और 19 चौके लगे। इस पूरी पारी में केवल जसप्रीत बुमराह ही ऐसे गेंदबाज रहे जिन्होंने प्रति ओवर 10 से कम रन दिये। ट्रेविस हेड ने एसआरएच के लिए सबसे तेज़ अर्धशतक लगाया, फिर अभिषेक ने उस रिकॉर्ड को भी तोड़ दिया। मुंबई इंडियंस की ओर से हार्दिक पांड्या, गेराल्ड कोएत्जी और पीयूष चावला ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

### हैदराबाद ने बनाया आईपीएल का रिकॉर्ड स्कोर

**हैदराबाद, एजेंसी।** सनराइजर्स हैदराबाद ने चोटी के बल्लेबाजों की तूफानी पारियों के दम पर मुंबई इंडियंस के खिलाफ बुधवार को यहां तीन विकेट पर 277 रन बनाए, जो इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में नया रिकॉर्ड है। सनराइजर्स के बल्लेबाजों ने शुरू से लेकर आखिर तक ताबड़तोड़ रन बटोरे जिससे उनकी टीम रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के 2013 में पुणे वारियर्स के खिलाफ बनाए गए पांच विकेट पर 263 रन के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ने में सफल रही।

**हैदराबाद 277/3** — 20 ओवर, अतिरिक्त : 19

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| मयंक अग्रवाल का डेविड बो हार्दिक | 11 | 13 | 1/0 |
| ट्रैविस हेड का नमन धीर बो कोएत्जी | 62 | 24 | 9/3 |
| अभिषेक शर्मा का नमन धीर बो चावला | 63 | 23 | 3/7 |
| एडन मार्कराम नाबाद | 42 | 28 | 2/1 |
| हेनरिक क्लासेन नाबाद | 80 | 34 | 4/7 |

**गेंदबाजी :** मफाका 4-0-66-0, हार्दिक 4-0-46-1, बुमराह 4-0-36-0, कोएत्जी 4-0-57-1, चावला 2-0-37-1, मुलानी 2-0-33-0

### तेंदुलकर ने रोहित को 200 नंबर की जर्सी दी उपहार




**हैदराबाद, एजेंसी।** दिग्गज बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने बुधवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में मुंबई इंडियंस के लिए 200वें मैच खेल रहे रोहित शर्मा को 200 नंबर लिखी जर्सी उपहार में दी है। आज यहां आईपीएल के आठवें मुकाबले में मुंबई इंडिया की ओर से सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ खेलने मैदान में उतरे ही रोहित शर्मा मुंबई के लिए 200वां मैच खेलने वाले पहले खिलाड़ी बन गये है। मैच से पहले सचिन ने रोहित को 200 नवंबर की जर्सी भेंट करते हुए उनके शानदार करियर के लिए बधाई दी। रोहित शर्मा ने आईपीएल में कुल 245 मुकाबले खेले हैं। उन्होंने कुल छह हजार से भी ज्यादा रन बनाए हैं।

# रॉयल्स के खिलाफ सत्र की पहली जीत दर्ज करने उतरेगी दिल्ली

**जयपुर, एजेंसी**

दिल्ली कैपिटल्स गुरुवार को यहां राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ आईपीएल सत्र की पहली जीत दर्ज करने के इरादे से उतरेगा तो सभी की नजरें कप्तान ऋषभ पंत पर टिकी होंगी जबकि टीम को बल्लेबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी।

गंभीर कार दुर्घटना के कारण 453 दिन बाहर रहने के बाद पंत पंजाब किंग्स के खिलाफ मुल्लांपुर में उनके नए घरेलू मैदान पर वापसी करते हुए सिर्फ 13 गेंद (18 रन) टिक पाए थे। पंत ने हालांकि विकेट के पीछे प्रभावित किया और जितेश शर्मा को स्टंप भी किया। अपने पहले मैच की शुरुआती घबराहट से उबरने के बाद पंत जल्द ही लय हासिल करने को बेताब होंगे क्योंकि उन्हें ट्रेंट बोल्ट, रविचंद्रन अश्विन और युजवेंद्र चहल जैसे अनुभवी गेंदबाजों का सामना करना है। मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने पहले मैच में डेविड वार्नर और मिशेल मार्श से पारी का आगाज कराने का विकल्प चुना था जिससे कि यह जोड़ी पर्याप्त रन बनाकर मध्य क्रम में पंत के ऊपर से दबाव कम कर दे। ये दोनों हालांकि अच्छी शुरुआत का फायदा उठाने में नाकाम रहे और दबाव पंत पर आ गया। विकेटकीपर बल्लेबाज अभिषेक पोरेल ने हालांकि नाबाद 32 रन की तेजतर्रार पारी खेली जिससे दिल्ली की टीम एक समय सात विकेट पर 138 रन बनाकर मुश्किल में घिरी होने के बावजूद नौ विकेट पर 174 रन का सम्मानजनक स्कोर खड़ा करने में सफल रही।

**राजस्थान रॉयल्स :** संजू सैमसन (कप्तान), आबिद मुश्ताक, अवेश खान, ध्रुव जुरेल, डोनोवन फरेरा, जोस बटलर, कुलदीप सेन, कुणाल सिंह राठौड़, नंद्रे बर्गर, नवदीप सैनी, प्रसिद्ध कृष्णा, रविचंद्रन अश्विन, रियान पराग, संदीप शर्मा, शिमरोन हेटमायर, शुभम दुबे, रोवमैन पॉवेल, टॉम कोहलर-कैडमोर, ट्रेंट बोल्ट, यशस्वी जायसवाल, युजवेंद्र चहल और तनुष कोटियान।

**दिल्ली कैपिटल्स :** ऋषभ पंत (कप्तान), डेविड वार्नर, पृथ्वी साव, यश धुल, अभिषेक पोरेल, अक्षर पटेल, ललित यादव, मिशेल मार्श, प्रवीण दुबे, विक्की ओस्तवाल, एनरिक नोर्किया, कुलदीप यादव, जेक फ्रेजर-मैकगर्क, खलील अहमद, इशांत शर्मा, मुकेश कुमार, ट्रिस्टन स्टब्स, रिकी भुई, कुमार कुशाग्र, रसिख डार, झाय रिचर्डसन, सुमित कुमार, स्वास्तिक चिकारा और शाई होप।

**समय :** मैच शाम सात बजकर 30 मिनट पर शुरू होगा।

## शुभमन गिल पर धीमी ओवर गति के लिए 12 लाख का जुर्माना

**चेन्नई।** गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल पर चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग मैच के दौरान टीम की धीमी ओवर गति के लिए बुधवार को 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। आईपीएल के एक बयान में कहा गया, ''आईपीएल की न्यूनतम ओवर गति से संबंधित आचार संहिता के तहत यह उनकी टीम का सत्र का पहला अपराध था इसलिए गिल पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया।'' गिल की अगुवाई वाली टीम को पहली हार का सामना करना पड़ा जब मंगलवार को यहां गत चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स ने उसे 63 रन से हरा दिया। पहली बार किसी आईपीएल फ्रेंचाइजी का नेतृत्व कर रहे गिल की अगुआई में टाइटंस ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ पहला मैच छह रन से जीता था।

# फिर कप्तान बन सकते हैं बाबर आजम : सूत्र

**लाहौर, एजेंसी**



पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) को राष्ट्रीय टीम का नेतृत्व करने के लिए शान मसूद और शाहीन शाह अफरीदी की क्षमता पर भरोसा नहीं रह गया है और उसे लगता है कि पूर्व कप्तान बाबर आजम एक बार फिर टीम की कप्तानी के लिए सर्वश्रेष्ठ विकल्प हैं। पिछले साल भारत में एकदिवसीय विश्व कप के दौरान पाकिस्तान के ग्रुप चरण से आगे नहीं बढ़ पाने के बाद बाबर ने सभी प्रारूपों में टीम की कप्तानी छोड़ दी थी। मसूद को जहां टेस्ट टीम का कप्तान नियुक्त किया गया तो वहीं शाहीन को टी20 टीम का कप्तान बनाया गया।

पीसीबी थिंक टैंक के सूत्रों ने कहा कि बोर्ड इस निष्कर्ष पर पहुंचा है कि कोई व्यावहारिक विकल्प उपलब्ध नहीं होने के कारण बाबर फिर से टीम का नेतृत्व करने के लिए सबसे अच्छा विकल्प हैं। एक सूत्र ने बताया, ''मजेदार बात यह है कि ऐसा प्रतीत होता है कि बोर्ड के अध्यक्ष में बदलाव के साथ ही पदाधिकारियों ने टेस्ट और टी20 प्रारूपों में राष्ट्रीय टीम का नेतृत्व करने की शान मसूद और शाहीन शाह अफरीदी की क्षमता पर भरोसा खो दिया है।''




## बॉलीवुड हलचल

# 'गेमचेंजर' के लिए सुपरस्टार रामचरण ने ली 100 करोड़ फीस



**मुंबई, एजेंसी।** आरआरआर जैसी ब्लॉकबस्टर मूवी देने वाले साउथ के सुपरस्टार राम चरण अपना 39वां जन्मदिन मना रहे हैं। राम चरण साउथ फिल्मों के उन सितारों में से हैं, जिन पर अपने पिता का स्टारडम हावी नहीं हुआ और उन्होंने अपनी अलग पहचान बनाई। उन पर फिल्माया गए गाने नाटू नाटू ने 2023 में ऑस्कर जीता था। आरआरआर में काम करने के लिए उन्हें डायरेक्टर एसएस राजामौली ने 45 करोड़ रु. फीस दी थी। मगर अपनी अगली फिल्म 'गेम चेंजर' के लिए रामचरण 100 करोड़ फीस चार्ज कर रहे हैं। वैसे, रामचरण की गिनती साउथ के सुपरस्टार्स में होती है, लेकिन उन्होंने बॉलीवुड की एक ही फिल्म की है। रामचरण ने 2007 में पुरी जगन्नाथ की फिल्म 'चिरुथा' से करियर की शुरुआत की थी। इस फिल्म में उन्होंने चरण नाम के युवक की भूमिका निभाई थी जो अपने माता-पिता के हत्यारों को खोज रहा होता है। फिल्म के डायरेक्टर और राइटर पुरी जगन्नाथ थे। इसमें नेहा शर्मा, प्रकाश राज, आशीष विद्यार्थी भी नजर आए थे। पहली ही फिल्म में रामचरण बेस्ट मेल डेब्यू का फिल्मफेयर साउथ अवॉर्ड जीतने में कामयाब रहे थे।



# कपिल से विवादों पर सुनील ने सात साल बाद तोड़ी चुप्पी

**मुंबई, एजेंसी।** 'द कपिल शर्मा शो' में गुत्थी और डॉक्टर गुलाटी का रोल प्ले करने वाले सुनील ग्रोवर जल्द ही कपिल शर्मा के साथ स्क्रीन स्पेस एक बार फिर से शेयर करते हुए नजर आने वाले हैं। दोनों ने नेटफ्लिक्स के शो 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के जरिए पर्दे पर लंबे समय के बाद वापसी कर रहे हैं। इन्हें साथ में देखने के लिए फैंस बेताब हैं। सात साल पहले फ्लाइट में झगड़ना होने की वजह से इनके बीच मनमुटाव हो गया था, जिसके बाद कॉमेडियन ने कपिल का शो छोड़ दिया था। ऐसे में अब वापसी और विवादों पर सुनील ग्रोवर ने रिएक्शन दिया है। चलिए बताते हैं उन्होंने क्या कुछ कहा। दरअसल, 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' का हाल ही में प्रीमियर रखा गया था, जिसमें कपिल और सुनील साथ में पहुंचे थे। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में विवादित लड़ाई के बारे में दोनों ने खुलकर बात की थी। इस दौरान कॉमेडियन सुनील ग्रोवर ने कपिल के साथ अपनी लड़ाई का मजाक उड़ाया। उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा कि इसकी सालों पहले प्लानिंग बना ली गई थी। सुनील ग्रोवर ने कहा कि वो जब फ्लाइट में बैठे तो उन्हें पता चला कि नेटफ्लिक्स इंडिया आ रहा है तो कुछ पब्लिसिटी स्टंट हो।

# अदिति राव हैदरी ने साउथ एक्टर सिद्धार्थ से रचाई शादी



**मुंबई, एजेंसी।** साउथ एक्टर सिद्धार्थ और अदिति राव हैदरी ने शादी कर ली है। दोनों ने तेलंगाना के श्री रंगानायक स्वामी मंदिर में शादी रचाई है। हालांकि अभी तक फोटोज सामने नहीं आई हैं। ग्रेट आंध्र की एक रिपोर्ट के मुताबिक, सिद्धार्थ और अदिति राव हैदरी ने तेलंगाना के श्रीरंगापुरम जिले के रंगानायक स्वामी मंदिर में गुपचुप तरीके से शादी की है। दोनों पिछले कई साल से एक दूसरे को डेट कर रहे थे। सिद्धार्थ और अदिति ने एक साथ 2021 की तमिल-तेलुगु फिल्म महासमुद्रम में काम किया था। तभी से इन दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ गईं। सिद्धार्थ ने बॉलीवुड की फेमस फिल्मों जैसे रंग दे बसंती और चश्मेबद्दूर में काम किया है। अदिति राव हैदरी साउथ के साथ हिंदी फिल्मों की भी जानी-मानी एक्ट्रेस हैं। उन्होंने पद्मावत, बॉस, रॉकस्टार और मर्डर-3 जैसी फिल्मों में काम किया है। अदिति का जन्म 28 अक्टूबर 1986 को हैदराबाद में एहसान हैदरी और विद्या राव के घर हुआ था। अदिति हैदराबाद के निजाम रहे मो. साहेल अकबर हैदरी की पड़पोती हैं। अदिति के नाना राजा जे.रामेश्वर राव तेलंगाना के वनापर्थी के राजा थे। अदिति ने अपने करियर की शुरुआत बतौर भरतनाट्यम डांसर के तौर पर की थी। उन्होंने फेमस भरतनाट्यम डांस लीला सैमसन के डांस ग्रुप में भी काम किया था। यहां काम करने के बाद उन्होंने एक्टिंग की तरफ रुख किया था। उन्होंने पहली बार 2007 की तमिल फिल्म श्रृंगारम में एक्टिंग की थी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी,** 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com. **आर.एन.आई नं0**-UPHIN/2022/85730 (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

## एक नजर

### बिजली टीम से हाथापाई

**रूरा।** कस्बे में बिजली विभाग द्वारा बिजली बिल जमा करने के लिए बुधवार को अभियान चलाया जा रहा था। जिसमे कस्बे के मुस्लिम ने बिजली बिल जमा कराने गई टीम पर हाथापाई कर दी। जेई संतोष भारती ने बताया की उपभोक्ता बिल बकाया होने के चलते उपभोक्ता से जेई ने कहा की अगर बिल नहीं जमा करोगे तो कनेक्शन काट दिया जायेगा। इतना कहते ही उक्त युवक ने टीम के साथ हाथापाई कर दी। थाना प्रभारी एसएन सिंह ने बताया मामले की जांच की जा रही है।

### अधेड़ लापता

**रूरा।** थाना क्षेत्र के चैनपुर निवासी अधेड़ घर से बिना बताए कही लापता हो गया है।जिसकी सूचना उसके पुत्र ने थाने में दी है। चैनपुर निवासी प्रदीप कुशवाहा से बताया की बीते मंगलवार को सुबह करीब 7 बजे उसके पिता राम सिंह (45) घर से निकले थे। थाना प्रभारी ने बताया तलाश की जा रही है।

### ट्राला की टक्कर से बाइक सवार गंभीर

**पुखरायां।** भोगनीपुर ओवरब्रिज के समीप बाइक सवार को ट्राला ट्रक ने टक्कर मार दी। सट्टी थाना क्षेत्र के जहांगीरपुर गांव निवासी भानुप्रताप सिंह (35) बाइक से भोगनीपुर की ओर आ रहा था। तभी भोगनीपुर ओवरब्रिज के समीप एक तेज रफ्तार ट्राला ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार गंभीर घायल हो गया।

# 40 रुपये तक महंगा होगा बारा टोल से सफर

## 31 मार्च की आधी रात से प्रभावी होंगी टोल टैक्स की बढ़ी दरें

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

**अमृत विचार।** बारा टोल से होकर हाइवे पर सफर करने वालों को 31 मार्च की आधी रात से बढ़ने वाले टोल टैक्स से तगड़ा झटका लग सकता है। टोल से एक दिन में आवागमन करने वालों को दोनों तरफ से पांच रुपये से लेकर 40 रुपये तक अतिरिक्त देने होंगे। एनएचएआई द्वारा नोटिफिकेशन जारी होने के बाद टोल प्रबंधन ने तैयारियां शुरू कर दी है।

अकबरपुर क्षेत्र के बारा गांव के पास स्थित चकेरी-इटावा टोल प्लाजा से निकलने वाले वाहनों के टैक्स में इजाफा किया गया है। टोल से एक तरफ की यात्रा करने वाले वाहनों के लिए कम से कम पांच रुपये और अधिकतम 40 रुपये तक की बढ़ोत्तरी की गई है। बता दें कि अभी तक बारा टोल से एक तरफ की यात्रा के लिए कार, जीप, वैन समेत अन्य छोटे वाहनों को 175 टोल अदा करना होता है, लेकिन 31 मार्च की रात बारह बजे के बाद संशोधित दरें लागू होने पर छोटे वाहनों को एक तरफ यात्रा के लिए 180 रुपये चुकाने होंगे।


बारा टोल प्लाजा। अमृत विचार

### लोकल मासिक पास के भी बढ़े 10 रुपये

अकबरपुर टोल प्लाजा से बीस किलोमीटर के दायरे में रहने वाले वाहनों के लिए लोकल मंथली पास बनाए जाते हैं। इसके लिए वाहन स्वामियों को 330 रुपये प्रतिमाह देने पड़ रहे थे, लेकिन अब पास की दरों में भी दस रुपये का इजाफा किया गया है।

> 'बारा टोल से वाहनों के आवागमन पर टैक्स की दरों में बढ़ोत्तरी की गई है, जो आगामी 31 मार्च की रात 12 :01 बजे से प्रभावी हो जाएंगी। इसकी तैयारियां की जा रही हैं।'
>
> -मनोज शर्मा (डीजीएम बारा टोल प्लाजा)

जबकि मासिक पास 5790 रुपये के स्थान पर 5935 रुपये देने होंगे। इसी तरह एलसीवी से एक तरफ के सफर के लिए 270 रुपये की जगह 280 रुपये, दोनों तरफ की यात्रा पर 410 रुपये के स्थान पर 420 रुपये तथा मासिक पास के लिए 9070 के स्थान पर 9300 रुपये देने होंगे। बस व ट्रक को एक तरफ के लिए 550 रुपये के बजाय 570 रुपये चुकाने होंगे। वापसी के लिए 835 के स्थान पर 855 रुपये टैक्स देना होगा।

वहीं मासिक पास के लिए 18530 रुपये के बजाय 19005 रुपये चुकाने होंगे। वहीं थ्री एक्सल वाहनों को एक तरफ के लिए 625 रुपये, दोनों तरफ को 935 रुपये व मंथली पास 20770 रुपये देने होंगे।

चार से छह एक्सल वाहनों को एक तरफ के लिए 875 रुपये, दोनों तरफ के 1315 रुपये व मंथली पास के 29225 रुपये तथा ओवरसाइज वाहनों को एक तरफ के लिए 1110 रुपये, दोनों के लिए 1665 व मंथली पास 37050 रुपये देने होंगे। सभी बढ़ी दरें आगामी 31 मार्च की रात 12 बारह बजे से प्रभावी हो जाएंगी।

### टोल बढ़ोतरी पर बोले लोग


बारा टोल प्लाजा को प्रदेश का सबसे महंगा टोल बताया जाता है। ऐसे में और टैक्स की बढ़ोतरी से वाहन स्वामियों पर और बोझ बढ़ेगा। इस पर सरकार को ध्यान देना चाहिए।
-प्रियंक दीक्षित (आचार्य)


टोल बढ़ने का सबसे अधिक प्रभाव कम दूरी यात्रा करने वालों को होगा। यह समस्या पूर्व से चली आ रही है। अब और टोल टैक्स बढ़ाने से वाहन स्वामियों को काफी दिक्कत आएगी।
-सर्वेंद्र यादव (अधिवक्ता)


वाहन स्वामी पहले से ही पेट्रोल-डीजल की बढ़ी कीमतों से परेशान हैं। ऐसे में टोल टैक्स बढ़ाने से हाइवे पर खुद के वाहन से चलना मुश्किल होगा।
-अजय गुप्ता (वरिष्ठ लेखाकार कृषि विभाग)


टोल बढ़ाने पर यात्री वाहन अपने किराए में भी बढ़ोतरी करेंगे। जिसका सीधा बोझ आम जनता पर पड़ेगा। जबकि लोग पहले से महंगाई से परेशान चल रहे हैं।
-डॉ. आदित्य सचान (डिप्टी सीएमओ)

# भाइयों को तिलक कर की दीर्घायु की कामना

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

- भाइयों ने उपहार देकर बहनों का लिया आशीर्वाद

**अमृत विचार।** होली भाई दूज का पर्व बहन और भाई के प्रेम का प्रतीक है। रंगवाली होली यानी धुलंडी के अगले दिन होली भाई दूज का पर्व मनाया गया। बहनों ने रोली व अबीर से भाइयों के माथे पर तिलक लगा उनका मुंह मीठा कराया और दीर्घायु होने की कामना की।

होली के बाद बुधवार सुबह से ही घरों में भइया दूज की तैयारियां शुरू हो गई। शुभ मुहूर्त में बहनों ने अपने भाइयों को रोचना किया। बहनों ने सुबह सबेरे ही तैयार होकर थाल में गुलाल, रोली व अबीर तथा गुझिया व अन्य मिठाई सजाकर भाइयों को तिलक किया और उनकी लंबी उम्र की कामना की। भाइयों ने बहनों को उपहार दिए और आशीर्वाद लिया। दूर दराज से बहनें परिवहन संसाधनों के जरिये भाई के घर पहुंची और टीका किया। जबकि भाईयों ने भी बहनों के घर पहुंच कर टीका कराया। देर शाम तक विवाहिता बहनें भाइयों के घर जाकर टीका लगाकर मिठाइयां खिलाती रहीं। अकबरपुर, रसूलाबाद, शिवली, रूरा, सिकंदरा, संदलपुर, रनियां,


दूज पर भाई को तिलक कर मिठाई खिलाती बहन। अमृत विचार

मूसानगर व डेरापुर क्षेत्र में भी भइया दूज का पर्व हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। माती जेल में सुबह से ही निरुद्ध भाईयों से मिलनें को बहनों की लंबी कतार लग गई थी। मुलाकात का समय होने पर बहनों ने भाइयों को तिलक कर कुशलता की कामना की। इस दौरान बहनों-भाइयों की आंखें नम हो गईं।

# ओवरब्रिज की रेलिंग तोड़कर लटका ट्राला


ओवरब्रिज से लटका ट्राला व सर्विस रोड पर बिखरी चोकर की बोरियां।

संवाददाता रनियां

- सर्विस रोड पर बिखरीं सैकड़ों चोकर की बोरियां, राजेंद्रा ओवरब्रिज पर हुआ हादसा

**अमृत विचार।** कस्बा के राजेंद्रा पुल के ऊपर ट्रक की टक्कर से अनियंत्रित होकर ट्राला ओवरब्रिज की रेलिंग तोड़कर सर्विस लेन की तरफ लटक गया। जिससे ट्राला में लोड चोकर की बोरियां सर्विस रोड में बिखर गई और आवागमन बाधित हो गया। पुलिस ने क्रेन व हाइड्रा से ट्राला को ब्रिज से निकलवाया। हादसे में चालक-परिचालक बाल-बाल बच गए।

पश्चिम बंगाल के जिला मालदा निवासी चालक भवतुस ट्राला में चोकर की बोरियां लादकर परिचालक उस्मान उलहक के साथ गुजरात जा रहा था। तभी बुधवार की सुबह रनियां कस्बा के राजेंद्र ओवरब्रिज पर कानपुर की ओर से आ रहे ट्रक ने पीछे से ट्राला में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे ट्राला अनियंत्रित होकर ओवरब्रिज की रेलिंग तोड़कर सर्विस रोड की तरफ लटक गया और ट्राला में लदी आठ सौ चोकर की बोरियां सर्विस की ओर गिर गईं। हादसे में हाईवे पर लगे दो स्ट्रीट लाइट के पोल भी टूट गए। तेज आवाज से स्थानीय लोगों में हड़कंप मच गया। वहीं सर्विस रोड से आने जाने वाले लोग भाग खड़े हुए।

### दिन होता तो हो सकता था बड़ा हादसा

राजेंद्रा ओवरब्रिज पर ट्रक की टक्कर से ट्राला ओवरब्रिज की रेलिंग तोड़कर सर्विस रोड की तरफ लटक गया था और चोकर की बोरियां गिर सर्विस रोड पर जा गिरी थी। भोर का वक्त होने के कारण सर्विस रोड से लोगों की आवाजाही कम थी। यदि दोपहर होती तो चोकर की बोरियों की चपेट में वाहन सवार आ सकते थे। ऐसे में गनीमत रही कोई हादसा नहीं हुआ। वहीं लगभग नौ घंटे बाद सर्विस रोड में पड़ी चोकर की बोरियां हटाई जा सकी। जिसके बाद वाहनों का आवागमन शुरू हो सका।

घटना की सूचना पर पहुंची रनियां पुलिस ने क्रेन व हाइड्रा से ट्राला को ब्रिज से निकलवाया। इस संबंध में थाना प्रभारी महेंद्र पटेल ने बताया कि घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है। ट्राला व सड़क पर चोकर की बोरियां हटवाकर सर्विस रोड से आवागमन सुचारू करा दिया गया है।

## चांदापुर के पास रेल लाइन पर मिला अज्ञात युवक का शव

**पुखरायां।** चांदापुर गांव के समीप झांसी-कानपुर रेलवे लाइन पर एक युवक का शव पड़ा मिला। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त के प्रयास किए, लेकिन देर शाम तक पहचान नहीं हो सकी। भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के चांदापुर गांव के समीप से निकली झांसी-कानपुर रेलवे लाइन पर एक युवक का शव पड़े होने की सूचना स्थानीय लोगों ने पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे भोगनीपुर कोतवाली के उपनिरीक्षक आनंद कुमार ने शव को अपने कब्जे में लेकर जांच पड़ताल की। मृतक के पास किसी तरह का कोई भी आईडी प्रूफ नहीं मिल सका। जिससे उसकी पहचान हो सके। उपनिरीक्षक ने आसपास के गांव के लोगों से मृतक की शिनाख्त कराने का प्रयास किया, लेकिन पहचान नहीं हो सकी। एसआई आनंद कुमार ने बताया कि शव का पंचनामा भरकर मोर्च्युरी में रखवा दिया गया है।

# हत्याकांड में जवाब न देने पर डीएम-एसपी को रिमाइंडर

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

- राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग ने सात दिनों के अंदर तलब किया ब्योरा
- अकबरपुर क्षेत्र के पुर गांव में दलित व्यक्ति की जहर खिलाकर हत्या का मामला

**अमृत विचार।** अनुसूचित जाति के व्यक्ति की सुनियोजित हत्या में डीएम व एसपी द्वारा नोटिस का जवाब न देने पर राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग ने दूसरा रिमाइंडर भेजा है। आयोग ने निर्धारित बिंदुओं पर सात दिनों में डीएम-एसपी से आख्या तलब कर प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

उक्त जानकारी वादी के अधिवक्ता जितेंद्र प्रताप सिंह चौहान ने देते हुए बताया कि अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पुर गांव निवासी राजेश कुमार शंखवार ने अपने भाई बृजेश कुमार की जहर खिलाकर गुलाब सिंह यादव द्वारा 28 जून 2020 को हत्या करने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराने का प्रयास किया था। पुलिस के रिपोर्ट दर्ज न करने पर न्यायालय के आदेश पर मुकदमा पंजीकृत कराया गया था। परीक्षण में मृतक की विसरा रिपोर्ट में जहर पाया गया था। जिसपर हत्या, एससीएसटी एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई थी। उन्होंने बताया कि विवेचना में पुलिस ने फाइनल रिपोर्ट लगा दी थी। जिसमे विशेष न्यायाधीश एससीएसटी न्यायालय ने पूर्व में फाइनल रिपोर्ट को निरस्त कर दोबारा विवेचना के आदेश पारित किए थे। पुनः विवेचना के दौरान आरोपी द्वारा शत्र लाइसेंस का दुरुपयोग कर वादी व गवाहों को धमकाने की शिकायत राजेश कुमार ने राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग व उत्तर प्रदेश शासन से की थी। अधिवक्ता जितेंद्र प्रताप सिंह चौहान ने बताया कि फाइनल रिपोर्ट लगाने के बाद एफआर निरस्त कर कोर्ट के आदेश पर इस मुकदमे की पुनः विवेचना एएसपी कानपुर देहात द्वारा की जा रही है। वादी का आरोप है कि मामले में आरोपी गुलाब सिंह गवाहों को धमका रहा है। शिकायत के बाद आयोग के सहायक निदेशक गुलशन कुमार पहाड़िया ने बीती 6 मार्च को डीएम व एसपी को नोटिस भेजकर सात बिंदुओं पर कार्रवाई की रिपोर्ट तलब की थी। लेकिन निर्धारित समयावधि बीतने के बावजूद आयोग को ब्योरा नहीं उपलब्ध कराया गया। जिसपर राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के सहायक निदेशक ने डीएम व एसपी को दोबारा रिमाइंडर भेजते हुए सात दिनों के अंदर एफआईआर, गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों की संख्या, अब तक हुई कार्रवाई की रिपोर्ट, पीड़ित आश्रित को दी गई मुआवजे की धनराशि तारीख सहित अन्य ब्योरा मांगा है।

# रिटायर्ड पुलिसकर्मी का शव मिला

संवाददाता पुखरायां

**अमृत विचार।** अटवा गांव में पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त वृद्ध का शव संदिग्ध हालत में कमरे में पड़ा मिला। मृतक के पुत्र ने मौत का सही कारण पता करने के लिए पोस्टमार्टम कराने की मांग की। मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की और फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य संकलित किए।

अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र के कुम्भी गांव निवासी शिवशंकर ने बताया कि उनके पिता राम सिंह यादव (70) पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त थे और वह अपनी रिस्तेदारी भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के अटवा गांव में रहते थे। बुधवार सुबह उसे पड़ोसियों से सूचना मिली कि उसके पिता की मौत हो गई है। सूचना मिलते ही वह अन्य परिजनों के साथ अटवा गांव पहुंचा और जानकारी कोतवाली पुलिस को दी। देवीपुर चौकी इंचार्ज धर्मेंद्र मलिक ने मौके पर जाकर छानबीन की और फॉरेंसिक टीम को बुलाकर घटनास्थल से साक्ष्य संकलित कराए। मृतक के पुत्र शिवशंकर ने मृत्यु का सही कारण पता चलने के लिए शव का पोस्टमार्टम कराये जाने की मांग की।


घटनास्थल पर मौजूद पुलिस, फॉरेंसिक टीम व लोगों की भीड़। अमृत विचार

## ट्रैक्टर- ट्रॉली की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**शिवली।** घर से बाजार समान लेने गए बाइक सवार एक युवक की मैथा-रनियां मार्ग पर सूरजपुर गांव के सामने ट्रैक्टर-ट्राली ने टक्कर मार दी। परिजन उसे कानपुर हैलट ले गए। जहां उसकी मौत हो गई।

शिवली कोतवाली क्षेत्र के रविंद्रपुरम निवासी शिवरत्न (29) मजदूरी कर जीवन यापन करता था। मंगलवार की देर शाम को वह बाइक से बैरी बाजार कुछ सामान लेने गया था। वहां से वापस आते समय रनियां-मैथा मार्ग पर सूरजपुर गांव से सामने पीछे से तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्राली ने टक्कर मार दी।

## सार-संक्षेप


समारोह को संबोधित करते पूर्व सांसद व मंचासीन भाजपा पदाधिकारी।

### होली मिलन समारोह में भाजपाइयों ने उड़ाया रंग-गुलाल

**कानपुर देहात।** भारतीय जनता पार्टी का होली मिलन कार्यक्रम मैथा व रनिया मंडल में संपन्न हुआ। इस दौरान एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली की बधाई दी गई। बुधवार को मैथा मंडल का होली मिलन समारोह शिवली नगर पंचायत के गेस्ट हाउस शिवली में हुआ। इस दौरान पूर्व सांसद देवेंद्र सिंह भोले ने पुष्प वर्षा कर जनमानस के साथ होली मनाई। चेयरमैन अवधेश शुक्ला ने भव्य स्वागत किया। जिलाध्यक्ष मनोज शुक्ला ने कार्यकर्ताओं को लोकसभा चुनाव में जी-जान से जुटने के लिए कहा। इस दौरान लोकसभा प्रभारी राजेश तिवारी, विधानसभा संयोजक डॉक्टर सतीश शुक्ला, कन्हैया कुशवाहा, वेदनारायण बाजपेई, पूर्व ब्लाक प्रमुख अनूप जादौन, बृजेंद्र सिंह चौहान, पवन राजपूत, पवन अग्निहोत्री, चारु अवस्थी, शैलेंद्र सिंह चौहान, जिला मीडिया प्रभारी विकास मिश्रा, दीपक गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### सूबेदार पति पर मिट्टी का तेल डालकर लगाई आग, मौत


सूबेदार चरण सिंह।

**मंगलपुर।** होली में छुट्टी पर घर आए सूबेदार के ऊपर मानसिक बीमार पत्नी ने मिट्टी का तेल डालकर आग लगा दी। जिला अस्पताल से गंभीर हालत में सूबेदार को लखनऊ के मिलिट्री अस्पताल रेफर किया गया। जहां उपचार के दौरान बुधवार सुबह मौत हो गई। मंगलपुर थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत कुदौली मड़ौली के मजरा किशनपुर गांव निवासी चरणसिंह निषाद (34) सेना में सूबेदार के पद पर जम्मू में तैनात थे। वह होली पर छुट्टी लेकर घर आए हुए थे। चरण सिंह का विवाह कंचौसी क्षेत्र के मधवापुर निवासी आकांक्षा उर्फ बेबी से लगभग बारह वर्ष पूर्व हुआ था। उसके एक पुत्र कृष्णा (10) व पुत्री रानी (8) है। परिजनों के मुताबिक मंगलवार की दोपहर चरण सिंह अपने कमरे में सो रहे थे। तभी उसकी पत्नी आकांक्षा उर्फ बेबी ने मिट्टी का तेल डालकर आग लगा दी थी। जिससे कि वह गंभीर रूप से झुलस गए थे। हवासपुर सीएचसी से उन्हें गंभीर हालत में जिला अस्पताल अकबरपुर रेफर किया गया था। जहां हालत में सुधार न होने पर उन्हें लखनऊ में सेना के अस्पताल भेज दिया गया था। जहां उपचार के दौरान बुधवार सुबह चरण सिंह ने दम तोड़ दिया। जानकारी पर परिजनों में कोहराम मच गया। इस बावत वरिष्ठ उपनिरीक्षक कमलेश यादव ने बताया कि प्रथमदृष्टया पत्नी द्वारा चरण सिंह पर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगाने की बात सामने आई है। परिजनों ने मृतक सूबेदार की पत्नी आकांक्षा के मानसिक बीमार होने व उसका इलाज चलने की जानकारी दी है। परिजनो का कहना है कि मानसिक बीमारी के चलते ही यह घटना हुई है। उन्होंने बताया कि इस मामले में अभी तक किसी तरफ से कोई तहरीर नहीं दी गई है। अगर तहरीर मिलती है तो अवश्य कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### तीन साल बाद भी मूसानगर में दूर न हो सकी पेयजल समस्या

**मूसानगर।** ग्राम पंचायत से मूसानगर को नगर पंचायत बने तीन वर्ष बीत गए हैं। लेकिन आज तक नगर के अधिकतर क्षेत्र में पीने के पानी की समस्या दूर नहीं हो सकी है। जिससे लोग हैंडपंप व निजी सबमर्सिबल से पानी भरने पर मजबूर हैं। मूसानगर कस्बा के गौसगंज व फतेपुर में एक-एक पानी की टंकी बनीं है। इनसे ही जलापूर्ति की जा रही है। इन नलकूपों में अधिकतर तकनीकी खामी होने के कारण निरंतर पानी की आपूर्ति नहीं होती। वहीं नगर पंचायत से जुड़े मूसानगर बांगर व बिबियापुर में एक वर्ष पहले लगवाया गया मिनी नलकूप आज तक चालू नहीं हो सका है। इससे भी लोगों को पीने के पानी की समस्या बनी हुई है। बता दें कि नगर पंचायत का गठन तीन ग्राम पंचायतों गौसगंज, फतेपुर, मूसानगर बांगर को मिलाकर किया गया है। जिसमें कुल 22 हजार के करीब आबादी और पंद्रह वार्ड हैं। नगर पंचायत के मनोज सविता, सैफी खान, शिवशंकर, रिजवान आदि ने बताया कि नगर पंचायत बनने से लोगों को मूलभूत सुविधाओं के मिलने की उम्मीद जगी थी। मगर तीन साल बीत जाने के बाद भी पेयजल समस्या जस की तस बनी हुई है। गर्मी के मौसम में यह समस्या और अधिक हो जाती है।


मूसानगर बांगर में बंद पड़ा मिनी नलकूप।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट - प्रेम विवाह, पति-पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

धर्म-अध्यात्म

## शिव बारात के बाद महाकालेश्वर मंदिर में रात को धनुष भंग लीला का मंचन

# परशुराम-लक्ष्मण संवाद पर बजीं तालियां

संवाददाता शिवली

**अमृत विचार।** शिव-उमा परिणय समारोह समिति द्वारा मंगलवार की रात महाकालेश्वर मंदिर परिसर में धनुष यज्ञ लीला का मंचन किया गया। जिसे देखने के लिए रात भर लोगों की भीड़ मौजूद रही।

शिवली नगर पंचायत के आजाद नगर मोहल्ले में मंगलवार को शिव बारात के बाद रात में धनुष यज्ञ की लीला का मंचन किया गया। समाजसेवी वतन राज अग्निहोत्री ने श्रीराम-लक्ष्मण की आरती उतार कर लीला का शुभारंभ किया। लीला मंचन के दौरान रावण-बाणासुर संवाद तथा लक्ष्मणजी के क्रोध से दर्शक रोमांचित हो गए। वहीं जनक विलाप से सभी की आंखे भर आईं। जबकि परशुराम-लक्ष्मण का तार्किक विद्वतापूर्ण संवाद सुनकर भोर पहर तक दर्शक डटे रहे। राजा जनक ने अपनी प्रतिज्ञा पूर्ण न होते देख क्रोधित हो उठे और धनुष यज्ञ समाप्त करने की बात कहते हुए कहा तजहु आस निज-निज गृह जाऊं लिखा न विधि वैदेही विवाहु, अब जनि कोऊ माखै भटमानी वीर विहीन महि मही जानी, जनक के उदगार सुनकर लक्ष्मणजी क्रोधित हो उठते है। इसपर मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम ने लक्ष्मण को समझा शांत कर गुरु की आज्ञा पर शिव धनुष भंग कर दिया। धनुष के टूटते ही प्रभु श्रीराम के जयकारों से परिसर गूंज उठा। इसके बाद परशुराम के आने पर प्रभु श्रीराम ने समझाने का प्रयास किया, लेकिन उन्होंने धनुष तोड़ने वाले को सहस्त्रबाहु के समान शत्रु बताते हुए एक बात न सुनी।


धनुष भंग लीला का मंचन करते कलाकार। अमृत विचार

# विवाहिता की मौत ससुरालियों पर केस

संवाददाता पुखरायां

- 24 मार्च को गौर गांव में विवाहिता की संदिग्ध हालात में मौत का मामला

**अमृत विचार।** गौर गांव में तीन दिन पहले विवाहिता की संदिग्ध हालात में हुई मौत के मामले में मायके पक्ष के लोगों ने दहेज हत्या का आरोप लगाकर आठ ससुरालियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है।

बता दें कि बीती 24 मार्च को भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के गौर गांव निवासी महक का संदिग्ध परिस्थितियों में शव फंदे पर लटका मिला था। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने छानबीन की थी और फॉरेंसिक टीम को बुलाकर घटनास्थल से साक्ष्य संकलित कराए थे। पुलिस ने घटना की जानकारी मृतका के पिता को दी थी। मौके पर पहुंचे मायके पक्ष के लोगों ने ससुरालियों पर दहेज हत्या का आरोप लगाकर तहरीर दी। मृतका के पिता लतीफ खां ने पुलिस को बताया कि उसने अपनी पुत्री महक का विवाह भोगनीपुर के गौर गांव निवासी फिरोज के साथ किया था। शादी के बाद से ही ससुरालीजन कम दहेज लाने की बात कह उसकी पुत्री को प्रताड़ित करने लगे। चार पहिया वाहन व अतिरिक्त दहेज की मांग होने लगी। 24 मार्च को उसकी पुत्री की हत्या कर शव को फंदे से लटका दिया गया। पुलिस ने मृतका के पिता की तहरीर पर पति फिरोज, ससुर शरफुद्दीन, सास छुन्न, देवर सूर्यांश, लाल, निवासीगण गौर, नंद गुल्फ़सा, नंदोई इशरफीक, ममिया ससुर इरफान के विरुद्ध धारा दहेज हत्या समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर छानबीन शुरू की है।

# यमुना नदी में नहाने गए तीन दोस्त डूबे, दो की मौत से मचा कोहराम

## गाजीपुर के औगासी घाट पर हुई घटना, गोताखोरों की मदद से बाहर निकलवाया

संवाददाता गाजीपुर

**अमृत विचार।** गाजीपुर थाना क्षेत्र के औगासी घाट में नहाने गए तीन दोस्त नहाते समय बुधवार को डूब गए। यह देख शोर हुआ तो सूचना पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से तीनों को बाहर निकलवाया और सीएचसी पहुंचाया, जहां डाक्टर ने दो युवकों को मृत घोषित कर दिया। वहीं एक की हालत नाजुक देख उसे सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

राधानगर थाना क्षेत्र के भटपुरवा गांव निवासी ईशू (18) पुत्र जगरूप यादव होली के पर्व में अपने ननिहाल देवलान गांव गया था। जहां अपने साथी विवेक यादव (17) पुत्र रमेश और विमल यादव पुत्र शत्रुघन के साथ बुधवार सुबह औगासी घाट में यमुना नदी में नहाने गए थे। जहां नहाते समय तीनों अचानक गहराई में चले गए और डूबने लगे। घटना देख आसपास के लोगों ने शोर मचाते हुए फोन से पुलिस को घटना की जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से तीनों को बाहर निकलवाया और गंभीर हालत में सीएचसी गाजीपुर पहुंचाया। जहां डाक्टर ने ईशू और विवेक को मृत घोषित कर दिया। वहीं विमल की हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। घटना की जानकारी पर पहुंचे परिजनों में शव देख कोहराम मचा रहा।



यमुना नदी के जांच करती पुलिस और मौके पर जुटे बड़ी संख्या में लोग। अमृत विचार

- एक साथी गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर

## सड़क हादसों में बुजुर्ग सहित तीन घायल

**फतेहपुर।** जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों के अंतर्गत हुए सड़क हादसों के दौरान वृद्ध सहित तीन लोग घायल हो गए जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। ललौली थाना क्षेत्र के दतौली गांव निवासी स्व. रामराज का पुत्र रजऊ मंगलवार की शाम पैदल खेत जा रहा था तभी पीछे से आ रहे बाइक सवार ने उसे टक्कर मार दिया जिससे वह घायल हो गया। इसी प्रकार औंग थाना क्षेत्र के शिवराजपुर गांव निवासी स्व. छोटेलाल का पुत्र रामखेलावन अपने साथी छुट्टन व श्रीराम के साथ बाइक से किसी काम से जा रहा था। तभी अज्ञात वाहन की टक्कर लग जाने से घायल हो गया। उधर हुसैनगंज थाना क्षेत्र के सैदनापुर गांव निवासी रामस्वरूप का पुत्र शत्रुघन बुधवार की दोपहर पैदल सामान लेने जा रहा था तभी पीछे से आ रहे चार पहिया ने उसे टक्कर मार दिया जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची सरकारी एंबुलेंस ने घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां शत्रुघन की हालत गंभीर बनी हुई है।

# रंजिश में चले लाठी-डंडे, आठ घायल

संवाददाता, असोथर

**अमृत विचार।** प्रधानी के चुनाव की रंजिश में दो पक्षों में विवाद हो गया। एक पक्ष के लोगों ने दूसरे पक्ष के चार लोगों को लाठी-डंडे से हमलाकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस को दोनों पक्षों ने तहरीर दी है। पुलिस ने ग्राम प्रधान सहित दोनों पक्ष से आठ लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है।

असोथर थाना क्षेत्र के सुसवन बुजुर्ग गांव के रहने वाले राम चन्द्र पुत्र राममिलन ने असोथर थाना प्रभारी को तहरीर देकर आरोप लगाया कि वह होली के दूसरे दिन मंगलवार की रात नौ बजे अपने खेत से घर आ रहे थे। तभी पहले से घात लगाए बैठे रामचेत, राजून, राय चंद्र, रजाऊ, राम निवास, रज्जन और विरेन्द्र ने रोककर गाली-गलौज की और लाठी-डंडे से हमला कर दिया। शोर सुनकर अमरनाथ, महेंद्र, जितेंद्र बीच-बचाव करने लगे, जिसके बाद दबंगों ने हम सभी को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने तमंचा से फायरिंग करने का आरोप भी लगाया है। वहीं, दूसरे पक्ष से रज्जन कुशवाहा पुत्र रतिमान कुशवाहा निवासी सुसवन ने पुलिस को तहरीर दी और आरोप लगाया कि वह लोग मंगलवार की शाम विरेन्द्र के दरवाजे के पास मां बिट्टी देवी, बहू बंदना देवी, राजाराम और महेश लोधी बैठकर बातचीत कर रहे थे।

इसी बीच पुरानी रंजिश को लेकर सुसवन ग्राम प्रधान राजेश यादव, जितेंद्र यादव, धनराज, राम खेलावन यादव और तीन से चार अज्ञात लोगों ने गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडे और सरिया से हमलाकर कर घायल कर दिया। थाना प्रभारी विनोद मौर्य ने बताया दोनों पक्ष से तहरीर मिली है। घायलों का मेडिकल जिला अस्पताल में कराया गया है। दोनों पक्षों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है।



जिला अस्पताल में भर्ती घायल। अमृत विचार

- असोथर थाना क्षेत्र के सुसवन बुजुर्ग गांव का मामला फायरिंग का भी आरोप

## एक नजर

### अरहर की फसल जली

**किशनपुर।** थाना क्षेत्र के मड़ौली गांव में बुधवार की दोपहर अज्ञात कारणों के चलते जंगल में भीषण आग लग गई। इससे कई किसानों की खड़ी अरहर की फसल जल का राख हो गई। बुधवार को मडौली गांव निवासी उदयराज यादव, सुघर सिंह यादव, गया प्रसाद यादव के खेत के पास जंगल में आग लग गई। धीरे-धीरे आग किसानों की फसल तक पहुंच गई। पड़ोस में लगे नलकूप से ग्रामीणों ने आग पर कुछ ही देर में काबू पा लिया। पीड़ित किसानों ने बताया कि उनका हजारों रुपये का नुकसान हुआ है।

### बहू पर मारपीट का आरोप

**बिंदकी।** बहू से पीड़ित एक बुजुर्ग महिला कोतवाली पहुंची और पुलिस को तहरीर देकर शिकायत की। बहू पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। कोतवाली क्षेत्र के फरीदपुर गांव की रहने वाली बुजुर्ग महिला रामदुलारी देवी पत्नी विजयपाल बुधवार को कोतवाली बिंदकी पहुंची। पीड़िता ने पुलिस को एक तहरीर दिया जिसमें आरोप लगाया कि घरेलू बातों को लेकर उसकी बहू मालती देवी पत्नी शिवकुमार ने उसके साथ मारपीट की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# अभियान चलाकर जमा कराए जाएं शस्त्रः डीएम

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- चुनाव को लेकर मातहतों के साथ डीएम ने की बैठक

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव को लेकर शस्त्र धारकों के शस्त्रों को जमा कराने के सम्बंध में बुधवार को जिलाधिकारी, जिला निर्वाचन अधिकारी सी. इंदुमती की अध्यक्षता में गांधी सभागार कलेक्ट्रेट में बैठक संपन्न हुई।

जिसमें जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर शस्त्र धारकों के शस्त्रों को अभियान चलाकर जमा कराए जाएं। उन्होंने कहा कि आयोग के दिशा निर्देशानुसार जमानत में रिहा, आपराधिक इतिहास, दंगों में संलिप्त रहे, परिशांति भंग करने वाले, पाबन्ध किये जिनके सर्वस्व सूचना जो कानून व्यवस्था की निष्पक्षता में बाधा उत्पन्न कर रहे हो, आदि नागरिकों का यदि शस्त्र लाइसेंस हैं, तो शस्त्रों को जमा कराया जाए। उन्होंने कहा कि उपजिलाधिकारी व पुलिस क्षेत्राधिकारी आपस में समवन्य बनाकर अपने-अपने क्षेत्र में शस्त्र की दुकानों का गहनता के साथ निरीक्षण करें। शस्त्र धारकों के लाइसेंस का मिलान करा लें। उन्होंने कहा कि थाना प्रभारी अपने थाना सीमा क्षेत्र में नोटिस भेजवाते हुए शस्त्रों को जमा कराएं। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक उदयशंकर सिंह, मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व डॉ. अविनाश त्रिपाठी, अपर जिलाधिकारी न्यायिक धीरेंद्र प्रताप, अपर पुलिस अधीक्षक, उप जिलाधिकारी सदर, बिन्दकी, खागा समेत अन्य सम्बंधित मौजूद रहे।

# संचारी रोग नियंत्रण के लिए विभागों को मिलीं जिम्मेदारियां

संवाददाता फतेहपुर

- कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में जनपद स्तरीय समीक्षा बैठक
- डीएम ने विभागीय अधिकारियों को दिए लोगों को जागरूक करने के निर्देश

**अमृत विचार।** विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान की द्वितीय बैठक बुधवार को जिलाधिकारी सी. इंदुमती की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट महात्मा गांधी सभागार में जनपद स्तरीय अन्तर्विभागीय समीक्षा बैठक संपन्न हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि विशेष संचारी रोग नियन्त्रण अभियान एवं दस्तक अभियान में चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, बाल विकास, ग्राम्य विकास एवं पंचायती राज, शिक्षा, नगर निगम, कृषि विभाग, पशुपालन विभाग, दिव्यांग कल्याण, चिकित्सा शिक्षा को जो दायित्व सौंपे गए है, आपस में समन्वय बनाते हुए टीम भावना के साथ अभियान को सफल बनाए। साथ ही किये गए कार्यो का सूचना विभाग के माध्यम से प्रचार-प्रसार भी कराये। अभियान का जो मैक्रोप्लान बना हैं, उसके अनुसार कार्य किया जाए।



बैठक में भाग लेतीं डीएम सी. इंदुमती व अन्य। अमृत विचार

उपजिलाधिकारी तहसील स्तरीय अधिकारियों, कर्मचारियों के साथ बैठक कर उनके दायित्वों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। सम्बंधित एमओआईसी कार्य में निगरानी रखते हुए रिपोर्ट से अवगत कराएं। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को संचारी रोगों से बचाव एवं नियंत्रण के संबंध में विशेष अभियान चलाते हुए सभी कार्यों को पूर्ण करने एवं आम जनमानस को संचारी रोगों से बचाव, रोकथाम के बारे में जागरूक करने के निर्देश दिए।

इस मौके पर सीडीओ पवन कुमार मीना, उपजिलाधिकारी सदर, बिन्दकी, खागा, प्रभारी मुख्य चिकित्साधिकारी डा इस्तियाक अहमद, सीएमएस पुरुष, जिला मलेरिया अधिकारी डा सुजाता ठाकुर, जिला विद्यालय निरीक्षक शिवपूजन द्विवेदी, जिला कार्यक्रम अधिकारी साहब सिंह यादव, नगर पालिका ईओ सदर, खण्ड विकास अधिकारी सहित सम्बंधित उपस्थित रहे।

### नियमित रूप से की जाए सफाई

बैठक में अधिशासी अधिकारी नगर पालिका, नगर पंचायतों को नगरीय क्षेत्र व जिला पंचायतराज अधिकारी को सभी ग्राम पंचायतों में नियमित रूप से साफ सफाई कराने, नालियों एवं रिक्त स्थानों पर जलभराव की समस्या की स्थिति का समाधान कराने के निर्देश दिए। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में झाड़ियों को कटवाते हुए फागिंग कराने एवं एंटीलार्वा का छिड़काव कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक स्थानों विद्यालयों, पंचायत परिसर में मच्छर विकर्षी पौधों (लेमन ग्रास, सिट्रोनेला ग्रास, तुलसी आदि को रोपित किया जाए।

### पोस्टर चस्पा करने के निर्देश

डीएम ने जागरुकता संबंधी पोस्टर को सरकारी भवनों यथा प्राथमिक विद्यालयों, उच्च प्राथमिक विद्यालयों, पंचायत भवनों, सामुदायिक शौचालयों तथा हैल्थ एण्ड वेलनेस केन्द्रों पर चस्पा करने के निर्देश दिए। सभी विभागों को संचारी एवं दस्तक अभियान के दौरान कार्यवाही से समय-समय पर अवगत कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आशा, आंगनबाड़ी घर-घर जाकर 15 वर्ष से कम आयु के बच्चों अथवा क्षय रोग के लक्षण वाले व्यक्ति पाए जाय तो उनके घर के प्रमुख जगह पर स्टीकर लगाए साथ ही चिकित्सा परामर्श दे और बुखार के रोगियों की सूची, आईएलआई (इन्फ्लूएंजा लाईक इलनेस)रोगियों की सूची, क्षय रोग के लक्षणयुक्त रोगियों की सूची, कुष्ठ रोग, फलेरिया रोग एवं कालाजार रोग के लक्षणयुक्त रोगियों की सूची बना ले साथ ही नागरिको से संचारी रोगों के नियंत्रण, की जानकारी भी साझा करें।

# पुलिस की टोली देख भागे दो गुटों के प्रदर्शनकारी

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- लड़ाई-झगड़ा करने को मय हथियारों के पहुंचे थे युवक
- आरपीएफ एवं पुलिस की गश्त होते देख मौके से भागे

**अमृत विचार।** बिंदकी नगर के बिजली ऑफिस के पास मामूली कहासुनी को लेकर दो गुटो में विवाद हो गया। कहासुनी इतनी बढ़ गई कि दोनों एक-दूसरे को देख लेने पर उतर आए। भारी पुलिस बल की गश्त देख बड़ी अनहोनी टल गई।

बुधवार को दोपहर नगर के गांधी चैराहे के पास एक गुट के दो दर्जन लोग खुले हाथों में धारदार चापड़, तलवार, बांके आदि लिए चौराहे की तरफ बढ़ रहे थे। तभी तहसील रोड की तरफ से गश्त करती आरपीएफ व भारी पुलिस फोर्स आ रहा था। पुलिस फोर्स को देख प्रदर्शनकारी अगल बगल को भागे। पुलिस बल जैसे ही बाजार रोड को टर्न लिया और आगे बढ़ा किसी ने मामले की जानकारी दे दी तो फिर पलट कर भारी पुलिस बल ने गस्त बढ़ा दी। बताया जाता है कि गांधी चौराहा रविदास मंदिर के पास रहने वाले एक दलित का कल्यानपुर थाना क्षेत्र के दलाबला गांव के क्षत्रिय से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। दोनों गुट कहासुनी के बाद एक दूसरे को देख लेने पर उतर आए।

दलबला खेड़ा गांव के रहने वाले युवक ने गांव के लोगों को खबर दी। बाइकों में सवार होकर लाठी डंडे लिए काफी लोग आ गए, पुलिस बल की गश्त देख मामला टल गया। पुलिस मामले में कुछ कहने से बचती रही।

# दूसरे जनपद की पुलिस ने संदिग्ध को उठाया !

**फतेहपुर।** लखनऊ पुलिस ने एक संदिग्ध व्यक्ति को दबिश देकर पकड़ा है। वहीं मामले की भनक स्थानीय पुलिस को नहीं है। कल्यानपुर थाना क्षेत्र के गजोधर खेड़ा मजरे मदोकीपुर में गैरजनपद पुलिस ने दबिश देकर गांव के रहने वाले निसार उर्फ चांद मियां पुत्र रज्जाक को उठाया है। सूत्रों की मानें तो लखनऊ पुलिस ने एक संगठन के कई सदस्यों को पकड़ा है। उनकी निशानदेही पर पुलिस ने निसार उर्फ चांद मियां गिरफ्तार किया है। ग्रामीणों की मानें तो निसार थाना क्षेत्र में ही हाइवे स्थित एक ढाबे में मजदूरी का काम करता था। ढाबे में काम करने वाले निसार के पास कई महंगी गाडियां भी हैं। चर्चा है कि पिता के घर उसने असलहे, कारतूस एवं कई तलवारें छिपा रखी थीं जिन्हें पुलिस ने बरामद की हैं।

# किशोरी ने जना बच्चा, दुष्कर्मी पर रिपोर्ट

संवाददाता असोथर

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र एक गांव की रहने वाली किशोरी से डीजे संचालक ने पांच माह पूर्व दुष्कर्म किया था। जिससे वह गर्भवती हो गई। एसपी से शिकायत के बाद पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी हुई है।

किशोरी के परिजनों ने बताया कि खागा कोतवाली क्षेत्र का रहने वाला युवक उसके गांव में एक परिवार के यहां अक्सर आता-जाता है। गांव के आयोजनों पर डीजे संचालन करता है। नवरात्रि पर 14 अक्तूबर की रात वह पूजा पांडाल से घर जा रही थी। रास्ते में खंडहर में डीजे संचालक उसे ले गया और उसकी आपत्तिजनक फोटो खींच ली। फोटो वायरल करने की धमकी देकर दुष्कर्म किया। इसके बाद कई बार धमकी देकर दुष्कर्म किया। उसे फरवरी माह में गर्भवती होने का पता लगा। उसने परिजनों को आपबीती बताई।

परिजनों ने युवक और उसके पिता से शादी का प्रस्ताव रखा, लेकिन आरोपी ने शादी से इंकार कर दिया। थाने चौकी के चक्कर काट रही किशोरी के बच्चे के जन्म देने की खबर जान कर पीड़िता के पिता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। बताया कि पीड़िता किशोरी ने 24 मार्च को एक बच्ची को जन्म दिया है। थाना प्रभारी विनोद कुमार मौर्य ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही है।

### किशोरी ने लगाया सामूहिक दुष्कर्म का आरोप

**फतेहपुर।** एक किशोरी के साथ तीन युवकों ने अरहर के खेत में सामूहिक दुष्कर्म किया। चीख पुकार सुनकर जब परिजन पहुंचे तो तीनों युवक भागने लगे। पीड़ित महिला ने आरोप लगाया कि एक युवक को बड़ी बेटी के साथ मिलकर पकड़ लिया। पुलिस के कार्रवाई न करने पर महिला ने पुलिस अधीक्षक से मिलकर न्याय की गुहार लगाई है। बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहनी वाली महिला ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर दिए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया कि 26 मार्च को दोपहर करीब 3 बजे उसकी 16 वर्षीय लड़की शौच के लिए खेत गई थी। वहां पर पहले से तीन युवक बैठे थे। तीनों ने बेटी को पकड़कर पास ही अरहर के खेत में ले गए और तीनों युवकों ने सामूहिक दुष्कर्म किया। बेटी की चीख पुकार सुनकर जब वह बड़ी बेटी के साथ पहुंची तो तीन युवक भागने लगे, जिनमें से एक युवक को बड़ी बेटी के साथ मिलकर पकड़ लिया। एक बाइक भी बरामद किया गया है। बेटी ने तीनों युवकों के द्वारा दुष्कर्म करने की बात कही है। पीड़ित महिला ने आरोप लगाया कि कोतवाली पुलिस को तहरीर देने के बाद भी कार्रवाई नहीं की गई। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी से जब फोन पर बात किया गया तो उन्होंने बताया कि एक महिला ने तहरीर दिया है। तहरीर के आधार पर युवकों की जांच की जा रही है। जांच में मामला सही मिलने पर आगे की कार्रवाई होगी।

## सार-संक्षेप

### बाइक से गिर कर महिला घायल

**पुखरायां।** भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के हाइवे पर बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने पीछे से टक्कर मार दी। जिसमें महिला गंभी रूप से घायल हो गई। स्थानीय लोगो के द्वारा सीएचसी लाया गया, जहां पर प्राथमिक उपचार होने के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया। सट्टी थाना क्षेत्र के बिझुना गांव के मुन्नालाल ने बताया कि अपनी पत्नी रामजानकी (28) को बाइक में बिठाकर इलाज के लिए सीएचसी आ रहे थे। झांसी और कानपुर हाइवे पर लश्करी बाबा मजार के पास बाइक में पीछे से अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी।

### डिवाइडर से टकरा कर बाइक सवार युवक की मौत

**कानपुर देहात।** रनिया थाना क्षेत्र के किशरवल रोड तिराहे के पास बाइक सवार दो युवक बाइक अनियंत्रित हो जाने से डिवाइडर से टकरा कर मंगलवार की देर रात गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसमें एक की बुधवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। विजय बहादुर सिंह (33) निवासी गोरा भूपका जालौन साथी असलम (38) कुठौंद जालौन निवासी के साथ चकरपुर मंडी जा रहे थे। किशरवल रोड तिराहे के पास बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा कर हाईवे में गिर गई जिससे विजय बहादुर गंभीर रूप से घायल हो गया जबकि असलम को मामूली चोट आई थी। पुलिस ने दोनों को जिला अस्पताल पहुंचाया। विजय बहादुर को हैलेट कानपुर रेफर कर दिया। जहां उनकी मौत हो गई। थाना प्रभारी महेंद्र पटेल ने बताया कि तहरीर मिलने पर अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

### होली बाद वापसी को रोडवेज बसों में मारामारी

**फतेहपुर।** त्योहार के बाद वापसी का दौर शुरू हो चुका है। जिससे रोडवेज बसों के साथ ट्रेनों में यात्रियों की संख्या भी काफी बढ़ चुकी है। यात्रियों की संख्या बढ़ने से विभागों की आमदनी के साथ ही बसों के अतिरिक्त फेरे लगवाए जा रहे हैं। इसके बावजूद रोडवेज बसस्टाप पर कानपुर, बांदा, प्रयागराज के यात्रियों को बसों का इंतजार करना पड़ रहा है। रोडवेज में सफर करने वालों की भीड़ बढ़ने के साथ ही आम दिनों की अपेक्षा रोडवेज की आय करीब डेढ़ लाख रुपये बढ़ चुकी है। छुट्टियां समाप्त होने के बाद से ही यात्रियों की भीड़ वापसी के लिए रोडवेज का सहारा लेती दिख रही हैं। जिससे बसों के आने के बाद महज पांच मिनट के अंदर बसें फुल हो जा रही हैं।

बढ़ी परेशानी | मिलावटी अबीर-गुलाल ने कोरोना पीड़ितों का दर्द उभारा, जिला अस्पताल पहुंचे मरीज

# सांस रोगियों को दर्द दे गया रंगों का गुबार

संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** होली के रंगों ने सांस, कोरोना और फेफड़े की टीबी के उन मरीजों का दर्द उभार दिया, जिन्होंने एहतियात नहीं बरती। जिला अस्पताल की ओपीडी में बुधवार को ऐसे मरीजों की संख्या अधिक रही। इन मरीजों को डॉक्टर दवा के साथ हफ्तेभर तक मास्क लगाने की सलाह दे रहे हैं।

जिला अस्पताल की ओपीडी में पहुंचे सांस के मरीजों से पूछताछ में डॉक्टरों को मिली जानकारी के मुताबिक अधिकांश मरीजों ने खुद रंग रहीं खेला। लेकिन वह उन लोगों के पास खड़े होकर होली का आनंद ले रहे थे जो लोग अबीर-गुलाल उड़ाकर धमाल मचा रहे थे। ह्रदय रोग विशेषज्ञ डॉ. राजीव तिवारी ने बताया कि रंग के कण जब हवा में उड़ते हैं तो आंखों से नहीं दिखाई देते लेकिन ऐसे कण सांस के जरिए स्वास नली में प्रवेश कर जाते हैं। इससे स्वास नली से फेफड़े तक में सूजन आ जाती है और तकलीफ बढ़ जाती है। इसी तरह जिन लोगों के फेफड़े में कोरोना की वजह से पैच पड़ गए हैं, होली के उड़ते रंगों ने उनका दर्ज बढ़ा दिया है। जिन मरीजों को फेफड़े की टीबी है, उन्हें भी लापरवाही भारी पड़ गई। डॉक्टर ऐसे मरीजों को दवा देने के साथ ही हफ्तेभर तक लगातार मास्क लगाने की सलाह दे रहे हैं।



कुछ इस तरह लगी मरीजों की भीड़। अमृत विचार

### होली पर सर्वाधिक चोट नशे ने पहुंचाई

होली के अवसर पर दो दिन में कुल 65 मरीज आए। इनमें से 30 मरीज सड़क हादसों में घायल होकर आए थे। नाम न छापने की शर्त पर कर्मचारियों ने बताया कि सड़क हादसों के अधिकांश मामलों में पीड़ित नशे की हालत में थे। उनकी चोट के इलाज से अधिक परेशानी उनका नशा उतारने में हुई। मरीजों की दशा देखकर लोग अनुमान लगा रहे थे कि नशे की वजह से ही वह हादसे का शिकार हुए थे।

> सांस के रोगी, कोरोना पॉजिटिव मरीज जिनके फेफड़े में पैचेज पड़ गए थे, या फिर कहें फेफड़े की टीबी वाले मरीजों को होली के रंगों से दूरी न बनाना भारी पड़ रहा है। ऐसे मरीजों को एंटी एलर्जिक व अन्य जरूरी दवाओं के साथ यह भी हिदायत दी जा रही कि दवाएं तभी काम करेंगी जब मास्क लगाएंगे।
>
> -डॉ. पीके सिंह, सीएमएस

- फेफड़े की टीबी वाले मरीजों की बढ़ गई खांसी

# तिलक लगाकर बहनों ने मांगी भाइयों की दीर्घायु

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- होली के परीवा के बाद बुधवार को मनाई गई भाई दूज

**अमृत विचार।** होली की परीवा के बाद दूसरे दिन बुधवार को भाई दूज का त्योहार परंपरागत ढंग से मनाया गया। बहनों ने भाइयों के ललाट पर तिलक करके मुंह मीठा कराया। वहीं भाइयों ने भी अपनी बहनों को उपहार दिया। हालांकि तिथि में अंझा होने के कारण भाई दूज मंगलवार के बजाए बुधवार को मनाई गई।

भाई दूज के साथ-साथ कायस्थ समाज के लोगों ने घरों में कलम दवात की पूजा-अर्चना के बाद अपने इष्टदेव भगवान चित्रगुप्त महाराज का भी पूजन-अर्चन किया। दूज के अवसर पर ट्रेनों व बसों में लोगों की भारी भीड़ रही। इसके चलते यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। वाहनों की कमी और भारी भीड़ का फायदा डग्गामारी करने वालों ने उठाया। लोगों को माल ढोने वाले वाहनों से भी यात्रा करनी पड़ी। ट्रेनों में तो पैर रखने की भी जगह नहीं थी। त्योहार पर ट्रेनों की लेटलतीफी का सिलसिला चला। इस कारण यात्रियों को परेशानी उठानी पड़ी। वहीं कुछ यात्रियों ने ट्रेन का सहारा न लेकर बसों व प्राइवेट गाड़ियों से अपनी बहनों के घर तिलक कराने के लिए पहुंचे। वहीं बहनें भी सज धजकर अपने भाइयों का तिलक करने के लिए गईं। भाई दूज पर सबसे ज्यादा प्रफुल्लित छोटे बच्चे दिखाई दिए। सुबह से मिठाई की दुकानों पर बिक्री शुरु हो गई थी, जो देर शाम तक बराबर चलती रही।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

## क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

### सूचना

मैं रुक्मा देवी (Rukma Devi) अपने पुत्र शंकर सिंह के आर्मी नं.– 4205699W, ग्राम –मालाझूला हल्द्वानी पिथौरागढ़, उत्तराखण्ड, मेरे पुत्र के सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम रूक्मनी पानू (Rukmani Panoo) दर्ज है। अतः मेरे पुत्र के सर्विस रिकॉर्ड में रुक्मा देवी (Rukma Devi) दर्ज किया जाये।

### सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरे बड़े बेटे रामनाथ का चाल चलन व रवैया बहुत खराब है। उसकी संगति बुरे लोगों के साथ है इसलिए वह मेरे व परिवार के साथ दुर्व्यहार करता है। बड़े बेटे रामनाथ पुत्र राजकुमार से तंग आकर अपने चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। रामनाथ द्वारा किए गए किसी कृत्य व लेनदेन से मेरा कोई वास्ता सरोकार नहीं होगा। **राजकुमार पुत्र रामतीरथ निवासी ग्राम भमैचा पोस्ट सिसवरिया थाना मोतीगंज गोंडा।**

### सूचना

सूचित हो कि मैं अपने बड़े बेटे नीरज कुमार का चरित्र व आचरण ठीक नहीं होने के कारण उसे अपनी सम्पूर्ण चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। इसके द्वारा किये गये किसी भी कार्य से मुझे कोई वास्ता सरोकार नहीं है और न ही भविष्य में कभी होगा। **भारत लाल पुत्र चौहान निवासी– अहिनवार, राती, मोहनलालगंज, लखनऊ।**

### सूचना

सूचित हो कि मेरी पुत्री अंजली वर्मा के हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट के अंकपत्र सह प्रमाण पत्र में मेरा नाम महेश प्रसाद वर्मा त्रुटिवश अंकित हो गया है। जबकि मेरे आधार कार्ड व अन्य अभिलेखों में सही नाम महेश प्रसाद है। अतः मेरी पुत्री के शैक्षिक अभिलेखों में मेरा सही नाम महेश प्रसाद अंकित किया जाये। **महेश प्रसाद पुत्र स्व0 नन्दलाल निवासी ग्राम रमवापुर, पो0 माधौगंज, तहसील बिलग्राम, जिला हरदोई, वर्तमान पता लक्ष्मी बिहार कालोनी, निकट गल्लामण्डी सरकुलर रोड, हरदोई।**

# गौशालाओं में भूसा नहीं, शहर की सड़कों पर अन्ना मवेशी

## शहर की प्रमुख सड़कों एवं मोहल्लों में करते विचरण, हादसों का भी बन रहे कारण, गौशालाओं में भी मवेशियों की हालात दयनीय

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** गर्मी गोवंश के लिए दोहरी मुसीबत लेकर आई है। एक तरफ भूसे की कमी से उन्हें पर्याप्त भोजन नहीं मिल पा रहा है। वहीं दूसरी ओर खुले आश्रय स्थल पर गर्म हवाओं से उनका जीना दुश्वार हो रहा है। वहीं पशुधन विभाग का दावा है कि सभी गौशालाओं में भूसे की पर्याप्त व्यवस्था है। जबकि ऐसी कोई व्यवस्था नहीं दिख रही कि गोवंश को संतुलित आहार देकर उनका पेट भरा जा सके। यही कारण है के शहर की सड़कों में गोवंश विचरण करते नजर आते हैं। यहां तक कई ऐसे मवेशी दिखाई पड़ते हैं, जिनकी इयर टैगिंग भी रहती है।

**कई गौशालाओं में भूसा का पैसा नहीं :** पशुधन विभाग की ओर से की गई पशु गणना के मुताबिक करीब 22,000 गोवंश को खाने-पीने के साथ उनका संरक्षण किया जा रहा है। दिन भर में एक गोवंश करीब पांच से छह किलो भूसे का सेवन करता है। गोवंश की संख्या के मुताबिक ग्राम प्रधान व सचिव भूसे की व्यवस्था करते हैं। सूत्र बताते हैं कि इन दिनों भूसे की कमी होने से अन्ना पशु इसका खामियाजा भुगत रहे हैं। इसका नतीजा यह हुआ कि आवारा जानवर आश्रय स्थलों को छोड़कर इधर-उधर खाने की तलाश कर रहे हैं। सड़कों के साथ गली-मोहल्लों में आवारा जानवरों की आमद बढ़ गई है। ये आवारा जानवर लोगों के लिए खतरा बने हुए हैं। सूत्रों के मुताबिक विजयीपुर ब्लाक क्षेत्र में कई मवेशियों की भूख के चलते पूर्व में मौत भी हो चुकी हैं। जिले में भूसा की कमी की वजह गौवंश को परोसा जाने वाला भूसा इन दिनों मांग के अनुसार नहीं मिल पा रहा है। इसकी वजह यह है कि अप्रैल में कटी गेंहू की फसल के बाद जो भूसा बना था। उसका स्टॉक समाप्त हो चुका है। अब नई फसल तैयार हो रही है, उसके बाद ही भूसे की उपलब्धता हो सकेगी।


कुछ इस तरह से शहर की सड़कों पर विचरण करते अन्ना मवेशी। अमृत विचार

### श्याम नगर, खम्भापुर, शादीपुर में दिन-रात घूमते हैं

भले ही अन्ना मवेशियों से छुटकारा मिलने के दावे किए जा रहें हो लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही है। शायद ही कोई ऐसा गांव हो जहां पर आवारा पशु सड़कों से लेकर खेत खलिहान तक न घूम रहे हों। कस्बे से लेकर ग्रामीण इलाकों तक अन्ना पशुओं की चहलकदमी लोगों के लिए मुसीबत बनी हुई है। शहर में श्याम नगर, खम्भापुर, शादीपुर, पटेल नगर, ताम्बेश्वर नगर समेत अन्य स्थानों में दिन-रात गोवंश घूमते नजर आ रहे हैं। उधर किसानों का कहना है कि रातों में अन्ना पशुओं से फसल को बचाने के लिए खेतों पर रतजगा करना पड़ता है। नगर में भी गली, चौराहों पर घूमते अन्ना पशुओं के झुंड परेशानी पैदा करते हैं। लेकिन इनसे अभी तक छुटकारा नहीं मिल पा रहा है।

### आंकड़ों पर एक नजर

- जिले में कुल गौशालाएं: 57
- गौशालाओं में संरक्षित गोवंश: 22 हजार

### गौशाला में बचाव के नाम पर खानापूरी

गर्मी का आगाज हो चुका है लेकिन गौशालाओं में गर्मी से बचाव के पुख्ता प्रबंध अभी तक नहीं हो सके हैं। हालांकि जिम्मेदारों का कहना है कि अधीनस्थों को बचाव के इंतजाम करने के निर्देश दिए गए हैं। विभाग की मानें तो छाया एवं पानी की पर्याप्त व्यवस्था की जानी है। जबकि गौशाला में गर्मी के बचाव के नाम पर केवल खानापूरी ही दिख रही है। टिन शेड के एक ओर तिरपाल तो शेष तीनों ओर खुला नजर आता है। सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि मवेशियों को सर्दी के बाद अब गर्मी और लू के कहर से कैसे छुटकारा मिल सकेगा।

### बजट की राह ताक रहीं कई गौशालाएं

आश्रय स्थलों की व्यवस्थाएं चुस्त-दुरुस्त रहें। इसके लिए पशुधन विभाग आश्रय स्थलों के जिम्मेदारों को गोवंशों की संख्या के आधार पर बजट देता है। सूत्रों की मानें तो आश्रय पोर्टल पर जुलाई तक भूसा खरीद का पैसा मिला था, इसके बाद से अब तक किसी का पैसा नहीं आया है। कुछ ग्राम प्रधान व सचिव को छोड़कर ज्यादातर ने पक्के बिल के साथ डिमांड अपलोड ही नहीं की है।

### पक्का बिल भी बना मुसीबत

आश्रय स्थलों पर भूसे की आपूर्ति की जिम्मेदारी ग्राम प्रधान व सचिव की है। आश्रय स्थलों के जिम्मेदार भूसा खरीद की डिमांड पक्के बिल के साथ ऑनलाइन पोर्टल पर भरते हैं। इसके बाद ग्राम स्तरीय समिति के खाते में पैसा आता है। वहीं ज्यादातर लोगों को भूसे का पक्का बिल न मिलने से वह वक्त पर डिमांड नहीं कर पाते हैं। जिससे पैसा न आने से जिम्मेदार भूसे की खरीदारी में लापरवाही बरतते हैं।

> गौशालाओं में भूसे की पर्याप्त व्यवस्था है, कई गोआश्रय स्थल नई निर्मित होने के कारण कुछ दिक्कतें थीं लेकिन अब व्यवस्था हो गई है। गर्मी को लेकर छाया, पानी आदि की व्यवस्था कराई जा रही है। गर्मी अधिक पड़ने पर लू से बचाव के इंतजाम किए जाएंगे।
>
> -डॉ. एनके सचान, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी

# लंदन बुक ऑफ रिकॉर्ड में फिर से दोआबा का नाम

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- इससे पूर्व भी जिले का नाम हो चुका रिकार्ड में अंकित

**अमृत विचार।** जनपद की जिलाधिकारी सी. इंदुमती की उत्कृष्ट सोच, लगन व पराकाष्ठा से जनपद का नाम विश्व पटल पर एक नहीं दो बार लंदन बुक ऑफ रिकॉर्ड में अंकित किया गया है। शत प्रतिशत मतदान को लेकर फरवरी में हुए कार्यक्रम में एक नहीं दो कार्यों के लिए फतेहपुर का नाम लंदन बुक ऑफ रिकाड्र्स में शामिल किया गया है। जिसमें एक रिकॉर्ड स्वीप के अंतर्गत 80x100 मीटर के भारत के नक्शे के चारों ओर मानव श्रंखला बनाकर मतदान के लिए जागरूक करना शामिल है।


डीएम सी.इन्दुमती।

वहीं दूसरा रिकॉर्ड बना जिसमें 480 मीटर लंबे कपड़े में दिव्यांगजनों द्वारा हस्त प्रिंट देकर पूरे भारत को मतदान के लिए जागरूक कर एक अनूठा प्रयास किया। जिलाधिकारी ने इन दोनों रिकाड्र्स को दिव्यांगजनों को समर्पित किया है। उन्होंने कहा कि इतने बड़े आयोजन को सफल बनाने में मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना, प्रभाकर त्रिपाठी सदर उपजिलाधिकारी जिनके नेतृत्व में सभी दिव्यांगजनों के लिए भोजन व्यवस्था, स्वीप आइकॉन डॉ. अनुराग श्रीवास्तव द्वारा पूरे उत्साह व मनोयोग के साथ सहभागिता एवं जिला विकास अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पंचायत राज्य अधिकारी, परिवहन अधिकारी, दिव्यांग व अल्पसंख्यक अधिकारी, परियोजना निदेशक, खंड विकास अधिकारियों व कर्मचारियों का विशेष योगदान रहा। साथ ही जिलाधिकारी ने आगामी 20 मई को शत-प्रतिशत मतदान के लिए सभी सम्मानित नागरिकों से अपील भी की। इसके लिए लंदन बुक ऑफ रिकाड्र्स द्वारा प्रशस्ति पत्र, मेडल भेजा गया है।

# मनरेगा :100 दिन काम की गारंटी फेल

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** मनरेगा में गांव के लोगों को गांव में ही रहकर 100 दिन का रोजगार मिलने की गारंटी फेल साबित हो रही है। कहीं प्रधान तो कहीं रोजगार सेवक इसे लेकर रुचि नहीं ले रहे हैं। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि जनपद में मनरेगा से करीब 25 हजार मजदूर काम करते हैं। इनमें से अब तक करीब एक हजार परिवारों को ही 100 दिन का रोजगार मिल सका है, वित्तीय वर्ष के आठ महीने बीत चुके हैं। इससे ग्रामीणों में नाराजगी व्याप्त है।

जिले भर में 13 विकास खंड हैं। हर ब्लाक में मनरेगा योजना लागू है। सभी ग्राम पंचायतों में मनरेगा के तहत कच्चे व पक्के काम कराकर लोगों को रोजगार दिया जा रहा है। एक तरफ जहां गांव में ही उनको काम का अवसर मिलता है वहीं दूसरी तरफ ग्राम सभा का विकास भी होता है। सूत्रों का कहना है कि मजदूरी व श्रमांश के भुगतान में विलंब के चलते भी प्रधान कम रुचि ले रहे हैं। ब्लॉकों के अधिकारी अन्य कार्यों की तरफ ज्यादा मेहरबान होने की वजह से मनरेगा पर ध्यान नहीं दे रहे हैं।




- कहीं ग्राम प्रधान तो कहीं रोजगार सेवक कर रहे मनमानी
- कार्य कराने के बाद नहीं होता भुगतान, श्रमिकों में नाराजगी

### 13 ब्लाक एवं 840 ग्राम पंचायतें

जिले में तेलियानी, मलवां, देवमई, अमौली, खजुहा, बहुआ, असोथर, विजयीपुर, धाता, ऐरायां, हथगाम, हसवां, भिटौरा ब्लाक हैं। जिनके तहत कुल 840 ग्राम पंचायते हैं। जिनके तहत पंजीकृत श्रमिकों के सापेक्ष श्रमिक परिवारों को सौ दिन का काम नहीं मिल सका है।

### नहीं मिलता समय से भुगतान

मनरेगा के तहत कई ब्लाकों में कराए गए कार्यो में काम करने वाले श्रमिकों को भुगतान नहीं हो सका है। जिससे कई बार श्रमिक स्थानीय अधिकारियों समेत जिलाधिकारी तक से गुहार लगा चुके हैं। लेकिन समस्या का हल नहीं हो सका है। यही कारण है कि मनरेगा के कार्यो से श्रमिकों का मोह भी भंग हो रहा है।

# मच्छरों ने छीना दिन का चैन और रात की नींद

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- पालिका प्रशासन से सफाई व फॉगिंग कराने की उठाई मांग

**अमृत विचार।** गर्मी का मौसम आते ही मच्छरों की फौज भी खून चूसने को तैयार हो चुकी है। रात की छोड़िए दिन में भी मच्छर चैन नहीं लेने दे रहे हैं। मोहल्लों में सफाई व्यवस्था भी सुचारु रूप से नहीं होती है। इसका परिणाम है कि नालियां बजबजा रही हैं। यदि यही हालात रहे तो गर्मियों में संक्रामक रोगों पर काबू करना भी मुश्किल पड़ जाएगा। मच्छरों के प्रकोप से लोग रात-रात भर नहीं सो पा रहे हैं।

शहर के कई मोहल्लों में मच्छरों का प्रकोप इस कदर है कि लोग अभी से भयभीत होने लगे हैं। क्योंकि गर्मी की अभी शुरुआत हुई है। यदि आने वाले समय में यही हालात रहे तो संक्रामक रोगों पर नियंत्रण करना मुश्किल हो जाएगा। लोगों का कहना है कि मोहल्लों में नियमित रूप से कूड़ों का उठान नहीं होता है और नालियों की तलीझाड़ सफाई नहीं होती है। यही वजह है कि मच्छर दिन पर दिन बढ़ रहे हैं। शहर के कई मोहल्लों में स्थिति बेहद खराब हो गई है। शहर के श्यामनगर, गंगानगर, खम्भापुर, राधानगर, आदि मोहल्लों में मच्छरों ने लोगों की हालत पस्त कर रखी है। रात में पंखा चलने के बाद भी मच्छर सोने नहीं देते हैं। तमाम प्रकार की मच्छर रोधी उपकरण भी काम नहीं आ रहे हैं। मोहल्ले के लोगों ने पालिका प्रशासन से साफ सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने के साथ ही फॉगिंग कराए जाने की मांग की है।

# तीन से ज्यादा वाहनों की अनुमति नहीं

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव को लेकर जिला निर्वाचन कार्यालय में तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। चुनाव में बड़ी संख्या में वाहनों के काफिले ले जाकर मतदाताओं को प्रभावित करना प्रत्याशियों या उनके समर्थकों के लिए महंगा पड़ सकता है। निर्वाचन आयोग ने काफिले के लिए सिर्फ तीन वाहनों के प्रयोग की अनुमति दी है। इससे अधिक वाहनों के संचालन या वाहनों में असामाजिक तत्वों को लाने ले जाने पर कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

लोकसभा चुनाव को लेकर जिले में पांचवें चरण में 20 मई को मतदान प्रक्रिया संपन्न कराई जाएगी। जिले में आचार संहिता प्रभावी है। इसको लेकर निर्वाचन आयोग द्वारा सभी प्रत्याशियों के लिए गाइड लाइन जारी की गई है। इसका उल्लंघन करने पर कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। निर्वाचन के दौरान कई बार उम्मीदवार व उनके समर्थक बड़े काफिले के साथ गांवों में पहुंचकर मतदाताओं को प्रभावित करने का प्रयास करते हैं। कई बार वाहनों में हथियार या असामाजिक तत्वों को बिठाकर भी चुनाव को प्रभावित करने के प्रयास किए जाते हैं। उसको देखते हुए निर्वाचन आयोग द्वारा स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि किसी भी काफिले में तीन से अधिक वाहन नहीं होंगे। नामांकन के दौरान कोई भी प्रत्याशी तीन से अधिक वाहनों का इस्तेमाल नहीं कर सकेगा। यदि नियमों और निर्देशों का पालन नहीं करता है तो कार्रवाई की जाएगी। साथ ही नामांकन के दौरान 100 मीटर की परिधि में भी सिर्फ तीन वाहन ही प्रवेश कर सकेंगे।



- लोकसभा चुनाव को लेकर प्रत्याशियों के लिए तय की गई वाहन संख्या

इसके अलावा जिन वाहनों के संचालन की अनुमति प्रदान की जाएगी, वही वाहन ही प्रवेश कर पाएंगे। उन पर भी निर्वाचन आयोग द्वारा निगाह रखी जाएगी। यदि किसी भी वाहन में असामाजिक तत्व या हथियार रख पाए जाते हैं तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसको लेकर व्यापक निर्देश जारी किए गए हैं। फिलहाल चुनाव आयोग निर्देशों के अनुसार प्रशासन अभी से तैयारी में जुटा हुआ है। जनपद के सभी पोलिंग बूथों पर प्रशासन सुरक्षा व्यवस्था के साथ ही मतदाताओं के लिए इंतजाम कर रहा है। जिनमें छाया और पानी के साथ ही बिजली की व्यवस्था की जा रही है। जिससे मतदाताओं को परेशान न होना पड़े।

# हाईस्कूल में सदाशिव कॉलेज इंटर में जीजीआईसी अव्वल

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- यूपी बोर्ड की कॉपियों का मूल्यांकन 70 फीसदी पूरा

**अमृत विचार।** शहर के चार केंद्रों में हो रही यूपी बोर्ड कॉपियों के मूल्यांकन में हाईस्कूल के केंद्र सदाशिव इंटर कॉलेज तो इंटर में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज अव्वल चल रहा है। यहां पर नाम मात्र कॉपियों का मूल्यांकन शेष रह गया है। 16 से 27 मार्च तक जिले में हाईस्कूल, इंटर, यूपी बोर्ड के छात्रों की उत्तर पुस्तिकाओं का 70 फीसदी मूल्यांकन कार्य पूरा हो गया है। 27 मार्च से कार्य ने रफ्तार पकड़ लिया है। जिले में इंटर की कुल 159051 उत्तर पुस्तिकाओं में 135083 का मूल्यांकन कार्य पूरा हो गया है।

मूल्यांकन केंद्र जीजीआईसी में इंटर की 83848 उत्तर पुस्तिकाएं आवंटित हैं। जहां 27 मार्च तक 70193 का मूल्यांकन पूरा कर लिया गया है। 5155 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन शेष रहा गया है। राजकीय इंटर कालेज में इंटर की 75203 उत्तर पुस्तिकाएं आवंटित हैं। 64890 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन हुआ है। 18964 का मूल्यांकन किया जाना शेष है। एएस इंटर कालेज में हाईस्कूल की आवंटित 126069 उत्तर पुस्तिकाओं में अब तक 97400 का मूल्यांकन हुआ है और 28669 का शेष है। सदाशिव इंटर कॉलेज रेलबाजार में हाईस्कूल की कुल 126178 कॉपियां आवंटित हैं। इसके सापेक्ष अब तक 120720 उत्तर पुस्तिकाएं चेक हो चुकी हैं। जबकि, 5458 उत्तर पुस्तिकाएं और जांची जानी बाकी हैं। डीआइओएस शिवपूजन द्विवेदी ने बताया कि दो दिन में शेष उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन पूरा हो जाएगा।

# दो पक्षों में मारपीट युवती घायल

**बिन्दकी।** घर के पास बनी दीवार को गिराने को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। जिससे युवती घायल हो गई। युवती की तहरीर दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनसीआर दर्ज कर युवती को मेडिकल परीक्षण के लिए सीएचसी भेजा है।

जाफरगंज क्षेत्र के दरौटालालपुर गांव निवासी कोमल देवी (19) पुत्री श्यामबाबू के घर के पास बनी दीवार को गांव की रहने वाली मीरा पत्नी भूरा गिराने लगी तो युवती ने मना किया। युवती को मीरा पत्नी भूरा व इनके पुत्र शिव पूजन, कैलाश व पुत्री पूजा ने को लाठी डंडो से पीट पीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल युवती अपने परिजनों के साथ पुलिस के पास पहुंची और आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनसीआर दर्ज कर घायल युवती को मेडिकल परीक्षण के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिन्दकी भेजा है।

# पेड़ों पर आरे चलवा रहे वन माफिया

संवाददाता, खागा फतेहपुर

**अमृत विचार।** एक तरफ पर्यावरण संरक्षण को लेकर अधिक से अधिक पौधे लगाने पर जोर दिया जा रहा है। वहीं दूसरी तरफ क्षेत्रीय वन माफिया द्वारा हर दिन हरे भरे वृक्षों के ऊपर आरा चलाया जा रहा है। देखा जाए तो पर्यावरण को पूरी तरह नष्ट किया जा रहा है।

खागा तहसील क्षेत्र के खखरेरू वन विभाग रेंज के अंतर्गत बीते लगभग एक सप्ताह से हरे वृक्षों की कटान चल रही है, जिसकी खबरें अखबारों में भी प्रकाशित की गईं लेकिन नतीजा आज भी वही है। बीते दिनों धाता थाना क्षेत्र के सलेमपुर गांव के पूर्वी तरफ भीतरी जंगल में नीम, कैइथा, महुवा के हरे वृक्षों के ऊपर दिन दहाड़े आरे चलाए गए थे। कई दिनों से इसी स्थान पर कटान चल रही है। बताया जा रहा है कि वृक्ष काटने वाले माफिया बाहरी नहीं हैं। सभी क्षेत्रीय ही बताए जा रहे हैं जिनका पेड़ कटाने का पुराना धंधा है।


कुछ इस तरह से काटे जा रहे हरे पेड़। अमृत विचार

विश्वस्त सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार खखरेरू क्षेत्र में दिनदहाड़े कट रहे हरे वृक्षों की जानकारी वन विभाग के अनूप शुक्ला को है, फिर कार्रवाई नहीं की जा रही है। देखा जाए तो क्षेत्रीय वन विभाग अपनी आंख मूंद कर बैठे हैं। जिससे हर दिन खखरेरू व धाता क्षेत्र में वन माफियाओं के हौसले बुलंद हैं। अब सवाल यह उठता है कि एक तरफ वन विभाग कार्रवाई करने की बात करता है तो दूसरी तरफ हर दिन कटान जारी भी है। इससे तो यही सिद्ध हो रहा है की कहीं न कहीं वन विभाग की सहभागिता इन वन माफियाओं को जरूर प्राप्त होंगी। तभी तो हर दिन पर्यावरण के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।

वन क्षेत्राधिकारी विवेक शुक्ला ने बताया कि धाता क्षेत्र के सलेमपुर गांव में काटे गए हरे पेड़ को लेकर स्थानीय थाना में शिकायती पत्र दे दिया गया है। मुकदमा पंजीकृत होने के बाद मुकदमा कॉपी उपलब्ध करा दी जाएगी।

## सार-संक्षेप

### होली में बवाल करने वाले गिरफ्तार

**असोथर।** थाना क्षेत्र के सुसवन बुजुर्ग गांव निवासी पुतून पुत्र शिव मंगल विश्वकर्मा, धर्मेंद्र कुमार पुत्र रतीभान और नन्हा पुत्र नंदू ने होली के दिन शराब के नशे में गांव में गाली गलौज और ग्रामीणों से अभद्रता कर माहौल खराब करने की कोशिश कर रहे थे। त्योहार के मद्देनजर गांव का भ्रमण कर रही पुलिस ने गांव से माहौल खराब करने वाले उपरोक्त तीनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर शांति भंग में बुधवार को कोर्ट में पेश किया है।

### बालिकाओं को किया जागरूक

**फतेहपुर।** जनपद के सभी थानों की एण्टी रोमियो टीमों द्वारा बुधवार को अपने-अपने थाना क्षेत्र में भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान महिलाओं, बालिकाओं को महिला सुरक्षा के लिए जारी हेल्प लाइन नम्बरों की जानकारी देकर जागरूक किया गया।

### 42 वाहनों का हुआ चालान

**फतेहपुर।** एसपी उदय शंकर सिंह के निर्देश पर बुधवार को पुलिस ने चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने 42 वाहनों का चालान करते हुए एक वाहन से एक हजार रुपये का शमन शुल्क वसूला है। वहीं 17 लोगों के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की है।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

परेशानी

## कई बार समाधान की उठी मांग, पालिका की ओर से पकड़ने को नहीं चलाए जाते अभियान

# बंदरों का आतंक, छतों पर जाने से कतरा रहे लोग

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** जिले में बंदरों के आतंक से शहरी समेत ग्रामीण अंचल के लोग परेशान हैं। हालात यह हैं कि लोग अपने घरों की छतों में कुछ सामान रखना तो दूर छत में जाने से डरते हैं। खासकर बच्चों की निगरानी भी अधिक करनी पड़ती है। शहर की प्रमुख समस्याओं में यदि देखा जाये तो बंदरों का आतंक हर किसी के लिए मुसीबत बना है। बंदर न सिर्फ लोगों पर हमला कर रहे हैं बल्कि जान भी ले रहे हैं। जिम्मेदारों की लापरवाही का ही नतीजा है कि पकड़ने के लिए जो भी अभियान शुरू होते हैं वह खानापूरी के लिए किए जाते हैं।

शहर के लोग इस कदर भयभीत हैं कि बंदरों से बचने को अक्सर उन्हें लाठी-डंडो को लेकर ही घर के बाहर निकलना पड़ रहा है। शहर का संभवत ऐसा कोई मोहल्ला नहीं है जहां पर बंदरों के झुंड के झुंड न हों। गली, मोहल्लों से लेकर सड़कों और छतों पर झुंड के रूप में विचरण करने वाले बंदर अक्सर जानलेवा हो जाते है। शहर की सब्जी मंडियों से लेकर मंदिरों के आसपास सार्वजनिक स्थानों, कूड़ा डंपिंग स्थलों पर बंदरों का आतंक चरम पर है। ऐसे में लोगों को बड़ा संभलकर राह से निकलना पड़ रहा है। यहां तक कि शहर पॉश कॉलोनियों में बंदरों का आतंक कम नहीं है। शहर के आवास विकास कॉलोनी, पुलिस लाइन, पीएसी, हरिहरगंज, राधानगर क्षेत्र के मोहल्लों में बंदरो की काफी बाहुल्यता है। ऐसे ही धाता, बिंदकी, भिटौरा समेत अन्य ग्रामीण अंचलों में भी बंदर लोगों के लिए आफत बने है। बंदरों के हमलें में अक्सर लोग घायल हो रहे हैं। खासतौर पर स्कूल के समय में बच्चों को भेजने में अभिभावकों के सामने काफी दिक्कत रहती है। पालिका की ओर से बंदरों को पकड़ने के लिए अभियान नहीं चलाये जाते हैं। कई बार इस समस्या को उठाया जा चुका है। लेकिन महज आश्वासन के अलावा समस्या का हल नहीं निकल सका।


मोहल्लों में झुंड के झुंड निकलते हैं बंदर। अमृत विचार

- धाता, बिंदकी, भिटौरा व अन्य स्थानों पर आफत बने बंदर

# फ्री बीयर मांगते दीवान का वीडियो वायरल

संवाददाता फतेहपुर

- खुद को कोतवाली बिन्दकी में तैनात होने का दिखाया रौब
- एसपी ने सीओ को दिए मामले की जांच के आदेश

**अमृत विचार।** एक पुलिसकर्मी का शराब की दुकान पर बीयर मांगने का वीडियो वायरल हो रहा है। रुपये देने की बात पर दिवान कहते हैं कि वह पैसा काहे दें, वह कोतवाली में दीवान हैं। यह सब कहते किसी युवक ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। पुलिसकर्मी का शराब की दुकान में फ्री बीयर मांगने का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल होने के बाद पुलिस अधीक्षक ने डीएसपी को जांच का आदेश दिया है।

वायरल वीडियो बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के अंबेडकर चौराहा स्थित एक बीयर शॉप का है। कोतवाली में तैनात दीवान वीडियो में साफ तौर पर देखे जा सकते हैं। वह बीयर की दुकान में खड़े होकर बीयर फ्री में मांग रहे। वीडियो बना रहा युवक वर्दीधारी से पूछ रहा है कि क्या चाहिए दीवान जी। दीवान जी अपने को कोतवाली में तैनाती बताते हुए एक बीयर मांग रहे हैं। वीडियो बना रहा युवक सेल्समैन से कहता है कि दीवान जी होली पर एक बीयर मांग रहे हैं। सेल्समैन कह रहा है कि मुफ्त में बीयर लेने के लिए मालिक से फोन से बात कर लो। सेल्समैन दीवान से पैसे की मांग करता है तो दीवान जी बोल रहे हैं कि हम काहे पैसा दें। सीओ बिंदकी सुशील कुमार दुबे ने बताया वीडियो की जांच की रही हैं।

# मानवाधिकार आयोग ने सिपाही सचिन हत्याकांड पर दिया नोटिस

## सौ शैय्या अस्पताल के चिकित्सकों की लापरवाही पर डीएम से दो मई तक मांगा जवाब

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज


सिपाही सचिन राठी।


सौ शैय्या युक्त चिकित्सालय।

**अमृत विचार।** जनवरी माह में हिस्ट्रीशीटर मुनुआं यादव से हुई मुठभेड़ में बलिदान हुए सिपाही सचिन राठी के इलाज में लापरवाही की गई थी। इसका संज्ञान लेते हुए उत्तर प्रदेश मानवाधिकार आयोग ने जिलाधिकारी से जवाब मांगा है। आयोग ने नोटिस भेजकर डीएम से दो मई तक जवाब दाखिल करने के निर्देश दिए हैं। माना जा रहा है कि इस मामले में लापरवाह पुलिस कर्मियों और डॉक्टरों पर कार्रवाई की जा सकती है।

विशुनगढ़ थाना क्षेत्र के धरनीधरपुर नगरिया गांव में 25 जनवरी 2024 को हिस्ट्रीशीटर मुनुआं यादव व उसके बेटे टिंकू यादव ने अंधाधुंध फायरिंग की थी, जिसमें विशुनगढ़ थाने के सिपाही सचिन राठी की मौत हो गई थी। मानवाधिकार आयोग ने सिपाही की मौत को संज्ञान में लिया है और इसमें इलाज में लापरवाही के बाबत

- 25 जनवरी को धरनीधरपुर नगरिया गांव में हिस्ट्रीशीटर से मुठभेड़ में हुई थी मौत

नोटिस भेजकर डीएम से जवाब मांगा है। आयोग के मुताबिक घायल सिपाही को प्राथमिक उपचार सही ढंग से नहीं मिला, जिससे उसकी मौत हो गई।

घटनास्थल पर तेज गति वाली एंबुलेंस क्यों नहीं भेजी गई? उसे ऐसी एंबुलेंस से भेजा गया, जिसकी गति 60 किमी प्रतिघंटा से अधिक नहीं थी। इसके बाद सौ शैय्या अस्पताल में कई जरूरत वाले इंजेक्शन भी नहीं थे, जिससे उसे समय पर उपचार नहीं दिया जा सका। कुल मिलाकर अस्पताल कर्मियों और डॉक्टरों की लापरवाही सामने आई है।

अस्पताल में समुचित इलाज की व्यवस्था न होने से अन्य घायलों की भी जान जा सकती है। आयोग के चेयरमैन जस्टिस वीके नारायना ने पत्र भेजकर इस मामले में जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल से दो मई 2024 तक विस्तृत रिपोर्ट तलब की है।

### आधा घंटा तक घटनास्थल पर पड़ा रहा था सचिन

सिपाही सचिन राठी की जांघ में गोली धंस गई थी। ग्रामीणों के मुताबिक वह आधा घंटे तक घटनास्थल पर ही पड़ा रहा था, जिससे काफी रक्तस्राव हो चुका था। हिस्ट्रीशीटर मुनुआं यादव व उसका बेटा छत से गोली चला रहे थे, जिससे पुलिस कर्मी उसके पास जाने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे थे। सौ शैय्या अस्पताल छिबरामऊ तक पहुंचने में काफी समय लग गया था और वहां भी जरूरत के इंजेक्शन नहीं मिले। मानवाधिकार कार्यकर्ता राजहंस बंसल ने आयोग में इलाज में लापरवाही की शिकायत की थी।

"मानवाधिकार आयोग के पत्र के आधार पर मामले की जांच अपर जिलाधिकारी को दी गई है। आयोग द्वारा निर्धारित तिथि पर जवाब दाखिल किया जाएगा।
-शुभ्रांत कुमार शुक्ल, जिलाधिकारी

## गरीबों व मजलूमों की मदद को जकात देना लाजिमी

**छिबरामऊ, कन्नौज।** रमजानुउल मुबारक के इस मुकद्दस महीने में एक तरफ जहां रोजा रखने वाले रोजेदारों के गुनाहे माफ होते हैं, वहीं दूसरी तरफ गरीबों व मजलूमों की मदद करना भी रोजेदारों का फर्ज है। इसके लिए जकात देना भी लाजिमी माना गया है। रोजेदार का फर्ज है कि वह नेक नियत से रोजा रखे व अपनी आमदनी का हिस्सा यानि जकात गरीबों को दे। जकात देने से उन पर अल्लाह की रहमतों की बारिश होती है। नगर के मोहल्ला गनेश चौधरी स्थित मस्जिद के इमाम हाफिज अख्तर का कहना है कि जकात की रकम जरूरतमंद परिवारों तक पहुंचा देने से उन्हें ईद मनाने में सहूलियत हासिल हो जाएगी। मजहबे इस्लाम सिर्फ रोजा, नमाज व अन्य इबादत की ही शिक्षा नहीं देता, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी व मानवीय कर्तव्यों को लेकर भी संवेदनशील है।


इमाम हाफिज अख्तर

# सरकारी एजेंसियों के दुरुपयोग पर सपाइयों ने दिया धरना

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज


कलेक्ट्रेट में धरने को संबोधित करते पूर्व ब्लॉक प्रमुख नवाब सिंह यादव व मौजूद सपाई।

**अमृत विचार।** सरकारी एजेंसियों ईडी, सीबीआई आदि का दुरुपयोग के विरोध में सपाइयों ने कलक्ट्रेट में धरना दिया। राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को सौंपा।

बुधवार को कलक्ट्रेट में पूर्व ब्लॉक प्रमुख नवाब सिंह यादव की अगुवाई में सत्तासीन भाजपा सरकार की ओर से सरकारी एजेंसियों ईडी, सीबीआई आदि का दुरुपयोग करने के विरोध में राष्ट्रपति से संबोधित ज्ञापन अतरिक्त उपजिलाधिकारी को सौंपा। इस मौके पर पूर्व ब्लॉक प्रमुख नवाब सिंह यादव ने सत्तासीन सरकार पर सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग करके विपक्ष के नेताओं को डराया जा रहा है। हमारा देश एक लोकतांत्रिक देश है, जहां निष्पक्ष चुनाव से सरकारों का गठन करके लोकतंत्र को मजबूत किया जाता है, परन्तु वर्तमान सरकार सरकारी एजेंसियों से ऐसे समय कार्रवाई कराई जा रही है जब लोकतंत्र के पर्व चुनाव कराने की घोषणा हो गई। ऐसे समय ईडी और सीबीआई के द्वारा हो रही

- कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन-नारेबाजी, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

कार्रवाई ये दर्शाती है कि सत्ता मद में चूर बीजेपी लोकतंत्र की हत्या करने में उतारू है, लेकिन सत्ता में बैठे लोग ये जान ले हर तानाशाह अपनी कब्र खोदने का इंतजाम स्वयं करता है। हम समाजवादी लोग है हमारे समाजवादी लोगों ने कई बार ऐसी तानाशाह सरकार को उखाड़ फेंकने का काम किया है। इस मौके पर इंद्रेश यादव, चंद्रकांत प्रधान, अखंड बाबू प्रधान, अरविन्द प्रधान, प्रताप, शशिकांत कटियार, सुरजीत यादव, राजू यादव, संजय, सुरेन्द्र, आशीष यादव, सर्वर अली, जहीर अली, मंसूर खान, मनोज कठेरिया, सभासद सौरभ शर्मा, वीर पाल सभासद, राम बाबू बबलू नंद कुमार, हरिपाल राजपूत, राम चंद्र दोहरे, मुदस्सर, अजय यादव, पंकज, ध्रुव यादव, कट्टू पांडेय लोग मौजूद रहे।


होली मिलन समारोह में आल्हा गायक ठाकुर संग्राम सिंह को चित्र भेट करते सांसद, जिलाध्यक्ष व विधायक व अन्य। अमृत विचार

# भाजपाइयों ने लगाया अबीर-गुलाल

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** भाजपा की ओर से सांसद कार्यालय के निकट होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर आल्हा गायन, कवि सम्मेलन समेत कई आयोजन किए गए ।
कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को गुलाल लगा कर मुह मीठा कराया। भारतीय जनता पार्टी जिला संगठन ने कार्यकर्ता होली मिलन समारोह का आयोजन किया। यह आयोजन

- सांसद कार्यालय के निकट हुआ आयोजन

भाजपा लोकसभा चुनाव कार्यालय के समीप स्थित ग्राउंड में किया। इसमे मुख्य रूप से सांसद सुब्रत पाठक, जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया, विधायक कैलाश राजपूत, विधायक अर्चना पांडे , जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि ओमकार शाक्य सहित भारतीय जनता पार्टी के जिला पदाधिकारी, ब्लॉक प्रमुख, चेयर मैन, पूर्व विधायक कमलेश दिवाकर मौजूद रहे। होली मिलन समारोह में भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को गुलाल व गले लगाकर बधाई दी। इस मौके पर होली गीत पर सभी थिरकते रहे। समारोह में आल्हा गायन भी हुआ। आल्हा गायक संग्राम सिंह ने सभी को आल्हा सुनाई। कवियों ने होली पर हास्य कविता भी सुनाई। पार्टी पर आधारित कविताएं भी सुनाई, जिसका सभी आनंद लिया। होली मिलन समारोह में गुलाल से पूरा प्रांगण रंगीन हो गया।

## ट्रक की टक्कर से पोल टूटा, 10 गांवों की बिजली गुल

**कन्नौज।** चौधरियापुर गांव के निकट लगा हाईटेंशन बिजली के पोल में ट्रक ने टक्कर मार दी, इससे पोल टूट गया। पोल टूटने से 10 गांव की बिजली गुल हो गई। मामले में जेई ने ट्रक चालक के खिलाफ सदर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। दूसरे बिजली पोल को लगाने का काम किया गया है।

पुलिस लाइन विद्युत उप केंद्रके जेई राजेश कुमार ने सदर कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि चौधरियापुर गांव के निकट लगे हाईटेंशन बिजली लाइन के पोल में ट्रकग ने टक्कर मारदी। इससे पोल टूट गया। इससे बड़ा हादशा होने से बच गया। उक्त पोल मानीमऊ फीडर का था।

इस के टूटने से उक्त फीडर के से जुड़े 10 गांव की बिजली करीव पांच घंटे गुल रही।मामले की रिपोर्ट दर्ज होने के बाद जेई ने स्टोर से दूसरे पोल व तार को निकलवा कर लगवाया। इस के बाद लोगों को बिजली मिली।

# परिषदीय स्कूलों की वार्षिक गृह परीक्षाएं खत्म

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** जिलेभर के 1459 परिषदीय स्कूलों व पांच कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालयों में चल रहीं वार्षिक गृह परीक्षाएं बुधवार को खत्म हो गईं। अब मूल्यांकन व रिपोर्ट कार्ड बनाने की तैयारियां शुरू हो गईं हैं। पहली अप्रैल से सभी प्राथमिक, जूनियर व कंपोजिट विद्यालयों में नया शैक्षिक सत्र शुरू हो जाएगा।

वार्षिक गृह परीक्षाओं के अंतिम दिन परिषदीय विद्यालयों में कक्षा एक में मौखिक परीक्षा हुई। कक्षा दो, तीन, चार व पांच में दोनों पालियों में सभी विषयों की मौखिक परीक्षा संपन्न हुई। कक्षा छह, सात व आठ में सुबह सवा नौ से पौने 11 बजे तक पहली पाली में बेसिक क्राफ्ट, संबंधित कला, कृषि व गृह शिल्प विषय और दूसरी पाली में कक्षा छह से आठ तक खेल एवं शारीरिक शिक्षा व स्काउटिंग की परीक्षा में छात्र-छात्राएं शामिल हुए। बीएसए उपासना रानी वर्मा ने बेसिक शिक्षा परिषद की गाइड लाइन का पालन करने के निर्देश दिए हैं।



कस्तूरबा गांधी विद्यालय मित्रसेनपुर में परीक्षा देतीं छात्राएं। एसबीएस मूल्यांकन केंद्र का निरीक्षण करते डीआईओएस डॉ. पूरन सिंह।

# इंटरमीडिएट के पांच विषयों का मूल्यांकन खत्म

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** यूपी बोर्ड परीक्षा इंटरमीडिएट के पांच विषयों की कॉपियों का मूल्यांकन पूरा हो गया है। जल्द ही अन्य विषयों की उत्तरपुस्तिकाएं भी जांच दी जाएंगी। 31 मार्च तक कार्य पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। दूसरी ओर डीआईओएस ने केंद्र का निरीक्षण किया।

इंटरमीडिएट की कॉपियों के मूल्यांकन केंद्र केके इंटर कॉलेज के

- 31 मार्च तक जांची जानी हैं यूपी बोर्ड परीक्षा की कॉपियां

उपनियंत्रक एके शर्मा ने बताया कि बुधवार को नागरिक शास्त्र, रसायन विज्ञान, नर्सरी शिक्षा, फोटोग्राफी व शार्ट हैंड एवं टाइपिंग विषय की उत्तरपुस्तिकाएं जांच दी गईं। एक-दो दिनों में कई और विषयों की कॉपियां चेक हो जाएंगी। उन्होंने बताया कि कुल 18,735 कॉपियां जांची जानी बची हैं। 628 परीक्षक व 69 उप प्रधान परीक्षक के सापेक्ष 344 परीक्षक और 68 उप प्रधान परीक्षक गैरहाजिर रहे। एसबीएस इंटर कॉलेज के उप नियंत्रक एसएल सिंह ने बताया कि अब 30,359 कॉपियां ही जांची जानी शेष हैं। आवंटित 1022 परीक्षकों के सापेक्ष 498 और 103 उप प्रधान परीक्षकों के सापेक्ष 83 उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि एक-दो दिनों में कुछ विषयों की उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन का कार्य पूरा हो जाएगा। डीआईओएस डॉ. पूरन सिंह ने बताया कि उन्होंने मूल्यांकन केंद्रों का निरीक्षण किया।

# सामूहिक दुष्कर्म के फरार आरोपी के घर हुई कुर्की

संवाददाता सौरिख, कन्नौज

**अमृत विचार।** मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के आदेश पर पुलिस ने सामूहिक दुष्कर्म के फरार चल रहे आरोपी के घर का सामान कुर्क किया है। घटना में शामिल दो अन्य आरोपियों को पुलिस ने चार माह पहले जेल भेज दिया था।

नगर निवासी महिला 11 नवम्बर 18 को अपने दो बच्चों के साथ शाम के समय घर पर थी दोनों बच्चे सो रहे थे। उसी समय पड़ोस में किराए पर रहने वाले अलकेश, देवेश पाल

- दो आरोपी चार माह पहले हो चुके हैं गिरफ्तार

और सुरेंद्र पाल घर में घुस आए और तमंचे के बल पर तीनों ने दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था। महिला की चीख-पुकार सुन दोनों बच्चे जाग गए और तीनों आरोपी तमंचा लहराते और जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए थे। न्यायालय में हाजिर न होने पर न्यायालय के आदेश पर कस्बा इंचार्ज राकेश पटेल ने कुर्की कर सामान जब्त कर लिया।

## विवाद में मारपीट, दो युवक घायल

**गुरसहायगंज।** ग्राम ऊंचा निवासी आशीष पाल ने बताया कि गांव के मणिलाल, राकेश, रानू व सोनू ने 25 मार्च की दोपहर लगभग 12:30 बजे दरवाजे पर आकर उसके साथ गली गलौज की। मना करने पर उसे लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। दूसरे पक्ष से सोनू ने बताया कि गांव के भारत पाल, रोहित पाल, विनय पाल, बॉबी पाल ने मामूली विवाद में उसके साथ गाली गलौज की। मना करने पर उसे लाठी डंडों से मारपीट कर दिया। कोतवाली पुलिस ने दोनों पक्षों की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# पुरातन छात्र हुए सम्मानित


सम्मेलन में सम्मानित किए गए पुरातन छात्र। अमृत विचार

संवाददाता,जलालाबाद, कन्नौज

**अमृत विचार।** बुधवार को सरस्वती शिशु मंदिर में स्व.देवेश पांडेय की स्मृति में पुरातन छात्र सम्मान समारोह का आयोजन प्रधानाचार्य प्रताप नारायण मिश्र के नेतृत्व में हुआ। इसमें विद्यालय के पुरातन छात्रों को सम्मानित किया गया। इस दौरान विकास पाठक, आशीष कटियार, विवेक पांडे, प्रशांत कटियार, प्रशांत पाठक पीयूष दुबे, सौरव, विनीत पांडे, सत्यम, गौरव पांडे, अभिलाष तोमर रहे।

## हत्या के प्रयास में वांछित आरोपी तमंचा समेत गिरफ्तार

**कन्नौज।** तिर्वा कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक जयन्ती प्रसाद गंगवार के नेतृत्व में पुलिस ने चेकिंग के दौरान विकास उर्फ गोपाल उर्फ गोलू पुत्र विजेन्द्र यादव निवासी ग्राम हरचन्दापुर, अभिनेष राजपूत पुत्र अजय निवासी ग्राम चन्दौली व प्रकाश में आये नीरज वर्मा पुत्र सर्वेश वर्मा निवासी ग्राम डडियन को खैरनगर रोड से कटरा की तरफ जाने वाले रास्ते पर गिरफ्तार किया गया। तलाशी में उसके पास से तमंचा 315 बोर आरोपी विकास उर्फ गोपाल से बरामद हुआ।

## सार-संक्षेप

### आल इंडिया बार परीक्षा उत्तीर्ण करने पर दी बधाई

**छिबरामऊ, कन्नौज।** आल इंडिया बार द्वारा परिणाम घोषित किए जाने के बाद अधिवक्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले अधिवक्ता बन्धुओं को नवनिर्वाचित महासचिव ने मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी और ईश्वर से प्रार्थना की सभी विधि क्षेत्र एवं न्यायिक सेवाओं में अपार सफलता प्राप्त करें। इस दौरान रावेंद्र शाक्य, मुकेश पाण्डेय, प्रणव सक्सेना, जयवीर सिंह, विनीत चतुर्वेदी, आलोक दीक्षित, रोमा, स्नेहलता गुप्ता, शिवम, घनश्याम यादव, अनुराग शुक्ला, जितेन्द्र कुमार, अमित दुबे, अवध किशोर यादव, शैलेंद्र सिंह, चंद्रभान सिंह, रक्षपाल सिंह, लाल जी, अवनीश कुमार, विजय शाक्य, संजय कुमार सहित कई अधिवक्ता रहे।

### लखनऊ जेल से रिहा हुए विमल पांडेय

**कन्नौज।** बीएसए कार्यालय में रिश्वत लेने के आरोप में लखनऊ जेल में बंद चल रहे वरिष्ठ लिपिक रहे विमल पांडेय को रिहा कर दिया गया है। बताया गया है कि देर शाम तक वह लखनऊ से अपने घर कन्नौज के लिए चल दिए। दरअसल, 29 फरवरी को कानपुर की एंटी करप्शन टीम ने एरियर दिलाने के लिए 10 हजार रुपये लेने की शिकायत पर यह कार्रवाई की थी। मामले की प्राथमिक स्कूल गौरीबांगर ब्लॉक गुगरापुर में तैनात रहे शिक्षक अनुराग सिंह (अब निलंबित) ने शिकायत की थी। वायरल हुए बीएसए कार्यालय के सीसीटीवी फुटेज व वीडियो ने एंटी करप्शन की ओर से गलत तरीके से की गई कार्रवाई की पोल खोल दी थी। इस मामले में संलिप्त पांच शिक्षकों को निलंबित किया जा चुका है। इसमें तीन अन्य जिलों के भी शिक्षक शामिल हैं। बुधवार रात को विमल पांडेय घर पहुंच गए।

### पुराने विवाद में दुकान में लगाई आग

**तिर्वा, कन्नौज।** ठठिया थाना के बेहटा गांव निवासी नियामत अली ने बताया कि घर के बाहर लकड़ी की दुकान से खाने पीने का सामान बेचकर परिवार का भरण पोषण करते हैं। बुधवार सुबह को गांव निवासी दो लोगों ने पुराने विवाद के चलते दुकान में आग लगा दी। आग से पूरी दुकान जलकर खाक हो गई। थानाध्यक्ष किशनपाल सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जांच में मामला संदिग्ध लग रहा है।

### महिला से छेड़छाड़ कर तीन से की मारपीट

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** महिला ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि गांव के देवेश, आदेश, अनोखे लाल, आसाराम व रणधीर ने 19 जनवरी की शाम लगभग 06 बजे उसके घर में घुसकर उसके साथ गाली गलौज व छेड़छाड़ की। विरोध करने पर उसे लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। बीच बचाव करने आई उसकी मां और युवक को भी मारपीट कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### युवक को मारपीट कर दी धमकी

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** नगर के मोहल्ला रामकिशन नगर निवासी अजय ने बताया कि नगर के मोहल्ला आजाद नगर निवासी अनूप, नन्हे, कल्लू व ऋषि ने मामूली विवाद में उसके साथ गाली गलौज की। मना करने पर उसे लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### सड़क हादसे में भाजपा नेता घायल

**सौरिख, कन्नौज।** ग्राम नगरिया मांधाता निवासी प्रमोद सिंह वैस अध्यक्ष किसान सेवा सहकारी समिति पांच बजे बाजार से घर लौट रहे थे, तभी पीछे से तेज गति से आ रही बोलेरो ने टक्कर मार दी, जिससे प्रमोद दूर जा गिरे। उनके हाथ व पैर में गंभीर चोट आई है। खड़िनी चौकी प्रभारी ने बोलेरो को कब्जे में ले लिया है।

व्यवस्था — आलू का उत्पादन घटने, शीतगृहों की संख्या बढ़ने से नहीं होगी भंडारण में दिक्कत

# 20 से 25 प्रतिशत जगह कोल्ड स्टोरेजों में रहेगी खाली

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज



एक कोल्ड स्टोर के बाहर खड़ीं आलू के पैकेट से भरीं ट्रैक्टर-ट्रॉलियां। अमृत विचार

**अमृत विचार।** इस बार औसतन 20 से 25 फीसदी कोल्ड स्टोरेज में जगह खाली रहेगी। किसानों को पिछले साल की तरह आलू भंडारण में दिक्कत नहीं आएगी। कारण, आलू का उत्पादन कम हुआ है। साथ ही शीतगृहों की संख्या भी बढ़ गई है। कई पुराने कोल्ड स्टोरों में क्षमता भी बढ़ाई गई है।

डीएचओ सीपी अवस्थी के मुताबिक जिले में कुल 171 कोल्ड स्टोर हो गए हैं। इसमें 18.64 लाख मीट्रिक टन आलू भंडारण की क्षमता है। पिछले सीजन में 153 कोल्ड स्टोर थे। बताया गया है कि 21 नए बनकर शुरू हो गए हैं और तीन शीतगृह नहीं चल रहे हैं। इसमें एक नया और दो पुराने शीतगृह शामिल हैं। डीएचओ ने बताया कि 13 पुराने कोल्ड स्टोरेज में चेंबर बढ़ गए हैं। इस वजह से आलू भंडारण की क्षमता बढ़ी है। डीएचओ के मुताबिक करीब 70 फीसदी जगह कोल्ड स्टोर में भर गई है। कुछ स्थानों पर आलू की खोदाई चल रही है। उसके बाद उसका शीतगृहों में भंडारण होगा। दो अप्रैल के आसपास भंडारण की स्थिति स्पष्ट हो जाएगी। 13 लाख मीट्रिक टन से अधिक आलू का भंडारण हो चुका है।

### इस वजह से घट गया उत्पादन

- मौसम विपरीत होने की वजह से आलू का उत्पादन घटा है।
- आलू का साइज भी कई खेतों में छोटा निकला है।
- नई फसल देरी से शीतगृहों में रखा पुराना आलू बिक गया।

# मीटर से बाईपास कर हो रही बिजली चोरी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** गांव के बिजली उपभोक्ता मीटर से बाईपास कर धडल्ले से बिजली चोरी कर विभाग को लाखों रुपये का चूना लगा रहे हैं। वहीं, विभाग की लापरवाही से 30 फीसदी घरों में मीटर ही नहीं लगाये गये हैं। इससे मनमानी बिजली खर्च की जा रही है। वही गांव में बिना कनेक्शन के बिजली चोरी की जा रही है।

जिले में लाखों की तादाद में ग्रामीण विद्युत उपभोक्ता हैं। इनमें 60 से 70 फीसदी उपभोक्ताओं के घरों पर मीटर तो विभाग ने लगाये पर यह नहीं देखा कि जिनके यहां मीटर लगे हैं, वह उपभोक्ता मीटर से बाईपास कर बिजली का उपयोग तो नहीं कर रहे हैं। मीटर रीड़र से

- कई घरों में विभाग ने नहीं लगाए हैं मीटर

लेकर लाइनमैन भी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। खास बात तो यह है कि यह उपभोक्ता समय पर अपने बकाया बिल भी जमा करने नहीं जाते हैं। इसके चलते एक-एक उपभोक्ता पर पचास से एक लाख रुपये तक का बकाया बिल हो चुका है। इसी तरह कई कनेक्शनधारकों के यहां विभाग ने मीटर ही नहीं लगाये। यदि मीटर लगाये भी गये तो उपभोक्ताओं ने उन मीटरों को उखाड़ कर फेंक दिया है। इससे उनके दरवाजे पर अब मीटर भी नजर नहीं आ रहा है। शहर के निकट गांव बलही, रितुकला समेत अधिकतर गांव में इस तरह के कनेक्शन देखे जा सकते हैं।



मृतक प्रदीप के रोते बिलखते परिजन। अमृत विचार

## पल्लेदार ने फांसी लगाकर दी जान

**छिबरामऊ, कन्नौज।** पल्लेदार ने गृह कलह के चलते घर की टीनशेड में साड़ी से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।



प्रदीप।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लड़ैता निवासी प्रदीप पुत्र मालिक राम पल्लेदारी करके अपने परिवार का भरण पोषण करता था। बुधवार को शाम लगभग चार बजे किसी बात से नाराज होकर घर में पड़े टीनशेड में साड़ी के फंदे से लटक कर आत्महत्या कर ली। मामले की जानकारी होते ही परिजनों में चीख पुकार मच गई और रोते बिलखते सभी उसे सौ शैय्या अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां इमरजेंसी वार्ड में मौजूद चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। वहीं पुलिस ने शव को अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया। घटना के बाद से मृतक प्रदीप की माता शीला देवी, पत्नी सरिता, बच्चे नंदिनी, अरबी तथा छोटू का रो रोकर बुरा हाल हो गया।

## विशेष प्रशिक्षण के लिए 8.11 लाख मिले

**कन्नौज।** वर्ष 2023-24 में आउट ऑफ स्कूल बच्चों के विशेष प्रशिक्षण के लिए आठ लाख से अधिक का बजट मिला है। बीएसए उपासना रानी वर्मा ने जारी किए पत्र में कहा है तीन दिवसीय प्रशिक्षण की रिपोर्ट समय से दी जाए। जिलास्तर पर ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षकों व ब्लॉक स्तर पर नोडल अध्यापकों के प्रशिक्षण को लेकर गाइड लाइन जारी हुई है। इसमें जिले के 1459 परिषदीय स्कूलों के लिए आठ लाख 11 हजार 450 रुपये की धनराशि मिलने की बात कही गई है। बजट सभी बीईओ व नगर शिक्षा अधिकारी कार्यालय को भेज दिया गया है। भोजन के लिए 656550 रुपये, प्रशिक्षण के लिए 87540, स्टेशनरी के लिए 58360 व बैनर, चार्ट के लिए नौ हजार रुपये निर्धारित हुए।

# फर्जी निस्तारण से अफसर करा रहे जिले की किरकिरी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- सीएम डैशबोर्ड (दर्पण पोर्टल) में जनसुनवाई की सूबे में रैंक 50 से 73 पहुंची
- स्टांप व रजिस्ट्रेशन समेत कई विभागों व योजनाओं की श्रेणी डी व ई आई




**अमृत विचार।** खाता न बही जो अफसर-कर्मी करें वही सही। कुछ इस नजीर पर ही जिले के ज्यादातर अधिकारी फर्राटा भर रहे हैं। जो भी मामले जनता दर्शन, जनसुनवाई व सीएम हेल्पलाइन से संबंधित विभागों को पहुंचते हैं उसमें ज्यादातर का फर्जी निस्तारण कर दिया जाता है। इस वजह से सूबे में जिले की किरकिरी हो रही है। कई विभागों की रैंक लगातार गिर रही है। यह हम नहीं कह रहे हैं बल्कि सीएम डैशबोर्ड (दर्पण पोर्टल) की रिपोर्ट बोल रही है।

जनपद के मुखिया भले ही आए दिन बैठकों में अफसरों को नसीहतों की घुट्टी पिलाते हों, लेकिन कागजों से उनकी कलई खुल जाती है। इससे कहा जा रहा है कि डीएम का अपने अधिकारियों पर कोई जोर नहीं रह गया है। प्रार्थना पत्रों पर मनमानी रिपोर्ट लगाकर निस्तारण कर देते हैं।

बात अगर जनसुनवाई की करें तो जनवरी में प्रदेश में कन्नौज की रैंक 50वीं और श्रेणी डी थी। फरवरी की रिपोर्ट में रैंक 73 व श्रेणी ई पर पहुंच गई। साथ ही कुल 10 अंकों में एक अंक ही मिला। इसी तरह लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व प्राप्ति में स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन में कुल 10 में से दो अंक और ई श्रेणी के साथ ही 70वीं रैंक जनवरी में आई थी। फरवरी में रैंक गिरकर 75वीं व श्रेणी ई और अंक 10 में से शून्य मिला है। राजस्व विभाग के ही वसूली प्रमाण पत्र में जनवरी में शून्य अंक, ई श्रेणी व 74वीं रैंक थी।

फरवरी में भी 10 में से शून्य अंक व ई श्रेणी मिली है। जिले की रैंक गिरकर 75वीं हो गई है। जीएसटी के राजस्व लक्ष्य के सापेक्ष संग्रह में उपायुक्त, राज्य कर में जनवरी में पांच अंक, सी श्रेणी व15वीं रैंक आई थी। अब अंक गिरकर चार रह गए हैं। श्रेणी डी और 18वीं रैंक यानि दोनों में ही गिरावट दर्ज की गई है। उत्पन्न राजस्व बनाम लक्ष्य में आबकारी के जनवरी में तीन अंक, डी श्रेणी व 57वीं रैंक आई थी। इस महीने 10 में से कुल तीन अंक व रैंक 51वीं आई है। श्रेणी डी ही है उसमें कोई सुधार नहीं हुआ है।

ओडीओपी वित्त पोषण योजना में सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम के तहत 10 में शून्य अंक, ई श्रेणी व 74वीं रैंक मिली थी। इस बार चार अंक, डी श्रेणी व 67वीं रैंक आई है। 15वां वित्त आयोग ग्राम पंचायत में पंचायती राज के जनवरी में 10 में से दो अंक, ई श्रेणी और 70वीं रैंक आई थी। फरवरी में तीन अंक, डी श्रेणी और 57वीं रैंक मिली है।

### इन योजनाओं में भी मिला सी ग्रेड

पंचायती राज विभाग में पांचवां राज्य वित्त आयोग ग्राम पंचायत में सी, प्राथमिक शिक्षा में मध्यान्ह भोजन एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति में सी, मछली विभाग का मत्स्य उत्पादन में सी, एमओयू मॉनिटरिंग में सी, धान खरीद योजना में खाद्य एवं रसद का सी, परियोजना अधिकारी डूडा का प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी में सी, जिला खनन अधिकारी का आईएमएसएस के अनुसार प्रवर्तन कार्य में सी, आरसीसीएमएस डैशबोर्ड में राजस्व विभाग का सी, नामांतरण धारा 34 में सी, निर्विवाद उत्तराधिकार में सी ग्रेड मिला है।

# 18-19 साल के 15,977 युवा पहली बार करेंगे मताधिकार का प्रयोग

## तीनों विधानसभा क्षेत्रों में बढ़े 11,600 युवा मतदाता, युवा वोटर होंगे निर्णायक की भूमिका में

लोकसभा चुनाव 2024

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज



**अमृत विचार।** जिले में मतदाता सूची के चलाए गए पुनरीक्षण अभियान में 15,977 युवा मतदाताओं के नाम शामिल किए गए हैं। ये सभी युवा मतदाता 18 व 19 वर्ष की आयु पूरी कर चुके हैं। सभी युवा मतदाता पहली बार लोकसभा चुनाव में अपने-अपने मताधिकार का प्रयोग कर पसंदीदा जनप्रतिनिधि को चुनेंगे। पहली बार मतदान करने के लिए युवा मतदाता उत्साहित हैं।

चुनाव की रणभेरी बजने के साथ जिला प्रशासन आयोग के निर्देशों के तहत चुनाव को पूरा तरह पारदर्शिता के साथ कराने की तैयारी में जुट गया है। कन्नौज सीट पर चौथे चरण के दौरान 13 मई को मतदान होगा। प्रशासन ने चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग संपन्न कराने के लिए जिले की तीनों विधानसभाओं में 1052 मतदान केंद्र और 1519 मतदेय स्थल बनाकर अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंप दी है। जिले को 12 जोन और 140 सेक्टरों में बांट कर मजिस्ट्रेटों की तैनाती कर दी है। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन जनवरी में कर दिया गया था। प्रशासन द्वारा जारी की गई मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के बाद इस बार लोकसभा चुनाव में 11,600 युवा मतदाता बढ़े हैं। मतदाता सूची जारी होने के बाद जिले में इस बार 18 व 19 वर्ष आयुवर्ग 15,977 युवा मतदाताओं के नाम शामिल किए गए हैं। सभी मतदाता 13 मई को होने वाले मतदान में पहली बार मतदान कर अपने पसंदीदा प्रत्याशी को अपने लोकसभा क्षेत्र नुमाइंदगी करने के लिए संसद भेजेंगे।

### बोले युवा मतदाता



किसी भी लोकतंत्र में युवा शक्ति की भूमिका अहम होती है। युवाओं पर ही देश का भविष्य टिका है। इस बार मतदाता पुनरीक्षण अभियान में 18 साल की आयु पूर्ण करने वाले युवाओं पर फोकस किया गया था। स्कूलों कॉलेजों में अभियान चलाकर युवाओं के वोट बनाए गए।

-आशीष कुमार सिंह, उप जिला निवार्चन अधिकारी



लोकतंत्र को मजबूत बनाने में मेरी भी अब भागीदारी होगी। देश के सबसे बड़े लोकतांत्रिक महायज्ञ में मेरी भी एक आहुति होगी। वह स्वयं वोट देंगे और दूसरों को भी प्रेरित करेंगे।

-अर्पित दुबे, छात्र



देश का भविष्य युवाओं पर निर्भर करता है, जिसमें मतदान ही एक ऐसा हथियार है, जिससे लोकतंत्र को सही दिशा दी जा सकती है। मेरा पहला वोट राष्ट्र निर्माण की दिशा में होगा।

-रोशनी कुमारी, छात्रा



जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों में 18-19 साल के 11600 नए वोट बनाए गए हैं, जिससे मतदाता सूची में 15,977 युवा हो गए हैं। आलेख्य प्रकाशन के समय जिले में केवल 4377 युवाओं के वोट बने थे। अंतिम प्रकाशन में युवा वोटरों की संख्या में वृद्धि हुई है।

-बिनीत कटियार, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी

## ट्रैक्टर को बचाने में पलट गया ट्रक

**छिबरामऊ, कन्नौज।** ग्राम कमालपुर के पास सामने आए ट्रैक्टर व चार पहिया वाहन को बचाने में ट्रक अनियंत्रित होकर खाई में पलट गया। घटना देख स्थानीय लोगों ने पहुंचकर ट्रक चालक को सकुशल बाहर निकाल लिया।

बुधवार की सुबह तालग्राम रोड स्थित ग्राम कमालपुर के पास एक तेज रफ्तार ट्रक के सामने अचानक ट्रैक्टर व फोर व्हीलर वाहन आ गया। उसे बचाने में ट्रक अनियंत्रित होकर खाई में पलट गया। घटना होती देख ग्राम कमालपुर निवासी समाजसेवी रेहान खान ने अपने साथी शाहरुख, टिल्लू सक्सेना, अफरीदी व अतीक खान के साथ घटनास्थल पर पहुंच कर ट्रक चालक अनिल कुमार को सही सलामत बाहर निकाल लिया। अनिल ने बताया कि वह होली का त्योहार मनाने के लिए अपने गांव नवादा में रुक गया था और होली करके ट्रक लेकर सोनीपत जा रहा था, अचानक यह हादसा हो गया।

# युवक का शव फंदे पर लटका मिला

संवाददाता छिबरामऊ, कन्नौज

**अमृत विचार।** मंगलवार की शाम घर से गायब हुए युवक का शव रस्सी के फंदे में लटका मिलने से हड़कंप मच गया।



सनत।

घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक के परिजनों ने अज्ञात लोगों द्वारा हत्या कर शव फांसी के फंदे पर लटकाए जाने की बात करते हुए कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। वहीं पुलिस ने शव का पंचनामा भरवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और छानबीन शुरू कर दी है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रंधीरपुर निवासी रामसुधाकर दीक्षित के 36 वर्षीय पुत्र सनत दीक्षित का शव कैरदा रोड के किनारे रामानंद दीक्षित के खेत में खड़े जंगली पेड़ से बंधी कपड़े की रस्सी के फंदे में लटका मिला। इससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। उसका एक पैर पेड़ पर तथा दूसरा जमीन पर रखा था। कुछ ही देर में वहां ग्रामीणों की भीड़ लग गई। घटना की जानकारी होते ही परिजनों सहित मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को फांसी के फंदे से उतार कर सौ शैया अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया। मृतक के पिता राम सुधाकर ने बताया कि मंगलवार की रात लगभग 8 बजे घर में किसी को कुछ बताए बगैर सनत निकला था। काफी खोजबीन के बाद उसका कोई पता नहीं चल सका।



मृतक सनत के रोते- बिलखते परिजन। अमृत विचार

- परिजनों ने हत्या की जताई आशंका, अज्ञात के खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट

बुधवार की सुबह ग्रामीणों ने घटना की जानकारी हुई। उन्होंने अज्ञात लोगों पर हत्या कर शव पेड़ पर लटकाए जाने की आशंका जताते हुए अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। वहीं पुलिस ने शव का पंचनामा भरवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## चूल्हे की चिंगारी से आशियाना हुआ खाक

**छिबरामऊ, कन्नौज।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम दीपकपुर निवासी अरविंद सिंह पुत्र श्री कृष्ण राठौर ने बताया कि वह दीपकपुर मोड़ के पास सब्जी की रेहड़ी लगाकर परिवार का गुजर-बसर करता था और गांव में वह एक झोपड़ी में अपने परिवार के साथ जीवन यापन कर रहे थे। उन्होंने बताया कि बुधवार की दोपहर उनकी पुत्री रागिनी चूल्हे पर खाना बना रही थी, तभी किसी प्रकार चूल्हे की चिंगारी उड़कर झोपड़ी तक पहुंच गई, जिससे पल भर में उनका आशियाना जल कर खाक हो गया। आनन-फानन में सभी ने घर से बाहर निकलकर अपनी जान बचाई और वहीं पास के गड्ढे में भरे पानी से झोपड़ी में लगी आग को बुझाने का प्रयास करने लगे, लेकिन जब तक आग पर काबू पाया गया, तब तक अंदर रखा उनका गृहस्थी का सामान जलकर खाक हो चुका था।

# इंडस्ट्रियल कॉरीडोर की जमीन पर निर्माण शुरू

संवाददाता, तिर्वा, कन्नौज

- लोक निर्माण विभाग व नलकूप विभाग ने शुरू किया सर्वे

**अमृत विचार।** इंडस्ट्रियल कॉरीडोर के लिए चिन्हित जमीन को अधिग्रहण करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। जमीन के कुछ गाटा संख्या पर निर्माण, नलकूप समेत अन्य कार्यों के लिए लोक निर्माण विभाग व नलकूप विभाग ने सर्वे शुरू कर दिया है। जल्द ही विभाग मुआवजे का आंकलन कर अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू कर देगी।

ठठिया थाना क्षेत्र में इंडस्ट्रियल कॉरीडोर की स्थापना के लिए तहसील प्रशासन से जगह की मांग की थी। सरकार के निर्देश पर तहसील प्रशासन ने प्रथम फेस में अलीपुर आहाना गांव के करीब 1073 किसानों की 144 हेक्टेयर भूमि को चिन्हित करने के बाद यूपीडा अधिग्रहण करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

चिह्नित जमीन को अधिग्रहण करने की प्रक्रिया में कुछ गाटा संख्या पर किसानों का निर्माण व नलकूप बना हुआ, जिसको लेकर पीडब्ल्यूडी व नलकूप विभाग ने सर्वे करना शुरू कर दिया है। तहसीलदार अवनीश कुमार ने बताया कि चिन्हित जमीन पर कुछ गाटा संख्या पर भवन निर्माण व किसानों के नलकूप लगे हुए है। मुआवजे के आंकलन को लेकर विभागों ने सर्वे शुरू कर दिया है। जल्द ही किसानों की चिन्हित जमीन का मुआवजा देकर जमीन का बैनामा कराया जाएगा।

## वाहन की टक्कर से बुजुर्ग महिला की हुई मौत

**तिर्वा, कन्नौज।** कोतवाली क्षेत्र के गुलरेहा गांव निवासी विनोद कुमार ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि मंगलवार की शाम को मां केशावती (65) खेत की ओर जा रही थी। इसी दौरान किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी और मौके से भाग गया। आसपास खेतों पर काम कर रहे लोगों ने घटना देख जानकारी दी। मौके पर पहुंचकर घायल मां को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। बुधवार की सुबह इलाज के दौरान घायल ने दम तोड़ दिया।

मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने मृतक के पुत्र की तहरीर के आधार पर अज्ञात वाहन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# पशु क्रूरता निवारण एक्ट की दी जानकारी

संवाददाता, गुरसहायगंज, कन्नौज

**अमृत विचार।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण लोकेश वरूण के निर्देशन पर बुधवार को ग्राम मझपुर्वा में पशु क्रूरता और जानवरों की सुरक्षा समेत कई जानकारी दी गई। मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के तहत विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन अपर जिला जज लवली जायसवाल की देख-रेख में किया गया।

शिविर में पराविधिक स्वयंसेवक सीमा बानो ने पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी। बताया कि पशुओं को अनावश्यक दर्द पहुंचाने या पीड़ा देने से रोकना है। इसके लिए अधिनियम में पशुओं के प्रति अनावश्यक क्रूरता और पीड़ा पहुचाने के लिये दंड का प्रावधान किया गया है। मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना में बताया गया कि कोविड-19 में जो बच्चे अपने माता पिता को खो चुके है। उनके जीवन को संवारने के लिये मुख्यमंत्री बाल योजना का शुभारंभ किया गया है। इसका मूल उद्देश्य परेशान बच्चों को तत्काल मदद पहुंचाना है और उनको गलत हाथों में जाने से बचाना है। इसके तहत अनाथ हुए बच्चों के भरण पोषण शिक्षा चिकित्सा आदि की व्यवस्था का पूरा ख्याल शासन के द्वारा रखा जायेगा। बताया गया कि जिन वादकारियों के पास अपने मुकदमें की पैरवी करने के लिए अधिवक्ता नही है। वह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय में निःशुल्क अधिवक्ता प्रदान किये जाने हेतु प्रार्थना पत्र प्रेषित कर सकते है।



ग्रामीणों को जानकारी देती पराविधिक स्वयंसेवक सीमा बानो। अमृत विचार

- मझपुर्वा में लगाया गया जागरुकता शिविर

### सार-संक्षेप

#### पालिका चलाएगी नगर दस्तक अभियान

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** घरों से निकलने वाले कुड़े का शत प्रतिशत पृथक्कीकरण, कूड़ा एकत्रित किये जाने एवं कूड़े का समय से निस्तारण करने के लिए नगर पालिका ''नगर दस्तक अभियान'' चलाएगी। यह जानकारी बुधवार को अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार ने दी। बताया कि सफाई कर्मचारी दरवाजा खट-खटाकर कूड़ा मांगेगे। आगामी 10 अप्रैल से पालिका सभी सभासदों के नेतृत्व में ''नगर दस्तक अभियान'' शुरू करेगी।अभियान का उद्देश्य जनता में कूड़ा के प्रति जिम्मेदारी की भावना को जागृत करने के साथ पृथक्कीकृत रूप में गीला-सूखा कचरा अलग अलग दिए जाने हेतु प्रोत्साहित करना है। इस पहल से शत प्रतिशत घरों एवं संस्थानों को डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन की व्यवस्था से जोड़कर सड़क आदि के किनारे बने कूड़ा घरों को समाप्त कर नगर को कूड़ा मुक्त बनाया जाएगा। बताया कि पालिका द्वारा सूखे कचरे के निस्तारण हेतु एमआरएफ सेण्टर एवं गीले कचरे के निस्तारण हेतु बायोमेथेनेशन प्लाण्ट संचालित किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त कम्युनिटी कम्पोस्टर के माध्यम से भी गीले कचरे का निस्तारण किया जा रहा है। इस दौरान कार्यालय अधीक्षक आरपी सिंह, जिलेदार सिंह, अनिल प्रजापति, मनोज तिवारी, प्रसनजीत मिश्रा, अशोक कुमार, राजन वर्मा, जनार्दन मिश्रा, अशोक शर्मा आदि मौजूद रहे।



ईओ अनिल कुमार।

#### सिमरन ने अभिनेता आशीष की बनाई मेहंदी से तस्वीर

**छिबरामऊ, कन्नौज।** मोहल्ला सराफान निवासी सिमरन मिश्रा ने बॉलीवुड अभिनेता आशीष सिंह चौहान की एक घंटे में तस्वीर बनाकर उन्हें भेंट की। इस पर अभिनेता ने कहा अपनी हस्तकला से एक दिन बिटिया बहुत ऊंचाइयों तक पहुंचकर क्षेत्र व नगर का नाम रोशन करेगी। बॉलीवुड मूवी जीरो में अपने अभिनय से धमाल मचाने वाले नगर के अभिनेता आशीष सिंह चौहान अपनी फिल्म साकेत नगरी अयोध्या की शूटिंग करने के बाद लखनऊ से दिल्ली व नैनीताल में शूटिंग करने जा रहे थे। होली के त्यौहार की वजह से एक दिन के लिए वह नगर के मोहल्ला सराफान निवासी डॉ. प्रत्यूष दुबे के आवास पर रुक गए थे। वहीं, पास में संजीव मिश्रा छोटे की पुत्री सिमरन ने फिल्म एक्टर आशीष सिंह चौहान का चित्र मात्र एक घंटे में मेहंदी से कागज पर बनाकर भेंट किया और उन्हें सम्मानित किया। चित्र व सम्मान पाकर एक्टर ने कहा कि उन्हें खुशी होती है जब अपने क्षेत्र में आकर अपने कार्यों की वजह से सम्मानित किया जाता है। इस दौरान डॉ. प्रत्यूष द्विवेदी, नन्हे मिश्रा, आकाश पांडेय, मिंटू मिश्रा, जगीरा मिश्रा व ऋषभ मिश्रा मौजूद रहे।



एक्टर आशीष चौहान को चित्र भेंट करतीं सिमरन मिश्रा। अमृत विचार

#### स्टार प्रचारकों में असीम अरुण भी शामिल

**कन्नौज।** भाजपा ने लोकसभा क्षेत्र के चुनाव को लेकर स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा समेत 40 लोग शामिल हैं। इन 40 नेताओं की सूची में सदर कन्नौज विधानसभा क्षेत्र के विधायक/समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण का भी नाम है। सूची निर्वाचन आयोग को भेजी गई है।

सियासत

लोकसभा चुनावों को लेकर शुरू हो गई राजनीतिक दलों की पैंतरेबाजी

# जो रखेगा सभी का ख्याल, वही बनाएगा केंद्र में सरकार

जलालाबाद, कन्नौज। आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को लेकर राजनीतिक दलों ने जहां जनता को लुभाने के लिए पैंतरे आजमाने शुरू कर दिए है। तो वहीं इस बार जनता ने भी अपने मत का मोल समझते हुए स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली, पानी, सड़क सहित जनहित में कार्य करने वाली मजबूत सरकार बनाने का मन बनाया है। पेश है मतदाताओं से बातचीत पर आधारित एक रिपोर्ट।

### किसान हित में लागू हो एमएसपी



गोलू।

जलालाबाद निवासी गोलू में बताया कि भाजपा ने पिछले लोकसभा चुनाव से पहले जनता से कई वादे किए। किसानों की आय दोगुनी करने की बात कही। आय दो गुनी करना तो दूर बल्कि भाजपा किसानों की फसल का बाजिब मूल्य भी नहीं दिला सकी। देश में एमएसपी लागू होनी चाहिए।

### मिले स्वास्थ्य व शिक्षा की सुविधा



होरी लाल दुबे।

जलालाबाद निवासी होली लाल दुबे का कहना है कि देश की जनता को स्वास्थ्य, शिक्षा क्षेत्र में बेहतर सुविधाएं मिले। जिससे ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को समय से उचित इलाज मिल सके। जो पार्टी जनता की मूलभूत सुविधाओं का ध्यान रखेगी, मेरा वोट उसी पार्टी को जाएगा।

### सस्ती हो खाद, बीज, दवा, पानी



अनुपम तिवारी।

जलालाबाद निवासी अनुपम तिवारी का कहना है कि हमारा देश कृषि प्रधान है और सर्वाधिक संख्या किसानों की है। आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में जो पार्टी किसानों के हितों की रक्षा करेगी। वही सत्ता में आएगी। खाद, बीज, दवा, पानी सस्ती व सुलभ होनी चाहिए।

### सड़कें भी नहीं हो सकीं गड्ढामुक्त



लियाकत मंसूरी।

जलालाबाद निवासी लियाकत मंसूरी का कहना है कि भाजपा सरकार ने सड़कों को गड्ढा मुक्त करने का दावा किया। लेकिन नई सड़के बनवाना तो दूर पुरानी सड़कों को ही गद्दा मुक्त नहीं कर पाई है। भाजपा ने जनता से झूठे वादे किए है। जिसका जनता हिसाब लेगी और लोकसभा में रिपोर्ट कार्ड देगी।

### रोजगार मिले, तभी होगी तरक्की



सुरेश कटियार।

जलालाबाद निवासी सुरेश कटियार का कहना है कि स्वास्थ्य व मजबूत लोकतंत्र के लिए सभी लोग मतदान करें। ऐसी सरकार चुनें जो जमीन से जुड़ी समस्याओं से लेकर युवाओं को रोजगार से जोड़ने का कार्य करे, तभी देश व समाज की तरक्की होगी।

### महंगाई से जनता त्रस्त, लगे लगाम



पिंकी तिवारी।

जलालाबाद निवासी पिंकी तिवारी ने बताया कि आज के समय घर की रसोई चलाना बहुत मुश्किल हो गया। दिनों दिन बढ़ती महंगाई से आम आदमी परेशान है। जो पार्टी देश में बेलगाम हो रही मंहगाई पर लगाम लगाएगी। वही सत्ता में आएगी।

## जिलास्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी आज

**कन्नौज।** राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत जिलास्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी 28 मार्च को सुबह 10 बजे से शुरू होगी। बीएसए उपासना रानी वर्मा ने बताया कि पुलिस लाइन मार्ग स्थित एक कॉलेज में कार्यक्रम होगा। इसमें डीएम, सीडीओ, डायट प्राचार्य, डीआईओएस को भी आमंत्रित किया गया है। इसमें कई विद्यालयों के छात्र-छात्राएं शामिल होंगे।

## पीट कर घायल किया

**तिर्वा, कन्नौज।** कोतवाली क्षेत्र के डम्मरपुर गांव निवासी ज्ञान सिंह ने बताया कि तीन दिन पहले गांव के ही निवासी रमाकांत प्रजापति बिना किसी बात के गालीगलौज करने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने मारपीट कर लहूलुहान कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कार्रवाई शुरू कर दी है।

## एक नजर

### मार्ग दुर्घटना में दो घायल हालत गंभीर

**कायमगंज।** कायमगंज कोतवाली क्षेत्र में नोएडा जाने के लिए घर से निकला युवक साथी सहित मार्ग दुर्घटना में घायल हो गया। घायलो को सीएचसी में भर्ती कराया गया है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पपड़ी निवासी कुलविंदर पुत्र विद्याराम नोएडा जाने के लिये पिंटू की गाड़ी पर बैठकर ट्रांसपोर्ट पर आ रहा था ।जब यह लोग होण्डा एजेंसी के पास पहुँचे तभी सामने से आ रही अज्ञात फोर व्हीलर ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे दोनों लोग गंभीर घायल हो गए । सूचना मिलने पर घटना स्थल पर पहुँच कर पुलिस ने घायलो को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज में भर्ती कराया। जहां पर हालत गंभीर देखते हुए प्रथम उपचार के बाद लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

### महिला ने फांसी लगा कर जान दी

**क़ायमगंज फर्रुखाबाद।** कम्पिल थाना क्षेत्र के गांव पुरौरी निवासी अतुल जाटव की 24 बर्षीय पत्नी उर्मिला ने संदिग्ध परिस्थितियों में मंगलवार देर शाम घर के कमरे में कुंडे के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी होने पर स्वजनों ने महिला को फंदे से उतार लिया ।तबतक महिला की मौत हो चुकी थी। पड़ोस के गांव सिकंदरपुर ख़ास निवासी मृतका के पिता लालाराम ने पुत्री की हत्या का आरोप लगाया। पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### लंबित आवेदनों का जल्द करें निस्तारणः डीएम

**फर्रुखाबाद।** जिलाधिकारी डॉ वी के सिंह की अध्यक्षता में त्रैमासिक जिलास्तरीय आरसेटी सलाहकार समिति की बैठक सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने सभी बैंकों को लंबित आवेदनों को तत्काल निस्तारित करने के निर्देश दिये। आरसेटी डायरेक्टर ने 2023-2024 की बार्षिक कार्ययोजना से अलग किये गए कार्यो के अनुमोदन का आग्रह किया । जिस पर जिलाधिकारी ने किये गए कार्यों की सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए । बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार मिश्रा व संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### मारपीट में ससुरालीजनों पर रिपोर्ट दर्ज

**कमालगंज फर्रुखाबाद।** थाना क्षेत्र के कटारन नगला निवासी पूजा ने पति गुलशन, ससुर श्रवण, सास राजवती व सर्वेश के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। कि बुधवार सुबह उसके पति ने गाली गलौज कर मारपीट की। इसकी जानकारी उसने अपनी मां मीना देवी से फोन पर दी। दोपहर को मां भाई अनुज व अभिषेक के साथ ससुराल आई। भाई ने पति को समझाने का प्रयास किया तो आरोपियों ने लाठी डंडों से मारपीट कर दी। जिससे भाई घायल हो गया। पुलिस पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पोलिंग बूथ में रोशनी बढ़ाने व पंखा लगाने के निर्देश

**कमालगंज।** खंड विकास अधिकारी ने बुधवार को मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। ज्यादातर केंद्रों पर रोशनी व्यवस्था पर्याप्त नहीं मिली। बल्ब बढ़ाने के निर्देश दिए। बीडीओ श्रीप्रकाश उपाध्याय ने रेलबे रोड स्थित बीआरसी परिसर, जूनियर स्कूल, कन्या जूनियर,अंग्रेजी माध्यम प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण किया। नगर पंचायत कार्यालय, कन्या प्राथमिक विद्यालय जवाहर नगर, सहकारी संघ व प्राथमिक विद्यालय मिर्जानगला मतदान केंद्र का भी जायजा लिया। ज्यादातर मतदान स्थलों पर एक बल्ब ही लगा था।

# लोहिया अस्पताल में दिखा खाद्य पदार्थों में मिलावट का असर

- उल्टी, दस्त, पेट दर्द के रोगियों की संख्या बढ़ी
- पर्चा काउंटर पर अफरातफरी का रहा माहौल

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** डॉ राम मनोहर लोहिया अस्पताल में मिलावटी खोवा से बनी गुझिया और पकवान खाने का असर दिखने लगा है। यहां होली के बाद मरीजों की भीड़ उमड़ पड़ी है। डॉ राम मनोहर लोहिया अस्पताल के फिजिशियन डाक्टर प्रवीन कुमार के अनुसार होली के बाद सबसे ज्यादा रोगी पेट दर्द और दस्त के आ रहे हैं।

बताते चलें कि डॉ राम मनोहर लोहिया अस्पताल में बुधवार को रोगियों की उमड़ी भीड़ की वजह से पर्चा काउंटर पर अफरातफरी का माहौल व्याप्त हो गया। जैसे तैसे वहां तैनात गार्डों ने भीड़ पर नियंत्रण पाया। लोहिया अस्पताल के वरिष्ठ फिजीशियन डाक्टर प्रवीन कुमार के कक्ष में मरीजों की भारी भीड़ देखी गई। डॉक्टर का कहना है कि सबसे ज्यादा मरीज पेट दर्द ,दस्त और उल्टी के आ रहे हैं। जिसकी वजह गलत खानपान हो सकता है। डॉक्टर राम मनोहर लोहिया अस्पताल में दवा लेने आई राजकुमारी निवासी करनपुर का कहना है कि होली पर वह बाजार से खोवा खरीद कर लाई और उसकी उसने गुझिया बनवाई। पूरा परिवार गुझिया खाने से पेट दर्द का शिकार हो गया ।

इसी तरह से राजकुमार निवासी नगला चके का कहना है कि वह लिंजी गंज से बेसन खरीद कर लाया और उस बेसन से उसने होली पर पकवान बनवाए ।जिन्हें खाने से पूरे परिवार को दस्त होने लगे। इसी तरह से गांव मुरान से आए बेचेलाल का कहना है कि होली के बाद उनके पूरे परिवार को उल्टियां होने लगी। वह लोहिया अस्पताल में सभी को लेकर आया तो यहां भारी भीड़ देखकर उसे दवा लेना मुश्किल हो गया ।इसी तरह से आज भारी संख्या में मरीज उल्टी दस्त के शिकार लोहिया अस्पताल में पहुंचे हैं। फिजिशियन डॉक्टर प्रवीन कुमार का कहना है कि वैसे तो हर तरह के मरीज लोहिया अस्पताल में आ रहे हैं। लेकिन सबसे ज्यादा मरीज उल्टी दस्त और पेट दर्द से पीड़ित होली के बाद आ रहे हैं। जिसकी वजह से लोहिया अस्पताल में मरीजों की संख्या बढ़ गई है । डॉ प्रवीण कुमार का कहना है कि गलत रंग खेलने की वजह से आंख की बीमारी से पीड़ित मरीज भी भारी संख्या में लोहिया अस्पताल में पहुंच रहे हैं। जिसकी खास वजह है कि केमिकल युक्त रंग से उनकी आंखों को नुकसान पहुंचा है।



लोहिया अस्पताल में लगीं मरीजों की भीड़। अमृत विचार



मरीजों को देखते डॉ. प्रवीन। अमृत विचार

लोहिया अस्पताल की ओपीडी आज 700 से ऊपर पहुंच गई है। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर राजकुमार गुप्ता से जब बातचीत की गई तो उन्होंने बताया कि कुछ तो मिलावटी चीजों के खाने से पेट दर्द और उल्टी के मरीजों की संख्या बड़ी है और कुछ के ऊपर मौसम परिवर्तन का असर है ।उनका कहना है कि मौसम परिवर्तन के समय हर व्यक्ति को खान-पान में बहुत सावधानी बरतनी चाहिए ।यह समय प्रकृति के साथ तालमेल करने का समय है ।इस वजह से संतुलित मौसम के अनुसार हर व्यक्ति को आहार लेना चाहिए ।उन्होंने कहा कि गर्मी बढ़ने के बाद अब मरीजों की संख्या बढ़ना स्वाभाविक है। ऐसे में असावधानी बरने से डायरिया होने की पूरी संभावना रहती है ।इस वजह से प्रत्येक मरीज को संतुलित आहार लेना चाहिए ।और थोड़ी सी तकलीफ होने पर निकट के सरकारी अस्पताल में जाकर दवा लेनी चाहिए।

## घास लेने गया किशोर संदिग्ध हालात में अचेत पड़ा मिला

**फर्रुखाबाद।** थाना राजेपुर क्षेत्र के एक गांव निवासी 16 वर्षीय किशोर घास लेने रामगंगा की कटरी में गया था। काफी देर तक जब वापस नही आया तो परिजनों ने उसकी तलाश की। जिस पर वह रामगंगा कटरी में नशे की हालत में बेहोश मिला। किशोर के पिता नें आरोप लगाया कि हरिहरपुर के प्रधान श्यामपाल के खेतों में रखवाली करनें वाले छविराम पुत्र वीरेंद्र नें उसके पुत्र को नशीला पदार्थ खिला दिया। जिससे वह बेहोश हो गया।

मामले की जानकारी होनें पर डायल 112 व 108 एम्बुलेंस को सूचना दी गयी। एम्बुलेंस से उसे सीएचसी राजेपुर में लाया गया। जहाँ चिकित्सक नें उसको भर्ती कर उपचार शुरू कर दिया है । थानाध्यक्ष रणविजय सिंह नें बताया कि परिजनों ने तहरीर में नशीला पदार्थ दिये जाने के विषय में जानकारी दी है। जांच के बाद ही कोई कार्रवाई की जाएगी।

# गर्मी में कटौती मुक्त बिजली के लिए शहर में लगाए जाएंगे 60 ट्रांसफार्मर

## विभाग ने उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन को भेजा 3.72 करोड़ रुपये का प्रस्ताव

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** गर्मी में शहरी क्षेत्र के लोगों को निर्वाध बिजली आपूर्ति दिए जाने के लिए बिजली विभाग ने कयावद शुरू कर दी है। इसके लिए शहर क्षेत्र में 60 ट्रांसफार्मर लगाए जाएंगे। बिजली विभाग की ओर से लगभग 3.72 करोड़ का प्रस्ताव उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड लखनऊ को भेज दिया गया है। जल्द ही स्वीकृत मिलने की भी उम्मीद है। बजट आते ही ट्रांसफार्मर लगाए जाने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

भीषण गर्मी में ओवरलोड ट्रांसफार्मर में खामी आने से बिजली की समस्या आती है। इससे निजात दिलाए जाने के लिए शहर के करीब 25 से ज्यादा मोहल्लों में 63, 100 व 250 केवीए के 60 ट्रांसफार्मर लगवाए जाएंगे। ट्रांसफार्मरों पर करीब 3.72 करोड़ की लागत आएगी। ट्रांसफार्मर लगाए जाने के लिए मोहल्लों का चयन भी कर लिया गया है। अधिशासी अधिकारी शहरी बृजभान सिंह ने बताया कि करीब 20 दिन पहले बिजनेस प्लान 2024-25 के तहत शहरी क्षेत्र में 60 ट्रांसफार्मर लगाए जाने का प्रस्ताव भिजवाया जा चुका है। जल्द ही स्वीकृति भी मिल जाएगी।



### इन मोहल्लों में लगेंगे ट्रांसफार्मर

- महावीरगंज, छक्का नाजिर कूंचा, जिला उद्योग केंद्र, देवराम बगिया, मितूकूंचा, पुराना कोठा पार्चा, नाला स्मित सुमाल, नक्कारचियान, बढ़पुर, धंसुआ, नरायनपुर, आंबेडकर कॉलोनी, धर्मपुर, विकास नगर, क्रिश्चियन फील्ड, लालगेट तिराहा, बालाजीपुरम शीशमबाग, सातनपुर मंडी, प्रीतम नगला, शिवाजी कॉलोनी, काली तलैया, नियर कुटरा, होमगार्ड कार्यालय, सेक्टर तीन, चार, छह व एक आवास-विकास कॉलोनी, नियर खानपुर, शनिदेव मंदिर, गंगा दरवाजा, साहबगंज, खैराती खां, ढुइंया, जसमई चौराहा, अमेठी कोहना, भगुआ नगला व चांदपुर आदि मोहल्लों में ट्रांसफार्मर लगेंगे।

**ट्रांसफार्मरों की संख्या**

| क्षमता | संख्या | लागत |
|---|---|---|
| 63 केवीए | 28 | पांच लाख |
| 100 केवीए | 14 | पांच लाख |
| 250 केवीए | 18 | नौ लाख |

> बिजनेस प्लान 2024-25 में शहर क्षेत्र में ट्रांसफार्मर लगाए जाने हैं, जिसका प्रस्ताव भेजा जा चुका है। अब देखना यह है कि बजट कितना मिलता है। बजट के अनुसार शहर क्षेत्र में ट्रांसफार्मर लगवाए जाएंगे। ट्रांसफार्मर बदलने से गर्मी में बिजली आपूर्ति में दिक्कत नहीं होगी।
>
> – अजय कुमार, अधीक्षण अभियंता फर्रुखाबाद

## बिजली बिल माफी से पड़ेगा 65.24 करोड़ का बोझ

**फर्रुखाबाद।** आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए सरकार ने निजी नलकूपों से सिंचाई करने वाले किसानों को मुफ्त बिजली देने की घोषणा की है। इस घोषणा से जनपद में लगभग 65 करोड़ का बोझ पड़ेगा।

योगी सरकार ने वर्ष 2023-24 बजट में घोषणा की थी कि निजी नलकूपों से सिंचाई के लिए इस्तेमाल की गई बिजली के बिल में एक अप्रैल 2023 से शत-प्रतिशत छूट दी जाएगी। मगर इस पर अमल नहीं हो रहा था। अब सरकार ने फिर घोषणा की है कि एक अप्रैल 2023 से नलकूप किसानों से बिजली का बिल न लिया जाए। मौजूदा समय में जनपद में 17,687 निजी नलकूप किसानों पर करीब 65.24 करोड़ रुपये बकाया है। हालांकि इसमें कई निजी नलकूप किसान ओटीएस योजना के तहत बिल जमा भी कर चुके हैं। अधीक्षण अभियंता अजय कुमार ने बताया कि सरकार की घोषणा के अनुसार एक अप्रैल 2023 से निजी नलकूप किसानों से बिजली बिल नहीं लिया जाएगा।

## सार-संक्षेप




सम्मानित किए गए छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

### मेधावी छात्रों को किया गया सम्मानित

**फर्रुखाबाद।** गुरुकुल वर्ल्ड स्कूल में बुधवार को वार्षिक परीक्षा दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबंधक प्रमोद अग्रवाल तथा निदेशक राजीव मोहन पांडे ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्ज्वलित करके किया । कक्षा प्रथम से अष्टम तक के छात्रों को परीक्षा परिणाम वितरित किए गए ,जिसमें उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्रों को शील्ड देकर सम्मानित किया गया । प्रधानाचार्य डॉक्टर लकी चावला ने कहा आज के बच्चे ही कल का भविष्य है। इसलिए हमें उन्हें बेहतर शिक्षा से संबंधित हर एक सुविधा उपलब्ध करानी चाहिए।



सीएचसी में भर्ती घायल गुड्डू । अमृत विचार

### समर का कैप लगने से किसान घायल

**कायमगंज।** कम्पिल थाना क्षेत्र के गांव सुल्तानपुर निवासी रामसहाय का 28 वर्षीय पुत्र गुड्डू जौरा निवासी बिल्लू दीक्षित का खेत बटाई पर किये हुए है ।उस खेत मे गेंहू की फसल है। बुधवार को समर के द्वारा गेहूं की भराई हो रही थी। गेहूं में पानी लगाने के लिए समर को चालू किया गया तभी हाई प्रेशर से समर के ऊपर लगी प्लास्टिक की कैप उछलकर सुनील के मुंह पर जा लगी जिससे सुनील गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में सरकारी अस्पताल कायमगंज में भर्ती कराया गया।

### गाली देने के विरोध पर मारपीट, चार घायल

**नवाबगंज फर्रुखाबाद।** नवाबगंज थाना क्षेत्र में हुई मारपीट में चार घायल हो गए ।थाना क्षेत्र के गांव मिल्क सुल्तान निवासी राहुल कुमार ने पुलिस को तहरीर में बताया उसका चचेरा भाई चरण सिंह शाम को शौच के लिए खेत पर जा रहा था ।उसी समय गांव का ही सुरजन सिंह अपना ट्रैक्टर लेकर आ रहा था। ट्रैक्टर की साइड को लेकर दोनों पक्षों में गाली गलौज होने लगी। मामला बढ़ने पर दोनों पक्ष लाठी डंडे लेकर मारपीट पर उतारू हो गए और इस मारपीट में चरण सिंह दूसरी तरफ से सुरजन सिंह और उसकी चाची रामप्यारी पत्नी रामकिशन और अमित कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों ने थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी ।पुलिस ने रामप्यारी का चिकित्सा की परीक्षण कराया है ।और अमित और सुरजन को एंबुलेंस द्वारा लोहिया अस्पताल भर्ती कराया गया। चरण सिंह को मरहम पट्टी के बाद छुट्टी दे दी गई।



होली मिलन समारोह में मौजूद पूर्व सांसद चंद्र भूषण सिंह। अमृत विचार

### बुजुर्गों को किया गया सम्मानित

**फर्रुखाबाद।** विकासखंड मोहम्मदाबाद क्षेत्र के गांव धीरपुर में होली मिलन समारोह में बरिष्ट नागरिकों को गमछा भेंट कर सम्मानित किया गया। समाजसेवी दिवाकर सिंह द्वारा आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद चंद्र भूषण सिंह मुन्नू बाबू मौजूद रहे। होली मिलन समारोह में बुजुर्गों को गमछा और माला पहनाकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर पूर्व सांसद चंद्रभूषण सिंह ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से आपसी भाई चारा बढ़ता है ।होली मिलन समारोह में समाजसेवी दिवाकर सिंह, करणी सेना छात्रसभा जिलाध्यक्ष कीर्तिबर्धन सिंह, राहुल सिंह, ईशु सिंह, मोनू राठौर व अन्य लोग मौजूद रहे ।

## होली मिलनः सांसद ने खेली फूलों से होली

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** माता चंद्रावती इंटर कॉलेज में आयोजित होली मिलन समारोह में जनप्रतिनिधियों ने फूलों से होली खेली। सांसद मुकेश राजपूत ने आए लोगों को गले मिलकर होली की बधाई दी।

सांसद की ओर से बुधवार को आयोजित होली मिलन समारोह में भारी संख्या में भीड़ उमड़ी। सांसद मुकेश राजपूत, भोजपुर विधायक नागेंद्र सिंह राठौर और अमृतपुर विधायक सुशील शाक्य ने कार्यक्रम में मौजूद लोगों के साथ फूलों से होली खेली। कार्यक्रम में आए लोगों का सांसद गले मिलकर स्वागत कर रहे थे। सांसद ने अबीर-गुलाल लगाने के साथ ही गुझियों से मुंह भी मीठा कराया। विधायक नागेंद्र सिंह राठौर, सुशील शाक्य, भाजपा जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता व पूर्व विधायक अमर सिंह खटिक ने भी संबोधित किया। सुधांशु दत्त द्विवेदी, दिनेश कटियार, पूर्व सभासद श्याम सुंदर लल्ला, शिवम वर्मा, जौली राजपूत, जैक राजपूत आदि रहे।



होली मिलन में मौजूद लोग। अमृत विचार

## अपना दल जिला उपाध्यक्ष व रिश्तेदारों से हुई लूटपाट

- रिश्तेदारों के साथ बहन की ससुराल से लौट रहे थे

**शमसाबाद फर्रुखाबाद।** शमसाबाद थाना क्षेत्र में अपना दल के जिला उपाध्यक्ष पर हमला कर दिया गया। आरोप है कि हमलावर उनकी नकदी व सोने की चेन आदि लूट ले गये। थाना क्षेत्र के ग्राम रोशनाबाद निवासी अपना दल के जिला उपाध्यक्ष संदीप कुर्मी की कार पर बोलैरो तथा तीन-चार बाइकों पर सवार लगभग डेढ़ दर्जन हमलावरों ने कार रोककर उस वक्त हमला कर दिया जब वह अपनी बहन की ससुराल खुड़नाखार से अपने रिश्तेदारों के साथ घर लौट रहे थे। घटना के संबंध में बताया गया अपना दल के जिला उपाध्यक्ष संदीप कुर्मी की बहन की ससुराल थाना क्षेत्र के ग्राम खुड़ीनाखार में है।

कायमगंज-फर्रूखावाद मार्ग पर ग्राम दलेलगंज स्थित एक बाग के निकट गुजरते समय एक सफेद रंग की बोलेरो कार तथा तीन चार बाईकों पर सवार लोगों ने पीछा किया। ग्राम दलेलगंज के निकट कार को रोककर गाली-गलौज कर लाठी-डंडों तथा लात-घूसों से मारपीटा। आरोप है असलहा धारियों ने लोहे की रॉड से तोडफ़ोड़ की। जिला उपाध्यक्ष के साथ रिश्तेदार के साथ भी मारपीट की गई। सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। असलहों की नोंक पर गाली-गलौज तथा मारपीट कर 32500 रुपए की नकदी दो सोने की चैन एवं दो सोने की अंगूठी छीनकर मौके से फरार हो गए। पीडित के अनुसार जाते-जाते आरोपियों ने धमकी देकर कहा पुलिस से शिकायत की तो जान से मार देंगे। पीडित जिला उपाध्यक्ष ने सूचना पुलिस को दी। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची तब तक आरोपी फरार हो चुके थे। पीड़ित ने डेढ़ दर्जन हमला बरों के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है।

## लाठी-डंडों से पीटकर ग्रामीण को मार डाला

**फर्रुखाबाद।** मोहम्मदाबाद कोतवाली क्षेत्र में देर रात युवक की लाठी-डंडों से पीट पीट कर हत्या कर दी गई।

कोतवाली क्षेत्र के गांव नकटपुर निवासी सत्यपाल राजपूत के भाई नेत्रपाल के बेटे कुलदीप से होली पर किसी बात को लेकर गांव के दो लोगों से विवाद हुआ था। इस विवाद के दौरान मंगलवार को कुलदीप को चाकू मारने का भी प्रयास किया गया था। हालांकि उस समय लोगों ने बीचबचाव कर मामले को रफा दफा कर दिया था।

इसी रंजिश में बुधवार शाम को खेतों की ओर शौच करने गए सत्यपाल की लाठी डंडों से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। प्रभारी निरीक्षक मनोज भाटी, मदनपुर चौकी प्रभारी राहुल सिंह ने जांच की। हालांकि अभी आरोपित पुलिस की पकड़ से दूर हैं। पुलिस मौके पर जांच पड़ताल कर रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपी गिरफ्तार कर लिए जाएंगे।

फर्रुखाबाद संसदीय क्षेत्र — अंत में जीत का सेहरा कांग्रेस प्रत्याशी रहे सलमान खुर्शीद के सिर पर ही सजा था

# अंगूठा टेक अनवार ने खुर्शीद को दी थी टक्कर




चंद्रपाल सिंह सेंगर, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** कहते हैं राजनीति में शिक्षित होना जरूरी नहीं, बल्कि हर क्षेत्र में पारंगत होना बहुत महत्वपूर्ण है। तभी तो कम पढ़े-लिखे लोगों को राजनीति ज्यादा भाती है और ये लोग पढ़े-लिखे लोगों को टक्कर देते हैं। वर्ष 1991 में हुए लोकसभा चुनाव में कुछ ऐसा ही देखने को मिला भी था। अंगूठा टेक अनवार खां ने कैंब्रिज से पढ़ाई कर लौटे सलमान खुर्शीद को कड़ी टक्कर दी थी। हालांकि अंत में जीत का ताज सलमान खुर्शीद के सिर ही बंधा था।

विकास खंड कायमगंज क्षेत्र के गांव पितौरा निवासी अनवार खां अंगूठा टेक जरूर थे, लेकिन राजनीति के क्षेत्र में वह किसी डिग्री धारक से कम नहीं थे।




लोक सभा फर्रुखाबाद का मान चित्र। अमृत विचार

### हर किसी की मदद करने में आगे रहते थे अनवार खां

अनवार खां को जनता ऐसे ही नहीं पसंद करती थी। छोटे से छोटे कार्यकर्ता व उनके यहां फरियाद लेकर आए ग्रामीण के लिए वह पुलिस तक से भिड़ जाते थे, जबकि सलमान खुर्शीद किसी भी मामले में हस्तक्षेप करने से कतराते थे।

वर्ष 1991 के लोकसभा चुनाव में राजनीति के पुरोधा कहे जाने वाले अनवार खां पर सपा ने दांव लगाते हुए चुनावी मैदान में उतारा। वहीं कांग्रेस ने पितौरी के ही रहने वाले पूर्व केंद्रीय मंत्री खुर्शीद आलम के बेटे कैंब्रिज से पढ़ाई पूरी कर लौटे सलमान खुर्शीद को टिकट दी। चुनाव के दौरान सलमान खुर्शीद को अनवार खां ने कड़ी चुनौती दी। आखिरकार कांटे की टक्कर में सलमान खुर्शीद ने 38,150 वोटों से जीत दर्ज की तो अनवार खां उप विजेता रहे थे।

**फर्रुखाबाद सीट से अब तक बने सांसद**

| वर्ष | सांसद | पार्टी |
|---|---|---|
| 1952 | मूल चंद्र दुबे | कांग्रेस |
| 1957 | मूल चंद्र दुबे | कांग्रेस |
| 1962 | मूल चंद्र दुबे | कांग्रेस |
| 1963 | राम मनोहर लोहिया | ससोपा |
| 1967 | अवधेश चंद्र सिंह राठौर | कांग्रेस |
| 1971 | अवधेश चंद्र सिंह राठौर | कांग्रेस |
| 1977 | दया राम शाक्य | जनता पार्टी |
| 1980 | दया राम शाक्य | जनता पार्टी |
| 1984 | खुर्शीद आलम खां | कांग्रेस |
| 1989 | संतोष | भारतीय जनता दल |
| 1991 | सलमान खुर्शीद | कांग्रेस |
| 1996 | सच्चिदानंद हरि साक्षी | भाजपा |
| 1998 | सच्चिदानंद हरि साक्षी | भाजपा |
| 1999 | चंद्र भूषण सिंह | सपा |
| 2004 | चंद्र भूषण सिंह | सपा |
| 2009 | सलमान खुर्शीद | कांग्रेस |
| 2014 | मुकेश राजपूत | भाजपा |
| 2019 | मुकेश राजपूत | भाजपा |

# रात दस बजे से सुबह 6 बजे तक नहीं बजेगा लाउडस्पीकर, दिए निर्देश

## लोकसभा चुनाव के मद्देनजर धारा 144 लागू, उल्लंघन पर होगी कड़ी कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, इटावा



**अमृत विचार।** चुनाव प्रक्रिया शुरू हो जाने और त्योहारों को देखते हुए धारा 144 लागू कर दी गई है। इसका कड़ाई से पालन कराया जाएगा और उल्लघंन करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव ने कहा है कि इसका उल्लघंन करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।

यह व्यवस्था 22 मई तक रहेगी। एडीएम ने बताया कि सक्षम स्तर से लिखित पूर्वानुमति के बिना कोई भी व्यक्ति, व्यक्तियों का समूह एवं संस्था किसी भी प्रकार की सभा आयोजित नहीं करेगा और न ही कोई जुलूस निकालेगा। जूलूस की अनुमति के सम्बन्ध में जूलुस के रूट, शुरु होने व समाप्त होने का समय व स्थान का स्पष्ट रूप से उल्लेख आवेदन पत्र में किया जायेगा। किसी भी जनसभा में प्रयोग किये जाने वाले लाउडस्पीकर को लिए पृथक से अनुमति लेना अनिवार्य होगा। वाहनों पर प्रयोग किये जाने के लिए लाउडस्पीकर पर भी अनुमति लिया जाना आवश्यक होगा। बिना सक्षम अधिकारी की पूर्व लिखित अनुमति के लाउडस्पीकर का प्रयोग वर्जित होगा। अनुमति प्राप्त करने के पश्चात भी रात 10.00 बजे से प्रातः 6.00 बजे के बीच में लाउडस्पीकर का प्रयोग किया जाना पूर्ण रूप से वर्जित होगा। प्रचार कार्य में किसी भी सरकारी, सस्थागत वाहन को प्रयोग नहीं किया जायेगा। बिना निर्वाचन अधिकारी के लिखित अनुमति के कोई भी वाहन चुनाव प्रचार में प्रयोग नहीं किया जायेगा। जिस व्यक्ति के पक्ष में वाहन पास जारी किया गया है उसके अतिरिक्त किसी अन्य प्रत्याशी के प्रचार-प्रसार में प्रयोग नहीं करेगा।

### बिना इजाजत नहीं बनेंगे तोरण द्वार

इटावा। यह साफ किया गया है कि किसी भी प्रत्याशी राजनीतिक दल अथवा उसके समर्थक द्वारा कोई भी तोरण द्वार व प्रवेश द्वार किसी भी सार्वजनिक स्थल पर नंहीं लगाया जायेगा। कोई भी इलेक्शन पम्पलेट, पोस्टर, मुद्रक, प्रकाशक का नाम पता तथा मुद्रित सामग्री की मात्रा अंकित किये बिना नहीं छापेगे, छपवायेंगे।

### शिक्षण संस्थान के पास नहीं खुलेगा कार्यालय

इटावा। यह भी कहा गया है कि चुनाव के दौरान एवं विभिन्न प्रत्याशियो एवं राजनीतिक दलो द्वारा खोले जाने वाले पार्टी कार्यालय को किसी सरकारी या निजी सम्पत्ति पर कब्जा करके नहीं खोला जायेगा। किसी धार्मिक स्थान अथवा उसके परिसर में नहीं खोला जायेगा। शैक्षणिक संस्थान व अस्पताल से सटा हुआ नहीं खोला जायेगा तथा वर्तमान में नियत किसी पोलिंग बूथ की 200 मीटर की परिधि में नहीं खोला जायेगा।

# घर में घुसकर की मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**बसरेहर, इटावा।** ग्राम चमनपुरा में सोमवार देर शाम आखत डालते समय पुरानी रंजिश को लेकर दबंगों ने घर में घुसकर एक परिवार को गाली गलौज करते हुए मारपीट की। इसमें करीब दस लोग घायल हो गए। मारपीट में घायल ममता देवी पत्नी राजवीर सिंह, रागिनी पुत्री संतोष कुमार, नाहर सिंह पुत्र नेम सिंह, उदयवीर सिंह पुत्र शिवराज सिंह, राजवीर सिंह पुत्र शिवराज सिंह, मुरारी लाल पुत्र स्वर्गीय मुंशीलाल, केशा देवी पत्नी सुधर सिंह, फूलनश्री पत्नी शिवराज सिंह, बबलू पुत्र जबर सिंह, अनुज कुमार पुत्र उदयवीर सिंह घायल हुए थे। इसमें दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया प्रार्थना पत्र मिला है जिसमें सीता देवी पत्नी उदयवीर सिंह की तहरीर पर पुलिस ने घर में घुसकर मारपीट व गाली गलौज करने पर दस लोगों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# बहनों ने भाई के भाल पर किया तिलक

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** होली के त्योहार के बाद बुधवार को भाई दूज का त्योहार परंपरागत ढंग से मनाया गया। बहनों ने भाइयों के ललाट पर तिलक करके मुंह मीठा कराया। वही कायस्थ समाज ने कलम दवात के साथ भगवान चित्रगुप्त का पूजन अर्चन किया।

महेवा संवाददाता के अनुसार ग्रामीण अंचलों में होली पर्व के बाद भैया दूज के मौके पर बहनों ने बुधवार को भाई के माथे पर तिलक लगाया। भाई की आरती उतारी और उनके माथे पर कुमकुम का तिलक लगाया। भाई को मिठाई खिलाई और इसकी समृद्धि की कामना की। भैया दूज के मौके पर फाग आदि के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। भाई बहन के पवित्र प्रेम का प्रतीक भैया दूज का पर्व होली के बाद मनाया जाता है। इधर भैया दूज के मौके पर क्षेत्र के कस्बा एवं ग्रामीण क्षेत्रों में रंगों की होली खेली गई। भाई दूज के मौके पर कायस्थ समाज के लोगों ने अपने अपने घरों के साथ मंदिरों में जाकर भगवान चित्रगुप्त महाराज का पूजन अर्चन किया। आलमपुरा स्थित चित्रगुप्त इंटर कॉलेज में बने लेखनी के देवता के मंदिर में भगवान का श्रृंगार किया गया और हवन पूजन भी हुआ। इसके अलावा जटपुरा स्थित प्राचीन शिव मंदिर में बने भगवान चित्रगुप्त मंदिर, शादी लाल धर्मशाला में बने मंदिर पर भी पूजन हुआ।





भैया दूज पर भाई को तिलक करतीं बहिनें। अमृत विचार

### जेलों में भी भाइयों को तिलक करने पहुंचीं बहनें

इटावा। सेन्ट्रल व जिला जेल में बंद अपने भाइयों के तिलक करने के लिए भी काफी संख्या में बहने पहुची थी। सुबह से ही मिलाई के लिए जेल में पर्ची लगने का काम शुरू हो गया था। अलग-अलग शिफ्टों में बहनों को भेजा गया सभी ने अपने अपने भाइयों के माथे पर तिलक करके उनका मुंह मीठा कराया। दोपहर तक दोनों जेल में मुलाकात का सिलसिला चला। जेल प्रशासन ने जांच पड़ताल के बाद ही खाने पीने के सामान को अंदर जाने की इजाजत दी थी। हालांकि रक्षाबंधन, दीपावली की दूज के मुकाबले भीड़ कम रही।

# आपसी द्वेष भुलाकर सम्मान करना सीखें

कार्यालय संवाददाता, इटावा



शपथ ग्रहण करते जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारी। अमृत विचार

- कछवाहा क्षत्रिय महासभा का शपथ ग्रहण समारोह

**अमृत विचार।** भारतीय कछवाहा क्षत्रिय महासभा की नवनिर्वाचित जिला कार्यकारिणी को प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार सिंह कुशवाहा ने शपथ ग्रहण करायी। रामनगर के जमुना मैरिज होम भवन में आयोजित किए गए समारोह में नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष शिक्षक अजय सिंह कुशवाहा ने कहा हम सभी उस वंश के लोग हैं जिसके राजाओं ने देश पर शासन करते हुए अखंड भारत की स्थापना की। उन्होंने कहा कछवाहा-कुशवाहा समाज की देश में बड़ी आबादी है, हम सभी मिलजुल कर बच्चों को अच्छे संस्कार देकर उन्हें शिक्षित बनाने पर ध्यान दें और अलग-अलग क्षेत्रों में कार्यरत समाज के लोग आपसी द्वेष भुलाकर एक-दूसरे का सहयोग और सम्मान करने पर जोर दें। नई जिला कार्यकारिणी के जिलाध्यक्ष अजय सिंह के साथ उपाध्यक्ष प्रमोद कछवाहा, सुमित नारायण, एडवोकेट पुष्पा कुशवाह व रामलखन भरथना के अलावा महामंत्री के रूप में मुरारीलाल, कोषाध्यक्ष विवेक कुशवाहा, सह सचिव राजीव सिंह, ऑडीटर जितेन्द्र प्रताप सिंह तथा कार्यकारिणी सदस्य डा.राजकुमार, सौरभ सिंह, हरिश्चंद्र कुशवाहा व अजय कुमार सिंह तथा संगठन मंत्री गम्भीर सिंह एलआईसी को शपथ दिलाई गई। इस मौके पर लज्जाराम बाबूजी, डॉ महेश चंद्र, राष्ट्रीय सलाहकार सुरेन्द्र सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष ठा.जयकरन सिंह, प्रदेश संगठन मंत्री रोहित कुशवाहा सहित अध्यापक नवाब सिंह कुशवाहा, संदीप कुशवाह, नरेंद्र सिंह, पंकज कुशवाहा, विनोद कुशवाहा, सभासद द्वय संजय कुशवाहा व जितेंद्र सिंह, रशिच रिंकू कुशवाहा व रामदास कुशवाहा आदि भी मौजूद रहे। समारोह का संचालन रवीन्द्र सिंह कुशवाहा ने किया।

# मोबाइल चोरी के अभियुक्त को तीन साल की सजा

**इटावा।** मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने छह साल पुराने मोबाइल चोरी के एक मामले की सुनवाई करते हुए आरोपी को दोषी पाया और उसे तीन साल की सजा सुनाई। इसके अलावा कोर्ट ने उस पर एक हजार रूपया का जुर्माना भी लगाया।

कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला कटरा फतेह महमूद खां निवासी जागेश्वर दयाल ने कोतवाली में मोबाइल चोरी का मामला दर्ज कराया था। छानवीन के बाद पुलिस ने श्याम नगर निवासी प्रद्युम्न गुप्ता पुत्र वेद प्रकाश को गिरफ्तार कर उसके पास से मोबाइल बरामद किया था। बाद में पुलिस ने उसके खिलाफ आरोपपत्र कोर्ट में पेश कर दिए थे। मामले की सुनवाई मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की कोर्ट में हुई। अभियोजन अधिकारी उदय श्याम तिवारी ने मामले को गंभीरता से लिया।

# संदिग्ध हालात में महिला की मौत, हत्या का आरोप

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** बसरेहर थाना क्षेत्र के गांव नगला सगरा बदरीपूठ में एक महिला की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। उसका शव घर पर पडा मिला। सूचना पर पहुंचे मायके वालों ने ससुरालीजनों पर हत्या करने का आरोप लगाया है। मायके वालों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण कर शव को पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया। फिरोजाबाद जिले के मक्खन पुर थाना क्षेत्र के गांव जरारी निवासी अभिषेक पुत्र राधा किशन ने बताया कि उसने अपनी बहन लक्ष्मी की शादी 2009 में बसरेहर थाना क्षेत्र के गांव सगरा बदरीपुठ के रहने वाले धर्मेंद्र कुमार के साथ की थी। बहन से एक बेटा नैतिक और बेटी नव्या भी है। आए दिन बहन के साथ उसके ससुराल के जेठ राजेंद्र कुमार व पति धर्मेंद्र कुमार और ससुराल के अन्य लोग भी उसके साथ मारपीट किया करते थे। आरोप है कि मंगलवार देर रात किसी बात को लेकर बहन लक्ष्मी देवी की हत्या कर दी और मायके में झूठी सूचना दी कि लक्ष्मी देवी की हार्ट अटैक से मौत हो गई। जब मायके से वह अपने पिता राधा कृष्ण और अन्य परिवार के लोग ससुराल पहुंचे तो उन्होंने देखा कि लक्ष्मी देवी के कमरे में डंडे और उसकी साड़ी पड़ी हुई है और लक्ष्मी देवी के शरीर पर भी चोट के निशान भी थे। जानकारी बसरेहर थाना पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने पति धर्मेंद्र कुमार को हिरासत में ले लिया और लक्ष्मी देवी का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा।



लक्ष्मी देवी।

## सार-संक्षेप

### कार की टक्कर से एक युवक की मौत, साथी घायल

इटावा। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के लोहन्ना चौराहा पर कार की टक्कर से एक युवक की मौत हो गई। जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। फिरोजाबाद जिले के शिकोहाबाद थाना सरस्वती नगर मोहल्ला निवासी 30 वर्षीय पियूष गर्ग सिविल लाइन थाना क्षेत्र के धननजय पुरम कॉलोनी में अपने दोस्त सुनील के साथ रह रहे थे। मंगलवार शाम करीब पांच बजे दोनों दोस्त अपनी कार से लोहन्ना चौराहा स्थित मेडिकल स्टोर पर दवा लेने गए थे। वहां से दवा लेकर जैसे ही ही अपनी कार के पास पहुंचे तभी पीछे से आई तेज रफ्तार कार ने दोनों दोस्तों को कुचल दिया। कार चालक मौके से कार लेकर फरार हो गया। राहगीरों ने दोनों घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया। जहां डॉक्टर ने पियूष को मृत घोषित कर दिया। सुनील की हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने उसे सैफई मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। परिजन सुनील को कानपुर के निजी अस्पताल ले गए। मृतक के छोटे भाई राहुल ने बताया कि पियूष इटावा में करीब डेढ़ साल से रहकर अपने साथियों के साथ पुराने चार पहिया वाहनों का व्यापार करते थे।

### वाहन की टक्कर से महिला की मौत, दामाद घायल

इटावा। बकेवर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आगरा कानपुर नेशनल हाईवे पर औरैया से अपने दामाद के साथ स्कूटी से दवा लेने इटावा आ रही एक साठ वर्षीय महिला को पीछे से अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से स्कूटी डिवाइडर से टकरा गई इस हादसे में महिला की मौत हो गई जबकि दामाद घायल हो गया। औरैया जिले के गांव जलोखर निवासी शांति देवी 65 वर्ष पत्नी सुघर लाल अपने दामाद महेश सिंह के साथ स्कूटी से दवा लेने के लिए पीजीआई सैंफई जा रहे थे। जब वह बकेवर के पास हाइवे पर पहुंचे तभी पीछे से आ रहे किसी वाहन ने उनकी स्कूटी में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से स्कूटी डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। जहां डाक्टरों ने शांति देवी को मृत घोषित कर दिया। दामाद महेश चंद्र ने बताया कि सास की सैफई मेडिकल कॉलेज से दवा चल रही थी बुधवार को स्कूटी से अपनी सास शांति देवी निवासी जलोखर थाना सदर कोतवाली जनपद औरैया से लेकर आ रहा था तभी किसी अज्ञात वाहन ने पीछे से टक्कर मार दी जिससे दोनों लोग घायल हो गए जिला अस्पताल में डॉक्टर ने शांति देवी को मृत घोषित कर दिया।

### नोडल शिक्षकों को दिया प्रशिक्षण

ताखा, इटावा। सामुदायिक सहभागिता शारदा अभियान के अंतर्गत नोडल शिक्षकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन बीआरसी मामन ताखा में किया गया। जिसमें क्षेत्र के 162 परिषदीय विद्यालयों से एक नोडल शिक्षक ने प्रतिभाग किया। प्रशिक्षण का शुभारंभ बीईओ सर्वेश कुमार सिंह ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। सरस्वती वंदना सुगमकर्ता लता कुमारी एवं स्वागत गीत आकांक्षा ने प्रस्तुत किया। बीईओ ने कहा कि शारदा का अर्थ होता है स्कूल हर दिन आएं। कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित नहीं होना चाहिए। आउट ऑफ स्कूल बच्चों का नामांकन स्कूल कराया जाये। इस बच्चे को शारदा पोर्टल पर चिन्हित किया जाय। ऐसे बच्चों के लर्निंग गैप को समाप्त करने के लिए शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जा रहा। सभी शिक्षक प्रशिक्षण से सीखी गई बारीकियों को स्कूल में उपयोग करें। जो भी बच्चा लगातार 45 दिन अनुपस्थित रहता है वो ड्रॉप आउट बच्चों की श्रेणी में आता है। सुगमकर्ता दीपक बघेल ने हिंदी विषय को पढ़ाने के आसान तरीके बताए। सुगमकर्ता चंद्रकांत त्रिपाठी, अवधेश राठौर व अमित सिंह चौहान के द्वारा विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई।

### युवक ने फांसी लगाकर जान दी

इटावा। भरेह थाना क्षेत्र के गांव कढा कासदा में घरेलू कारणों से परेशान एक युवक ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। उक्त गांव निवासी पंछी राम 30 वर्ष पुत्र राम प्रकाश घरेलू कारणो से परेशान था। इसी परेशानी के कारण उसने फांसी लगा ली जिससे उसकी मौत हो गई।

### दिव्यांग कर्मचारियों का आज होगा भौतिक परीक्षण

इटावा। लोकसभा चुनाव में कर्मचारियों की ड्यूटियां लगाई जानी है जो दिव्यांग कर्मचारी ड्यूटी करने में अक्षम है, उनकी दिव्यांगता का परीक्षण कराया जाएगा। इस संबंध में जिला विकास अधिकारी एस कृष्णा ने बताया है कि कर्मचारियों की दिव्यांगता के भौतिक परीक्षण के लिए गुरुवार सुबह 11 बजे मुख्य चिकित्सा अधिकारी के कार्यालय से दिव्यांग प्रमाण पत्र जारी किए जाने वाले कक्ष में समिति की ओर से भौतिक परीक्षण किया जाएगा। समिति का गठन किया जा चुका है।



होली मिलन में मौजूद लोग। अमृत विचार

# मनाया गया होली मिलन समारोह, किया सम्मान

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** प्रकाश टाकीज के सामने विनोद नगर कॉलोनी वासियों ने अपने पारंपरिक होली मिलन कार्यक्रम में मोहल्ले के वयोवृद्ध तथा सिंचाई विभाग से अवकाश प्राप्त इंजीनियर मदनलाल गुप्ता 90 वर्ष का पगड़ी, माला पहनाकर एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक राजेंद्र कुमार दीक्षित एडवोकेट ने बताया कि सामाजिक समरसता के सबसे महत्वपूर्ण होली त्योहार पर मोहल्ले के निवासी लंबे अरसे से होली मिलन के रूप में परस्पर मेल मिलाप को बनाए रखने के लिए एकत्र होते हैं। उसी परंपरा में इस बार भी उनके आवास पर सभी लोग जिसमें वृद्धजन, महिलाएं, युवा और बच्चे अपने अपने घर से विभिन्न प्रकार के पकवान और व्यंजन बनाकर लाए, एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली खेली गई।

# तमंचों की खरीद फरोख्त में शामिल तीन गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, इटावा



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

- तीन तमंचा, कारतूस के अलावा दो बाइकें भी बरामद

**अमृत विचार।** सैंफई थाना पुलिस ने गस्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर हेंवरा से नवल पुरा को जाने वाले सड़क के पास से तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में उनके पास से तीन तमंचा कारतूस के अलावा दो बाइकें बरामद हुई।

पूछताछ में पकड़े गए लोगो ने बताया कि वह तमंचा खरीदने बेचने का काम करते है। पुलिस ने पकड़े गए तीनो लोगो को आवश्यक कार्रवाई के बाद जेल भेज दिया। इसके अलावा उनके पास से बरामद बाइकों को भी सीज कर दिया गया। एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने बताया कि सैंफई थाना प्रभारी बलराम मिश्रा अपनी टीम के साथ लोक सभा चुनाव को देखते हुए आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम करने के लिए गस्त पर थे। तभी मुखबिर ने सूचना दी कि कुछ लोग हैवरा से नवलपुरा जाने वाले रास्ते पर नवनिर्मित टंकी के पास अवैध असलहा लिये बैठे है। सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए थाना सैफई पुलिस टीम द्वारा आवश्यक बल प्रयोग कर तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में उनके पास से तीन तमंचा कारतूस के अलावा दो बाइकें बरामद हुई। पूछताछ करने पर पकडे गए लोगों ने अपने नाम अमन उर्फ गोलू पुत्र ब्रजेश कुमार निवासी ग्राम नवलपुरा थाना सैफई आकाश पुत्र रामचन्द्र उर्फ गुलाब निवासी नगला बेनी थाना जसवंतनगर व राकेश पुत्र कालीचरन निवासी नगला सोती थाना मटसैना जनपद फिरोजाबाद बताया। राकेश ने बताया गया कि वह आकाश के माध्यम से अमन उर्फ गोलू से तमंचा खरीदने आया था बरामद मोटरसाइकिलों को एमवी एक्ट में सीज किया गया। पकड़े गए तीनों लोगों को आवश्यक कार्रवाई के बाद जेल भेज दिया गया।

### हवाई फायरिंग करने वाले गिरफ्तार, रायफल बरामद

इटावा। सोशल मीडिया पर रायफल से हवाई फायर करने का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने मामले का संज्ञान लिया। बाद में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार कर लाइसेंसी रायफल को बरामद कर लिया। बाद में पुलिस ने दोनों को आवश्यक कार्रवाई के बाद जेल भेज दिया। एसएसपी ने बताया कि सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर निगरानी रखी जा रही थी इसी दौरान एक व्यक्ति की लाइसेंसी रायफल से फायर करने के सम्बन्ध में वीडियो प्राप्त हुआ। सोशल मीडिया सेल ने तत्काल प्रभारी निरीक्षक बकेवर को प्रकरण के संबंध में जानकारी उपलब्ध करायी गयी। जिसके संबंध में तत्काल थाना ने कार्रवाई करते हुए वीडियो में दिख रहे भगवन्त सिंह एवं उनके पुत्र राहुल निवासी ग्राम खितौरा को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में शस्त्र धारक भगवंत सिंह पुत्र राम लखन निवासी ग्राम खितौरा ने बताया कि उनके यहां भागवत कथा का आयोजन था जिसमें दिनांक 21 मार्च 2024 को कंस वध के समय उनके यहां ऐसी पुरानी परंपरा है कि एक मटकी को टांग कर फायर कर फोड़ते हैं वही किया गया था। पुलिस ने उनकी रायफल को भी जब्त कर लिया। एसएसपी ने बताया कि उनके लाइसेंस की निरस्त्रीकरण की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

कौतूहल | विलुप्त हो चुके गिद्ध अब सफारी में बनाने लगे आशियाना

# इटावा सफारी पार्क में दिखा गिद्धों का झुंड

कार्यालय संवाददाता, इटावा



पेड़ पर बैठे गिद्ध। अमृत विचार

- गिद्धों के ऊपर संकट 1990 के बाद शुरू हुआ, 2003 तक गिद्धों की तीन प्रजातियां देखी गईं

**अमृत विचार।** विलुप्त होते जा रहे प्रकृति सफाई कर्मी कहे जाने वाले गिद्धों का झुंड इटावा सफारी व आसपास के क्षेत्र में दिखाई देने लगा है। ऐसा लग रहा है कि अब यह गिद्ध इसी क्षेत्र में अपना आशियाना बनाने जा रहे हैं। यह वन्यजीव प्रेमियों में कौतूहल का विषय बन गया है। यहां इटावा सफारी पार्क व इसके आसपास के क्षेत्र में इन गिद्धों का झुंड लगातार दो दिन तक देखा गया है। एक दर्जन की संख्या में गिद्धों का झुंड लोगों में कौतूहल का विषय बना हुआ है। ऐसा माना जा रहा है कि इतनी बड़ी तादाद में इनका होना कही न कही प्राकृतिक दृष्टि से अच्छी खबर है। यह भी कह सकते है कि इन गिद्धों को सफारी की हवा रास आ रही हो। कभी इस चंबल घाटी से जुड़े इटावा जिले मे बड़ी संख्या में इनकी मौजूदगी पाई जाती थी लेकिन करीब ढाई दशक से इन गिद्धों की संख्या में तेजी से गिरावट देखी गई। जिसके बाद से यह विलुप्त प्रजाति में शामिल किए गए। पिछले सात, आठ वर्ष में इटावा जिले के विभिन्न हिस्सों इक्का दुक्का की संख्या में यह गिद्ध दिखाई दिए है।

बताया गया है कि इटावा लायन सफारी पार्क के अंदरूनी हिस्से में बीते दो दिन से एक बड़े पेड़ पर हिमायलन गिद्ध करीब एक दर्जन की संख्या में झुंड के साथ बैठे दिखाई दिए है। जानकारों ने बताया है कि यह गिद्ध दो दिन लगातार सफारी पार्क के अंदर इसी स्थान पर देखे है।

### दावाः यहां हिमालयन गिद्ध की रहती है मौजूदगी

वन्यजीव विशेषज्ञ डा. राजीव चौहान का दावा है कि पिछले एक दशक में जिले में हिमालयन गिद्ध की मौजूदगी देखी गई हैं। यह परिवर्तन निश्चित तौर पर इटावा और चंबल के लिए प्रसन्नता की बात मानी जायेगी। हिमायलय गिद्ध का यह क्षेत्र कभी आशियाना नही रहा है। अब यहां पर उनका पहुंचना यह बता रहा है कि हिमालयन गिद्ध इटावा सफारी और आसपास अपना बसेरा बना रहे है। राजीव चौहान ने बताया कि इन गिद्धों के उपर संकट 1990 के बाद से शुरू हुआ माना जाता है। चंबल में इससे पहले 2003 तक गिद्धों की तीन प्रजातियों को देखा जाता रहा है, इनमें लांगबिल्ड वल्चर, वाइटबैक्ड वल्चर, किंगवल्चर है, जो बड़ी तेजी से विलुप्त हुए।

### घायलावस्था में मिले हैं गिद्ध

इटावा जिले में पिछले सात आठ साल में किसी न किसी एक्सीडेंटके मामले में ही अन्य प्रजाति के गिद्ध देखे गए है। कोई घायलावस्था में मिला तो कोई ट्रेन की चपेट में घायल हुआ। ऐसे ही गिद्ध देखे ग लेकिन एक झुंड में हिमालयन गिद्धों की मौजूदगी को पर्यावरणीय लिहाज से बेहतर माना जा रहा है।

# होली खेलने से मना करने पर दंपति से मारपीट

**भरथना, इटावा।** भरथना थाना क्षेत्र के गांव सरैया में मंगलवार की रात नामजद चाचा भतीजे ने घर में अकेली महिलाओं को देख जबरन होली का रंग लगाने का प्रयास किया। महिलाओं के साथ उनकी बुजुर्ग सास राजेश्वरी देवी तथा ससुर राधे श्याम ने विरोध किया तो नामजदों ने सास ससुर को मारपीट कर बुरी तरह घायल कर दिया।

पीड़ितों ने थाना जाकर नामजदों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की। पुलिस ने घायल राजेश्वरी देवी को सीएचसी भेजा। वहां से जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। ससुर राधेश्याम ने आरोप लगाया है की मारपीट के दौरान नामजद उसकी जेब फाड़ कर पांच हजार रुपये तथा सोने की अंगूठी ले गए। पुलिस ने बताया कि तहरीर मिलने पर जांच शुरू की गई है।

# शिक्षा से सुधरता है बच्चों का भविष्य

कार्यालय संवाददाता ,इटावा



सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

**अमृत विचार।** प्रतिस्पर्धा के इस दौर में आज के बच्चों को अच्छी शिक्षा के साथ संस्कार देना भी जरूरी है, तभी यह बच्चे अपने भविष्य का निर्माण करने में कामयाब हो सकेंगे। शहर के लाइनपार इलाके में इन्द्रानगर-रामनगर स्थित राजलक्ष्मी स्कूल में आयोजित शैक्षिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक रघुराज सिंह शाक्य ने कहा कि देश में महिलाओं की शिक्षा के लिए माता सावित्रीबाई फुले और ज्योतिबाराव फुले के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता।

विशिष्ट अतिथि राजकीय प्रधानाचार्य पूरन सिंह पाल ने कहा समाज में बेटियां दो घरों को रोशन करने का काम करतीं हैं इसलिए बेटों की तरह बेटियों को भी अच्छी और उच्च शिक्षा दिलाने में कोताही न करें। नबाब सिंह कुशवाहा कोचिंग सेंटर ने कहा कोई भी समाज या राष्ट्र शिक्षा के बगैर तरक्की नहीं कर सकता, राजलक्ष्मी स्कूल भी बच्चों को संस्कारित शिक्षा देकर समाज में अच्छे आयाम स्थापित कर रहा है।

स्कूल के प्राथमिक व उच्च प्राथमिक कक्षाओं के छात्र-छात्राओं ने शिव धनुष भंग, राष्ट्र रक्षा, होली गीत, राजस्थानी गीत, अनपढ़ नेता व कव्वाली जैसे कई नाटक प्रस्तुत करके अपनी प्रतिभा का जो चित्रण प्रस्तुत किया उसे उपस्थित समूह ने खूब सराहा। स्कूल के प्रबंधक संदीप कुशवाह ने कहा हमारी कोशिश है कि समाज के गरीब, उपेक्षित, वंचित व पिछड़े परिवारों के बच्चे भी शिक्षित बन सकें। प्रधानाचार्य शिवेन्द्र शाक्य व शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सभी का स्वागत किया। इस मौके पर कछवाहा क्षत्रिय महासभा के प्रदेश महामंत्री राजकुमार कुशवाहा, अविनाश कुशवाहा, राहुल कुमार, मीरा देवी, कन्हैयालाल आदि ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

अतितृष्णा न कर्तव्या तृष्णां नैव परित्यजेत् ।
शनै : शनैश्च भोक्तव्यं स्वयं वित्तमुपार्जितम् ॥

अधिक इच्छाएं नहीं करनी चाहिए पर इच्छाओं का सर्वथा त्याग भी नहीं करना चाहिए। अपने कमाए हुए धन का धीरे-धीरे उपभोग करना चाहिए॥

## संपादकीय

# सतर्क रहने की जरूरत

पूरी दुनिया में आतंकवाद का खतरा मंडरा रहा है। आतंकवाद सबसे बड़ी समस्या और चुनौती बना हुआ है। 22 मार्च को मॉस्को के बाहरी इलाके में स्थित क्रोकस सिटी हॉल पर हुए आतंकवादी हमले में कम से कम 137 लोग मारे गए। वैश्विक स्तर पर खौफनाक आतंकी संगठन माने जाने वाले इस्लामिक स्टेट खुरासान ने रूस में की गई गोलीबारी की जिम्मेदारी ली। यह संगठन अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आतंकवादी घोषित किए गए गुट 'इस्लामिक स्टेट' का ही अंग है। इस चरमपंथी संगठन को 'आईएसके' कहा जाता है जो इस्लामिक स्टेट खुरासान का संक्षिप्त रूप है। इसका पूरा ध्यान अफगानिस्तान, ईरान और पाकिस्तान पर केंद्रित है। खुरासान एक समय फारसी साम्राज्य का हिस्सा हुआ करता था, जो अब ईरान, अफगानिस्तान और मध्य एशियाई मुल्कों में विभाजित है। इसी खुरासान के हवाले से आइसिस से संबद्ध रहा आतंकी संगठन 'आईएसआईएस-के' का जन्म हुआ। सीरिया युद्ध के समय दुनिया को बताया गया कि इनका सफाया किया जा चुका है। मगर, यह एक धोखा था। ये ऐसे आतंकी हैं, जो पाकिस्तान-अफगानिस्तान, सेंट्रल एशिया और दुनिया के विभिन्न देशों में पैर पसार चुके हैं। विभिन्न सरकारें और एजेंसियां इनका दुरुपयोग करने में लगी हैं। ऐसे में क्या भारत को आइसिस-खुरासान से सतर्क रहने की जरूरत नहीं है। मास्को में हुए आतंकी हमले से भारत को भी सतर्क रहने की आवश्यकता है। आईएस से निपटने के लिए विभिन्न देशों को उन भू-राजनीतिक स्थितियों पर ध्यान देने की जरूरत है जो आईएस को फिर से संगठित होने में मदद कर रही हैं। जब तक तालिबान विविध आबादी वाले कट्टरपंथी अफगानिस्तान पर अपना एकमात्र पश्तूनों वाला शासन जारी रखेगा और पश्चिम एशिया के कुछ हिस्सों में अस्थिरता, युद्ध एवं अराजकता का माहौल बना रहेगा, तब तक आईएस जैसे समूह फलने-फूलने और हमले करने के रास्ते ढूंढते रहेंगे।

आतंकवाद को समाप्त करने के लिए वैश्विक स्तर पर ठोस व साझा प्रयास करने की जरूरत है। इसमें आतंकी वित्तपोषण और इससे संबद्ध चुनौतियों के चलते हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि आतंकवादियों का समर्थन करने वाले देशों को जवाबदेह ठहराया जाए और इस समस्या से संगठित तरीके से निपटा जाए। आतंकवाद को वैश्विक घटना मानने के बावजूद आतंकवाद की अंतर्राष्ट्रीय रूप से स्वीकृत परिभाषा देने के लिए पूर्व में किए प्रयास बेकार साबित हुए हैं। अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को राजनीतिक मतभेदों से ऊपर उठकर आतंकवाद की चुनौती को परास्त करना चाहिए। आतंकवाद की एक सार्वभौमिक परिभाषा को स्वीकार करना और आतंकवाद के प्रायोजक राष्ट्रों पर वैश्विक प्रतिबंध लगाना शांतिपूर्ण विश्व व्यवस्था का मार्ग प्रशस्त कर सकता है।

# गणतंत्र में लोकतंत्र, प्रजातंत्र और जनतंत्र



कनक तिवारी
पूर्व महाधिवक्ता, छ.ग.

भारत में दुर्भाग्य से पश्चिमी समझ की जिस डेमोक्रेसी को स्वीकार किया गया है, उसमें लोकविमुखता का खोट है। अधिकांश लोग सामंतवाद के वायरस से अभी भी मुक्त नहीं हैं। आजकल के मंत्री ही राजा, जमींदार या नवाब हैं। निर्वाचक जनता उनकी ड्योढ़ियों पर नाक रगड़ती है। तब वे जन दर्शन देते हैं। जनतंत्र के पुरोधा तंत्र का हिस्सा हो गए हैं।

संविधान बनाने में भाषिक गलतियां हुई हैं। समझाया गया था राज्य तंत्र का ताला होगा जिसे जनता की कुंजी द्वारा ही खोला और बंद किया जा सकेगा। हकीकत इसके उलट है। जनता के विवेक के ताले को पांच बरस के लिए सत्ता की कुंजी से बंद कर दिया जाता है। दार्शनिक परिकल्पना यह है कि सत्ता की सरिता जन उद्गम से लेकर जनकल्याण के विशाल महासागर तक जाती है। राजनीतिक मौसम की बेरुखी के कारण नदी का प्रवाह केवल चुनाव के वायदों की बरसात में जन आप्लावित होता है। बाद में सत्ता की सरिता जनदृष्टि में सूखती चली जाती है। वह जन निस्तार के लिए उपलब्ध नहीं होती। शब्दों की गफलत से जनाधिकारों को किस तरह वंचित और निरर्थक बनाया जा सकता है, भारत उसका एक उदाहरण है।

भारत में पश्चिमी नस्ल की डेमोक्रेसी के संवैधानिक अंतरण के बाद हिंदी में कई तरह के अनुवाद इस्तेमाल होते हैं। दरअसल डेमोक्रेसी शब्द का चरित्र परत दर परत व्यावहारिक होता है। विदेशी विचारों के आयात का यह भी एक तिलिस्म है कि दरअसल भारत के लोग समझ ही नहीं पा रहे हैं कि उनके लिए जम्हूरियत का असली अमल क्या है? डॉ. भीमराव अंबेडकर ने सबसे पहले जवाहरलाल नेहरू को टोका था कि उनके संविधान के मकसद वाले भाषण में डेमोक्रेसी शब्द का उल्लेख नहीं होकर भारत में रिपब्लिक अर्थात् गणतंत्र की स्थापना करना कहा गया था।

गणतंत्र और डेमोक्रेसी में साफ-साफ फर्क है। नेहरू ने शायद पुरानी यूनानी सभ्यता के छोटे-छोटे रिपब्लिक को ध्यान में रखकर उसका भारत के भविष्य प्रशासन के लिए सायास उल्लेख किया होगा। अंबेडकर और नेहरू की पश्चिमी दृष्टियों में कई समानताएं होने के बाद भी बहुत बारीक अंतर भी रहे हैं। संविधान के पंडित अपनी व्याख्या में इस दृष्टि भेद का फलक विस्तृत करने उस स्पेस में नहीं जाना चाहते। इससे कई तरह के सवाल उठते हैं। इसमें संदेह नहीं कि किसी भी अन्य नेता के मुकाबले गांधी भारत में ग्रामीण गणतंत्र की स्थापना के पक्ष में थे। वह एक तरह से यूनानी प्रकारांतर से समझा जा सकता है। हकीकत ऐसी नहीं थी। भारत में पंचायत को राज्यतंत्र की बुनियादी इकाई के रूप में अमल में किया गया है। उसकी बैठकें पूरे ग्राम समाज के सामने होने से उसका जनसमर्थन के संदेह की कोई गुंजाइश नहीं थी।

गांधी साहित्य में डेमोक्रेसी का हिंदी अर्थ प्रजातंत्र लिखा गया है। गांधी भारत के इतिहास में सामंती शासन की प्रजा के अधिकारों और समझ को लेकर सूक्ष्म जानकारियों से लैस थे। उन्होंने कई बार रेखांकित किया है कि बहुत निचले स्तर पर भी यदि जनता में एका हो तो राजा की आज्ञा को चुस्त-दुरुस्त किया जा सकता है। इसके लिए उन्होंने असहयोग और सिविल नाफरमानी जैसे नए राजनीतिक अहिंसक हथकंडे सुझाए थे। सामंती शासक के खिलाफ, नफरत, विद्रोह या सामाजिक क्रोध को गांधी ने उकसाने की कोशिश नहीं की थी। इसलिए प्रजातंत्र शब्द में सामंतशाही का



भग्नावशेष शामिल शरीक होता है। अन्य संविधान निर्माताओं के खिलाफ जाकर अंबेडकर ने पंचायत आधारित शासन प्रणाली को खारिज कर दिया। उन्होंने व्यक्ति अर्थात् निर्वाचक मतदाता को राज्यतंत्र खड़ा करने का बुनियादी आधार बनाया। यही कारण है बाद में मतदाता के वोट के आधार पर पंचायतें और नगर पालिका संस्थाओं से लेकर विधान सभाओं और संसद के लिए निर्वाचन हो रहे हैं। निर्वाचकों के ये प्रतिनिधि कम से कम पांच वर्ष के लिए सत्ता के केंद्र बन ही जाते हैं।

नए व्याकरणशास्त्री इसे जनतंत्र शब्द से संबोधित करते हैं। लगभग 130 करोड़ की आबादी के देश में कोई 50 प्रतिशत मतदाता हैं। बौद्धिक फरेब में यह माना जाता है कि उनकी ही हुकूमत चल रही है। ऐसी हुकूमतशाही में सामूहिकता नहीं होती। वह व्यक्तिवादी हो जाती है। उसे बमुश्किल कुछ सौ सदस्य संसद में और कुछ हजार विधायक विधान सभाओं में चलाते हैं। संविधान में अंग्रेजी के ज्ञानशास्त्र से सीधा उधार लेकर सामूहिक निर्णय की जिम्मेदारी और अधिकार मंत्रि परिषद के लिए कायम हुआ है। संविधान से इतर कई परंपराओं ने संविधान की समझ की काठी को कस दिया है। इसलिए देश और प्रदेश सामूहिक जिम्मेदारी के बदले प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्रियों के निर्देशों, विवेक और व्यक्तित्व के आधार पर चलते हैं। सामूहिकता का ढोंग पालते जरूर हैं। इस तरह पश्चिम समझ की बराबरी के लोगों में प्रथम के आधार पर समझे जाने वाले प्रधानमंत्री के बदले बराबरी रहित और व्यक्ति पूजा के केन्द्र प्रधानमंत्री में डेमोक्रेसी निहित हो गई है। डेमोक्रेसी का सही अनुवाद तो लोकतंत्र है अर्थात् होना चाहिए। लोक एक अद्भुत शब्द है। उसमें सब कुछ समाहित है। गैरमतदाता, बच्चे, मुफलिस, निरक्षर, संक्रामक बीमारियों से पीड़ित, भिखारी, मानसिक व्याधियों के शिकार, संन्यासी, गुमशुदा लोग, अनाथ और हर तरह के वंचित भी लोक का प्रामाणिक हिस्सा होते हैं। वे प्रतिनिधि नहीं चुनते, लेकिन चुने हुए प्रतिनिधि उनके लिए भी होते हैं। लोक ही सत्ता का लिहाफ होता है। निर्वाचित जनप्रतिनिधि लोक के प्रति लगातार उत्तरदायी होने की समझ विकसित कर सकते हैं।

भारत में दुर्भाग्य से पश्चिमी समझ की जिस डेमोक्रेसी को स्वीकार किया गया है, उसमें लोकविमुखता का खोट है। अधिकांश लोग सामंतवाद के वायरस से अभी भी मुक्त नहीं हैं। आजकल के मंत्री ही राजा, जमींदार या नवाब हैं। निर्वाचक जनता उनकी ड्योढ़ियों पर नाक रगड़ती है। तब वे जनदर्शन देते हैं। जनतंत्र के पुरोधा तंत्र का हिस्सा हो गए हैं। उन्हें जनवादिता का अर्थ ही समझ नहीं आता। वे वोट देने वाले निर्वाचक मतदाता को निरर्थक या शासक देह की केंचुल से ज्यादा कुछ नहीं समझते। देश की राजनीति बहुत से कूढ़मगज, एकांगी और आधी अधूरी समझ के नेताओं और नौकरशाहों के हवाले है। आजादी के इतिहास, देशज सांस्कृतिक परंपराओं, लोक जीवन की विविधताओं, पुश्तैनी समझ के समाज के आत्मिक प्रयोगों और अनुभवों की सांस्कारिता वगैरह को लेकर शासन की केंद्रीय एजेंसियों को कुछ अता-पता नहीं है। इसलिए सत्ता और शासित के अलग-अलग लोक बन गए हैं। पहले भी किले, उनकी प्राचीर और उनके अलग उपनिवेशों में रहते लोग जनता के लिए दर्शनीय वस्तुएं होते थे। आज भी वही हैं। मंत्रियों की कोठियों के अतिरिक्त अब उद्योगपतियों की हवेलियां भी उग गई हैं। वहां हुकूमत का तिलिस्म और तिलिस्म की हुकूमत की दिन-रात की आंखमिचौली होती है। तथाकथित हम भारत के लोग हैं, जो अंग्रेजी शब्द डेमोक्रेसी का हिंदी अर्थ बूझने में सिर फुटौव्वल कर रहे हैं। संविधान बनाने में भाषिक गलतियां हुई हैं। समझाया गया था राज्यतंत्र का ताला होगा जिसे जनता की कुंजी द्वारा ही खोला और बंद किया जा सकेगा। हकीकत इसके उलट है। जनता के विवेक के ताले को पांच बरस के लिए सत्ता की कुंजी से बंद कर दिया जाता है। दार्शनिक परिकल्पना यह है कि सत्ता की सरिता जन उद्गम से लेकर जनकल्याण के विशाल महासागर तक जाती है। राजनीतिक मौसम की बेरुखी के कारण नदी का प्रवाह केवल चुनाव के वायदों की बरसात में जन आप्लावित होता है। बाद में सत्ता की सरिता जनदृष्टि में सूखती चली जाती है। वह जन निस्तार के लिए उपलब्ध नहीं होती। शब्दों की गफलत से जनाधिकारों को किस तरह वंचित और निरर्थक बनाया जा सकता है, भारत उसका एक उदाहरण है।

## प्रसंगवश

# समाचार की नई परिभाषा

यह केवल देशद्रोह ही नहीं, संपूर्ण मानवता के विरुद्ध दुरभिसंधि और अपराध है कि समाचारों का मुक्त प्रवाह प्रयत्नपूर्वक अवरुद्ध कर दिया गया अथवा उसे विकृत कर दिया गया।

मैं मीडिया की क्लास लेता था। प्रारंभ में ही विद्यार्थियों से पूछा करता था-प्रतिक्षण कोटि-कोटि घटनाएं घट रही हैं, गांव और गली से लेकर राजधानी तक, देश और विदेशों तक। अब विचार करके बतलाओ कि इनमें से कौन सी घटना समाचार बन सकती है? फिर अपनी बात समझाता कि इन कोटि-कोटि घटनाओं में से जो भी घटना व्यक्ति, समाज और विश्व के लिए जीवन का कोई संदेश दे सके बस, वही घटना हमें संकलित करनी है और उसे संदेश का रूप देना है, किंतु आज विभिन्न चैनलों को देख रहा हूं। समाचार की परिभाषा ही बदल गई है। कल तक हम लोग अपनी-अपनी कक्षाओं में बतलाया करते थे कि समाचार एक संदेश होता है।



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

वह परिभाषा अब आउट ऑफ डेट हो गई है। आज की नई परिभाषा है कि 'समाचार एक सौदा होता है, इस हाथ दे और उस हाथ ले।' अब पत्रकारिता या मीडिया लोकतंत्र का खंभा नहीं रहा, अब वह मीडिया घरानों के स्वार्थ के लिए लोकतंत्र की बुनियाद को हिलाने के लिए विस्फोटक बन चुका है। समष्टि हित के विरुद्ध व्यष्टिहित का साधक। सर्वथा अविश्वसनीय, लेकिन यह शुरुआत तो ग्लोबलाइजेशन के मुखौटे में हुई थी। उस समय सूचना क्रांति के नाम से यहां हरियाणा साहित्य अकादमी के सेमिनार में मैंने कहा था कि यदि इस पर सामाजिक नियमन नहीं हो सका तो यह मीडिया देशद्रोह की सीमा तक जा सकता है।

यह केवल देशद्रोह ही नहीं, संपूर्ण मानवता के विरुद्ध दुरभिसंधि और अपराध है कि समाचारों का मुक्त प्रवाह प्रयत्नपूर्वक अवरुद्ध कर दिया गया अथवा उसे विकृत कर दिया गया।

# घोषणा पत्र में शामिल करें पर्यावरण के मुद्दे



डॉ. मनमोहन प्रकाश
स्वतंत्र पत्रकार

पर्यावरण संरक्षण के मुद्दे को हल्के में न लेते हुए उसके स्थाई निदान के लिए चुनाव के दौरान और चुनाव के बाद भी निरंतर संवाद और प्रयास करते रहें।

लोकसभा चुनाव-2024 की तारीखें घोषित हो चुकी है। इसी संदर्भ में सभी राजनैतिक पार्टियां जीत दिलाने वाले प्रत्याशियों के चयन के साथ ही उनकी जीत सुनिश्चित करने के लिए चुनावी सभाओं, रैलियों, मीटिंगों को आयोजित करने की तैयारी में व्यस्त हैं। राजनैतिक पार्टियों द्वारा मतदाताओं को अपने पक्ष में करने के लिए लोकलुभावन वादों का सहारा लेने से भी कोई परहेज नहीं है।

सभी राजनीतिक पार्टियों द्वारा अपने चुनावी घोषणा पत्र को आकर्षक, मतदाता हितैषी, गरीब हितैषी, विकासोन्मुखी बनाने के प्रयास हो रहे हैं। स्थान विशेष/राज्य विशेष के मतदाताओं से जुड़े मुद्दों को, समस्याओं को भी चुनावी घोषणापत्र में जगह देने पर विचार चल रहा है। इतना ही नहीं लगभग सभी पार्टियां देश से गरीबी हटाने, महंगाई को कम करने, भ्रष्टाचार को खत्म करने, रोजगार उपलब्ध कराने, सरकारी नौकरियों में इजाफा करने के साथ, रिक्त पदों को भरने की चर्चा पूर्व चुनावों के प्रचार में करती आई है।

हमेशा की तरह इस बार भी चुनावी घोषणा पत्र में और प्रचार के दौरान गरीबों के लिए विभिन्न लाभकारी योजनाओं के साथ जल कर, बिजली कर, माफ करने का जिक्र हो सकता है, किसानों के ऋणों को माफ करने को स्थान मिला सकता है, कुछ चीजों पर सब्सिडी की भी बात हो सकती है, गैस-पैट्रोल आदि के दाम भी चुनाव के कारण कम होते दिखाई दे रहे हैं, किंतु पर्यावरण विषय प्रचार माध्यमों से लगभग नदारद दिखाई दे रहा है, आगे भी शायद दिखाई दे तो कोई आश्चर्य नहीं। वो भी तब जब चुनाव ग्रीष्म ऋतु में हो रहे हैं और इस ऋतु की शुरुआत में ही कई छोटे-बड़े शहर पानी की किल्लत से जूझते नजर आ रहे हैं। नदी, जलाशय, भूमिगत जलस्रोत दम तोड़ते दिखाई दे रहे हैं। जनता नलों से जल आपूर्ति के स्थान पर टैंकरों से जल आपूर्ति पर निर्भर रहने के लिए मजबूर है तथा शुद्ध पेयजल के लिए पानी की केन/बोतल आदि पर निर्भरता बढ़ सकती है। किसानों को पराली जलाकर नई फसल के लिए खेतों की जमीन तैयार करने के अलावा कोई रास्ता भी नजर नहीं आ रहा है। स्थानीय स्तर पर कचरे का चोरी छुपे जलाने का सिलसिला थम नहीं रहा है। नदी, जलाशय आदि जल स्रोतों में कभी जनता द्वारा, कभी उद्योगों आदि द्वारा दूषित जल को छोड़ने की आदत में सुधार होता दिखाई नहीं दे रहा है। न ही जनता पानी के उपयोग के संदर्भ में मितव्ययिता का पाठ पढ़ने को तैयार है।

विकास के नाम पर पेड़-पौधे का कटना भी जारी है। चोरी-छिपे जंगलों से पेड़ों का कटना भी रूकने का नाम नहीं ले रहा है। इतना ही नहीं खाद्य पदार्थों का दूषित या मिलावटी रुप में बजारों में बिकना भी जारी है। कुल मिलाकर जो शुद्ध हवा, पानी, भूमि, वातावरण, खाद्य पदार्थ मतदाता और उनके परिवारों को जिंदा रखते हैं, स्वस्थ रखते हैं, उम्र में वृद्धि करते हैं, विभिन्न आवश्यक वस्तुओं को उपलब्ध कराते हैं, उन्ही की चर्चा चुनाव प्रचार से गायब दिखाई दे रही है। कोई भी प्रत्याशी और पार्टी पर्यावरण सुधार हेतु, प्रदूषण मुक्त शुद्ध प्राणवायु, जल, जमीन, उर्वरक, कृषि भूमि तथा खाद्य पदार्थों के लिए, खिसकते पहाड़ों के लिए, सिकुड़ते जंगल और कृषि भूमि के लिए, दम तोड़ती नदियों, सिमटते तालाबों-जलाशयों के लिए, साथ छोड़ते या यूं कहें और गहराई में उतरते भू-जल के लिए लोकसभा चुनाव 2024 में पर्यावरण आवाज बनेगा? क्या कोई प्रत्याशियों को, राजनीतिक पार्टियों को पर्यावरणीय समस्याओं के निदान के लिए रोडमैप के साथ, कारगर योजनाओं के साथ मतदाताओं के सामने जाने के लिए प्रेरित करने का साहस करेगा?

वस्तुतः इस लोकसभा चुनाव में पर्यावरण के मुद्दों को उठाना सही नजर आता है, क्योंकि हाल ही में स्विस संस्था द्वारा जारी विश्व के देशों की वायु प्रदूषण की रिपोर्ट ने सभी देशवासियों (भारतीयों) की चिंता बढ़ाई है। वहीं बैंगलोर में जल समस्या से निपटने के लिए दूसरे प्रदेशों के कर्मचारियों से घर से काम लेने के अनुरोध की चर्चा ने देश में गहराती पेयजल समस्या की ओर सभी छोटे-बड़े शहरों का ध्यान आकर्षित किया है।

अतः पर्यावरण संरक्षण के मुद्दे को हल्के में न लेते हुए उसके स्थाई निदान के लिए चुनाव के दौरान और चुनाव के बाद भी निरंतर संवाद और प्रयास करते रहें। मतदाता और देश की जनता पर्यावरण विषय को चुनावी प्रचार में, चुनावी घोषणापत्र में प्रमुखता से जगह दिलाने में सफल हो जाते हैं तो भविष्य में इस समस्या का समाधान सुनिश्चित है।

## सोशल फोरम

# वोटों का खेल



मर्लिन मुनरो की कई मूर्तियां विदेशों में जगह-जगह लगी हुई हैं, जो अगर भारत मे लग जाएं तो हमारी संस्कृति खतरे में पड़ जाएगी। इसे हम पश्चिम की नकल करार दे इसकी भर्त्सना करेंगे, लेकिन क्या ये बात हैरान करने के साथ तकलीफ देने वाली नहीं है कि हर गली, मोहल्लों, कस्बों, शहरों के चौक-चौराहों पर धर्म स्थल बना अपनी संस्कृति बचाने का दिखावा करने वाले लोग दरअसल दुनिया में सबसे ज्यादा पोर्न देखने वाले लोग हैं।

1100 साल पूर्व चंदेल वंश के लोगों ने खजुराहो की मूर्तियां बनाई। देखा जाए तो उस समय के पश्चिम के मुकाबले हमारे पूर्वज बहुत खुले विचारों के रहे होंगे। अब सवाल है कि आखिर इतने खुले विचारों वाले लोग यहां तक कैसे पहुंच गए? शायद एक सोची समझी नीति के तहत खुली हुई विचारधारा की भारतीय संस्कृति पर इसके अतीत को लाद दिया गया और हमारा अतीत हम पर इतना भारी पड़ गया कि हम आजतक इससे पीछा नहीं छुड़ा पा रहे हैं। अब हाल ये है कि हम जो दिखते हैं, वो है नहीं और हम जो नहीं हैं, वही हम दिखते हैं। अपने संस्कृति प्रधान देश की हकीकत ये है कि इस देश में हर 15 मिनट में एक स्त्री के साथ बलात्कार होता है और छेड़छाड़ की घटनाएं तो इससे कहीं ज्यादा हैं। इसमे भी अधिकतर बलात्कार उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और राजस्थान में होते हैं, जहां संस्कृति बचाने का दावा सबसे ज्यादा किया जाता है।



तजिंदर सिंघ
जमशेदपुर, झारखंड

बहरहाल मेरे एक मित्र का मानना है कि जिस दिन विदेशों जैसी मूर्तियां बनाने से वोट मिलने लग जाएंगे उस दिन विदेशी भी हमारी मूर्तियां देख शर्मा जाएंगे। आखिर हम वात्स्यायन के देश के लोग हैं। अपना हुनर भूले नही हैं। जरूरत पड़े तो हम इरोटिक में भी विश्व गुरु बनकर दिखा सकते हैं। फिलहाल तो जरूरत वोटों की है। खेल वोटों का है।

-फेसबुक वॉल से

# हमने एक दुनिया को मोबाइल में सिमटते देखा है



हफीज किदवई
लेखक

यह बदलाव जो हमने देखे हैं, देख रहे हैं और देखेंगे भी, वह हैं हमारी दास्तान। हम जिस दास्तान के तुर्रम खां बनते हैं, उस घूमती हुई दास्तान के एक हिस्सा भर हैं।

हमें लगता है धरती की सबसे किस्मत वाली जेनरेशन रहे हैं हम या फिर हम सबसे बड़े बदलावों को देखने वाले लोग हैं। हमने गांव में बिना लाइट के लालटेन और लैंप देखे, खाना पकाने को चूल्हे और अंगीठी देखी। पेट्रोमैक्स और स्टोव देखा। हीटर और गैस चूल्हा देखा। टेलीफोन देखा, पेजर देखा, मोबाइल की हर किस्म देखी। रेडियो सुना, पॉडकोस्ट सुने। बड़ी और मोटी-मोटी फिल्म के कैसेट देखी, वीसीआर देखा, पर्दा और प्रोजेक्टर देखा। सिंगल स्क्रीन सिनेमा से मल्टीस्क्रीन सिनेमाहॉल देखे। 7 डी फिल्में देखी। खेत से आए घर में उबले भुट्टे खाए, तो अमेरिकन भुट्टे भी देख लिए। ज्वार को खुद भुनवाया तो दुनिया का हर तरह का कॉर्न देख और खा लिया। पिसा कोयला, दातून, चूल्हे की पकी मिट्टी, गुल, हुक्के की राख, कोलगेट पाउडर, लालदंत मंजन और फिर तरह-तरह के टूथपेस्ट इस्तेमाल किए।

हम वह लोग हैं, जिन्होंने मनमोहन सिंह को प्रधानमंत्री बने देखा। अब्दुल कलाम को राष्ट्रपति बने देखा। सुनीता विलियम्स और कल्पना चावला की चाल देखी। मदर टेरेसा, दलाई लामा, क्वीन एलिजाबेथ, सद्दाम हुसैन, यासर अराफात, जनरल गद्दाफी समेत दुनिया के तमाम टॉप लीडर देखे। अपने यहां सोमनाथ चटर्जी, मुलायम, लालू, काशीराम, शरद, करुणानिधि, बाल ठाकरे, मौलाना अली मियां, कल्बे सादिक तो न जाने कितने ही तरह के इतिहास बनाते लोग देखे। अमेरिका में दोनों तरह के बुश और लादेन के चैप्टर को देखा। हमने दुनिया को करवट लेते देखा है। तरक्की की तरफ बढ़ती अपनी मिट्टी को, धर्म के दलदल में फंसते देख रहे हैं। दुनिया को टेक्नोलॉजी में चैलेंज देने वाली अपनी पीढ़ी को नारे लगाकर भीड़ बनते देखा है। हमने दुनिया का नक्शा बनते बिगड़ते देखा है। हमने लता मंगेशकर, कपिल देव, इमरान खान, सचिन तेंदुलकर, पेले, मैराडोना, शारापोवा, विश्वनाथन आंनद, पंकज आडवाणी, हुसैन बोल्ट, जिदान, दिलीप कुमार, शाहरुख खान, हेलन, आशा पारिख, ऋषि कपूर, वहीदा रहमान, सलमान, आमिर, दिव्या भारती, श्री देवी, ऐश्वर्या को भी देखा है। हमारे सामने हैरी पॉटर आकर हिट हुई। हमने ही सुपर हीरो को बनते देखा है।

हम दुनिया की वह जेनरेशन है जिसने सिल बट्टे पर पिसी चटनी और मैकडोनाल्ड के पिज्जा, दोनों खाए हैं। हमें दोनों पसंद हैं। हमने तराने की तरह गा-गाकर पहाड़े याद किए हैं और अब हिसाब को चुटकियों में करने के लिए एआई का भी इस्तेमाल कर रहे हैं। हमने तख्ती और खड़िया इस्तेमाल की है और फिर बोलकर आईपैड पर लिखा भी है। हमने कोडैक के कैमरारोल और रील का धुलना देखा है, फिर डिजिटल कैमरे, डीएसएल आर के साथ अपने हाथ में बेहतरीन कैमरे देखे हैं। हमने बैंक में तांबे का टोकन लेकर पैसे भी जमा किए हैं और अब ऑनलाइन ट्रांजेक्शन भी करते हैं। अपने कजिंस के साथ अंताक्षरी खेलकर रात-रात जागें भी हैं और अब रील देखकर उन्हीं कजिंस को इग्नोर भी करते देखा है। हमने जुगनू भी देखे हैं और अब उन्हें न देख पाने की तड़प भी देख रहा हूं। हम बैलगाड़ी पर भी बैठें हैं और दुनिया की तेज तरीन गाड़ियों पर भी हाथ आजमाए हैं। पोलियो को होते और उसे खत्म करते हुए देखा है। हमने बरगद के घने पेड़ को बोनसाई बनते देखा है। हमने एक भरी पूरी दुनिया को एक मोबाइल में सिमटते देखा है।

यह बदलाव जो हमने देखे हैं, देख रहे हैं और देखेंगे भी, वह हैं हमारी दास्तान। हम जिस दास्तान के तुर्रम खां बनते हैं, उस घूमती हुई दास्तान के एक हिस्सा भर हैं। हमने मौत की खबर को तार से जाते हुए और उसे सुनकर बेहोश होते इंसानों को देखा है और अब लाइव लोगों को मरते हुए देख जरा भी अफसोस न करने वाले उन्हीं लोगों को देख रहे हैं। हमने इंसान से हैवान बनते देखा है। हमने एक दुनिया को एक मोबाइल में सिमटते देखा है। हम है वह खुशकिस्मत लोग, जिन्होंने जिंदगी का हर जायका चखा है।

# अश्लीलता फैलाते ओटीटी प्लेटफार्म

विभिन्न ओटीटी प्लेटफार्म हमारे समाज को दूषित करने में लगे हुए हैं। ओटीटी प्लेटफॉर्म पर धड़ल्ले से अश्लीलता परोसी जाती है, जो कहीं न कहीं हमारे समाज की नैतिकता और मूल्यों को प्रभावित कर रही है। ओटीटी प्लेटफॉर्म के द्वारा इरोटिक कंटेंट के नाम पर लगातार पोर्न कंटेंट परोसा जा रहा है जिसका हमारे समाज पर बहुत ही नकारात्मक असर पड़ता है। इरोटिक का अर्थ सेक्स को मानवीय संवेदना के तौर पर पेश करना होता है, लेकिन पोर्न और इरोटिक के बीच के बारीक से फर्क को मिटाकर कलात्मक के नाम पर सिर्फ नग्नता और अश्लीलता को ओटीटी प्लेटफॉर्म के माध्यम से परोसा जा रहा है। यहां अश्लीलता का बाजार सज चुका है, जिस पर अंकुश लगाना बहुत जरूरी है।



सोनम लववंशी
स्वतंत्र लेखिका

बीते दिनों इसी दिशा में सरकार ने एक अहम फैसला लेते हुए देश के भीतर 18 ओटीटी प्लेटफॉर्म को बैन कर दिया है। द ग्लोबल स्टैटिक्स डॉट कॉम की रिपोर्ट के मुताबिक भारत में 45 करोड़ ओटीटी सब्सक्राइबर्स हैं। ओटीटी कंटेंट में वल्गेरिटी, न्यूडिटी और ड्रग्स एब्यूज को इस हद तक ग्लैमराइज किया जा रहा है कि बच्चे इसके मोहजाल से खुद को रोक नहीं पाते हैं। आजकल ओटीटी पर प्रसारित होने वाली 10 में से 8 वेब-सीरीज या शो ऐसे होते हैं, जिन्हें हम परिवार के साथ नहीं देख सकते हैं। इन शो और वेब सीरीज में अश्लील दृश्यों के साथ-साथ अभद्र भाषा परोसी जा रही है। अब तो स्तर इस हद तक गिर गया है कि स्टूडेंट्स और टीचर्स तक के रिश्ते को भी असभ्य तरीके से दिखाया जा रहा है जिसका समाज पर नकारात्मक असर हो रहा है। एक अन्य रिपोर्ट के अनुसार 2016 से 2020 के दौरान भारत में ओटीटी पर पोर्नोग्राफिक यानी अश्लील कंटेंट 1200 प्रतिशत से ज्यादा तेजी से बढ़े हैं, जो बालमन से लेकर बड़े-बुजुर्ग सभी को प्रभावित कर रहे हैं और जिसकी वजह से सामाजिक ताना-बाना बिगड़ रहा है। ऐसे में सरकार द्वारा ओटीटी प्लेटफॉर्म को इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी एक्ट के तहत सेक्शन 67 और 67 (ए) के भारतीय दंड संहिता के सेक्शन 292 और महिलाओं के अश्लील प्रतिनिधित्व (निषेध) अधिनियम, 1986 की धारा 4 का उल्लंघन करने के आरोप में प्रतिबंधित किया गया है।

टेक्नोलॉजी की नित नई उपलब्धि से भले ही दुनिया हथेली में सिमट कर रह गई है, लेकिन इस टेक्नोलॉजी ने हमारे आसपास से क्या कुछ नहीं छीना है? गौर करेंगे तो हम देखते हैं कि इसी तकनीक ने बच्चों की मासूमियत को छीन लिया है। इसी तकनीक ने अब मानवीय मूल्यों से भी खेलना शुरू कर दिया है, जो एक सभ्य समाज के लिए बेहद दुखद और त्रासदीपूर्ण है। ऐसे में तकनीक ने भले हमें सक्षमता प्रदान की है, लेकिन इसी सक्षमता के साथ हम सभी मानसिक रूप से रुग्ण बनते जा रहे हैं। आज हमारे टीनएजर्स इसी तकनीक की वजह से मानसिक रूप से कमजोर और दूषित मानसिकता के शिकार हो रहें हैं। उनके भीतर अपराधिक प्रवृत्ति जन्म ले रही है। देखा जाए तो देश-दुनिया में इंटरनेट की लत से छुटकारा दिलाने की कोई बेहतर नीति नहीं है। इंटरनेट पर क्या देखा जा रहा है? कोई पता लगाने वाला नहीं है, यह खतरनाक स्थिति है।

# जहां भी ब्लैक स्पॉट शेष हैं, उन्हें चिह्नित कर कार्रवाई करें : डीएम

## मानस सभागार में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित मानस सभागार में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। बैठक में दुर्घटनाओं को कम करने के लिए किये गये कार्यों के संबंध में समीक्षा की गई। यातायात नियमों के संबंध में आमजन को जागरूक करने के लिए सतत कार्य करते रहने के निर्देश दिए गए।


बैठक के दौरान निर्देश देतीं डीएम नेहा प्रकाश, साथ में एसपी चारु निगम। अमृत विचार

डीएम नेहा प्रकाश ने कहा कि जहां भी ब्लैक स्पॉट शेष रह गये हैं उनको भी चिन्हित कर कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि गति को कम करने एवं यातायात नियमों का उलंघन करने वालों पर नजर रखने के लिए कैमरे लगाए जाएं, जिससे उनके विरुद्ध कार्रवाई की जा सके। उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर जनपद औरैया के लिए आने वाले कट पर जनपद का साइन बोर्ड स्थापित कराएं, जिससे वाहन चालक आसानी से उस कट पर उतरकर जनपद में प्रवेश कर सकें। उन्होंने यूपीडा को निर्देशित किया कि एंबुलेंस दुर्घटना के समय तत्काल पहुंचे, इसके लिए सभी संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए जाएं। वाहनों की गति पर अंकुश लगाने के लिए कैमरे भी लगवाएं। उन्होंने बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे की कार्यदायी संस्था को भी यह निर्देश दिए की दुर्घटना के समय आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें, जिससे दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति को समय रहते चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करायी जा सके। उन्होंने सभी संबंधितों से अपेक्षा की कि आपसी समन्वय के साथ दुर्घटना में पीड़ित होने वाले का पूर्ण विवरण तैयार किया जाए, जिससे उसे नियमानुसार बीमा/सहायता राशि समय से उपलब्ध कराई जा सके। जिला मजिस्ट्रेट ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद व नगर पंचायत को निर्देश दिए कि अपने-अपने क्षेत्रों में रेहड़ी व फड़ वालों के लिए बैंडिंग जोन में स्थान चिन्हित कर आवंटन करें और यदि आवंटन के पश्चात भी उनके द्वारा रेहड़ी और फड़ अन्यत्र लगाकर यातायात बाधित होने जैसी स्थिति उत्पन्न की जाती है तो संबंधित पर नियमानुसार जुर्माना आदि की कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने विद्यालयों में संचालित वाहनों के वाहन चालकों की ईएनटी जांच कराये जाने हेतु जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित किया कि वह इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई कराएं। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि यातायात नियमों के संबंध में विद्यालयों में किये गये यातायात नियमों संबंधी जागरुकता कार्यक्रमों के प्रमाण पत्र भी प्राप्त किए जाएं। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अनिल कुमार सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डा सुनील कुमार वर्मा, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग अभिषेक यादव, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी अशोक कुमार, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद व नगर पंचायत सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## मजदूर की गर्भवती पत्नी से मारपीट

**औरैया।** ईंट भट्टे पर पथाई मजदूर ने भट्टा मालिक और उसके पुत्र पर मारपीट का आरोप लगाया है। आरोप है कि गर्भवती पत्नी की मारपीट से उसकी पत्नी की हालत बिगड़ गई। सी एच सी में प्राथमिक उपचार के बाद उसे सैंफई रेफर किया गया है। हमीरपुर के राठ कस्बा निवासी राजेंद्र सिंह अपनी पत्नी सरोज आदि के साथ बतौर पथाई मजदूर काम करता है। होली पर मिलने आए उसके पिता अमर चन्द्र व अन्य परिजन बुधवार को वापिस अपने गांव जा रहे थे। तभी भट्टा मालिक और उसका पुत्र भी वहां पहुंच गया। वापिस जाने की बात को लेकर विवाद होने लगा। आरोप है कि भट्टा मालिक और उसके पुत्र ने मिलकर राजेंद्र, उसकी पत्नी, पिता व मां की मारपीट कर दी। जिसमे राजेंद्र की चार माह से गर्भवती पत्नी सरोज घायल होकर गिर पड़ी। परिजन उसे कोतवाली ले गए। जहां से पुलिस ने इलाज के लिए उसे सीएचसी अजीतमल भेजा।जहां गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने मिनी पीजीआई सैफई के लिए रेफर किया। कोतवाल राजकुमार सिंह ने बताया कि सीओ सदर सहित में स्वयं इसकी जांच कर रहे हैं। जांच के आधार पर विधिक कार्रवाई की जायेगी।

# पेड़ से लटका मिला युवक का शव

संवाददाता ऐरवाकटरा, औरैया

**अमृत विचार।** थाना ऐरवाकटरा क्षेत्र के गांव चिकटा में मंगलवार शाम घर से अबीर गुलाल लेकर निकले युवक का शव बुधवार को गांव से एक किलोमीटर दूर संदिग्ध परिस्थितियों में जामुन के पेड़ की डाली पर चमड़े की बेल्ट से लटका मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। युवक की पड़ोसी गांव की एक लड़की से दोस्ती बताई जा रही है। वहीं युवक के पिता ने पुत्र की हत्या कर शव को पेड़ पर टांगने का आरोप लगाया है।


सोनू।


युवक के शव की जानकारी मिलने के बाद रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

- परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप, चिकटा गांव का मामला

थाना ऐरवाकटरा क्षेत्र के गांव चिकटा निवासी वीरपाल राठौर का 21 वर्षीय पुत्र सोनू मंगलबार की शाम अबीर गुलाल लेकर अपने घर निकला था। जिसके बाद वह घर नहीं पहुंचा। देर रात तक घर न पहुंचने पर परिजनों ने उसे तलाश किया पर पता नहीं चला। बुधवार की सुबह खेतों पर गये लोगों ने गांव से लगभग एक किलोमीटर दूर विनोद कुमार मिश्रा के खेत में खड़े जामुन के पेड़ की डाली पर चमड़े की बेल्ट के फंदे के सहारे सोनू का शव लटका देखा। जानकारी परिजनों व पुलिस को दी। जानकारी होते ही रोते बिलखते परिजन मौके पर पहुंचे। उधर सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने परिजनों व ग्रामीणों की मौजूदगी में वीडियोग्राफी कराते हुए फांसी के फंदे पर लटके शव को पेड़ से नीचे उतारा।

इस दौरान फॉरेंसिक व फील्ड यूनिट टीम भी मौके पर पहुंच गई, मौके से साक्ष्य जुटाए। इसके बाद शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

सीओ बिधूना अशोक कुमार सिंह ने बताया कि युवक द्वारा फांसी लगाये जाने की जानकारी बुधवार की सुबह फोन पर पुलिस को मिली थी। जांच पड़ताल कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मौके पर किए गये स्थलीय निरीक्षण से किसी प्रकार के संघर्ष के चिन्ह नहीं मिले हैं। प्रारम्भिक जानकारी में पता चला कि युवक की पड़ोसी गांव की एक लड़की से गहरी दोस्ती चल रही थी।

प्रथम दृष्टया आत्महत्या का मामला लगता है। हालांकि पुलिस जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा। मृतक के पिता वीरपाल ने आरोप लगाते हुए कहा कि मेरे बेटे को मार कर टांगा गया है। कहा कि 25 मार्च को बुमरहा के विमलेश पुत्र वीरेंद्र ने कहा था कि आगर तुम्हारा पुत्र सोनू हमारे गांव की ओर दिखाई दिया तो उसे मारकर पेड़ पर टांग देंगे।

# ऑटो की टक्कर से युवक की मौत

संवाददाता, सहार/औरैया

**अमृत विचार।** सहार थाना क्षेत्र के सौथरा अड्डा के ऑटो ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार संग्रह सेवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल की।

बिलराया पनवाड़ी राष्ट्रीय राजमार्ग पर सौथरा अड्डा के समीप पुरवा जैन मार्ग के सामने अपने निजी कार्य से दिबियापुर जा रहे बाइक सवार 45 वर्षीय संजय त्रिपाठी उर्फ हीरो पुत्र रामबली त्रिपाठी निवासी नारायनपुर सहार को सामने से आ रहे आटो ने टक्कर मार दी। जब तक राहगीर दौड़े तब तक चालक ऑटो लेकर फरार हो गया। घटना की सूचना राहगीरों ने पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त कर परिजनों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। संजय बिधूना तहसील में संग्रह सेवक के पद पर तैनात थे। परिजन शव नहीं उठने दे रहे थे। ऑटो ड्राइवर को पकड़ने की बात पर परिजन राजी हुए। थाना पुलिस ने घटना की सूचना उच्च अधिकारियों को दी। मौके पर थानाध्यक्ष सहार विनोद कुमार, सीओ बिधूना अशोक कुमार, एसडीएम बिधूना हरिश्चंद्र मौके पर पहुंचे। पुलिस ने परिजनों को आश्वासन देकर शव का पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।


रोते- बिलखते परिजन। अमृत विचार

- परिजनों ने उच्चाधिकारियों के आने के बाद शव को उठने दिया

## सड़क हादसे में घायल युवक ने दम तोड़ा

**अजीतमल, औरैया।** हादसे के 10 दिन बाद एक युवक की ईलाज के दौरान मौत हो गई। अजीतमल कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम दहिया पर निवासी गोपाल राजावत पुत्र भूपेंद्र राजावत उम्र 18 वर्ष और अभिषेक चौहान पुत्र ब्रजेंद्र सिंह चौहान 17 वर्ष का 18 मार्च 2024 को पंचशील ढाबा के पास सर्विस रोड पर तेज रफ्तार ईको कार ने टक्कर मार दी थी। इसमें पैदल जा रहे दोनों लोग घायल हो गए थे, जिसमें आज अभिषेक राजावत पुत्र भूपेंद्र राजावत की आगरा के प्राइवेट हॉस्पिटल में ईलाज चल रहा था आज वहा मना कर देने के बाद कानपुर ले जाते समय सैफई के पास हालत विगडने पर भर्ती कराया गया। जहा सैफई हॉस्पिटल में मौत हो गई।

# चुनावी रंजिश में प्रधान के घर जाकर मारपीट

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- घर में ईंट- पत्थर फेंके, पत्नी और भाई हुए घायल
- डेढ़ दर्जन लोगों ने बोला हमला, कार क्षतिग्रस्त की

**अमृत विचार।** चुनावी रंजिश के चलते करीब डेढ़ दर्जन दबंगों ने प्रधान के घर जाकर पत्नी और भाई के साथ मारपीट की। दहशत फैलाने के लिए उन्होंने घर पर ईंट पत्थर फेंके और दरवाजे पर खड़ी कार में तोड़फोड़ की। प्रधान की पत्नी और भाई के विरोध करने पर दबंगों ने दोनों की लाठी डंडों से पिटाई कर दी।

वारदात सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गयी है। मामला कुदरकोट थाना क्षेत्र के मानी कोठी गांव का है। पुलिस ने करीब 18 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। प्रधान की पत्नी और भाई का मेडिकल कराया गया है। आरोपियों की धर पकड़ में दबिश दी जा रही है। उपेंद्र यादव, संजेश यादव, छमाकांत शर्मा, अन्नू शिवम् यादव सहित कुल 18 लोगों ने रात में प्रधान विनोद कुमार के घर पर हमला बोल दिया। दरवाजे पर खड़ी कार को क्षतिग्रस्त कर दिया। घर पर ईंट-पत्थर फेंककर दहशत फैलाने की कोशिश की गई। प्रधान की पत्नी सुनेना और भाई अनिल बाहर निकले। दबंगों ने दोनों के साथ मारपीट की। हल्ला सुन कर ग्रामीण आ गए। ग्रामीणों को देखकर दबंग फरार हो गये। घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में दबंगों की करतूत कैद हो गयी है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने तत्काल दोनों का मेडिकल कराया।


मारपीट में घायल प्रधान का भाई व पत्नी। अमृत विचार

पीड़ित प्रधान की तहरीर पर 18 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। सीओ बिधूना अशोक कुमार ने बताया कि कुदरकोट थाना को रात मारपीट की सूचना मिली थी। मौके पर थानाध्यक्ष पूजा सोलंकी सहित भारी संख्या में पुलिस बल पहुंचा। पीड़ितों का मेडिकल कराया गया। तफ्तीश के दौरान पता चला कि चुनावी रंजिश में घटना को अंजाम दिया गया है। हमला तोड़फोड़ और मारपीट मामले में आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर किया गया है।

# बाइक की टक्कर से छात्रा की हुई मौत

संवाददाता, अजीतमल, औरैया,

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत भीखेपुर के पास सर्विस रोड पर तेज रफ्तार बाइक चालक ने साइकिल सवार स्कूली छात्रा को टक्कर मार दी। इससे वह बुरी तरह घायल हो गई। घायल अवस्था में उसको सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अजीतमल ले जाया गया। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। छात्रा की मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया।


उपासना

जानकारी के अनुसार अजीतमल कोतवाली क्षेत्र के गांव तड़वा बिकु की रहने वाली उपासना ( 18 वर्ष ) पुत्री शिशुपाल कस्वे में स्थित जनता डिग्री कॉलेज में बी ए की छात्रा थी। बुधवार की शाम वह अजीतमल में स्थित एक कोचिंग सेंटर से कोचिंग पढ़ने के बाद अपने घर जा रही थी। जैसे ही वह भीखेपुर सर्विस रोड पर पहुंची थी। तभी पीछे से तेज रफ्तार बाइक सवार ने साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे साइकिल सवार छात्रा उछल कर दूर जा गिरी और बाइक सवार भी घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने छात्रा और घायल युवक अभिषेक कुमार पुत्र राजेंद्र सिंह निवासी विद्यानगर बाबरपुर को सीएचसी अजीतमल ले गए। यहां छात्रा को मृत घोषित कर दिया गया।

## सड़क हादसे में तीन लोग घायल

**सहार,औरैया।** सहार थाना क्षेत्र बिलराया पनबाडी राष्ट्रीय राजमार्ग पर भिम्मा पुर्वा मोड़ के समीप किशनपुर थाना दिबियापुर निवासी सत्यप्रकाश पुत्र चतुर सिंह उम्र 18 वर्ष, पवन कुमार पुत्र पप्पू सिंह, उम्र 19 वर्ष सूरज पुत्र भूरेलाल उम्र 22 वर्ष यह तीनों युवक बाइक पर सवार होकर बेला की तरह जा रहे थे बेला की तरह से आ रही ओमनी इन दोनों की आमने सामने टक्कर हो गई, जिससे बाइक सवार रोड पर गिर पड़े ग्रामीणों की मदद से पुलिस को सूचना दी गई सूचना मिलते ही थाना प्रभारी विनोद कुमार अपने हमराहियों के साथ घटना पर पहुंचे और घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहार भर्ती कराया गय जहां से उन्हें तिर्वा मेडिकल रेफर कर दिया गया।

# एक-दूसरे को दी होली की बधाइयां

संवाददाता, फफूंद, औरैया

**अमृत विचार।** नगर के ख्याली दास मंदिर के सामने स्थित एक गेस्ट हाउस में बुधवार को राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के तत्वावधान में होली मिलन समारोह हुआ। इसमें समाज के पदाधिकारियों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर एवं

गले मिलकर होली की शुभकामनाएं दी। शुभकामनाएं देने वालों में प्रमुख रूप से जिला प्रचारक आरएसएस अनूप, शाखा पालक मान राजेन्द्र, शाखा कार्यवाह राम नरेश, उत्सुक, शाखा शारीरिक प्रमुख हरीशंकर, जिला प्रचारक अजीत आदि मौजूद रहे।


गेस्ट हाउस में होली मिलन समारोह के दौरान मौजूद लोग। अमृत विचार

## कार्यकर्ताओं के साथ खेली होली

**अजीतमल, औरैया।** तहसील क्षेत्र अंतर्गत नगर पंचायत बाबरपुर के चेयरमैन आशा चक के घर होली मिलन समारोह के अवसर पर निवर्तमान सांसद डॉ. राम शंकर कठेरिया सहित तमाम पार्टी कार्यकर्ता होली मिलन समारोह के अवसर पर समस्थ लोगों ने होली खेली और पार्टी कार्यकर्ता साथ रहे। सांसद रामशंकर कठेरिया के साथ ब्लॉक प्रमुख रजनीश पांडे, चेयरमैन प्रतिनिधि अखिलेश चक्र, ज्ञानेंद्र शुक्ला, मुकेश दीक्षित आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### महिला ने लगाया गाली-गलौज, मारपीट का आरोप

**अछल्दा, औरैया।** थाना क्षेत्र के ग्राम नगरिया निवासी सोनी देवी पत्नी आनन्द कुमार बहेलिया ने थाने में प्रार्थना पत्र देते हुए आरोप लगाया है कि वह 26 मार्च मंगलवार को होली के पर्व पर महिलाओं के साथ होली खेल रही थी। तभी, गांव के ही पिंकू भदौरिया ने उसके मोहल्ले में आकर जातिसूचक गालियां दीं। मना करने पर लात-घूंसों से मारपीट करने लगा। पीड़िता द्वारा डायल 112 नम्बर पर डायल किया। पुलिस के पहुंचने से पहले ही आरोपी भाग गया। थाना प्रभारी अशोक उपाध्याय ने बताया कि तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है।

### नशामुक्ति का लिया संकल्प

**औरैया।** दिबियापुर नगर के लोहिया नगर में मंगलवार देर शाम वार्ड सभासद ममता देवी ने होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया। इस मौके पर वार्ड के सैकड़ों लोगों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली मनायी। इस मौके पर मौजूद श्याम नारायण शुक्ला ने लोगों से त्योहार पर नशा न करने की सलाह देते हुये कहा कि नशे में हम लोग अपनी गाढ़ी कमाई को बर्बाद कर रहे हैं, जिससे कारण परिवार में कलह होती है। उन्होंने कहा कि नशे में होने वाले खर्च को बच्चों की पढ़ाई में करो जिससे शिक्षित होकर समाज आगे बढ़ेगा। उन्होंने मौजूद लोगों से हाथ उठवाकर नशा न करने का संकल्प भी दिलवाया। कार्यक्रम में सभासद ममता देवी, पूर्व सभासद राजकुमार, पूर्व सभासद संजय चौहान, पूर्व सभासद अनिल यादव के अलावा अशोक पाल, ब्रजकिशोर सक्सेना, राजेन्द्र यादव, रामनारायण शर्मा, निशांत चौबे, कनौजी पाल, पवन कुमार आदि मौजूद रहे।

### तालाब की भूमि पर मकान बनाने का आरोप

**ककोर, औरैया।** जिला मुख्यालय के अंतर्गत ककोर गांव में राजस्व अभिलेख में दर्ज सरकारी तालाब पर गांव के प्रधानपति पर कब्जाकर दो मंजिला मकान बनाने का आरोप है। जबकि सरकारी तालाब की गाटा संख्या 612 सरकारी राजस्व अभिलेखों में सुरक्षित भूमि तालाब के खाते में अंकित है। यह सरकारी जमीन की गाटा संख्या 612 में ग्राम पंचायत के ककोर बुजुर्ग बाजार में दर्ज है। इससे वर्षा का जल निकासी की बहुत बड़ी समस्या उत्पन्न हो गई है। वर्षा जल निकासी न होने के कारण ग्राम में बीमारी की बड़ी समस्या हो जाती है, जिससे लोग बीमार हो रहे हैं। इसकी रमेश चंद्र कई बार लिखित शिकायत की, लेकिन कोई उचित कार्रवाई न होने से लोगों में आक्रोश है। क्योंकि ग्राम प्रधानपति कानूनगो से रिटायर है। एक बार एसडीएम के साथ जेसीबी आई और खानापूर्ति कर वापस लौट गई।



तहसीलदार से वार्ता करते अधिवक्ता। अमृत विचार

### अधिवक्ताओं का धरना खत्म

**अजीतमल, औरैया।** तहसील में चल रहे अधिवक्ताओं का धरना प्रदर्शन तहसीलदार जितेश वर्मा से वार्ता के साथ बुधवार को समाप्त हो गया। बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों और अधिवक्ताओं ने आज अजीतमल तहसीलदार जितेश वर्मा के साथ तहसील सभागार में बैठकर वार्ता की। तहसीलदार ने बताया कि अधिवक्ताओं की जायज मांगों को मानते हुए वार्ता हुई, जिसमें दोनों पक्षों से सामजस्य बनाए रखने की बात कही गई। इस मौके पर बार एसोसिएशन के पदाधिकारी मौजूद रहे।

धर्म- अध्यात्म

## जिस स्थान पर कथा होती है वह तीर्थ स्थल बन जाता है : ऋषीकेश्वर महाराज

# कलश यात्रा में उमड़ा आस्था का ज्वार, भागवत कथा शुरू

संवाददाता, बिधूना, औरैया

**अमृत विचार।** भव्य एवं पारंपरिक वेश में बुधवार को कस्बा के नदी पुल से श्रीमद् भागवत कथा की कलश यात्रा के साथ शुरुआत हुई। अयोध्या धाम से आए ऋषीकेश्वर के नेतृत्व में कस्बे के कथा आयोजन स्थल से पवित्र जलस्त्रोत से जल भरने के साथ शुरू हुई कलश यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। पवित्र जलस्त्रोत से कलश को भर कर लाने के बाद कथा आयोजन स्थल पर धार्मिक विधि एवं मंत्रोच्चरण के साथ स्थापित किया गया। आरती के साथ शुरू किए गए श्रीमद्भागवत कथा में संत ऋषीकेश्वर महाराज ने श्रद्धालुओं को सर्वप्रथम इसकी महिमा से अवगत कराया। बिधूना के नदी पुल पर उन्होंने बताया कि विश्व में सभी कथाओं में ये श्रेष्ठ मानी गई है। जिस स्थान पर इस कथा का आयोजन होता है, वो तीर्थ स्थल कहलाता है। इसका सुनने एवं आयोजन कराने का सौभाग्य भी प्रभु प्रेमियां को ही मिलता है। ऐसे में अगर कोई दूसरा अन्य भी इसे गलती से भी श्रवण कर लेता है, तो भी वो कई पापों से मुक्ति पा लेता है। इसलिए सात दिन तक चलने वाली इस पवित्र कथा को श्रवण करके अपने जीवन को सुधारने का मौका हाथ से नहीं जाने देना चाहिए। अगर कोई किसी व्यवस्तता के कारण नहीं सुन सकता है, तो वह दो तीन या चार दिन ही इसे सुनने के लिए अपना समय अवश्य निकालें। ये कथा भगवान श्री कृष्ण के मुख की वाणी है, जिसमें उनके अवतार से लेकर कंस वध का प्रसंग का उल्लेख होने के साथ-साथ इसकी व्यक्ति के जीवन में महत्ता के बारे में भी बताया गया है। इसके सुनने के प्रभाव से मनुष्य बुराई त्याग कर धर्म के रास्ते पर चलने के साथ साथ मोक्ष को प्राप्त करता है। महाराज ने बताया कि इस कथा को सबसे पहले अभिमन्यु के बेटे राजा परीक्षित ने सुना था, जिसके प्रभाव से उसके अंदर तक्षक नामक नाग के काटने से होने वाली मृत्यु का भय दूर हुआ और उसने मोक्ष को प्राप्त किया था। कलश यात्रा के दौरान परीक्षित कृष्ण मुरारी पोरवाल, कंचन पोरवाल, लक्ष्मी नारायण पोरवाल, जय नारायण, गिरजाशंकर, सीताराम, श्याम, रामजी, गोपाल, अनमोल, भरत आदि मौजूद रहे।


कलश यात्रा के दौरान शामिल श्रद्धालु। अमृत विचार

## कलाकृतियों का किया गया प्रदर्शन

**अजीतमल, औरैया।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के निर्देशन और संरक्षण में कला, नवाचार व संस्कृति संबंधित उत्सव का आयोजन किया गया। इसमें जनपद के परिषदीय शिक्षकों के द्वारा बढ़चढ़ कर प्रतिभाग किया गया। परिषदीय स्कूलों के बच्चों तथा स्वयं के द्वारा व अनुपयोगी समझी जाने वाली सामग्री से हस्त निर्मित कलाकृतियां प्रस्तुत किए गए। साथ ही संस्थान के प्रशिक्षुओं द्वारा उनके स्वयं की निर्मित कलाकृतियों का प्रदर्शन भी किया गया। सभी प्रतिभागियों के द्वारा अत्यंत सराहनीय व उत्कृष्ट कार्य के नमूने दिखाए गए। जिसमे अंजना राय, प्राथमिक विद्यालय ममरेजपुर आल, विकास खंड अछल्दा ने प्रथम स्थान पाया। सहायक अध्यापक कल्पना प्राथमिक विद्यालय महाराजपुर विकास खंड अजीतमल ने द्वितीय स्थान पाया। निर्णायक की भूमिका एसआरजी सुनील दत्त राजपूत आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### मुख्य सचिव के घर होली में खर्च हुए 2.63 लाख

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र के सरकारी आवास पर होली के दिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों का खूब रंग जमा। इसका पता चला बुधवार को जारी शासनादेश से हुआ। शासनादेश के माध्यम से संस्कृति निदेशालय के निदेशक को 2.63 लाख की धनराशि भेजी गई है। आमतौर पर होली में शीर्ष अधिकारी अपने आवास पर अपने-अपने क्षमता के अनुसार व्यवस्थाएं करते हैं। इस बार किसी ने खास कार्यक्रम को लेकर कोई आमंत्रण भी नहीं भेजा था। शासन के अनु सचिव रघुनाथ प्रसाद वर्मा की ओर से बुधवार को जारी शासनादेश में स्पष्ट है कि 25 मार्च तो मुख्य सचिव के सरकारी आवास विक्रमादित्य मार्ग पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का खूब रंग जमा था। इसमें कुल दो लाख 63 हजार रुपये खर्च हुए। जिसकी प्रशासनिक और वित्तीय स्वीकृति भी राज्यपाल से ले ली गई। शासन ने यह धनराशि बुधवार को संस्कृति निदेशालय के निदेशक को भेजने के साथ भुगतान को वास्तविक बिल-बाउचर्स के आधार पर करने का भी निर्देश दिया है।

# चुनाव आयोग की पाबंदियों का दिख रहा असर, असली परीक्षा अभी बाकी

## 11 दिनों में अब तक कुल 85 करोड़ कीमत के उपहार, शराब और नकदी बरामद

राज्य ब्यूरो, लखनऊ




▶▶ **2014 में 1200 करोड़, 2019 में 3449 करोड़ के उपहार और नकदी बरामद हुई थी**

**अमृत विचार:** 2024 के लोकसभा चुनावों के दौरान आचार संहिता के अनुपालन में चुनाव आयोग लगातार कार्रवाइयां कर रहा है। अबतक लगभग 85 करोड़ रुपए की बहुमूल्य धातुएं, उपहार और नगदी बरामद की जा चुकी है। लेकिन विगत दो लोकसभा चुनावों को अगर गौर किया जाए तो इस बार इस तरह की अवैध गतिविधि कम नजर आ रही है। चुनाव प्रचार का आरंभिक दौर होने के कारण अभी अंतिम रूप से कुछ नहीं कहा जा सकता, लेकिन कार्रवाइयों और परिणामों से प्रतीत हो रहा है कि आयोग ने मतदाताओं को अवैध नगदी और उपहार के लेनदेन में काफी अंकुश लगाया है।

आयोग के आंकड़ों पर गौर किया जाए तो 2014 के लोकसभा चुनावों के दौरान छापेमारी और बैरियर लगाकर जो बरामदगी की गई थी, वह 12 सौ करोड़ थी। आयोग के मुताबिक इन 12 सौ करोड़ रुपए में बहुमूल्य वस्तुएं, शराब और नगदी थी। जबकि 2019 के चुनाव में यह आंकड़ा अप्रत्याशित रूप से बढ़कर 3449 करोड़ पहुंच गया। यह आश्यर्चजनक इसलिए भी था क्योंकि चुनाव के कुछ समय पहले ही नोटबंदी हुई थी।

ऐसे में इतने बड़े पैमाने पर बरामदगी हर किसी को चौंका रही थी। 2024 के लोकसभा चुनाव में भी आयोग के निर्देश पर पूरे प्रदेश भर में लगातार धर-पकड़ हो रही है। आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक लगभग 85 करोड़ रुपए कीमत की बहुमूल्य उपहार, शराब और नगदी बरामद की जा चुकी है। पूर्व में हुए चुनावों के आंकड़ों से अगर तुलना करें, तो इस रकम से यह प्रतीत हो रहा है कि आयोग की सख्ती का असर हो रहा है।

प्रत्याशियों में आयोग का भय बढ़ा है। विगत सोमवार को आयोग द्वारा की गई कार्रवाई के बाद जारी किए गए आंकड़ों पर अगर गौर करें तो नगदी बांटने एवं अन्य मामलों में 13 एफआईआर दर्ज कराए गए। लेकिन बरामदगी का आंकड़ा नहीं बताया गया। इसका मतलब है कि कोई खास बरामदगी नहीं हुई। हालांकि बुधवार की देर शाम जारी आंकड़ों के मुताबिक अब तक कुल 85 करोड़ रुपए कीमत के उपहार, शराब और नगदी बरामद की जा चुकी है। प्रथम चरण के मतदान को कुल 22 दिन शेष रह गए हैं। इन 22 दिनों तक अगर आयोग ऐसे ही सख्ती कर ले गया तो चुनावों में नगदी और उपहार बांटने के सिलसिले में काफी अंकुश लग जाएगा। यह एक सकारात्मक संदेश भी है।

# दूसरे चरण के चुनाव के लिए नामांकन आज से

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▶▶ **26 अप्रैल को होगा मतदान**

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को लेकर प्रदेश में दूसरे चरण की आठ सीटों पर चुनाव के लिए 28 मार्च से नामांकन शुरू होंगे। इन सीटों पर 26 अप्रैल को मतदान होगा।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि 28 मार्च को दूसरे चरण की अधिसूचना जारी होने के बाद सुबह 11 बजे से नामांकन शुरू हो जाएंगे। प्रत्याशी अपराह्न 3 बजे तक नामांकन कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि इस चरण में अंतर्गत अमरोहा, हापुड़, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर (अजा), अलीगढ़ व मथुरा सीटों के लिए चुनाव होना है। द्वितीय चरण की आठ सीटों में सात सीटें सामान्य श्रेणी की हैं और एक सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। अमरोहा, हापुड़, मेरठ, गाजियाबाद, बागपत, बुलंदशहर, गौतम बुद्ध नगर, अलीगढ़ व मथुरा सहित नौ जिलों के अंतर्गत लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र आते हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इस चरण में नामांकन भरने की अंतिम तिथि 4 अप्रैल निर्धारित है। नामांकन पत्रों की जांच 5 अप्रैल को की जायेगी। 8 अप्रैल को अपराह्न 3 बजे तक नाम वापसी की अंतिम तिथि निर्धारित है।

### 1.67 करोड़ मतदाता करेंगे मतदान

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि दूसरे चरण में लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 1.67 करोड़ मतदाता हैं, जिसमें 90.11 लाख पुरुष मतदाता, 77.38 लाख महिला मतदाता व 787 थर्ड जेंडर हैं। इन निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 7,797 मतदान केन्द्र व 17,677 पोलिंग बूथ हैं।

### इंडिया गठबंधन देश की जरूरत : स्वामी प्रसाद

**अमृत विचार, लखनऊ :** राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा कि इंडिया गठबंधन देश की जरूरत है। उनकी पार्टी गठबंधन को मजबूत करेगी। आजाद समाज पार्टी व अन्य क्षेत्रीय दलों के साथ गठबंधन की चर्चाओं को खारिज करते हुए उन्होंने कहा कि वह चुनाव में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों को जिताने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार में गरीबों, अनुसूचित व पिछड़े वर्ग के लोगों के साथ अन्याय हो रहा है। महंगाई चरम पर है। लोकतंत्र व संविधान खतरे में है। विपक्षी दलों के नेताओं को फर्जी मुकदमों में जेल भेजा जा रहा है।



पुलिस मुख्यालय में फूलों की होली खेलते डीजीपी प्रशांत कुमार व अन्य अफसर। अमृत विचार

# डीजीपी के साथ अफसरों ने खेली फूलों की होली

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** होली का त्योहार सकुशल संपन्न कराने के बाद बुधवार को पुलिस मुख्यालय में भी होली खेली गई। यहां रंगों की बजाय फूलों की होली खेली गई।

पुलिस महानिदेशक की ओर से आयोजित कार्यक्रम में पुलिस मुख्यालय के अलावा अन्य इकाइयों में नियुक्त पुलिस अधिकारी और रिटायर्ड अधिकारी भी शामिल हुए। डीपीजी प्रशांत कुमार ने अधिकारियों की सकुशल होली संपन्न कराने को लेकर सराहना की।

इस मौके पर पुलिस महानिदेशक रूल्स एंड मैनुअल, पुलिस महानिदेशक होमगार्ड, पुलिस महानिदेशक कारागार प्रशासन, पुलिस महानिदेशक फायर सर्विस, पुलिस महानिदेशक पावर कार्पोरेशन, पुलिस महानिदेशक प्रशिक्षण निदेशालय, बिजिलेंस के अलावा तमाम अधिकारियों ने एक दूसरे के साथ होली खेली।

# प्रत्याशी घोषित करने में बसपा सबसे पीछे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव का आगाज हो चुका है। प्रदेश की 80 सीटों में बसपा ने अभी तक 25 प्रत्याशी घोषित किये हैं। भाजपा ने 63, सपा ने इंडिया गठबंधन अंतर्गत मिली 63 सीटों में 47 उम्मीदवार और कांग्रेस ने अपने हिस्से की 17 सीटों में 15 पर प्रत्याशी घोषित कर दिये हैं।

गत चुनावों की तरह इस बार बसपा के कार्यालय पर दावेदारों की भीड़ नहीं जुट रही है, इसीलिए 80 सीटों पर जिताऊ प्रत्याशी घोषित करने में बसपा को मशक्कत करनी पड़ रही है। प्रदेश में 4 बार सरकार बनाने वाली और 2007 से 2012 के सवर्णिम काल में पूर्ण बहुमत की सरकार चलाने वाली बसपा प्रत्याशी घोषित करने में सबसे पीछे चल रही है। प्रदेश में बसपा का अपना बड़ा वोट बैंक है। यह वोट बैंक मायावती के निर्देशों पर सक्रिय रहता है। इसी कोर वोट बैंक के भरोसे चुनाव में जीत की उम्मीद रखने वाले उम्मीदवारों की भीड़ मायावती के दरवाजे जुटी रहती थी।

इस चुनाव में बसपा के 34 प्रत्याशी दूसरे नंबर पर रहे थे। 2019 के चुनाव में स्थितियां ज्यादा नहीं बदलीं और बसपा ने 22,246,501 वोट पाकर 10 सीटों पर विजय प्राप्त की थी। इसी वोट बैंक के चलते बसपा उम्मीदवार चुनाव में जीत की गारंटी मानते हैं। इसके बावजूद इस चुनाव में बसपा कार्यालयों में दावेदारों की कमी दिख रही है। इतना ही नहीं, प्रत्याशी चयन का जिम्मा पार्टी के मंडल प्रभारी संभाल रहें हैं लेकिन चयनित प्रत्याशियों पर अंतिम मुहर बसपा प्रमुख मायावती ही लगा रही हैं। अब तक बसपा 25 प्रत्याशियों के नाम की दो सूची जारी कर चुकी है।

बसपा के एमएलसी व लखनऊ मंडल प्रभारी भीम राव आंबेडकर का कहना है कि बसपा अपने प्रत्याशी घोषित नहीं कर रही है, इसी वजह से दूसरे दल भी अपने सभी प्रत्याशी नहीं घोषित कर रहे हैं। क्योंकि अभी तक दूसरे दल, बसपा प्रत्याशी को देखकर अपने प्रत्याशी घोषित करते आए हैं। रणनीति के तहत बसपा चरणबद्ध तरीके प्रत्याशी घोषित कर रही है, लोकतंत्र में नामांकन की अंतिम तिथि तक प्रत्याशी घोषित करने का विशेषाधिकार राजनैतिक दल के पास होता है।

# 6,790 सीटों के लिए 36,778 ने किया आवेदन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ **आश्रम पद्धति विद्यालय में दाखिले के लिए आज होगी परीक्षा**

▶▶ **कक्षा छह, सात, आठ, नौ और 11वीं में दाखिले के लिए हो रही हैं परीक्षाएं**

**अमृत विचार :** समाज कल्याण विभाग की ओर से प्रदेश में संचालित 94 आश्रम पद्धति विद्यालयों में विभिन्न कक्षाओं में दाखिले के लिए गुरुवार को परीक्षा होगी। दाखिले के लिए 6790 सीटों के सापेक्ष 36778 आवेदन आए हैं। अप्रैल से शुरू होने वाले जौनपुर के दो और अयोध्या के एक विद्यालय के लिए भी परीक्षा होगी।

बता दें कि समाज कल्याण विभाग की ओर से प्रदेश में 94 आश्रम पद्धति विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं और इसमें लगभग 32 हजार छात्र-छात्राएं अध्यनरत हैं। निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि कक्षा छह, सात, आठ, नौ और 11वीं में रिक्त सीटों के लिए दाखिला परीक्षा होगी। उन्होंने बताया कि जौनपुर में दो और अयोध्या में एक नए आश्रम पद्धति विद्यालय में भी कक्षा छह, सात और आठ में दाखिले के लिए परीक्षा होगी। सबसे अधिक आवेदन कक्षा छह के लिए आए हैं। उन्होंने बताया कि प्रत्येक विद्यालय के हिसाब से 70 बच्चों का दाखिला भी होगा। सभी जिला समाज कल्याण अधिकारियों को परीक्षा का प्रश्न पत्र भेज दिया गया है।

# चुनाव से औद्योगीकरण पर असर नहीं, करोड़ों के अनुदान जारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▶▶ **एसीएस मनोज कुमार ने राइस मिलों व प्रसंस्करण इकाइयों को दिए पूंजीगत अनुदान**

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटे अधिकारियों का रुटीन कामकाज भी ढर्रे पर है। प्रदेश के औद्योगीकरण के लिए इकाइयां लगा रही कंपनियों को नीति के तहत घोषित करोड़ों रुपये अनुदान तेजी से जारी हो रहा है।

ऐसे तमाम मामलों का औद्योगिक विकास विभाग के अपर मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह की ओर से रोजाना निस्तारण हो रहा है। खाद्य प्रसंस्करण नीति 2017 के तहत कृषि उत्पादन आयुक्त की अध्यक्षता में गठित स्टेट लेबल इंपावर्ड कमेटी की बैठक में पहले प्रदेश के विभिन्न जिलों में लग रहीं इकाइयों को अनुदान स्वीकृत किए गए थे। इसके तहत कानपुर देहात की मे. डैरा बिल्टी साल्यूशन प्रालि. की एक्सपेलर इकाई को 41.18 लाख पूंजीगत अनुदान भेजा गया है। इसी तरह कानपुर के इंडस्ट्रियल एरिया जैनपुर में स्थापित मे. मार्डन स्नैक्स प्रालि. को 23.86 लाख का पूंजीगत अनुदान भेजा गया है।

रायबरेली के ग्राम शेरी हरिचंदपुर में स्थापित मे. विजय राइस मिल को 25.11 लाख रुपये, बहराइच के सलारपुर में स्थापित मे. शकील अहमद एंड ब्रदर्स को 47.03 लाख, रामपुर के ग्राम कमुआ, नगला, विलासपुर में स्थापित मे. अंजुम आबिद अली राइस मिल को 27.30 लाख, रायबरेली के पखरौली, डलमऊ में लगी मे. डलमऊ फूड्स को 50 लाख, लखनऊ के बक्सी का तालाब में लगी मे. रामनिवास फ्लोर मिल प्रालि. को 50 लाख और अमेठी के विशुनदासपुर, गौरीगंज में स्थापित मे. शांति फूड्स को 43.86 लाख रुपये का पूंजीगत अनुदान शासन ने भेजा है।

एसीएस ने उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के निदेशक को हिदायत दी है कि भेजे गए अनुदान राशि का सदुपयोग इकाई में हो। अनुदान के लिए स्वीकृत धनराशि जारी करने से पहले संस्था के सभी अभिलेखों की जांच और स्थलीय निरीक्षण पूरा किया जाएगा। किसी भी प्रकार की अनियमितता पर उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के निदेशक उत्तरदायी होंगे।

# लक्ष्य अभी शेष, हासिल करने में हो रहे ढेर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ **मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत एक लाख 14 हजार जोड़ों का कराना है विवाह**

▶▶ **27 तक एक लाख 5 हजार जोड़ों का हो चुका है विवाह, 83 हजार से अधिक को किया गया भुगतान**

▶▶ **लखनऊ जनपद निर्धारित लक्ष्य का 50 प्रतिशत ही कर सका हासिल**




**अमृत विचार :** वित्तीय वर्ष समाप्त होने में चार दिनों का समय शेष रह गया है और मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत नौ हजार जोड़ों का विवाह करना शेष है। खास बात यह है कि लखनऊ जनपद अपने निर्धारित लक्ष्य का 50 प्रतिशत ही हासिल कर सका है। जबकि गोरखपुर प्रदेश में अव्वल है।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत गत वर्ष अक्टूबर माह में पंजीकरण कराए गए थे। शिविर लगाकर योजनाओं का प्रचार-प्रसार भी किया गया था। नवंबर के अंतिम सप्ताह में विवाह समारोह प्रदेश में शुरू हो गए थे। प्रदेश के 75 जिलों में 1 लाख 14 हजार जोड़ों का लक्ष्य रखा गया था। 27 मार्च तक प्रदेश में 1 लाख 5 हजार जोड़ों का विवाह कराया गया। सूत्रों के अनुसार, कुछ जिले अपना लक्ष्य कम कराने में भी पिछले एक सप्ताह से लगे हुए हैं। लखनऊ जिले को 12,00 का लक्ष्य दिया गया था और 632 जोड़ों का विवाह करा पाएं। गोरखपुर में 4069, मुरादाबाद में 3701, रामपुर में 3300, बिजनौर में 3459, बाराबंकी में 1753, कानपुर में 796 और सीतापुर में 2282 जोड़ों का विवाह हुआ। वित्तीय वर्ष समाप्त में होने में चार दिन का बचे हैं और नौ हजार जोड़ों का विवाह कराने की चुनौती है। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि 83 हजार से अधिक जोड़ों का भुगतान कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रयास किया जा रहा है।

### पांच ग्राम न्यायालयों में जजों की नियुक्ति

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्यपाल की ओर से हाई कोर्ट से परामर्श करने के बाद पांच ग्राम न्यायालयों में सिविल न्यायाधीश (जूनियर डिवीजन) संवर्ग के अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। इसकी जानकारी शासन ने अधिसूचना जारी करके दी है। प्रमुख सचिव न्याय विनोद सिंह रावत की ओर से जारी की गई अधिसूचना के मुताबिक, बहराइच जनपद के तहसील मुख्यालय महसी स्थित ग्राम न्यायालय में पंकज कुमार द्वितीय, हरदोई के संडीला में प्रवीण कुमार गौतम, कासगंज के पटियाली में अनुराग प्रथम, रामपुर के बिलासपुर में बिंदू यादव और गोंडा के करनैलगंज तहसील में अरुण कुमार गौतम को ग्राम न्यायालय में न्यायाधीश नियुक्त किया गया है।

## वर्ग पहेली-22

**बाएं से दाएं**

3. 1. गोपनीय बात का प्रकट हो जाना 2. भेद प्रकट हो जाना, रहस्य प्रकट हो जाना।
4. थोड़ा या थोड़े से कुछ अधिक।
7. 1. सुरीले स्वरवाला 2. (संगीत) जिसका स्वर शास्त्रीय पद्धति के अनुरूप हो 3. महीन और मीठा (स्वर)।
8. परंपरागत रूप से शिव के लिए प्रयोग किया जाने वाला शब्द।

**ऊपर से नीचे**

1. गुड़गुड़ शब्द होना।
2. 1. दूर किया या हटाया हुआ 2. एक स्थान से दूसरे स्थान पर पहुंचाया हुआ 3. जिसे कोई भगा या हर ले गया हो।
3. जिसे भांग पीने की लत हो, भांग का नशा करने वाला, भंगेड़ी।
5. 1. निकटता, नज़दीकी 2. उपस्थिति, विद्यमानता 3. सम्मुखता, सामना।
6. (संगीत में) सरगम या सप्तक का 'प' के रूप में पांचवां स्वर जिसे कोयल की कूक का स्वर भी माना जाता है।




### वर्ग पहेली -21 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 दू | | | | 2 रू | | 3 वि |
| का | | 4 दु | | हा | | रो |
| न | | नि | | 5 नि | बो | ध |
| | 6 ह | या | ल | य | | |
| | | दा | | 7 त | 8 मा | चा |
| 9 अ | भि | र | त | | निं | |
| | | | | 10 दा | द | रा |

### सुडोकू -101

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 5 | | 7 | | | 2 | | |
| 8 | | | | 2 | | 6 | | |
| | 3 | | | | 6 | | | |
| 6 | | 8 | | | | | 2 | |
| | 2 | | | | | | 8 | |
| | | | 4 | | | 3 | | 9 |
| | 6 | 4 | | | | | 7 | |
| | | 1 | | 6 | | | | 2 |
| | | | | | 8 | | 5 | |

### सुडोकू -100 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 1 | 4 | 8 | 2 | 6 | 9 | 5 | 3 |
| 9 | 6 | 8 | 7 | 3 | 5 | 2 | 1 | 4 |
| 2 | 3 | 5 | 1 | 4 | 9 | 8 | 6 | 7 |
| 6 | 2 | 1 | 9 | 7 | 3 | 5 | 4 | 8 |
| 4 | 9 | 7 | 2 | 5 | 8 | 1 | 3 | 6 |
| 8 | 5 | 3 | 6 | 1 | 4 | 7 | 9 | 2 |
| 3 | 4 | 2 | 5 | 8 | 1 | 6 | 7 | 9 |
| 5 | 7 | 9 | 4 | 6 | 2 | 3 | 8 | 1 |
| 1 | 8 | 6 | 3 | 9 | 7 | 4 | 2 | 5 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 28 मार्च, गुरुवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-चैत्र, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-तृतीया 18.56 तक तत्पश्चात चतुर्थी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-दक्षिण। **ऋतु**-वसंत।

चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।

ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।

नक्षत्र-स्वाती 18.38 तक तत्पश्चात विशाखा।

**मेष** — आज जीवनसाथी आपसे पुरानी दबी हुई इच्छा को प्रकट करेगा। वैवाहिक जीवन काफी सुखमय रहने वाला है। अपने सहकर्मियों से ईर्ष्या न करें। व्यापार में कुछ नया प्रयोग कर सकते हैं। महंगी वस्तुओं पर धन खर्च करेंगे।

**वृष** — आज सोशल मीडिया का व्यावसायिक प्रयोग लाभप्रद सिद्ध होगा। सरकार की अच्छी योजनाओं का लाभ ले सकते हैं। अपने विकास के लिए आपको थोड़ा स्वार्थी बनना होगा। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए अतिरिक्त श्रम करना पड़ेगा।

**मिथुन** — आज घर के खर्चे बढ़ने के कारण आपके ऊपर दबाव रहेगा। दोपहर के बाद स्थिति सामान्य होगी। इंजीनियरिंग के छात्रों की पढ़ाई में काफी बाधाएं आएंगी। नकारात्मक प्रवृत्ति के लोगों के साथ मैत्री संबंध स्थापित करने से बचें।

**कर्क** — आज किसी से असहमत होने पर उसका अपमान न करें। जोड़ों में दर्द और अकड़न जैसी समस्या हो सकती है। अपनी प्रतिभा को निखारने के लिए दिन बहुत अच्छा है। कमीशन के कारोबार से जुड़े लोग सावधान रहें।

**सिंह** — आज कारोबारी यात्रा हो सकती है। बेरोजगार युवा नौकरी के लिए इन्टरव्यू दे सकते हैं। पुराने निवेश से आपको अचानक लाभ प्राप्त होगा। दिन का प्रारम्भिक हिस्सा आपके लिये बेहद शुभ रहने वाला है। विशेष विषयों के अध्ययन को लेकर रुचि जागृत होगी।

**कन्या** — आज फाइनेंस संबंधी कार्यों में अपेक्षानुसार परिणाम नहीं मिलेंगे। भविष्य की योजनाओं को लेकर उत्साहित रहेंगे। पड़ोसियों के साथ संबंध खराब हो सकते हैं। आपके द्वारा बोले गए कटु वचनों से प्रियजनों का मन व्यथित न हो इसका ध्यान रखें।

**तुला** — आज शोध कार्यों में अपेक्षित सफलता मिलने से मन प्रफुल्लित रहेगा। रुके हुए कार्यों में तीव्रता आएगी। आध्यात्मिक विचारों का आपके ऊपर काफी प्रभाव रहेगा। आपका व्यवहार लोगों के लिए प्रेरणा बनेगा।

**वृश्चिक** — आज लोग आपके ऊपर बेवजह के आरोप लगा सकते हैं। यात्रा के दौरान अपना सामान सुरक्षित रखें। प्रेम संबंधों को लेकर आप काफी प्रसन्न रहेंगे। किसी मित्र को उधार देना पड़ सकता है। सरकारी नौकरी कर रहे लोगों को बॉस की डांट खानी पड़ सकती है।

**धनु** — आज आप काफी आशावादी रहेंगे। जल्दबाजी में काम पूरा करने से गलतियां हो सकती है। शरीर में थोड़ी थकावट रहेगी इसीलिए आराम पर्याप्त मात्रा में अवश्य लें। मित्रों के सहयोग से रुका हुआ काम गतिशील हो जाएगा।

**मकर** — आज संतान की शिक्षा पर ध्यान देना काफी आवश्यक है। सरकारी मामलों में सावधानी बरतें। करियर को लेकर चिंता के भाव उत्पन्न होंगे। धन-संपत्ति के मामलों में सफलता मिलेगी। लोग आपकी प्रतिभा और क्षमताओं का सम्मान करेंगे।

**कुंभ** — आज तनाव लेने के बजाय विवेक और धैर्य से काम लेना उचित होगा। धर्म-कर्म को लेकर मन में विपरीत विचार उत्पन्न हो सकता है। छात्र प्रतियोगी परीक्षाओं में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। पारिवारिक मामलों को लेकर थोड़े परेशान रहेंगे।

**मीन** — आज सरकारी सहयोग से आपके काम पूरे हो सकते हैं। जीवनसाथी के साथ आपके संबंध बिगड़ सकते हैं। मन अशांत होने की संभावना है। किसी सहकर्मी के साथ आपको विवाद का सामना करना पड़ेगा। अपने खर्चों को नियंत्रित रखने का प्रयास करें।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
- बादशाह — सुबह : 11.00
- वीरगति — रात : 07.00

SONY PIX
- रेडी प्लेयर वन — सुबह : 10.09
- जिओस्ट्राम — रात : 09.00

&pictures
- एक विवाह ऐसा भी — सुबह : 11.03
- गजनी — शाम : 04.18

ZEE CINEMA
- नो प्रॉब्लम — सुबह : 09.05
- डॉन — रात : 08.25

colors CINEPLEX
- ब्रदर्स — सुबह : 09.47
- दसवीं — रात : 07.00

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात : 08.25 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

बालक अपने पड़ोस में जाता है और दरवाजे की घंटी बजाता है, महिला दरवाजा खोलती है।
महिला-बेटा क्या हुआ?
बालक- आंटी मम्मी ने एक कटोरी चीनी मंगाई है।
महिला (मुस्कुराकर उसका सिर सहलाते हुए कहती है)-अच्छा और क्या कहा है तेरी मम्मी ने ?
बालक -कहा है कि अगर वो डायन न दे तो सामने वाली चुड़ैल से ले आना।

पप्पू साइकिल से जा रहा था। अचानक एक लड़की से भिड़ गया।
लड़की- घंटी नहीं मार सकता था बे
पप्पू-अबे मैंने पूरी साइकिल मार दी अब क्या घंटी अलग से मारूं!

## चुनाव कमाल का

- लोकसभा चुनाव के लिए आदर्श आचार संहिता लागू हो चुकी है इस दौरान यदि आप 50 हजार से अधिक धनराशि अपने साथ ले जाना चाहते चाहते हैं तो आपको बैंक साक्ष्य दिखाना पड़ेगा। यह सीमा अधिकतम दस लाख तक होगी। नकदी का स्रोत व प्रमाण पत्र न प्रस्तुत कर पाने की दशा में यह धनराशि जब्त की जा सकती है।आम लोगों और व्यापारियों को कैश ले जाने के कुछ रिकॉर्ड साथ में जरूर रखने चाहिए। जैसे कि ये पैसा किस लिए ले जाया जा रहा है और इसका सोर्स क्या है।इसके अलावा बड़े डिजिटल ट्रांजेक्शन पर भी नजर रखी जाती है। चुनाव आयोग के निर्देश पर किसी भी यूपीआई आधारित पेमेंट ऐप से रोजाना पचास हजार रुपये तक का ट्रांजेक्शन हो सकता है।

# अटल सीट पर जीत का अंतर बढ़ाने की 'अटल' कोशिश

**2014** में भाजपा प्रत्याशी को 5 लाख 61 हजार 106 मत और 2019 में मिले थे 6 लाख 33 हजार 26 मत

### लखनऊ संसदीय सीट से भाजपा ने राजनाथ सिंह को बनाया है उम्मीदवार

### स्वास्थ्य शिविर, रोजगार मेला, विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत योजनाओं का लाभ दिला हर वर्ग के लोगों तक पहुंचने का किया प्रयास

राजीव शुक्ला, लखनऊ

**अमृत विचार:** यूं तो भारतीय जनता पार्टी के बारे में कहा जाता है कि मौजूदा नेतृत्व हर वक्त चुनावी मोड में रहता है। ऐसे में जब चुनावी दुंदुभी बज चुकी हो तो भाजपा अन्य दलों से कहां पिछड़ने वाली है।



चाहे वह तैयारियां हों या फिर पार्टी कार्यक्रम अथवा जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने की बात। जहां विपक्ष अभी टिकट बंटवारे के पेच में उलझा हुआ है, वहीं भाजपा विपक्षी दलों से कहीं आगे निकलती दिख रही है। प्रदेश की राजधानी लखनऊ के संसदीय क्षेत्र को ही ले लीजिए।

देश के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह की सीट। यहां पिछले वर्ष से ही भाजपा ने लोगों के बीच पैठ बढ़ा लोकसभा का रास्ता आसान करने की दिशा में जमीन पर अपना काम शुरू कर दिया था। यह जानते हुए भी कि मतदाताओं का स्नेह इस ''अटल'' सीट पर हमेशा जीत के ''अटल विश्वास'' पर कायम रहा है। बावजूद इसके पार्टी कार्यकर्ता जीत के इस अंतर को रिकार्ड की ओर ले जाना चाहते हैं। इसकी तैयारियां पिछले वर्ष से ही भाजपा ने शुरू कर दी थीं। मतदाता बढ़ाए जाने के चुनावी अभियान का श्रीगणेश तो किया ही पार्टी नेताओं ने लोगों के घरों तक पहुंचना भी शुरू कर दिया। भले की बहाना मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए फार्म भरवाने का हो। प्रक्रिया पूरी हुई तो घरों तक इसकी जानकारी पहुंचाने में भी किसी तरह की कोताही नहीं बरती।



### लक्ष्य छूते रहे, योजनाओं को घर-घर तक पहुंचा बढ़ते रहे आगे

यही नहीं केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का बखान किया। भाजपाइयों को जिले में दो लाख लोगों को ''नमो एप'' से जोड़ने का लक्ष्य दिया गया। लक्ष्य मिलने के साथ ही महानगर इकाई सक्रिय हुई। महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी की टीम जीत के अंतर को बढ़ाने के मैदान में उतर पड़ी। लक्ष्य छुआ तो ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' में प्रदेश में ''पहला स्थान'' प्राप्त किया। मन की बात के प्रचार-प्रसार की बात आई तो दूसरा स्थान हासिल कर न केवल राजधानी की बल्कि प्रदेश की धमक भी बनाए रखी। फिर शुरू हुआ विधानसभा में ''प्रवास कार्यक्रमों'' का सिलसिला। लोगों के बीच बैठक कर उनकी समस्याएं जानीं और सुलझाने में लगे। इसका स्पष्ट आंकड़ा तो नहीं है लेकिन इन प्रयासों से जनता के बीच ''भरोसा'' बनाने में पार्टी सफल रही। विभिन्न अस्पतालों के सहयोग से ''स्वास्थ्य शिविर'' आयोजित किए गए। चुनाव की तिथियां घोषित होने से पहले लखनऊ ''विश्वविद्यालय'' में ''रोजगार मेले'' का आयोजन कर युवाओं को भी जोड़ने का सीधा प्रयास किया। माना जा रहा है कि चुनावी रणनीति के तहत ही भाजपा ने समाज के हर वर्ग से सीधे जुड़ने का प्रयास किया। 20 मई को लखनऊ संसदीय सीट पर मतदान होना है और चार जून को चुनाव परिणाम आएंगे। फिलहाल भाजपाइयों की मेहनत क्या रंग लाई यह तो आने वाला परिणाम ही बताएगा कि लखनऊ संसदीय सीट से प्रत्याशी राजनाथ सिंह के जीत का अंतर और मत प्रतिशत कितना बढ़ा।

### तैयारी जीत की : वीआईपी सीट लखनऊ

#### 2019 के चुनाव में लखनऊ संसदीय सीट पर प्रत्याशियों को मिले मत

| प्रत्याशी | पार्टी | मिले मत |
|---|---|---|
| राजनाथ सिंह | भाजपा | 633026 |
| पूनम सिन्हा | सपा | 285274 |
| आचार्य प्रमोद कृष्णम | कांग्रेस | 180011 |

#### वर्ष 2014 के चुनाव में लखनऊ संसदीय सीट पर प्रत्याशियों को मिले मत

| प्रत्याशी | पार्टी | मिले मत |
|---|---|---|
| राजनाथ सिंह | भाजपा | 561106 |
| अभिषेक मिश्रा | सपा | 56771 |
| रीता बहुगुणा जोशी | कांग्रेस | 288357 |
| नकुल दुबे | बसपा | 64449 |
| सैय्यद जावेद अहमद जाफरी | आप | 41429 |

### मेरठ से भावनात्मक है मेरा रिश्ता : अरुण गोविल



अभिनेता अरुण गोविल

**मेरठ।** दूरदर्शन पर प्रसारित हुए लोकप्रिय धारावाहिक 'रामायण' में भगवान राम की भूमिका निभाने वाले मेरठ से भाजपा उम्मीदवार अरुण गोविल ने इस शहर के साथ अपने भावनात्मक संबंधों को जाहिर करते हुए बुधवार को कहा कि उनका जन्म मेरठ में हुआ था। उनके जीवन के शुरुआती 17 साल इसी शहर में बीते। गोविल ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा, ''मैं यहीं (मेरठ में) पैदा हुआ था। मैंने अपना बचपन यहीं बिताया। मेरे जीवन के पहले 17 साल इसी शहर में बीते। मैंने मेरठ में पढ़ाई की। मैं सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल का छात्र था। उसके बाद मैंने सरकारी इंटर कॉलेज में दाखिला लिया।'' इस सवाल पर कि अगर वह मेरठ से लोकसभा चुनाव जीत गये तो क्या यहां की जनता को उनके फिर से दर्शन होंगे, गोविल ने कहा कि ''यह तो समय ही बताएगा।'' हालांकि उन्होंने यह भी कहा, ''मैंने अपने जीवन में कभी ऐसा कुछ नहीं किया, जिसके लिए कोई मुझे दोषी ठहरा सके। आज तक मैंने जो भी किया, जो भी करता रहा, वह सेवा का ही एक रूप था। अब यह लोगों की सेवा का ही एक और रूप होगा।'' राम मंदिर से जुड़े एक सवाल के जवाब में गोविल ने कहा कि रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के बाद आज पूरा देश और दुनिया राममय हो गई है। एक अन्य सवाल पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इतना काम किया है कि कोई उनका मुकाबला नहीं कर सकता। गोविल मंगलवार शाम को मेरठ पहुंचे और स्थानीय पार्टी नेताओं एवं भाजपा के क्षेत्रीय कार्यालय के पदाधिकारियों से मुलाकात की। गोविल पार्टी पदाधिकारियों के साथ औघड़नाथ मंदिर भी गए, जहां उन्होंने भगवान आशुतोष का जलाभिषेक किया। गोविल ने कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत द्वारा अभिनेत्री कंगना रनौत पर की गई कथित टिप्पणी पर कुछ कहने से इनकार कर दिया, और कहा कि "उनकी बात मेरे से मत पूछिये, उनकी बात उनसे ही पूछिये।

### 'एम-वाई' फैक्टर से जीतेंगे उप्र की सभी सीटें : रवि किशन



सांसद रवि किशन

**गोरखपुर।** गोरखपुर से भारतीय जनता पार्टी के सांसद रवि किशन ने बुधवार को कहा कि उनकी पार्टी "एम-वाई" फैक्टर की मदद से प्रदेश की सभी 80 लोकसभा सीटें जीतेगी। उत्तर प्रदेश की राजनीतिक भाषा में 'एम-वाई' फैक्टर का तात्पर्य मुस्लिम और यादव समुदाय से है, जिन्हें पारंपरिक तौर पर गैर-भाजपा मतदाता माना जाता है। रवि किशन ने यहां पत्रकारों से बातचीत में कहा, "लोग मुझसे एम-वाई फैक्टर के बारे में कहते हैं कि वे भाजपा को वोट नहीं देंगे। देश में एक बहुत प्रमुख 'एम-वाई' फैक्टर है, जिसके बारे में आप नहीं जानते हैं, और वह है मोदी-योगी फैक्टर। यह 'एम वाई' फैक्टर राज्य की सभी 80 सीटों पर जीत सुनिश्चित करेगा। भारतीय जनता पार्टी ने रवि किशन को एक बार फिर गोरखपुर से लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवार बनाया है। पत्रकारों के साथ बातचीत के दौरान उन्होंने कहा, "हमारी नीतियों से हर समुदाय के लोगों को लाभ हुआ है। इसे असली राम राज्य कहा जाता है। आप सभी ध्यान दें कि भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है, प्रधानमंत्री मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे, राजग गठबंधन देश में 400 सीटें और उप्र में सभी 80 सीटें जीतेगा।

# जितिन प्रसाद, संजीव बालियान व आजम की प्रतिष्ठा दांव पर

### भाजपा सांसदों की हैट्रिक तय करेगी पीएम मोदी की तीसरी ताजपोशी

### मुरादाबाद व रामपुर में जेल से ही आजम ने दिखाई पार्टी को ताकत

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के पहले चरण की आठ सीटों पर नामांकन के आखिरी दिन प्रत्याशियों की तस्वीर साफ हो गई है। भाजपा से केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ संजीव बालियान और प्रदेश के कैबिनेट जितिन प्रसाद की प्रतिष्ठा दांव पर है। साथ ही जेल से ही आजम खान ने ऐसा दांव चला कि सपा सांसद डॉ एसटी हसन की हालत न घर के रहे न घाट के जैसी हो गई है। मुरादाबाद और रामपुर में आजम ने सपा में अपनी हैसियत का एहसास करा दिया।






लोकसभा चुनाव का पहला चरण

#### मुजफ्फरनगरः बालियान की हैट्रिक अहम

मुजफ्फरनगर से लगातार दो बार सांसद रहने और दोनों बार मंत्री पद की जिम्मेदारी संभालने वाले डॉ संजीव बालियान को इस बार पीएम मोदी की तीसरी ताजपोशी के लिए खुद हैट्रिक लगानी होगी। पश्चिम उत्तर प्रदेश की मुजफ्फरनगर सीट जाट बेल्ट में आती है। 2013 के दंगों ने यहां भाजपा को क्लीन स्वीप का मौका दिया। इसबार भाजपा के साथ रालोद के आ जाने से मुख्य टक्कर सपा के हरेंद्र सिंह मलिक से मिलने वाली है। हालांकि बसपा के दारा सिंह प्रजापति भी कुछ कम नहीं हैं।

#### सहारनपुरः इंडिया-बसपा की लड़ाई में भाजपा को राघव पर भरोसा



बसपा के कब्जे से सहारनपुर सीट हासिल करने के लिए भाजपा ने लगातार तीसरी बार राघव लाल शर्मा पर भरोसा जताया है। राघव लाल पहली बार 2014 में भाजपा के टिकट पर यहीं से सांसद बने थे। जिन्हें 2019 में सपा-बसपा गठबंधन में बसपा के हाजी फजलुर्रहमान हराया। इसबार हालात थोड़े बदले हुए हैं, सांसद हाजी फजलुर्रहमान ने बसपा का दामन छोड़ दिया है, इसलिए बसपा ने माजिद अली को यहां से प्रत्याशी बनाया है। जबकि इंडिया गठबंधन से सीट कांग्रेस के खाते में जाने से इमरान मसूद तीसरी बार चुनाव मैदान में हैं। आज तक उनको जीत का स्वाद नहीं मिला है। भाजपा को यहां कांग्रेस व बसपा की मुस्लिम वोटों की लड़ाई में राघव पर भरोसा है।

#### कैराना सीटः बनेंगे नए रिकार्ड या बचेगी साख

कभी कैराना पलायन के मुद्दे पर देशभर में गरमाया हुआ था, लेकिन योगी सरकार में यहां गुंडई बीते दिनों की बात हो गई है। इस सीट पर भाजपा के प्रदीप चौधरी सांसद हैं। उनके सामने लगातार दो बार भाजपा सांसद रहे हरपाल सिंह के रिकॉर्ड की बराबरी करने की तो सपा की इकरा हसन के सामने विरासत को आगे बढ़ाने की चुनौती है। जबकि पहली बार चुनाव लड़ रहे बसपा के श्रीपाल सिंह राणा के सामने अपनी साख बचाना चुनौती होगी।

#### मुरादाबादः इतिहास दोहराएंगे सर्वेश या सपा बचा लेगी सीट

भाजपा के लिए चुनौतियों से भरपूर मुरादाबाद सीट मुस्लिम बहुल होने के नाते सपा और कांग्रेस के प्रत्याशी ही जीतते आए हैं। हालांकि 2014 में भाजपा के सर्वेश सिंह ने सभी समीकरण तोड़ते हुए जीत दर्ज की थी। मगर, 2019 में उनको हार का सामना करना पड़ा। इस बार भाजपा ने फिर से सर्वेश पर भरोसा जताया है। सपा से सोमवार को नामांकन करने वाले सांसद डॉ. एसटी हसन को बुधवार रामपुर जान के लिए कहा गया, लेकिन वहां मोहिबुल्लाह नदवी के पक्ष में प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम चार्टर प्लेन से अधिकृत फार्म लेकर पहुंचे और नामांकन कराया। रुचि वीरा ने मुरादाबाद से बतौर सपा प्रत्याशी दावा करते हुए नामांकन किया। अब डॉ. हसन कहते हैं कि उन्हें बी फॉर्म मिल गया है। टिकट काटे जाने की पार्टी की तरफ से अधिकृत जानकारी नहीं दी गई है। उधर, बसपा ने मुहम्मद इरफान सैफी को उताकर मुकाबला को रोचक बना दिया है। सपा का अंतरविरोध और बसपा की लड़ाई में वोटों का बंटवारा हुआ तो भाजपा की राह आसान हो सकती है।

#### बिजनौर सीटः मिशन- 80 में रालोद को दिखाना होगा दम

इस सीट पर 2009 व 2014 में असफल रहे बसपा के मलूक नागर सांसद हैं। लेकिन इसबार मैदान में नहीं उतरे, उनकी जगह बसपा ने विजेंद्र सिंह पर दांव लगाया है। नागर एक बिजनेसमैन हैं, अक्टूबर 2020 में उनकी रियल एस्टेट से जुड़ी समूह कंपनियों और उनके सहयोगियों के खिलाफ आयकर छापे मारे गए थे। लोकसभा अध्यक्ष रहीं मीरा कुमार और मुख्यमंत्री रहीं मायावती भी इस सीट का एक-एक बार प्रतिनिधित्व कर चुकी है। इसबार भाजपा गठबंधन से रालोद प्रत्याशी चंदन चौहान मैदान में हैं। सपा ने दीपक सैनी को उतारा है। यहां रालोद को दिखाना होगा कि मिशन : 80 में उसका कितना दम है।

#### रामपुर सीटः अखिलेश पर दबाव बनाकर आजम ने साधे कई निशाने



ब्रिटिश साम्राज्य के दौरान सितंबर 1774 में रामपुर रियासत का उदय हुआ। यहां पर 1949 तक कुल 10 नवाबों ने शासन किया है। देश की आजादी के बाद 1952 में हुए आम चुनाव में देश के पहले शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद यहीं से चुनकर संसद तक पहुंचे थे। यहां नवाब खानदान के अलावा भाजपा के मुस्लिम चेहरे मुख्तार अब्बास नकवी, अभिनेत्री जयाप्रदा और सपा के फायर ब्रांड नेता आजम खान जीत हासिल कर चुके हैं। भाजपा ने सपा नेता आजम खान की गढ़ बन चुकी रामपुर सीट को उपचुनाव में घनश्याम सिंह लोधी को खड़ा करके फतह किया था। उन्हें फिर मैदान में उतारकर चुनौती पेश की है। मौजूदा दौर में आजम खान, उनके बेटे अब्दुल्ला आजम और पत्नी तजीन फात्मा जेल में हैं और चुनाव लड़ने से प्रतिबंधित भी है। फिर भी आजम ने सीतापुर जेल से दबदबा दिखाते हुए सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर दबाव बनाकर एक तीर से कई निशाने साधे। रामपुर लोकसभा सीट से स्वार क्षेत्र के रजा नगर निवासी व दिल्ली पार्लियामेंट स्ट्रीट की जामा मस्जिद के इमाम मौलाना मोहिबुल्लाह नदवी सपा के अधिकृत प्रत्याशी बन गए। जिसके चलते आजम खां के विरोधी मुरादाबाद के सपा सांसद एसटी हसन न घर के रहे न घाट के। उधर, बसपा ने जीशान खान को मैदान में उतारकर सपा की परेशानी बढ़ा रखी है।

#### पीलीभीत सीटः जितिन प्रसाद की प्रतिष्ठा दांव पर



पीलीभीत लोकसभा सीट पर मतदाताओं की संख्या 18 लाख से ज्यादा है। भाजपा ने इसबार सांसद वरुण गांधी का टिकट काटकर प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद को उतारा है। यहां करीब 5 लाख मुसलमान और दो लाख कुर्मी निर्णायक माने जाते हैं, लेकिन गांधी परिवार की बहू मेनका गांधी ने जबसे कुर्मी बिरादरी के भानु प्रताप को हराया, तबसे लगातार जीतती आ रही भाजपा ने इसे हाट सीट बना दिया। मेनका गांधी के बाद उनके बेटे वरुण गांधी यहां से जीते। इसबार सपा ने कुर्मी बिरादरी के भगवत शरण गंगवार को उतारकर जितिन प्रसाद को कड़ी चुनौती पेश की है। बसपा के अनीस अहमद खां उर्फ फूल बाबू सपा की रणनीति में सेंधमारी करते दिख रहे हैं।

#### नगीना सीटः बदलते मिजाज में जातीय समीकरण हावी

नगीना लोकसभा सीट परिसीमन के दौरान वर्ष 2009 में गठित हुई थी। तबसे वोटरों के मिजाज को अभी तक कोई समझ नहीं पाया है। यहां न मोदी मैजिक काम आता दिखा हैं, न राष्ट्रीय राजनीति के मुद्दे। अब तक हुए तीन लोकसभा चुनाव में मतदाताओं ने हर बार अलग-अलग पार्टी के प्रत्याशी को जीत दिलाई है। जातीय समीकरणों से अबतक भाजपा, सपा और बसपा एक-एक बार जीत दर्ज कर चुकी है। यह सीट इसबार इसलिए खास है क्योंकि चर्चित दलित नेता चंद्रशेखर यहां से अपनी सियासी जमीन की तलाशने पहली बार चुनावी मैदान में हैं। भाजपा ने ओम कुमार, तो सपा ने मनोज कुमार को अपना प्रत्याशी बनाया है। वहीं, बसपा ने सुरेंद्र सिंह मेनवाल को अपना प्रत्याशी बनाया है।

### सांसद बृजभूषण शरण सिंह के टिकट पर टिकी राजनीतिक दलों की निगाहें

# भाजपा प्रत्याशी के इंतजार में सपा-बसपा में खामोशी

उमानाथ तिवारी, गोंडा

**अमृत विचार:** कैसरगंज से बीजेपी सांसद बृजभूषण शरण सिंह का इंतजार बढ़ता ही जा रहा है। पार्टी से उनके टिकट को लेकर अभी सस्पेंस बरकरार है। इस सस्पेंस ने कैसरगंज सीट को प्रदेश की सबसे हॉट सीट की कतार में लाकर खड़ा कर दिया है। भाजपा प्रत्याशी का ऐलान न होने से विरोधी पार्टियों ने भी अभी अपने पत्ते नहीं खोले हैं। समाजवादी पार्टी व बहुजन समाज पार्टी ने प्रत्याशी चयन को लेकर खामोशी ओढ़ रखी है। माना जा रहा है कि सपा व बसपा की दावेदारी भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी चयन पर निर्भर है। इसलिए दोनों ही पार्टियां अपना प्रत्याशी घोषित करने से परहेज कर रही हैं। पार्टियों की यह खामोशी चुनाव लड़ने वाले दावेदारों के साथ साथ उनके समर्थकों की धड़कनें बढ़ा रही है।

कैसरगंज लोकसभा सीट से बृजभूषण शरण सिंह भारतीय जनता पार्टी से मौजूदा सांसद हैं। बृजभूषण शरण सिंह पार्टी के कद्दावर नेता हैं। अलग अलग सीटों से छह बार सांसद चुने जा चुके हैं। वर्ष 1999 से वह एक भी चुनाव नहीं हारे हैं और पिछले दो चुनावों में वह कैसरगंज से जीत हासिल कर चुके हैं, लेकिन इस लंबे राजनैतिक जीवन के बावजूद इस बार उनकी दावेदारी संकट में है। पार्टी ने अभी तक उनकी दावेदारी का ऐलान नहीं किया है। राजनैतिक हलकों में चर्चा है कि इस बार उनका टिकट कट सकता है। इसके पीछे महिला पहलवानों की तरफ से लगाए गए यौन उत्पीड़न के आरोप और उनका बड़बोलापन माना जा रहा है। पार्टी के अंदर खाने में यह चर्चा है कि अगर बृजभूषण शरण सिंह को भाजपा टिकट देती है तो इससे महिलाएं नाराज हो सकती हैं।

महिला शक्ति के दम पर चुनाव लड़ रही पार्टी इस आधी आबादी को नाराज नहीं करना चाहती। इसके अलावा समय समय पर उनके तरफ से दिए गए विवादास्पद बयान भी टिकट में बाधा बने हैं। इधर भाजपा प्रत्याशी का ऐलान न होने से सपा व बसपा भी खामोश बैठी हैं। दोनों पार्टियां भाजपा उम्मीदवार का इंतजार कर रही हैं। अगर भाजपा अपने मौजूदा सांसद को टिकट नहीं देती और उनके स्थान पर किसी नए चेहरे को चुनाव मैदान में उतारती है तो सपा बृजभूषण शरण सिंह को मौका दे सकती है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव इस बात को एक प्रेस कांफ्रेंस में कह भी चुके हैं। हालांकि सांसद बृजभूषण शरण सिंह की तरफ से इस संबंध में कुछ नहीं कहा गया है। वह भाजपा से अपनी दावेदारी को लेकर पूरी तरह से आश्वस्त हैं। अपने समर्थकों के साथ लगातार क्षेत्र भ्रमण कर रहे हैं, बावजूद इसके सपा और बसपा वेट एंड वॉच की स्थिति में है और वह बीजेपी उम्मीदवार का इंतजार कर रही हैं।



**बृजभूषण शरण सिंह,** सांसद -कैसरगंज

### प्रत्याशी नदारद, जनता के बीच हो रही चुनावी चकल्लस

**अमृत विचार :** सत्तारूढ़ पार्टी भाजपा के साथ साथ समाजवादी पार्टी व बहुजन समाज पार्टी ने भले ही अभी अपने पत्ते नहीं खोले हैं लेकिन कैसरगंज की जनता के बीच चुनावी चकल्लस चरम पर है। हर कोई मौजूदा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के राजनैतिक भविष्य पर चर्चा करता दिखाई दे रहा है। चौक चौराहों पर उम्मीदवार की ही चर्चा है। भाजपा किसे टिकट दे रही है तो सपा से उम्मीदवार कौन होगा इस पर आम जनता भी बहस कर रही है। करनैलगंज के रहने वाले राम सुरेमन का कहना है कि जो भी उन्हे पार्टी से कोई मतलब नहीं है। प्रत्याशी ईमानदार और साफ स्वच्छ छवि कि होना चाहिए ताकि वह आम लोग उससे आसानी से मिल सकें और क्षेत्र का विकास हो। वहीं परसपुर के बृजमन सिंह का कहना है कि अब सभी दलों को अपना पत्ता खोल देना चाहिए। देरी से उम्मीदवारों को नुकसान उठाना पड़ सकता है।

### वीआईपी सीट कैसरगंज

#### कैसरगंज लोकसभा सीट पर मतदाताओं की संख्या

| विधानसभा | कुल मतदाता | महिला | पुरुष | अन्य |
|---|---|---|---|---|
| पयागपुर | 387399 | 204829 | 18254 | 16 |
| कैसरगंज | 389690 | 206010 | 183676 | 04 |
| कटरा बाजार | 396936 | 211098 | 185825 | 13 |
| कर्नलगंज | 334203 | 177854 | 156327 | 22 |
| तरबगंज | 371773 | 198148 | 173607 | 18 |
| योग- | 1880001 | 997939 | 881989 | 73 |

#### कैसरगंज से कब कौन बना सांसद

| | | |
|---|---|---|
| 1952 | शकुंतला नायर | भारतीय जन संघ |
| 1957 | भगवान दीन मिश्रा | कांग्रेस |
| 1952 | शकुंतला नायर | भारतीय जन संघ |
| 1957 | भगवान दीन मिश्रा | कांग्रेस |
| 1962 | बसंत कुंवरि | स्वतंत्र |
| 1967 | शकुंतला नायर | भारतीय जन संघ |
| 1971 | शकुंतला नायर | भारतीय जनसंघ |
| 1977 | रुद्रसेन चौधरी | जनता पार्टी |
| 1980 | राणा वीर सिंह | कांग्रेस |
| 1984 | राणा वीर सिंह | कांग्रेस |
| 1989 | रुद्रसेन चौधरी | भाजपा |
| 1991 | एलएनमणि त्रिपाठी | भाजपा |
| 1996 | बेनी प्रसाद वर्मा | सपा |
| 1998 | बेनी प्रसाद वर्मा | सपा |
| 1999 | बेनी प्रसाद वर्मा | सपा |
| 2004 | बेनी प्रसाद वर्मा | सपा |
| 2009 | बृजभूषण शरण सिंह | सपा |
| 2014 | बृजभूषण शरण सिंह | भाजपा |
| 2019 | बृजभूषण शरण सिंह | भाजपा |

# वोट कैसे डालें, बताएगी वोटर गाइड

### प्रत्येक परिवार को बीएलओ कराएंगे उपलब्ध, निर्वाचन आयोग करा रहा मुहैया

रीतेश श्रीवास्तव, बाराबंकी

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में मतदाता पर्ची के साथ हर घर पर एक वोटर गाइड भी दी जाएगी। यह बीएलओ हर घर तक पहुंचाएगा। इस वोटर गाइड में बताया गया है कि वोट कैसे डालें। इस बार जिला प्रशासन को यह वोटर गाइड सीधे निर्वाचन आयोग से मिलेगी। अभी तक इस गाइड को स्थानीय स्तर पर छपवाया जाता था। इस गाइड के साथ ही मतदाता पर्ची भी घरों तक पहुंचेगी।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा चुनाव 2024 में प्रत्येक परिवार के लिए मतदाता मार्गदर्शिका (वोटर गाइड) तैयार की है। मतदाता मार्गदर्शिका मतदान से पहले प्रत्येक परिवारों को घर-घर जाकर बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) के माध्यम से वितरित की जाएगी। मतदाता मार्गदर्शिका (वोटर गाइड) का वितरण मतदाता शिक्षा और निर्वाचक सहभागिता (स्वीप) की दृष्टि से मतदाताओं को जागरूक करने और निर्वाचन प्रक्रिया से भलीभांति अवगत कराने के लिए किया जाएगा। मतदाता मार्गदर्शिका (वोटर गाइड) में 'मतदान कैसे करें' व मतदान के लिए 'अनुमोदित पहचान अभिलेख' क्या होंगे, इस संबंध में विस्तृत जानकारी दी जाएगी। साथ ही वोटर गाइड में ईवीएम और वीवी पैट का उपयोग करते हुए वोट देने की प्रक्रिया भी बताई जाएगी तथा मतदान केंद्र के आसपास व मतदान के दौरान 'क्या करें' और 'क्या न करें' के संबंध में मतदाताओं को जानकारी मिलेगी। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी सुनील पांडेय ने बताया कि वोटर गाइड सीधे आयोग से छपकर आ रही है। उन्होंने बताया कि अब इसे प्रति परिवार मतदाता पर्ची के साथ वितरित कराया जाएगा जिससे लोगों को इसकी मदद मिल सके।

### मतदान केंद्र पर आधारभूत सुविधा बताई जाएंगी

मतदाता मार्गदर्शिका के माध्यम से मतदान केंद्रों पर उपलब्ध आधारभूत सुविधाओं की जानकारी भी मतदाताओं को दी जाएगी। मतदाता मार्गदर्शिका में मतदाता की जानकारी के लिए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय की वेबसाइट एवं हेल्पलाइन के साथ-साथ अन्य महत्वपूर्ण नंबर व पोर्टल की जानकारी भी प्रदान की जाएगी। मतदाता सूची में अपना नाम ढूंढने तथा अपना पोलिंग स्टेशन पहुंचाने के लिए भी मतदाता को शिक्षित करने के लिए मतदाता मार्गदर्शिका में वेबसाइट एवं पोर्टल की जानकारी प्रदान की जाएगी।

### मतदाता पर्ची पर होगा बूथ का नजरी नक्शा

मतदाताओं की सुविधा के लिए निर्वाचन आयोग ने मतदाता पर्ची के पीछे पोलिंग बूथ का नजरी नक्शा भी प्रिंट कर उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है। मतदाता पर्ची का साइज भी पहले की तुलना में बड़ा होगा। मतदाता पर्ची के पीछे पोलिंग बूथ के नजरी नक्शा के अलावा, बूथ नंबर, चुनाव की तिथि एवं समय, हेल्पलाइन नंबर, बीएलओ का नाम एवं मोबाइल नंबर सहित मतदाता के मार्गदर्शन के लिए महत्वपूर्ण सूचनाएं मुद्रित की जा सकेंगी। यह मतदाता पर्ची मतदान तिथि से एक हफ्ते पहले बीएलओ वोटर गाइड के साथ घर-घर पहुंचाएंगे।




इस तरह की होगी वोटर गाइड।

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 72,996 | 22,123 |
| बढ़त | 526 | 118 |
| प्रतिशत में | 0.73 | 0.54 |



### सर्राफा

बरेली

| | |
|---|---|
| सोना जेवरात पक्के | 65,850 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 64,850 |
| चांदी पक्की | 740 (अनुमानित) |

### एक नजर

#### रुपया पांच पैसे गिरा

**मुंबई, एजेंसी।** दुनिया की प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर के मजबूत होने से आज अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया पांच पैसे गिरकर 83.34 रुपये प्रति डॉलर रह गया। वहीं, इसके पिछले कारोबारी दिवस रुपया 83.29 रुपये प्रति डॉलर रहा था। शुरूआती कारोबार में रुपया दो पैसे फिसलकर 83.31 रुपये प्रति डॉलर पर खुला और सत्र के दौरान आयातकों एवं बैंकरों की लिवाली होने से 83.45 रुपये प्रति डॉलर के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं, बिकवाली होने से यह 83.29 रुपये प्रति डॉलर के उच्चतम स्तर पर पहुंचा। अंत में पांच पैसे गिरकर 83.34 रुपये प्रति डॉलर रह गया।

## पिछले एक वर्ष के दौरान कृषि विपणन सुधार से मंडियों को मिली रफ्तार

### केंद्र के निर्धारित मानकों पर उत्तर प्रदेश ने पूरा कर हासिल किए 100 अंक

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश की मंडी समितियां किसानों से उपज खरीदने के साथ उनकी बेहतर मार्केटिंग करने में अन्य राज्यों से आगे पहुंच गई हैं। पिछले एक वर्ष में कृषि विपणन में तेजी से सुधार हुआ है।

परिणाम यह है कि केंद्र से कृषि विपणन सुधार के निर्धारित किए गए अधिनियम व मानक दोनों को उत्तर प्रदेश ने पूरा कर 100 में 100 अंक हासिल किए हैं। जबकि अन्य राज्यों को 90 से 96 फीसद अंक मिले हैं। इससे उत्तर प्रदेश कृषि विपणन के साथ केंद्र के निर्धारित मानकों को पूरा करने में पहले स्थान पर है। इससे किसानों को फायदा होने से मंडी कारोबार को रफ्तार मिली है। इसका किसानों को लाभ मिलेगा और आगे मंडी परिषद नवाचार अपनाएगा।

● **अधिनियम व नियम दोनों में मिले प्रदेश को 10-10 अंक**

**इनमें बिंदुओं पर मिले 10-10 अंक :** निजी बाजार, मंडियों के बाहर थोक व्यापार, वेयर हाउस, कोल्ड स्टोर, साइलो, ई-ट्रेडिंग, एक बाजार शुल्क, एकीकृत लाइसेंस, मंडी शुल्क

"केंद्र ने कृषि विपणन में सुधार के लिए सभी राज्यों के लिए मानक निर्धारित किए थे। उस पर उत्तर प्रदेश की मंडियों ने काम कर 100 फीसद मानक पूरे किए हैं। इसका किसानों को और लाभ मिलेगा। इसी तरह किसान हित में जो भी मानक आएंगे वह पूरे करेंगे।

– अंजनी कुमार सिंह, निदेशक, मंडी परिषद।

#### शुल्क कम तो ई-ट्रेडिंग से आई बेहतरी

सिस्टम एनालिस्ट सतेंद्र तिवारी ने बताया कि वैसे तो मंडी समितियों पर कृषि विपणन के क्षेत्र में कई काम हुए। इसमें केंद्र के निर्धारित मानकों को पूरा करने में खास निजी बाजार, मंडियों के बाहर सीधे कारोबार की स्वीकृति देना व वेयर हाउस, साइलो व कोल्ड स्टोर को मार्केट यार्ड घोषित करना है। इसी तरह ई-ट्रेडिंग के जरिये किसानों को ऑनलाइन खरीद-बिक्री का प्लेटफार्म मिला। व्यापारियों को एक कर व एकीकृत लाइसेंस की सुविधा के साथ मंडी, बाजार व कमीशन शुल्क कम होने से राहत मिली। इससे विपणन को बढ़ावा मिला है।

## आरबीआई ने एमपीसी बैठकों का कार्यक्रम जारी किया

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बुधवार को नये वित्त वर्ष (2024-25) के लिए मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की दो महीने पर होने वाली बैठकों के कार्यक्रम की घोषणा की। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, पहली बैठक तीन से पांच अप्रैल को होगी। अगली बैठक पांच जून को शुरू होगी जबकि मौद्रिक समीक्षा की घोषणा सात जून को होगी। आमतौर पर, छह सदस्यीय समिति के सदस्य बैठक के तीसरे दिन एक प्रस्ताव पर मतदान करते हैं और आरबीआई गवर्नर मतदान पूरा होने के बाद बैठक के नतीजों की घोषणा करते हैं। समिति के सदस्य बैठक के पहले दो दिन मौद्रिक नीति से जुड़े विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श करते हैं। संबंधित क्षेत्रों के विशेषज्ञ अपनी बातें रखते हैं।

## जीडीपी के दो प्रतिशत प्रत्यक्ष निवेश से 1.1 लाख नौकरियों का हो सकता सृजन

नयी दिल्ली, एजेंसी

भारत के लिए सकल घरेलू उत्पाद के दो प्रतिशत के बराबर प्रत्यक्ष सार्वजनिक निवेश संभावित रूप से 1.1 लाख नौकरियों का सृजन कर सकता है। इसमें से करीब 70 प्रतिशत अवसर महिलाओं को मिलेंगे। फिक्की लेडीज ऑर्गनाइजेशन (एफएलओ) ने बुधवार को जारी एक रिपोर्ट में यह बात कही।

एफएलओ ने भारत की देखभाल (केयर) अर्थव्यवस्था को बदलने के लिए एक खाका भी पेश किया। इसमें पांच प्रमुख क्षेत्र, छुट्टी नीतियां, देखभाल सेवा सब्सिडी, देखभाल बुनियादी ढांचे में निवेश, देखभाल श्रमिकों के लिए कौशल प्रशिक्षण तथा गुणवत्ता आश्वासन तंत्र शामिल हैं। फिक्की लेडीज ऑर्गनाइजेशन ने कहा, ''भारत में श्रम एवं रोजगार मंत्रालय मातृत्व अवकाश के लिए एमएसएमई और स्टार्टअप को वित्तीय रूप से समर्थन देने, माता-पिता की छुट्टी नीतियों को संशोधित करने और देखभाल कार्य अवकाश तथा लचीले कार्य विकल्पों को बढ़ावा देने पर विचार कर सकता है।

इसमें छुट्टियों के लिए बाजार-आधारित वित्तपोषण शुरू करना शामिल हो सकता है, जैसे कि माता-पिता की छुट्टी बीमा। नियोक्ताओं को स्त्री-पुरूष में अंतर किये बना देखभाल कार्य अवकाश और लचीले कार्य विकल्प अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।'' रिपोर्ट में कहा गया, ''अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन के साक्ष्य से पता चलता है कि देखभाल सेवा क्षेत्र में बढ़ते निवेश से 2030 तक वैश्विक स्तर पर 47.5 करोड़ नौकरियों का सृजन करने की क्षमता है।

## टाटा का चार्जिंग स्टेशन लगाने को एचपीसीएल से गठजोड़

नयी दिल्ली, एजेंसी

टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी ने इस साल के अंत तक देशभर में 5,000 सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने के लिए हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड के साथ गठजोड़ किया है। टाटा मोटर्स की इकाई टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी (टीपीईएम) ने बुधवार को बयान में कहा कि इस गठजोड़ के तहत एचपीसीएल के पेट्रोल पंप पर चार्जिंग स्टेशन लगाये जाएंगे।

ये स्टेशन उन स्थानों पर लगाये जाएंगे जहां 1.2 लाख से अधिक टाटा इलेक्ट्रिक वाहनों के मालिक प्रायः आते हैं। कंपनियां सह-ब्रांडेड आरएफआईडी कार्ड के माध्यम से एक सुविधाजनक भुगतान प्रणाली शुरू करने की संभावना भी टटोल रही हैं। एचपीसीएल के पास 21,500 से अधिक पेट्रोल पंप का नेटवर्क है। कंपनी का दिसंबर, 2024 तक 5,000 इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने का लक्ष्य है। टीपीईएम के मुख्य रणनीति अधिकारी बालाजी राजन ने कहा, ''एचपीसीएल के साथ यह रणनीतिक साझेदारी भारत के ईवी परिवेश को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

## सेंसेक्स 526 अंक चढ़कर 72,996 पर बंद हुआ

**मुंबई।** शेयर बाजार में आज यानी 27 मार्च को तेजी देखने को मिली है। सेंसेक्स 526 अंक की बढ़त के साथ 72,996 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी में भी 118 अंक की तेजी देखने को मिली, ये 22,123 के स्तर पर बंद हुआ।

सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 19 में तेजी और 11 में गिरावट देखने को मिली है। आज बैंकिंग और ऑटो शेयर्स में ज्यादा बढ़त रही। रिलायंस इंडस्ट्री के शेयर में 3.49% की तेजी रही। मारुति सुजुकी का शेयर 2.53% चढ़कर बंद हुआ।

## पवन दावुलुरी बने माइक्रोसॉफ्ट विंडोज और सर्फेस के चीफ

नई दिल्ली, एजेंसी

आईआईटी मद्रास के पूर्व छात्र पवन दावुलुरी को माइक्रोसॉफ्ट विंडोज और सर्फेस का चीफ बनाया गया है। दावुलुरी ने लंबे समय से प्रोडक्ट हेड रहे पैनोस पानाय का जगह लिया है। पानाय ने पिछले साल अमेजन जॉइन करने के लिए डिपार्टमेंट छोड़ दिया था।

दावुलुरी इससे पहले सरफेस ग्रुप को हेड करते थे, जबकि मिखाइल पारखिन विंडोज डिपार्टमेंट के हेड थे। इन दोनों के पद छोड़ने के बाद, पवन ने विंडोज़ और सरफेस दोनों डिपार्टमेंट्स का कार्यभार संभाल लिया है। दावुलुरी करीब 23 साल पहले माइक्रोसॉफ्ट से जुड़े थे। इससे पहले उन्होंने मैरीलैंड यूनिवर्सिटी से पोस्ट ग्रेजुएशन किया था। वे अब कंपनी के एक्सपीरियंस एंड डिवाइसेस हेड राजेश झा को रिपोर्ट करेंगे। राजेश झा ने इस बात की जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि इस बदलाव के रूप में हम विंडोज एक्सपिरिएंस और विंडोज प्लस डिवाइसेज के टीम को एक्सपिरिएंस प्लस डिवाइसेज डिवीजन के कोर पार्ट को एक साथ ला रहे हैं।

## सात प्रतिशत के दायरे में देश की आर्थिक वृद्धि दर बेहतर : सान्याल

नयी दिल्ली, एजेंसी



प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के सदस्य संजीव सान्याल ने बुधवार को कहा कि जब तक वैश्विक माहौल में सुधार नहीं होता, भारत को मौजूदा वृद्धि दर से संतुष्ट रहना चाहिए। उन्होंने सात प्रतिशत के दायरे में आर्थिक वृद्धि को बेहतर बताया। सान्याल ने यह भी कहा कि वृहद आर्थिक मोर्चे पर कड़ी मेहनत से जो स्थिरता हासिल की गयी है, उसे बनाये रखना जरूरी है।

सान्याल ने एक सम्मेलन में कहा, ''...हमारे लिए दहाई अंक में वृद्धि हासिल करना संभव है, लेकिन मैं वास्तव में इसको लेकर सावधान हूं। यह पूरा खेल वृद्धि पर वृद्धि को लेकर है।'' भारत की आर्थिक वृद्धि दर 2023 के अंतिम तीन महीनों में उम्मीद से बेहतर 8.4 प्रतिशत रही है, जो पिछले डेढ़ साल की सबसे तेज रफ्तार है। अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में अच्छी वृद्धि दर से चालू वित्त वर्ष के लिए आर्थिक वृद्धि दर अनुमान बढ़ाकर 7.6 प्रतिशत कर दिया गया है। उन्होंने कहा, ''अर्थव्यवस्था की अभी जो वृद्धि दर है, फिलहाल उससे अधिक बढ़ाने का प्रयास नहीं करना चाहिए। अगर वैश्विक वातावरण में नाटकीय रूप से सुधार नहीं होता है, तब क्या होगा, हमारे बाह्य खाते, मुद्रास्फीतिक दबाव पड़ेगा।''



### एक नजर

#### चारा घोटाला: 89वें गवाह का बयान कलमबंद

**पटना, एजेंसी।** बिहार के बहुचर्चित करोड़ों रुपये के चारा घोटाला से जुड़े एक मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने आज विशेष अदालत में अपने 89वें गवाह का बयान कलमबंद करवाया। चारा घोटाला मामलों की सुनवाई कर रही विशेष अदालत के न्यायाधीश महेश कुमार की अदालत में सीबीआई ने 89वें गवाह के रूप में बिहार विधानसभा के एक पूर्व अधिकारी फूल झा को पेश किया था। गवाह का मुख्य परीक्षण पूरा हुआ और बचाव पक्ष के द्वारा प्रति परीक्षण किया गया। अदालत ने मामले में 03 अप्रैल 2024 की अगली तिथि निश्चित की है।

#### हाथ काट देने वाला बयान देकर घिरे कांग्रेस विधायक

**झाबुआ, एजेंसी।** मध्यप्रदेश के कांग्रेस विधायक वीर सिंह भूरिया ने एक चुनावी सभा में आदिवासी संगठन जय आदिवासी युवा शक्ति (जयस) का नाम लेकर समर्थकों से कथित तौर पर कहा कि वे पार्टी के वोट काटने की बात करने वाले लोगों के हाथ काट दें। जयस का पश्चिमी मप्र के आदिवासी बहुल इलाकों में प्रभाव है। माना जाता है कि इस संगठन के समर्थित उम्मीदवारों के चुनावी मैदान में उतरने से कांग्रेस के परंपरागत वोट बैंक में सेंध लगती है। भूरिया ने रतलाम-झाबुआ लोकसभा क्षेत्र से भाजपा की उम्मीदवार अनीता चौहान पर निशाना साधते हुए भिलाला समुदाय को कथित तौर पर "चोर और डाकू" भी कहा।

## दिलीप, सुप्रिया को कारण बताओ नोटिस

### निर्वाचन आयोग की कंगना और ममता बनर्जी पर टिप्पणियों को लेकर कार्रवाई

नयी दिल्ली, एजेंसी





निर्वाचन आयोग ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और अभिनेत्री कंगना रनौत के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणियों के लिए बुधवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता दिलीप घोष और कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत को कारण बताओ नोटिस जारी किया। रनौत को भाजपा ने आम चुनाव के लिए हिमाचल प्रदेश की मंडी लोकसभा सीट से उम्मीदवार बनाया है।

निर्वाचन आयोग ने घोष और श्रीनेत की टिप्पणियों को ''अशोभनीय और गलत'' बताया। आयोग ने कहा कि प्रथम दृष्टया, दोनों टिप्पणियां आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) और चुनाव प्रचार के दौरान राजनीतिक दलों को गरिमा बनाए रखने की सलाह का उल्लंघन हैं। निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च को लोकसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा के साथ आदर्श आचार संहिता लागू हो गई। घोष और श्रीनेत को 29 मार्च की शाम तक कारण बताओ नोटिस का जवाब देने को कहा गया है। निर्वाचन आयोग ने भाजपा की एक शिकायत के बाद श्रीनेत के खिलाफ कार्रवाई की, जिसमें आरोप लगाया गया था कि उन्होंने सोशल मीडिया 'एक्स' पर ''अशोभनीय टिप्पणियों'' के साथ रनौत की एक तस्वीर पोस्ट की थी। निर्वाचन आयोग के नोटिस के अनुसार सुप्रिया ने पोस्ट किया था, ''मंडी में क्या भाव चल रहा है, कोई बताएगा?'' पश्चिम बंगाल के भाजपा नेता घोष को नोटिस तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) द्वारा आयोग का रुख करने के बाद जारी किया गया। आयोग के नोटिस के मुताबिक घोष ने कहा था, ''जब दीदी गोवा जाती हैं, तो वह गोवा की बेटी बन जाती हैं, त्रिपुरा में वह कहती हैं कि मैं त्रिपुरा की बेटी हूं, तय करें कि आपके पिता कौन हैं। स्पष्ट करें...'' आयोग ने कहा कि सावधानीपूर्वक जांच करने पर टिप्पणी अशोभनीय, अपमानजनक और प्रथमदृष्टया एमसीसी के प्रावधानों और इस महीने की शुरुआत में जारी आयोग की सलाह का उल्लंघन करने वाली पाई गई है। आयोग ने दोनों नेताओं को एमसीसी के प्रावधान की याद दिलाई जिसमें कहा गया है कि अन्य राजनीतिक दलों की आलोचना उनकी नीतियों और कार्यक्रम, पिछले रिकॉर्ड और काम तक ही सीमित रहेगी।



बुधवार को जम्मू में गुड फ्राइडे और ईस्टर के उपलक्ष्य में एक जुलूस में हिस्सा लेते ईसाई श्रद्धालु। ● एजेंसी

## अमेठी और रायबरेली सीट के बारे में कांग्रेस नेतृत्व करेगा फैसला

नयी दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति की बुधवार को हुई बैठक में उत्तर प्रदेश की अमेठी और रायबरेली लोकसभा सीट को लेकर चर्चा नहीं हुई और अब इस बारे में पार्टी नेतृत्व फैसला करेगा। सीईसी बैठक में उत्तर प्रदेश, तेलंगाना, झारखंड और गोवा के लिए लोकसभा उम्मीदवारों के नामों पर चर्चा की गई। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की अध्यक्षता वाली बैठक में पार्टी संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल और सीईसी के कई अन्य सदस्य शामिल हुए। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने पूछे जाने पर कहा कि आज की बैठक में इसको लेकर कोई चर्चा नहीं हुई है।

## साजिश का आरोप अधिसूचित अपराध से संबंधित नहीं है तो पीएमएलए लागू नहीं किया जा सकताः सुप्रीम कोर्ट

नयी दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने अपने उस फैसले पर पुनर्विचार संबंधी याचिका खारिज कर दी, जिसमें उसने कहा था कि किसी व्यक्ति के खिलाफ कथित आपराधिक साजिश रचने से संबंधित भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा-120बी लागू करके धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत मामला दर्ज नहीं किया जा सकता है, यदि कथित आपराधिक साजिश पीएमएलए के तहत अधिसूचित अपराध से संबंधित नहीं है। आईपीसी की धारा 120बी में आपराधिक साजिश के लिए सजा का प्रावधान है। न्यायमूर्ति अभय एस. ओका और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की पीठ ने 29 नवंबर, 2023 के उस फैसले की समीक्षा संबंधी अर्जी खारिज कर दी, जिसमें कहा गया था कि यह जरूरी नहीं है कि जिस व्यक्ति के खिलाफ पीएमएलए की धारा-तीन के तहत अपराध का आरोप है, उसे अधिसूचित अपराध में आरोपी के रूप में दिखाया जाए। पीठ ने अपने हालिया आदेश में कहा, ''खुली अदालत में पुनर्विचार याचिकाओं की सुनवाई संबंधी अर्जी खारिज की जाती है।''

## सभी दलों ने चुनावी बॉन्ड को भुनाया, कुछ बोलने का नैतिक अधिकार नहीं : सीतारमण

नयी दिल्ली, एजेंसी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को कहा कि सभी प्रमुख राजनीतिक दलों ने चुनावी बॉन्ड भुनाए हैं। इस मामले में किसी को कुछ भी कहने का नैतिक अधिकार नहीं है क्योंकि यह सब वैध और कानून के मुताबिक था। उन्होंने यह भी कहा कि चुनावी बॉन्ड के खिलाफ उच्चतम न्यायालय के फैसले के मद्देनजर, चुनावों के वित्तपोषण के लिए बेहतर प्रणाली लाने को लेकर और अधिक चर्चा की जरूरत है। सीतारमण ने एक समाचार चैनल के सम्मेलन में एक सवाल के जवाब में कहा कि कानून को शीर्ष अदालत ने अब खारिज कर दिया है। लेकिन इसे संसद में पारित किया गया था।

## जम्मू कश्मीर से अफस्पा हटाने का वादा लोकसभा चुनाव के मद्देनजर किया गया : उमर अब्दुल्ला

श्रीनगर, एजेंसी



नेशनल कांफ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला ने बुधवार को कहा कि जम्मू कश्मीर से सशस्त्र बल विशेषाधिकार अधिनियम (अफस्पा) हटाने का वादा आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर किया गया है और उन्हें डर है कि जिस तरह लद्दाख के लोगों को छठी अनुसूची के वादे के सिलसिले में ठगा गया है, उसी तरह यहां भी लोगों को ठगा जाएगा। वह मीडिया की इस खबर पर प्रतिक्रिया दे रहे थे जिसमें केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र भविष्य में जम्मू कश्मीर से अफस्पा हटाने पर निश्चित ही विचार करेगा।

अब्दुल्ला ने बडगाम जिले में संवाददाताओं से कहा, ''मैं 2011 से इस दिन का इंतजार कर रहा हूं। (जब वह मुख्यमंत्री थे) तब हमने भी अफस्पा हटाने की काफी कोशिश की, लेकिन मुझे डर है कि जिस तरह लद्दाख के लोगों को छठी अनुसूची के वादे पर गुमराह किया और ठगा गया, उसी तरह जम्मू कश्मीर के लोगों को गुमराह किया जाएगा एवं ठगा जाएगा, क्योंकि यहां चुनाव हैं।'' पूर्व केंद्रीय मंत्री अब्दुल्ला ने कहा कि समस्याग्रस्त क्षेत्रों में सुरक्षाबलों को अभियोजन से पूर्ण छूट और उन्हें व्यापक अधिकार प्रदान करने वाले इस कानून को जम्मू कश्मीर में स्थिति सामान्य हो जाने के केंद्रीय नेताओं के बयानों को देखते हुए तत्काल हटा दिया जाना चाहिए। उन्होंने सवाल किया, ''जहां तक अफस्पा हटाने की बात है तो आज से ही शुरू कीजिए। जब वे कहते हैं कि स्थिति सामान्य है, आतंकवाद खत्म हो गया है, अब अलगाववादी विचार नहीं बचा है तो फिर वे किस बात का इंतजार कर रहे हैं?''

## कोलकाता हवाई अड्डे पर एक दुर्घटना में दो विमानों के पंख क्षतिग्रस्त

**कोलकाता।** कोलकाता हवाई अड्डा पर बुधवार को एक दुर्घटना में दो विमानों के पंख आपस में टकराने से क्षतिग्रस्त हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार विमानन कंपनी 'इंडिगो' के एक विमान के पंख 'एयर इंडिया एक्सप्रेस' के विमान से टकराये जिसमें दोनों विमानों के पंख क्षतिग्रस्त हो गए। उन्होंने कहा कि नागर विमानन महानिदेशालय ने इस दुर्घटना की जांच शुरू कर दी है और हादसे में शामिल इंडिगो के पायलट को उड़ान कार्य में नहीं लगाने को कहा है। हवाई अड्डा के सूत्रों ने बताया कि रनवे के पास के 'टैक्सीवे' पर करीब 11 बजे पूर्वाह्न के समय यह दुर्घटना हुई।

## केजरीवाल के इस्तीफे की मांग पर भाजपा का प्रदर्शन

नयी दिल्ली/तिरुवनंतपुरम, एजेंसी

सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) और विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायकों ने बुधवार को दिल्ली विधानसभा परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। भाजपा विधायकों ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के इस्तीफे की मांग को लेकर प्रदर्शन किया तो आप विधायकों तथा उनके समर्थकों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ नारेबाजी की।

केजरीवाल को ईडी ने दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में गिरफ्तार किया है। इस आबकारी नीति को बाद में रद्द कर दिया गया था। दोनों ही दलों ने एक ही समय पर विरोध प्रदर्शन किया। भाजपा विधायकों ने हाथों में तख्तियां लेकर मार्च निकाला। पीली टी-शर्ट पहने आप नेता और कार्यकर्ता प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए भाजपा के विधायकों के पीछे-पीछे हो लिये। नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा कि केजरीवाल को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। बिधूड़ी ने कहा, ''मुख्यमंत्री को अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। उन पर भ्रष्टाचार के लगभग 12 आरोप हैं। अगर आबकारी नीति विश्वस्तरीय थी तो उन्होंने इसे वापस क्यों लिया? हम केजरीवाल के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं।'' भाजपा की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने भी दोपहर 12 बजे के आसपास विधानसभा परिसर के प्रवेश द्वार के बाहर मयूर विहार के लगभग 100 पार्टी कार्यकर्ताओं के एक समूह, पार्टी की महिला मोर्चा और युवा मोर्चा के पदाधिकारियों के साथ प्रदर्शन किया और केजरीवाल के इस्तीफे की मांग की। काले कपड़े पहने भाजपा कार्यकर्ता विधानसभा प्रवेश द्वार पर एकत्र हो गए और नारेबाजी करने लगे।

#### कुर्सी का मोह नहीं छोड़ पा रहे केजरीवाल : अनुराग

**श्रीनगर/शिमला।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने बुधवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री एवं आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल पर भ्रष्टाचार के सारे रिकॉर्ड तोड़ने का आरोप लगाते हुए कहा कि जेल में रहकर भी केजरीवाल मुख्यमंत्री की कुर्सी का मोह नहीं छोड़ रहे हैं। ठाकुर आज जम्मू-कश्मीर प्रवास पर थे। अपने प्रवास के दौरान उन्होंने सर्वप्रथम उधमपुर में आयोजित बाइक रैली में भाग लिया और इसके बाद उधमपुर भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में आयोजित सांगठनिक बैठक में शामिल हुए। ठाकुर ने राष्ट्रीय जनता दल के नेता लालू प्रसाद यादव का उदाहरण देते हुए कहा कि जिस समय लालू यादव चारा घोटाले में फंसे हुए थे उस समय तत्कालीन मुख्यमंत्री राबड़ी देवी उनकी तरफ से घोषणाएं करती थी, फिर धीरे-धीरे उन्होंने लालू यादव की गद्दी संभाल ली। उन्होंने कहा कि अब केजरीवाल के मामले में भी यही हो रहा है।

# जज रितु ने लोकपाल के न्यायिक सदस्य के रूप में ली शपथ



**नई दिल्ली।** न्यायमूर्ति रितु राज अवस्थी ने बुधवार को लोकपाल के न्यायिक सदस्य के रूप में शपथ ली। लोकपाल के अध्यक्ष न्यायमूर्ति ए. एम. खानविलकर ने उन्हें शपथ दिलाई। भारतीय लोकपाल कार्यालय में आयोजित समारोह में पंकज कुमार और अजय तिर्की ने भी लोकपाल सदस्य के रूप में शपथ ली। बता दें, नई नियुक्तियां न्यायमूर्ति पी.के. मोहंती और न्यायमूर्ति अभिलाषा कुमारी व अन्य का 26 मार्च को कार्यकाल पूरा होने के बाद की गईं हैं। अवस्थी ने हिजाब पर फैसला सुनाने वाली कर्नाटक हाईकोर्ट की पीठ का नेतृत्व किया था। इससे पहले अवस्थी विधि आयोग के अध्यक्ष के रूप में कार्यरत थे।

# केरल के मुख्यमंत्री की बेटी के खिलाफ ईडी ने दर्ज किया केस

- सीएम पिनरई विजयन के करीबियों पर मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप

**तिरुवनंतपुरम, एजेंसी**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने केरल के मुख्यमंत्री पिनरई विजयन की बेटी वीणा विजयन, उनकी आईटी कंपनी और कुछ अन्य लोगों के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का मामला दर्ज किया है। सूत्रों के अनुसार, एजेंसी ने धनशोधन निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है और सभी लोगों के खिलाफ समन जारी होने की संभावना है।

केंद्रीय कॉर्पोरेट मंत्रालय की जांच शाखा, गंभीर धोखाधड़ी जांच कार्यालय (एसएफआईओ) द्वारा शिकायत दर्ज करने के बाद ईडी ने केस दर्ज किया है। यह मामला आयकर विभाग की जांच से निकला है। आयकर विभाग ने बताया कि कोचीन मिनरल्स एंड रूटाइल लिमिटेड (सीएमआरएल) नाम



की एक प्राइवेट कंपनी ने वीणा पिनरई की कंपनी को 2018 से 2019 के बीच 1.72 करोड़ रुपये का अवैध भुगतान किया। बता दें कि कर्नाटक हाई कोर्ट ने पिछले महीने एसएफआईओ द्वारा शुरू की गई जांच के खिलाफ एक्सलॉजिक सॉल्यूशंस द्वारा दायर याचिका खारिज कर दी थी। सीपीआई (एम) के प्रदेश सचिव एम वी गोविंदन ने ईडी की आलोचना की। उन्होंने पूछा कि क्या एजेंसी की कोई विश्वसनीयता है।

# एनआईए, बीपीआरडी और एनडीआरएफ में डीजी की नियुक्ति

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने बुधवार को बड़ी नियुक्तियों को हरी झंडी दिखाई। इसके तहत एनआईए, बीपीआरडी और एनडीआरएफ में नए महानिदेशकों (डीजी) की नियुक्ति की गई है। इससे जुड़ा आदेश भी जारी कर दिया गया है।

अधिसूचना के मुताबिक, आईपीएस सदानंद वसंत को राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के महानिदेशक के रूप में नियुक्त किया गया। इसके अलावा आईपीएस पीयूष आनंद को राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) और आईपीएस राजीव कुमार शर्मा को बीपीआरडी के महानिदेशक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। केंद्र ने केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) में संयुक्त निदेशक के रूप में वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी सुप्रिया पाटिल यादव का कार्यकाल एक साल के लिए बढ़ा दिया।

# लोकसभा में बीते पांच साल में कुल 222 विधेयक पास

*संसद में हंगामे अक्सर सुर्खियां बटोरते हैं। देश की विधायिका पर बड़ा दारोमदार कानून बनाना और इसके लिए विधेयकों पर चर्चा के बाद इन्हें संसद के दोनों सदनों से पारित कराना है। कानूनों में संशोधन की प्रक्रिया भी संसद से होकर गुजरती है। खास बात ये कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की सरकार ने बीते एक दशक में हजारों पुराने कानूनों को खत्म करने का दावा किया है। ताजा घटनाक्रम में एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म (एडीआर) की रिपोर्ट के मुताबिक 17वीं लोकसभा में 222 विधेयक पारित कराए गए। बीते पांच साल के दौरान 222 में से 45 विधेयक ऐसे हैं जो उसी दिन पारित हो गए जिस दिन इन विधेयकों को सदन में पेश किया गया।*



## 45 विधेयकों को पेश किए जाने वाले दिन ही मंजूरी दी गई

एडीआर की रिपोर्ट के मुताबिक जिन 45 विधेयकों को मंजूरी दी गई है इनमें विनियोग (लेखानुदान) विधेयक, विनियोग विधेयक, जम्मू-कश्मीर विनियोग (नंबर-दो) विधेयक, केंद्रीय वस्तु और सेवा कर (संशोधन) विधेयक, 2023 और चुनाव कानून (संशोधन) विधेयक , 2021 जैसे बिल शामिल हैं। एडीआर की इस रिपोर्ट में 17वीं लोकसभा के दौरान हुए विधायी कामकाज का विश्लेषण किया गया है।

## 11 विधेयक वापस लिए गए, सांसदों के औसत प्रदर्शन का भी आकलन हुआ

17वीं लोकसभा के पांच साल के कार्यकाल में 240 बिल पेश किए गए। इनमें से 222 पारित हुए। इसके अलावा 2019 से 2024 की अवधि में 11 बिल वापस ले लिए गए। छह विधेयक लंबित हैं। केवल एक विधेयक को राष्ट्रपति की मंजूरी मिली। सांसदों के प्रदर्शन को लेकर एडीआर ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि एक सांसद ने औसतन 165 सवाल पूछे। सदन की कुल 273 बैठकों में से 189 में भाग लिया। छत्तीसगढ़ के सांसदों की औसत उपस्थिति सबसे अधिक रही। राज्य के 11 सांसदों ने 273 बैठकों में से 216 में भाग लिया। सबसे कम के पैमाने पर अरुणाचल प्रदेश रहा। यहां के सांसद की औसत उपस्थिति सबसे कम रही। अरुणाचल से निर्वाचित दो सांसदों ने केवल 127 बैठकों में भाग लिया।

# मलयेशिया के पीएम से मिले जयशंकर भारत के बहुआयामी संबंध होंगे मजबूत

## यात्रा के तीसरे और आखिरी चरण में मलयेशिया पहुंचे विदेश मंत्री, अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर गहन चर्चा

**कुआलालंपुर, एजेंसी**

भारत और मलयेशिया के बीच द्विपक्षीय संबंधों में मजबूती आ रही है। दोनों देशों के विदेश मंत्रियों की मुलाकात के बाद मलयेशिया के विदेश मंत्रालय द्वारा यह आधिकारिक बयान जारी किया गया है। दरअसल बुधवार को भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मलयेशिया में अपने समकक्ष मोहम्मद बिन हाजी के साथ मुलाकात की। इस दौरान पारस्परिक हित के क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर गहन चर्चा की गई।

आपको बता दें कि भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर सिंगापुर, फिलीपींस और मलयेशिया के दौरे पर हैं। इस यात्रा का तीसरा और आखिरी चरण मलयेशिया है। इससे पहले फिलीपींस और सिंगापुर में भी जयशंकर द्वारा यात्राएं और सार्थक मुलाकातें की गई हैं। बातचीत के दौरान जयशंकर ने पीएम मोदी की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय विकास पर उनके मार्गदर्शन और अंतर्दृष्टि से लाभ हुआ। गौरतलब है कि जयशंकर सिंगापुर, फिलीपींस और मलेशिया की अपनी तीन देशों की यात्रा के तीसरे और आखिरी चरण में कुआलालंपुर में हैं। इससे पहले जयशंकर ने अपने मलेशियाई समकक्ष मोहम्मद बिन हाजी हसन से मुलाकात की।



कुआलालंपुर में मलेशिया के पीएम अनवर इब्राहिम के साथ मौजूद जयशंकर।

### मुलाकात में इन मुद्दों पर हुई चर्चा

भारत और मलयेशिया के विदेश मंत्रियों ने सातवीं संयुक्त आयोग की बैठक आयोजित कराने पर भी चर्चा की। इससे पहले हसन द्वारा पदभार संभालने के बाद दिसंबर 2023 में दोनों देशों के विदेश मंत्रियों की मुलाकात हुई थी। इस बार इस यात्रा का उद्देश्य भारत और मलयेशिया के बीच सहयोग को मजबूत करना है। इसके साथ ही साझा चुनौतियों और अवसरों की समझ को बढ़ाना है। मलेशिया के विदेश मंत्रालय द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, 2023 में भारत ने मलयेशिया के 12वें सबसे बड़े वैश्विक व्यापार भागीदार की भूमिका अदा की थी। यह व्यापार कुल मिलाकार 16 .53 बिलियन डॉलर था।

### पीएम इब्राहिम से की द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम से मुलाकात की। जयशंकर ने कहा कि इससे भारत और मलेशिया संबंधों को मजबूत करने में मदद मिलेगी। सोशल मीडिया पोस्ट साझा करते हुए उन्होंने कहा कि मलयेशिया के प्रधानमंत्री से मुलाकात करना सम्मान की बात है। जयशंकर ने बुधवार को सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, मलेशिया के प्रधानमंत्री से मुलाकात सम्मान की बात है। पारंपरिक और नए युग दोनों क्षेत्रों में मजबूत भारत-मलयेशिया संबंधों के लिए उनका दृष्टिकोण, हमें रिश्ते के लिए एक अधिक महत्वाकांक्षी एजेंडा तैयार करने में मदद करेगा। क्षेत्रीय विकास पर उनके मार्गदर्शन और अंतर्दृष्टि से लाभ हुआ है।

# जल संकट से जूझ रहा मालदीव, चीन ने भेजा 15 सौ टन पानी

**माले।** जल संकट से जूझ रहा मालदीव को चीन ने 1500 टन पीने का पानी भेजा है। मालदीव सरकार ने मंगलवार को कहा कि पानी की भारी कमी के बीच तिब्बत में ग्लेशियरों से एकत्र पानी माले पहुंच गया है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि मालदीव को पीने का पानी उपलब्ध कराने का निर्णय चीन के तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र के अध्यक्ष यान जिनहाई की मालदीव की यात्रा के दौरान किया गया था।

उन्होंने पिछले वर्ष नवंबर में राष्ट्रपति डा मोहम्मद मुइज्जू से मुलाकात की थी। उस दौरान कहा गया था कि हिमनद क्षेत्रों से एकत्र पानी उन्हें दिया जाए। यह अत्यधिक स्वच्छ और खनिजों से भरपूर होता है। मोहम्मद मुइज्जू के राष्ट्रपति पद संभालने के बाद से ही मालदीव का झुकाव चीन की ओर रहा है। इससे पहले की सरकार भारत समर्थित थी। भारत ने जरूरत के वक्त मालदीव की आगे बढ़कर मदद की थी। दिसंबर 2014 के दौरान जब पानी की भारी किल्लत हो गई थी, तो भारत ने तुरंत एयरक्राफ्ट के माध्यम से मालदीव को पानी पहुंचाया था। बाद में और भी मदद भेजी गई थी।

# भविष्य में युद्ध होंगे और ज्यादा खतरनाक

- वायुसेना प्रमुख वीआर चौधरी बोले- भारत को भविष्य के लिए अभी से तैयार रहने की जरूरत

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने बुधवार को भविष्य के संघर्षों में एयरोस्पेस पावर विषय पर एक सेमिनार को संबोधित किया। उन्होंने कहा-भारत को भविष्य के लिए अभी से तैयार रहने की जरूरत है और हमें यह स्वीकार करने की जरूरत है कि भविष्य में अलग तरीके से युद्ध लड़े जाएंगे।

यह बातें वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वी आर चौधरी ने दिल्ली में कही। इस दौरान उन्होंने कहा कि "बालाकोट जैसे ऑपरेशन ने दिखाया है कि राजनीतिक इच्छाशक्ति होने पर, एयरोस्पेस शक्ति को प्रभावी ढंग से दुश्मन की सीमाओं से परे ले जाया जा सकता है। सेमिनार में अपने संबोधन में उन्होंने यह भी कहा कि चूंकि राष्ट्र रणनीतिक लाभ के लिए अंतरिक्ष-आधारित संपत्तियों पर तेजी से भरोसा कर रहे हैं, अंतरिक्ष का सैन्यीकरण और हथियारीकरण एक अपरिहार्य वास्तविकता बन गया है। उन्होंने कहा, मानव इतिहास में, आसमान को अक्सर आश्चर्य और अन्वेषण का क्षेत्र माना गया है, जहां सपने उड़ान भरते हैं और सीमाएं विशाल नीले विस्तार में विलीन हो जाती हैं।




बुधवार को नई दिल्ली में आयोजित सेमिनार में एयर मार्शल अनिल चोपड़ा और वायुसेना प्रमुख वीआर चौधरी के साथ मौजूद अन्य।

## रक्षा मंत्री दो को भविष्य की रक्षा चुनौतियों पर करेंगे मंथन

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह दो अप्रैल को सेना के कमांडरों के सम्मेलन को संबोधित करेंगे। भारतीय सेना की प्रगति और भविष्य की तैयारियों को लेकर यहां वरिष्ठ सैन्य नेतृत्व गहन चर्चा करेंगे और इस सत्र के दौरान समूचे देश की सुरक्षा का मूल्यांकन किया जाएगा। सैन्य कमांडरों का यह सम्मेलन वर्चुअल मोड में 28 मार्च को होगा और सशरीर उपस्थिति एक और दो अप्रैल को अनिवार्य होगी। 28 मार्च को थलसेना अध्यक्ष जनरल मनोज पांडेय नई दिल्ली में सैन्य कमांडरों को आनलाइन संबोधित करेंगे। एक और दो अप्रैल को नई दिल्ली में सैन्य कमांडरों की बैठक होगी जिसमें थलसेना अध्यक्ष पांडेय के अलावा सेना के सभी वरिष्ठ अफसर उपस्थित होंगे। इस अवसर पर भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयारी का मूल्यांकन किया जाएगा। सेना में शोध की संस्कृति को बढ़ावा देने और नई परिस्थितियों में ढलने के लिए विशेष प्रशिक्षण और निवेश संबंधी कार्यक्रमों पर जोर दिया जाएगा।

## इमरान की पार्टी को मिली रैली करने की अनुमति

इस्लामाबाद हाई कोर्ट (आईएचसी) ने बुधवार को जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पीटीआई द्वारा इस्लामाबाद में रैली का आयोजन करने वाली याचिका को स्वीकर कर ली है। अदालत ने अधिकारियों को कानून के तहत पार्टी को रैली का आयोजन करने का आदेश भी दिया। रैली का आयोजन इस्लामाबाद हाई कोर्ट ने पीटीआई द्वारा एक रैली आयोजित करने के मामले पर सुनवाई की।

## एक नजर



### कश्मीर में अंजी ब्रिज पर रेल ट्रैक बिछाने का काम जारी

**श्रीनगर।** कश्मीर को देश से जोड़ने वाले अंजी ब्रिज का निर्माण लगभग पूरा हो गया है। यहां पर रेलवे ट्रैक बिछाने का काम जारी है। इस ब्रिज का निर्माण अंजी नदी पर किया गया है, जो चिनाब की एक सहायक नदी है। नदी के तल से लगभग 331 मीटर ऊपर लटके इस पुल का नजारा बेहद खूबसूरत है। इसमें 96 केबल्स को सपोर्ट देकर फिक्स किया गया है। इस ब्रिज को रिकॉर्ड 11 माह में पूरा किया गया है। यह केबल ब्रिज सुरंग टी-2, कटड़ा और सुरंग टी-3 और रियासी छोर को भी भी जोड जोड़ता है। जो उधमपुर-श्रीनगर-बारामुला रेल लिंक प्रोजेक्ट का हिस्सा है। अफसरों का कहना है कि ब्रिज पर ट्रेन 100 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से दौड़ सकेगी।



### अरूणाचल में एक वोट के लिए 39 किमी पैदल सफर करेंगे अफसर

**ईटानगर।** अरूणाचल प्रदेश में 19 अप्रैल को विधानसभा और लोकसभा चुनाव के लिए मतदान होगा। वोटिंग से एक दिन पहले एंजवा जिले में चुनाव अधिकारियों का एक दल 39 किलोमीटर पैदल चलकर सुदूर मालोगाम गांव जाएगा, सुदूर में अकेली मतदाता 44 वर्षीय सोकेला तयांग वोट डालेंगीं। इस गांव में एक वोट के लिए अस्थायी मतदान केंद्र स्थापित किया जाएगा। चुनाव अधिकारियों के मुताबिक, मालोगाम में बहुत कम परिवार हैं लेकिन तयांग को छोड़कर सभी अन्य मतदान केंद्रों पर पंजीकृत मतदाता हैं। तयांग किसी अन्य मतदान केंद्र पर स्थानांतरित किए जाने की इच्छुक नहीं है। निर्वाचन अधिकारियों और सुरक्षाकर्मियों की टीम हायुलियांग से मालोगाम के लिए जाएगी ताकि तयांग अपना वोट डाल सकें।

# भारत ने भूटान को पांच अरब डॉलर की मदद भेजी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- ग्यालसुंग परियोजना के लिए जारी की दूसरी किस्त, अब तक 10 अरब रुपये की भेजी मदद

भूटान की मदद के लिए भारत की तरफ से 5 अरब डॉलर की दूसरी किश्त भेजी गई है। इस किश्त की मदद से भूटान में ग्यालसुंग परियोजना से संबंधित बुनियादी ढांचे का विकास होगा। भूटान में भारत के राजदूत सुधाकर दलेला ने भूटान के विदेश मंत्री ल्योनपो डी.एन. धुंगयेल से मुलाकात कर किश्त सौंपी।

भूटान में भारतीय दूतावास ने अपने आधिकारिक बयान में कहा कि इस किश्त के साथ ही भारत ने भूटान के साथ हुए समझौते के तहत शाही सरकार के लिए कुल दस अरब रुपये जारी कर दिए हैं। इससे पहले 28 जनवरी 2024 को भी भारत ने भूटान के लिए पांच अरब रुपये की किश्त जारी की थी। दरअसल भारत और भूटान के बीच जनवरी 2024 में एक एमओयू पर हस्ताक्षर हुए थे। इस एमओयू के अनुसार भारत द्वारा भूटान को 15 अरब रुपये की मदद की जाएगी। यह अतिरिक्त मदद भूटान के ग्यालसंग में बुनियादी ढांचे के विकास के लिए दी जा रही है। जनवरी 2023 में भी भारत ने डेसुंग फॉर ग्यालसंग कार्यक्रम के लिए दो अरब रुपये का अनुदान दिया था। भूटान में भारतीय दूतावास ने अपने आधिकारिक बयान में कहा कि भूटान के साथ साझेदारी करना भारत के लिए सौभाग्य की बात है।

## वोटिंग के लिए जागरुकता...



**करगिल:** यह फोटो लद्दाख स्थित दुनिया के सबसे ऊंचे स्की-स्लोप में शामिल लिंकिपाल की है। केंद्र शासित प्रदेश में पहली बार वोट देने जा रहे युवाओं को जागरूक करने के लिए स्वीप करगिल इवेंट आयोजित किया गया। लद्दाख में लिंकिपाल 9 हजार फीट ऊंचाई पर स्थित है।

# भारत-अमेरिका सैन्य अभ्यास में जवान आजमा रहे ताकत-तकनीक

**नई दिल्ली, एजेंसी**




भारत और अमेरिका के बीच तीनों सेनाओं का संयुक्त सैन्य अभ्यास हो रहा है। इसका मकसद युद्ध कौशल निखारना और जटिल चुनौतियों से निपटने के प्रभावी तरीके विकसित करना है। अभ्यास में शामिल भारतीय सेना के बटालियन समूह में 700 से अधिक कर्मी शामिल हैं।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, भारत और अमेरिका के बीच चल रहे ट्राई सर्विस एक्सरसाइज - 'टाइगर ट्रायम्फ -24' में भाग ले रहे सैनिक पूर्वी समुद्री तट पर सैन्य अभ्यास कर रहे हैं। 14 दिवसीय अभ्यास दो चरणों में आयोजित किया जा रहा है। इसमें विशाखापत्तनम में बंदरगाह चरण और उसके बाद काकीनाडा में समुद्री चरण शामिल है। सेना ने कहा, 18-31 मार्च तक चलने वाले इस सैन्य अभ्यास का मकसद सैनिकों को मानवीय सहायता और आपदा राहत (एचएडीआर) के लिए और बेहतर तरीके से तैयार करना है। सेना के मुताबिक थल सेना, वायुसेना और नौसेना के बीच कैसे अंतरसंचालन को बेहतर बनाया जाए, इसकी संभावनाएं भी तलाशी जा रही हैं। इसके अलावा दोनों देशों की सेनाओं के बीच तेज और सुचारु समन्वय को सक्षम बनाने के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) को और बेहतर बनाने पर भी काम हो रहा है।

**विज्ञान** एरिजोना विवि के अल्फी नॉरविले जेम एंड मिनरल संग्रहालय समेत कई अन्य देशों में किया गया प्रदर्शित

# क्षुद्रग्रह 'बेन्नु' के नमूनों को संग्रहालयों में रखा

**नैनीताल कार्यालय**

**अमृत विचार :** ब्रह्मांड में पृथ्वी के समान कंकड़ व मिट्टी के अनगिनत भंडार हैं। हाल में एक क्षुद्रग्रह से लाए नमूनों से इसका पता चलता है। इस क्षुद्रग्रह का नाम बेन्नु है। इन दुर्लभ नमूनों को एरिजोना विश्वविद्यालय के अल्फी नॉरविले जेम एंड मिनरल संग्रहालय समेत कई अन्य देशों में प्रदर्शित किया गया है।

छोटे से कंकड़ को अंतरिक्ष से पृथ्वी पर लाने के लिए इतनी मसक्कत क्यों? यह प्रश्न स्वाभाविक है, लेकिन वैज्ञानिक दृष्टिकोण से अनमोल है। जिसे हासिल करने में नासा ने अरबों डाल खर्च कर दिए और सात वर्ष से अधिक समय इसके पीछे लगा दिया। नासा के ओएसआईआरआईएस-आरईएक्स नामक मिशन को इस कार्य में लगाया गया था।

वर्ष 2016 में इस मिशन को क्षुद्रग्रह बेन्नु पर लॉन्च किया गया था, जो सात साल की यात्रा के बाद 2023 में पृथ्वी पर वापस लौटा। यह एक रोमांचक अंतरिक्ष सफर रहा। जिसमें यान ने 6.8 बिलियन किमी की यात्रा पूरी की। अंतरिक्ष यान द्वारा क्षुद्रग्रह बेन्नू से लाए गए टुकड़ों को यूटा रेगिस्तान पर गिराया था।

इसके बाद नमूनों को तुरंत विश्लेषण के लिए ह्यूस्टन के एक साफ कमरे में ले जाया गया। जिन्हें अब एरिज़ोना, टेक्सास और वाशिंगटन डी.सी. में बेन्नू दुर्लभ नमूनों को संग्राहलय में आमजन के अवलोकन के लिए सुसज्जित कर दिया है। वैज्ञानिकों का कहना है कि प्रारंभिक विश्लेषण से पता चलता है कि यह क्षुद्रग्रह एक छोटे ग्रह जैसे पिंड का अवशेष है, जो शायद कभी समुद्री दुनिया रही होगी।



ओरिजोन के संग्रहालय में रखा अंतरिक्ष से लाया गया दुर्लभ कंकड़।

### शनि के चंद्रमा एन्सेलाडस जैसा है बेन्नु

बेन्नू के नमूनों के विश्लेषण से पता चलता है कि यह पानी, मिट्टी, कार्बन, नाइट्रोजन, सल्फर, फास्फोरस, कैल्शियम, मैग्नीशियम और फॉस्फेट से समृद्ध है। यह एक छोटे ग्रह जैसे पिंड का बचा हुआ टुकड़ा है । जिसमें एक महासागर था। यह शनि के चंद्रमा एन्सेलाडस के समान प्रतीत होता है। ग्रहों की दुनिया के शोध में बन्नू के नमूने मील का पत्थर साबित होंगे।

# बाल्टीमोर हादसे में लापता छह लोगों को मृत माना, तलाशी अभियान थमा

**बाल्टीमोर, एजेंसी**

अमेरिका के मैरीलैंड प्रांत के बाल्टीमोर में पटाप्सको नदी पर बने ऐतिहासिक फ्रांसिस स्कॉट ब्रिज एक जहाज के टकराने के बाद नदी में गिर गया है। इस हादसे के बाद लापता हुए छह लोगों को मृत मान लिया गया है।

अमेरिकी कोस्ट गार्ड का कहना है कि बाल्टीमोर में एक पुल ढहने के बाद लापता छह लोगों की तलाश को रोक दिया गया है। रियर एडमिरल शैनन गिलरेथ ने कहा कि हमने इस खोज अभियान को रोक दिया है। अब इस बात की कम ही उम्मीदें है कि हादसे के बाद लापता हुए छह लोग जीवित होंगे।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, बाल्टीमोर में एक मालवाहक जहाज फ्रांसिस स्कॉट ब्रिज से टकरा गया था। इस हादसे के दौरान कई लोग और कारें नदी में गिर गई थी। मैरीलैंड के गवर्नर वेस मूर के अनुसार, मालवाहक जहाज के चालक द्वारा हादसे से पहले मदद भी मांगी गई थी। आशंका जताई जा रही है कि बिजली की समस्या के कारण मालवाहक जहाज पुल से टकराया है।



### भारतीय दूतावास ने घटना पर जताया दुख, हेल्पलाइन जारी

अमेरिका में भारतीय दूतावास ने मैरीलैंड राज्य के बाल्टीमोर शहर में हुए दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना पर शोक व्यक्त किया। हादसे का शिकार हुए जहाज में चालक दल के सभी 22 सदस्य भारतीय थे। ये सभी सुरक्षित हैं। अमेरिका में भारतीय दूतावास ने भारतीय नागरिकों के लिए एक हेल्पलाइन जारी की है। उसका कहना है कि यह हेल्पलाइन उन लोगों के लिए हैं, जो इस हादसे से प्रभावित हो सकते हैं या सहायता की आवश्यकता हो सकती है। वहीं, दूतावास पोत के चालक दल के संबंध में ब्यौरे का भी पता लगा रहा है।